सूर्योदय : 5:12
सूर्यास्त : 6:57
अधिकतम तापमान : 34.0
न्यूनतम : 29.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-31 पेज-12
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शुक्रवार, 19 जुलाई 2024
12 मोहर्रम 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com




# असम में मुस्लिम विवाह और तलाक कानून रद्द

**असम सरकार का बड़ा फैसला**



- बाल विवाह को रोकने के लिए सरकार ने उठाए कड़े कदम
- असम मुस्लिम विवाह और तलाक पंजीकरण अधिनियम 1935 को किया गया रद्द

**गुवाहाटी।** असम सरकार द्वारा असम मुस्लिम विवाह और तलाक पंजीकरण अधिनियम और नियम 1935 को निरस्त कर दिया गया है। सीएम सरमा ने कहा कि इस कानून को खत्म करने का मकसद लैंगिक न्याय और बाल विवाह को कम करने का है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा, असम मुस्लिम विवाह अधिनियम के तहत बाल विवाह की अनुमति थी। हमने इसे खत्म कर दिया और अध्यादेश लाया। अब हम उस अध्यादेश को विधेयक बना देंगे। एक नया कानून आएगा जिसके तहत मुस्लिम विवाह का पंजीकरण 18 और 21 वर्ष की कानूनी आयु सीमा के भीतर सरकारी कार्यालय में होगा। अगर 80 प्रतिशत बाल विवाह अल्पसंख्यकों में हो रहे हैं, तो 20 प्रतिशत बहुसंख्यक समुदाय में हो रहे हैं। मैं बाल विवाह को धार्मिक दृष्टिकोण से नहीं देख रहा हूं। हमारा प्रयास है कि लैंगिक न्याय हो और बाल विवाह कम हो असम में बाल विवाह खत्म होने के कगार पर है। कहा हमने बाल विवाह के खिलाफ अतिरिक्त सुरक्षा उपाय करके अपनी बेटियों और बहनों के लिए न्याय सुनिश्चित करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है।

### नीट-यूजी में धांधली को लेकर सुप्रीम कोर्ट सख्त, एनटीए से बोला

# रिजल्ट वेबसाइट पर अपलोड करें

**कड़ा रुख**

- सुप्रीम कोर्ट ने उम्मीदवारों के एग्जाम सेंटर बदलने पर एनटीए से मांगा जवाब
- 22 जुलाई को अगली सुनवाई
- प्रश्नपत्रों के परिवहन में लापरवाही का आरोप

## पैसा कमाना था उद्देश्य : कोर्ट



चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ का मानना था कि लोग पैसे के लिए ऐसा कर रहे थे। यह परीक्षा को बदनाम करने के लिए नहीं था और कोई पैसा कमाने के लिए ऐसा कर रहा था, जो अब स्पष्ट है। उनका कहना था कि पेपर के बड़े पैमाने पर लीक के लिए उस स्तर पर संपर्कों की भी आवश्यकता होती है, ताकि आप विभिन्न शहरों में ऐसे प्रमुख लोगों से जुड़ सकें। जो कोई भी इससे पैसा कमा रहा है, वह इसे बड़े पैमाने पर प्रसारित नहीं करेगा।

कोर्ट ने कहा, रिजल्ट अपलोड करते वक्त उम्मीदवार की पहचान जाहिर ना की जाए। हम सोमवार, 22 जुलाई को सुबह 10.30 बजे अगली सुनवाई शुरू करेंगे। ताकि दोपहर तक हम निष्कर्ष निकाल सकें। हम बिहार पुलिस रिपोर्ट की एक कॉपी भी चाहते हैं।



**नई दिल्ली।** परीक्षा और परिणाम रद्द करने की याचिका पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट को सूचित किया गया कि परीक्षा आयोजित करते समय एनटीए को प्रणालीगत विफलता हुई थी। टेलीग्राम जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर नीट प्रश्न पत्र लीक होने पर भारत के मुख्य न्यायाधीश ने टिप्पणी की कि यह ध्यान में रखा जाना चाहिए कि ऐसा करने वाले किसी का विचार नीट का राष्ट्रीय स्वांग रचने का नहीं बल्कि पैसे के लिए है। सुप्रीम कोर्ट ने एनटीए से पूछा कि 23.33 लाख में से कितने छात्रों ने अपना एग्जाम सेंटर बदला? इस पर एनटीए ने जवाब दिया कि करेक्शन के नाम पर छात्रों ने सेंटर बदला है। 15000 छात्रों ने करेक्शन विंडो का इस्तेमाल किया था। सेंटर का अलॉक्शन परीक्षा से सिर्फ दो दिन पहले होता है, इसलिए किसी को नहीं पता कि कौन सा सेंटर मिलने वाला है। एनटीए ने सुप्रीम कोर्ट को सूचित किया है कि अंडरग्रेजुएट मेडिकल काउंसलिंग 24 जुलाई से शुरू होगी। हालांकि एनटीए ने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि छात्र सिर्फ शहर बदल सकते हैं और कोई भी उम्मीदवार सेंटर नहीं चुन सकता। सेंटर का चयन अलॉटमेंट सिस्टम द्वारा किया जाता है। सुप्रीम कोर्ट ने नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) को एनईईटी यूजी के शहर और केंद्र-वार परिणाम शाम 5 बजे तक प्रकाशित करने को कहा है। शुक्रवार को यह सुनिश्चित किया जाएगा कि उम्मीदवारों की पहचान उजागर न हो।

## नताशा के साथ खत्म हुआ हार्दिक का रिश्ता

**नई दिल्ली।** भारतीय ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या ने चार साल के रिश्ते के बाद पत्नी नताशा स्टेनकोविच से अलग होने की घोषणा की। हार्दिक ने गुरुवार को सोशल मीडिया के जरिए इसकी जानकारी दी। दोनों के बीच पिछले कुछ महीनों से सबकुछ ठीक नहीं चल रहा था। आईपीएल 2024 के दौरान नताशा ने अपने इंस्टा हैंडल से भारतीय खिलाड़ी की तस्वीरें भी हटा दी थीं। हालांकि, उन्होंने बेटे के साथ वाली तस्वीरों को रहने दिया था। अब दोनों ने आपसी सहमति से एक-दूसरे से अलग होने का फैसला किया है। हार्दिक पांड्या ने नताशा से अलग होने की जानकारी सोशल मीडिया कि जरिए दी।

### जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा को लेकर पीएम मोदी ने की बैठक


# सशस्त्र बलों को पूरी ताकत से कार्रवाई करने के दिए निर्देश

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर में लगातार हो रहे आतंकवादी हमले को लेकर केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के कैबिनेट मंत्रियों की गुरुवार को एक अहम बैठक की।

इस सुरक्षा बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और डिफेंस मिनिस्टर राजनाथ सिंह समेत कैबिनेट के कई मंत्री मौजूद रहे। यह बैठक जम्मू-कश्मीर में बढ़ते आतंकी हमलों को देखते हुए की हई. मीटिंग से कुछ घंटे पहले ही जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में



एक मुठभेड़ में दो सैनिक घायल हो गए थे। इस सप्ताह डोडा में की आतंकियों द्वारा घात लगाकर सेना के 4 जवानों की हत्या कर दी गई थी, आतंकियों की तलाश में सुरक्षाकर्मी इलाके में सर्च अभियान चला रहे है, इसी बीच उन पर फिर से हमला हुआ. पिछले महीने पीएम मोदी ने जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा मुद्दे पर एक रिव्यू मीटिंग भी की थी। सूत्रों का कहना है कि घाटी में आतंकवाद से निपटने के लिए पीएम मोदी ने सशस्त्र बलों को पूरी ताकत से कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। वहीं, जम्मू-कश्मीर पुलिस ने क्षेत्र में बढ़ती आतंकी गतिविधियों के खिलाफ एक बड़ा अभियान शुरू किया है, जिसमें पिछले 32 महीनों में कार्रवाई में अधिकारियों सहित 48 सैन्यकर्मी मारे गए हैं।



# चंडीगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस पटरी से उतरी

- 14 डिब्बे पटरी से उतरे
- चार की मौत, 14 जख्मी
- शीशे तोड़कर यात्रियों को बाहर निकाला गया

**100 किमी थी ट्रेन की रफ्तार**

24 कोच वाली ट्रेन के इंजन के बाद एसी के छह कोच लगे थे, जिनमें दो कोच पटरी से उतरकर पलट गए। इसके बाद एसी के चार अन्य कोच भी पलट गए। विभागीय सूत्रों के अनुसार हादसे के समय ट्रेन की रफ्तार करीब सौ किमी प्रतिघंटे से अधिक थी।

**हादसे के चलते छह ट्रेनें निरस्त**

मोतीगंज-झिलाहीं स्टेशन के बीच हुए हादसे के चलते छह पैसेंजर ट्रेनें निरस्त कर दी गई हैं, जबकि 22 ट्रेनों का रास्ता बदल दिया गया है। गोंडा से चलने वाली गोंडा-गोरखपुर सवारी गाड़ी निरस्त रहेगी।



**गोंडा।** जिले के गोंडा- मनकापुर रेलखंड के बीच चंडीगढ़ एक्सप्रेस के 14 डिब्बे पटरी से उतर गए। हादसे में 4 लोगों की मौत की खबर है जबकि 14 लोग जख्मी हो गए हैं। 15904 -चंडीगढ़ एक्सप्रेस चंडीगढ़ से गोरखपुर जा रही थी। हादसा मोतीगंज थाना क्षेत्र के पिकौरा गांव के पास हुआ। पौने तीन बजे दो डिब्बे बेपटरी हुए, उसके बाद 12 और डिब्बे पलट गए। पूर्वोत्तर रेलवे के बाराबंकी-गोरखपुर रेल खंड पर मोतीगंज-झिलाहीं स्टेषनों के मध्य डाउन लाइन पर 15904 चण्डीगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस के अवपथन के फलस्वरूप रेल यात्रियों की सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। पूर्वोत्तर रेलवे सीपीआरओ पंकज सिंह ने बताया, रेलवे की मेडिकल वैन एआरएमई साइट पर पहुंच गई है। राहत और बचाव का कार्य हमने शुरू कर दिया है। हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया गया है। रेलवे के अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। यह 14.37 बजे की घटना है। जहां तक हमें जानकारी है 4 डिब्बे पटरी से उतरे हैं, डॉक्टर, बचाव टीम मौके पर पहुंच गई है।

## सीएम योगी ने हादसे का लिया संज्ञान



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना का संज्ञान लिया है। उन्होंने अधिकारियों को तत्काल मौके पर पहुंच कर राहत कार्य में तेजी लाने व घायलों के समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं। सीएम योगी ने जिला प्रशासन के अधिकारियों को हर संभव सहायता पहुंचाने के निर्देश दिए हैं। सीएम के निर्देश पर आसपास के जिलों के सभी अस्पतालों, सीएचसी और पीएचसी को अलर्ट मोड पर रखा गया है। एसडीआरएफ की टीम को मौके पर पहुंच कर राहत कार्यों में तेजी लाने के भी निर्देश दिए गए हैं।

## खाली होगा रेलवे ट्रैक

गोंडा में हुए ट्रेन हादसे के बाद ट्रैक को खाली कराने की कवायद शुरू हो गई है। जेसीबी से बोगी हटाई जा रही है। विभागीय सूत्र के अनुसार, ट्रैक खाली करने में करीब 14 घंटे लगेंगे, इसके बाद ट्रेनों का संचालन शुरू हो सकेगा। रेल महाप्रबंधक शौम्या माथुर व रेल संरक्षा आयुक्त प्रणजीव सक्सेना ने दुर्घटना स्थल का जायजा लिया। बताया जाता है ट्रेन की रफ्तार औसतन 80 किलोमीटर है। दुर्घटना के समय ट्रेन 89 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही थी।

## दो आतंकी ढेर

**कुपवाड़ा।** उत्तरी कश्मीर के जिला कुपवाड़ा के केरन सेक्टर में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई। सुरक्षाबलों ने यहां दो पाकिस्तानी आतंकियों को मार गिराया है, जो नियंत्रण रेखा से घुसपैठ कर प्रदेश में अशांति फैलाने के इरादा रखे हुए थे। सीमांत क्षेत्र केरन में भारत-पाकिस्तान नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच गोलीबारी हुई। सेना की 6 आरआर और पुलिस के एसओजी के जवानों ने दो आतंकियों को मार गिराया। उधर, जम्मू संभाग के जिला डोडा में भी मुठभेड़ हो रही है। जम्मू कश्मीर में गुरुवार को मौसम बिगड़ा हुआ है। कई इलाकों में बारिश हुई है। बादल छाए हुए हैं। इससे पहाड़ी इलाके धुंध से घिर जाते हैं। इसी बीच सुरक्षाबल आतंकियों से लोहा ले रहे हैं। डोडा में भी मुठभेड़ चल रही है। बिगड़े मौसम के बीच रुक-रुक कर गोलीबारी हो रही है।

# बाहर यात्रा करने से बचें भारतीय नागरिक

**बांग्लादेश में भड़की हिंसा के बाद भारत ने जारी की एडवाइजरी**

- सरकारी नौकरियों में लागू कोटा प्रणाली में सुधार की मांग
- झड़प के बाद विरोध-प्रदर्शन तेज



**ढाका।** बांग्लादेश में फिलहाल माहौल अशांत बना हुआ है। यहां सरकारी नौकरियों में आरक्षण की व्यवस्था में सुधार की मांग कर रहे छात्र प्रदर्शन कर रहे हैं। वहीं, पुलिस भी जवाबी कार्रवाई कर रही है।

हालात किस कदर बेकाबू हैं इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच हुई झड़प में मंगलवार को तीन विद्यार्थियों सहित कम से कम छह लोगों की मौत हो गई और 100 से ज्यादा अन्य लोग घायल हो गए। बिगड़े हालातों को देखते हुए ढाका में भारतीय उच्चायोग ने बांग्लादेश में रहे रहे अपने नागरिकों और छात्रों के लिए एक तत्काल एडवाइजरी जारी की। इसमें देश में बढ़ती अशांति के वजह से गैर जरूरी यात्रा से बचने और अपने घरों से बाहर कम से कम निकलने की सलाह दी है। यह सलाह बांग्लादेशी सरकार द्वारा सभी सरकारी और निजी विश्वविद्यालयों को बंद करने के फैसले और ढाका में छात्रों तथा पुलिस के बीच हाल ही में हुई हिंसक झड़पों को देखते हुए दी गई है। बता दें, बांग्लादेश के प्रमुख शहरों में छात्र सरकारी नौकरियों में लागू कोटा प्रणाली में सुधार की मांग कर रहे हैं। प्रदर्शनकारी छात्रों का कहना है कि मौजूदा आरक्षण व्यवस्था सरकारी सेवाओं में मेधावी छात्रों के नामांकन को काफी हद तक रोक रही है। ढाका यूनिवर्सिटी के छात्रों ने फर्स्ट और सेकंड क्लास की सरकारी नौकरियों में भर्ती के लिए चल रहे विरोध प्रदर्शन में अग्रणी भूमिका निभाई है। छात्रों की मांग है कि मौजूदा आरक्षण प्रणाली में सुधार करते हुए प्रतिभा के आधार पर सीटें भरी जाएं।




# सौजन्या से गुरु गोविंद चौक, हीरालाल धर्मशाला तक हुआ ट्रीगार्ड्स सहित पौधारोपण





**अवधनामा संवाददाता**

**लखीमपुर खीरी।** नगर पालिका परिषद, पर्यावरण मित्र समूह, वन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को शहर में पौधारोपण अभियान कार्यक्रम हुआ सौजन्या चौराहे से गुरु गोविंद सिंह चौक होते हुए हीरालाल धर्मशाला तक ट्रीगार्ड्स सहित वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने प्रभागीय वनाधिकारी दक्षिण संजय बिस्वाल के साथ 101वां पौधारोपित करते हुए शुभारंभ किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम लगाने की योजना के साथ साथ यहां तो स्वयं मातृ शक्ति पौध लगा रहीं और पर्यावरण मित्र समूह ने निःसंदेह एक अद्भुत कार्य किया है। पर्यावरण मित्र समूह के कार्यों की सराहना करते हुए पर्यावरण मित्र समूह को प्लांटेशन मेक सस्टेनेबिलिटी टैग लाइन दी डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने सभी को पेड़ो के योगदान को पहचाने, इस दिशा में जितना हो सके उतना योगदान करने को प्रेरित भी किया। डीएम ने एक पेड़ मां के नाम पर लगाने का संदेश दिया। कहा कि अगर प्रत्येक व्यक्ति एक-एक पेड़ अपनी माता के नाम पर लगाएं और उनकी सुरक्षा और देखभाल करे तो भी हम पर्यावरण संरक्षण और ग्लोबल वार्मिंग को कम करने में प्रभावी भूमिका निभा सकते हैं पर्यावरण मित्र समूह संयोजक विशाल सेठ ने अवगत कराया कि ट्रीगार्ड पॉलिमर के हैं, शत प्रतिशत यूवी प्रोटेक्टेड, पूर्णतया बायोडिग्रेडेबल हैं। पर्यावरण मित्र समूह कोर कमेटी के सदस्य राम मोहन गुप्त के संचालन में आयोजित वृहद पौधारोपण कार्यक्रम, भविष्य की योजना पर कार्यक्रम संयोजक विशाल सेठ ने विस्तृत जानकारी प्रदान की। ईओ संजय कुमार ने नगर पालिका के प्रयासों, प्रभागीय वनाधिकारी दक्षिण संजय बिस्वाल ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में सिटी मांटसरी इंटर कालेज के छात्रों एवं पर्यावरण मित्र समूह कोरकमेटी का अति सराहनीय योगदान रहा।


## एक नफर वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार



**लखीमपुर-खीरी अवधनामा संवाददाता।** थाना फूलबेहड़ पुलिस द्वारा 01 नफर वारंटी अभियुक्त जगन्नाथ पुत्र सधारी निवासी ग्राम कुशमौरी थाना फूलबेहड़ जनपद खीरी को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए न्यायालय के समक्ष भेजा जा रहा है।

## संविदा सफाई कर्मचारियों के नियमितीकरण के लिए विधायक ने लिखा मुख्यमंत्री को पत्र

**लखीमपुर-खीरी अवधनामा संवाददाता।** सदर विधायक योगेश वर्मा ने



चंदन लाल वाल्मीकि राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष वंचित शोषित सामाजिक संगठनों का अखिल भारतीय परिसंघ महादलित परिसंघ के अनुरोध पर नगर पालिका परिषद और नगर पंचायतों में 18 वर्षों से कार्यरत संविदा सफाई कर्मचारियों के नियमितीकरण के लिए मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखा मुख्य मंत्री को लिखे पत्र में सफाई कार्य नियमित प्रकृति और बारामासी है सफाई कर्मचारियों के नियमितीकरण के पक्ष के कई सर्वोच्च न्यायालय के आदेश भी पारित हुए हैं।सदर विधायक ने मुख्यमंत्री से 18वर्षों से लगातार कार्यरत संविदा कर्मचारियों को नियमितकारण कराने के लिए न्याय संगत कार्यवाही करने का अनुरोध किया है। ज्ञातव्य है चन्दन लाल वाल्मीकि पूरे प्रदेश में नगर विकास विभाग में 18 वर्षों से कार्यरत संविदा कर्मचारियों के नियमितीकरण के लिए संघर्ष कर रहे हैं। विधायक के मुख्यमंत्री को पत्र लिखने के अवश्य बल मिलेगा।

## चोरी के सामान व चोरी की नकदी बरामद कर किया गया गिरफ्तार



**लखीमपुर-खीरी अवधनामा संवाददाता।** थाना ईसानगर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 285/24 धारा 305/331(4)/317(2) बीएनएस में की घटना का सफल अनावरण करते हुए मुखबिर की सूचना पर मितौला मोड़ के पास अभियुक्त जयराम राजपूत पुत्र मनोहर लोध नि0 ग्राम सेमरहना थाना ईसानगर को चोरी के सामान व चोरी की नकदी बरामद कर गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त का चालान न्यायालय भेजा गया है।

## प्रदूषित जल से होने वाली बीमारियों के प्रति किया जागरूक



**सहारनपुर अवधनामा संवाददाता।** जल जीवन मिशन 'हर घर जल' योजना अंतर्गत जनपद में जल गुणवत्ता के मुद्दों, जल जनित रोगों और स्वास्थ्य प्रभावों को लेकर आयोजित कार्यशाला में वक्ताओं ने प्रदूषित जल से होने वाले बीमारियों से बचाव के प्रति आमजन को जागरूक किया गया। जल निगम (ग्रामीण) सहारनपुर परिसर में वेलफेयर एंड इलस्ट्रेशन आफ ग्रामीण नीडी सोसाइटी लखनऊ द्वारा आयोजित एक दिवसीय जनपद स्तरीय कार्यशाला को संबोधित करते हुए अधिशासी अभियंता योगेश कुमार ने पेयजल के महत्व को बताते हुए तथा दूषित जल से होने वाली बीमारियों से बचाव एवं जल संरक्षण के उपाय को बताया। उन्होंने कहा कि जल ही जीवन है और जल के बिना जीवन संभव नहीं है। उन्होंने बढ़ते पर्यावरण प्रदूषण के प्रति लोगों को जागरूक करते हुए अधिक से अधिक पेड़ रोपित करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि पेड़ों से ही हमें शुद्ध ऑक्सीजन मिलती है और पेड़ों के बिना जीवन संभव नहीं है। इसके अलावा उन्होंने लोगों को वर्षा जल को संरक्षित करने पर भी जोर दिया। जल निगम ग्रामीण के जेई दुष्यंत कुमार एवं डीपीएमयू डीसी दिनेश भास्कर, सिकंदर आजम, परवेश, आईएसए कोऑर्डिनेटर अंजू देवी तथा लैब टेक्नीशियन दीक्षा गोयल, रजत ने भी जल से होने वाली समस्याओं से कैसे निपटे तथा जनता को शुद्ध पेयजल मुहैया और उसके बचाव हेतु जन-जागरुकता फैलाने की बात कही। कार्यशाला में जिला समन्वयक अहमद सलीम खान, सह जिला समन्वयक अनुराग ओझा, सह जिला समन्वयक आजाद खान, कंप्यूटर ऑपरेटर सतीश मिश्रा, कृष्ण कांत सिंह, ज्ञानी तिवारी, अंकित कुमार, रवि व अन्य सहयोगी मौजूद रहे।

## महिला ने की आत्महत्या सुसाइड नोट हुआ बरामद

**लखीमपुर खीरी अवधनामा संवाददाता।** सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला प्रकाशनगर में महिला ने आत्महत्या कर ली। मृतका का पति होमगार्ड के पद पर तैनात है और नकहा डायल-112 का वाहन चलाता है। जांच के दौरान पुलिस को एक सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों से पूछताछ कर रही है मोहल्ला प्रकाशनगर निवासी होमगार्ड अनिल कुमार दीक्षित की पत्नी ममता (35) ने आत्महत्या से पहले लिखा कि उसका पति एक युवक के बहकावे में आकर उस पर शक करता था उसी युवक की वजह से वह पति की नजरों में गिर गई इसको लेकर कई बार पति पत्नी के बीच विवाद भी हुआ इधर,फांसी लगाने की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे मायके पक्ष के लोगों ने हंगामा काटा सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और सुसाइड नोट कब्जे में ले लिया परिजनों से पूछताछ कर रही है। पुलिस का कहना है कि अभी तक किसी ने कोई तहरीर नहीं दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और तहरीर मिलने के बाद कार्रवाई की जाएगी घटना के बाद मौके से मिले सुसाइड नोट में ममता ने अपने पति अनिल का जिक्र करते हुए लिखा है कि वह उससे और बच्चों से बहुत प्यार करती थी सुसाइड नोट में सभी को माफ करने की बात भी लिखी है उसने एक इंसान के बहकाने से उसकी और उसके बच्चों की जिंदगी बर्बाद करने का भी जिक्र किया है जान... मैं जा रही हूं, मैंने तुम्हें कभी भी धोखा नहीं दिया फिर भी तुमने मेरी बात पर कोई विश्वास नहीं किया दीपक ने आखिर मुझे तुम्हारी नजरों में गिरा दिया मेरे जीने का कोई मतलब नहीं है मेरे बच्चों की जिंदगी किसी की वजह से बर्बाद मत करना उन्हें पढ़ना लिखाना, कभी हाथ मत उठाना। दीपक को मत छोड़ना उसने मुझ पर झूठा आरोप लगाया वह मुझसे बर्दाश्त नहीं हुआ है इसलिए जान दे रही हूं।

# किसानों के हितों को संरक्षित करने के लिए संकल्पित होकर काम कर रहा प्रशासन : दुर्गा शक्ति नागपाल



**अवधनामा संवाददाता**

**लखीमपुर खीरी।** किसानों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से गुरुवार को कलेक्ट्रेट में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजित हुआ। इस दौरान किसानों ने अधिकारियों के सामने समस्याएं रखीं। डीएम ने अफसरों को किसानों की समस्याओं का समय से व गुणवत्तापरक निस्तारण कराने का निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि किसानों की समस्याओं का निदान शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।यह भी बताया कि प्रसाशन के समक्ष अन्नदाता किसानों की समस्या का समाधान सर्वोच्च प्राथमिकता का है।

अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों की समस्याओं को तत्काल एवम दीर्घकालिक समाधान की कैटेगरी में प्रस्तुत करें। किसान दिवस किसानों की समस्याओं के निस्तारण के लिए एक बेहतर मंच प्रदान करता है। इस दिवस पर किसान अपनी समस्याओं को न केवल निस्तारण करा सकते हैं बल्कि विशेषज्ञों से अपनी सभी जिज्ञासाओं को भी शांत कर सकते हैं। किसानों के हितों को संरक्षित करने के लिए शासन-प्रशासन करते संकल्पित होकर काम कर रहा। इसके लिए केंद्र एवं प्रदेश सरकार किसानपरक योजनाओं के जरिए उन्हें समृद्ध बनाने के लिए नित नए कदम उठा रही है। डीएम ने मौजूद किसानों की न केवल समस्याएं सुनी बल्कि निराकरण के संबंध में मौजूद अफसरों को निर्देश दिए।डीडी कृषि अरविंद मोहन मिश्रा एवम बीमा कम्पनी के प्रतिनिधि द्वारा फसलों को प्राकृतिक आपदा से नुकसान की क्षतिपूर्ति के लि फसल बीमा की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई।बैठक में जिला कृषि अधिकारी अरविंद कुमार चौधरी, डीसीओ वेद प्रकाश सिंह, भूमि संरक्षण अधिकारी, उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी, डीएचओ मृत्युंजय सिंह, अध्यक्ष/वरिष्ठ वैज्ञानिक केवीके अन्य अधिकारी एवं कृषक उपस्थित रहें।

## विशेष प्रवर्तन अभियान 26 जुलाई तक

**अवधनामा संवाददाता**

**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने कहा कि अवैध मादक पदार्थो के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी की संभावना के दृष्टिगत 17 से 26 जुलाई 2024 तक विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया जाना है। जिसमें अवैध मदिरा के निर्माण एवं बिक्री तथा तस्करी तथा अवैध अल्कोहल के परिवहन पर अंकुश लगाए जाने हेतु समस्त तहसीलवार टीमों का गठन किया है।

जिलाधिकारी ने आबकारी, पुलिस एवं राजस्व प्रशासन के अधिकारियों की संयुक्त टीम बनाकर प्रभावी प्रवर्तन कार्य सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि पूरे जनपद में विशेष प्रवर्तन अभियान चलाकर अवैध शराब के निर्माण, तस्करी, परिवहन आदि पर प्रभावी अंकुश लगाया जाए। इस कार्य के लिए प्रत्येक तहसील में उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी तथा आबकारी निरीक्षक विशेष रूप से सक्रिय रहेंगे। पूरे जनपद में 6 प्रवर्तन दलों का गठन किया गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि यह टीमें पूर्ण निष्ठा एवं गंभीरता से विशेष प्रवर्तन अभियान के दौरान अवैध मदिरा के कार्य में संलिप्त माफियाओं/तस्करों की सूची के अनुसार उनके विरुद्ध स्थानीय पुलिस के सहयोग से नियमानुसार गैंगस्टर/गुण्डा एक्ट के अन्तर्गत कठोरतम कार्यवाही की जाए तथा उन पर सतत निगरानी की जाए। संदिग्ध वाहनों की सघनता एवं सूक्ष्मता से चेकिंग कराई जाएगी और राष्ट्रीय/राज्य राजमार्ग पर स्थित ढाबों, जहां अल्कोहल के टैंकर प्रायः रूकते है, की भी संघ एवं आकस्मिक जांच कराई जाए। इन टीमों द्वारा जनपद में अवैध मदिरा के संदिग्ध स्थानों/अड्डों पर छापेमारी की कार्यवाही की जाए। आबकारी दुकानों एवं थोक अनुज्ञापनों का निरीक्षण चेकलिस्ट के अनुसार किया जाए। स्टॉक के बारकोड व क्यू0आर0 कोड की सूक्ष्मता एवं सतर्कता पूर्वक स्कैनिंग/जांच की जाए। देशी/विदेशी मदिरा/बियर एवं माडल शाप की फुटकर बिक्री की दुकानों पर ओवर रेट के सम्बन्ध में रैंडम टेस्ट परचेज की कार्यवाही भी की जाए।

# महागठबंधन की सरकार बनती तो कल्पना नहीं कर सकते थे इस देश में क्या होता : अजय



**अवधनामा संवाददाता**

**लखीमपुर-खीरी।** पूर्व केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र 'टेनी' द्वारा जिला पंचायत सभागार में विधानसभा लखीमपुर का मतदाता अभिनन्दन कार्यक्रम आयोजित किया गया पूर्व केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र 'टेनी' ने जिला पंचायत सभागार में आयोजित विधानसभा लखीमपुर का मतदाता अभिनन्दन कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि जो हमारे अवध क्षेत्र के जो 7 सांसद जीते है उसमें पांच सांसद जीते है उनसे भी ज्यादा वोट है और पूरी 17 लोकसभा जो अवध क्षेत्र में है उसमें तीसरे नम्बर पर वोट आपकी खीरी लोकसभा को मिला है हमारे अवध क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी जिनको वोट मिला है उनमें अमेठी में 372032 वोट, अम्बेडकरनगर में 497712 वोट, गोण्डा में 474258 वोट (जीती), श्रावस्ती में 434382 वोट, कैसरगंज में 571263 वोट, बहराइच में 518802 वोट, अयोध्या में 499722 वोट, बाराबंकी में 512223 वोट, लखनऊ में 612709 वोट, उन्नाव में 503000 वोट, रायबरेली में 297000 वोट, सीतापुर में 441497 वोट, हरदोई में 486798 वोट, मिश्रिख में 475016 वोट, धौरहरा में 439294 वोट और खीरी लोकसभा के पोस्टल बैलेट मिला करके 524134 वोट मिला है। हम जो 2024 सामान्य लोकसभा चुनाव से पहले थे वहीं आज भी है मुझमे कोई बहुत बड़ा बदलाव नहीं आया है। आप लोगो को पता है कि राहुल गांधी और अखिलेश यादव में कोई बहुत बड़ा परिवर्तन नहीं आया है न उनकी पार्टियों से इस देश को सुरक्षा है और न ही राष्ट्रहित उनके लिए हमारी तरह सर्वोपरि है। हम राष्ट्रहितों के दृष्टि से राजनीति करते है इस दृष्टि से अगर हम इस परिणाम को देखेंगे तो ये बहुत बड़ी उपलब्धि ऐसी कठिन परिस्थितियों में हम लोगों को मिली है। अगर महा गठबंधन की सरकार बनती तो आप कल्पना नहीं कर सकते इस देश में क्या होता ऐसे बहुत बड़े-बड़े व्यापारी घराने जो इसमें पैसा लगा रहे थे इस देश को बेचने के लिए तैयार बैठे थे जैसे 10 साल पहले लूटते थे वहीं उनका इरादा था बहुत ऐसे देश जो भारत का बढ़ता हुआ कद बर्दाश्त नहीं कर पा रहे थे ऐसे देश जिनसे हमारे सम्बन्ध अच्छे नहीं है वह सारे लोग चाहते थे कि किसी तरह मोदी और भारतीय जनता पार्टी की सरकार न बने और उसके कारण इस चुनाव में पूरे देश में माहौल बना लेकिन उत्तर प्रदेश में कुछ और कारण भी रहे है जैसे जातिवाद एक बहुत बड़ा कारण था जहां पर हमने देखा है कि जातिवाद के साथ-साथ हम लोगों ने देखा है कि कई बार ऐसी परिस्थितियां भी रही जहां पर जातिवाद के अलावा जैसे हमने अभी आपको बताया कि चुनाव में लालच देने का भी काम होता है। इसके साथ-साथ कही न कही हम लोगों को यह लगता था कि सरकार जिस तरह से प्रयास कर रही थी तो इसमें थोड़ी बहुत कमियां हमारी रह गई थी कुछ कारण यह रहा कि भारतीय जनता पार्टी के समय में जब हमारी डेमोक्रेसी थी जो बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार में लिप्त रहते थे और काम के उनके घण्टे कम होते थे वो लोग भी कठिन परिस्थिति में थे उन लोगों ने पूरी तरह से यह सरकार न आए इसकी कोशिश सरकारी कर्मचारियों के द्वारा की गई सरकारी कर्मचारियों पर काम बहुत ज्यादा पड़ रहा था भ्रष्टाचार होता था वो बन्द हो गया था जो लोग कर रहे थे वह पकड़े जा रहे थे। इस अवसर पर योगेश वर्मा सदर विधायक, विनीत मनार, कुलभूषण सिंह, आशू मिश्रा, रामजी मौर्या, संतोष कुमारी, पवन गुप्ता, दिव्या सिंह ब्लाक, विश्वनाथ सिंह नरेन्द्र सिंह प्रतिनिधि जिला पंचायत अध्यक्ष अरविन्द गुप्ता, आरपी कटियार, अशोक अवस्थी, संदीप मौर्या, जितेन्द्र साहनी, अरविन्द सिंह, जितेन्द्र त्रिपाठी, अम्बरीष सिंह, उमा राज, दीपक मिश्रा, आचार्य अनूप मिश्रा, राजू अग्रवाल, रवि शर्मा, सरवन कश्यप, भैया लाल तिवारी, अरूण मिश्रा, राहुल चौरसिया, सुमेर सिंह, सूरज पाण्डेय, मयंक कश्यप सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## सीडीओ ने जन्म प्रमाण पत्र मामले में जांच के दिए आदेश

**रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय ने बताया है कि विकास खण्ड सलोन में वर्ष 2023 में तत्कालीन ग्राम विकास अधिकारी द्वारा जन्म मृत्यु आई0डी0 से विभिन्न माहों में अत्यधिक संख्या में अनियमित ढंग से जन्म प्रमाण पत्र निर्गत किये गये हैं। उन्होंने बताया कि प्रकरण का तत्काल संज्ञान लेते हुए जांच हेतु खण्ड विकास अधिकारी सलोन को निर्देशित किया गया, जिनकी आख्या के अनुसार ग्राम पंचायत सिरसिरा, लहुरेपुर, नूरूद्दीनपुर, गोपालपुर उर्फ अनन्तपुर एवं गढी इस्लामनगर में वर्ष 2023 में अनियमित तरीके से अत्यधिक मात्रा में तत्कालीन ग्राम विकास अधिकारी की आई0डी0 से जन्म प्रमाण पत्र निर्गत किये जाने की पुष्टि हुई। तत्क्रम में सम्बन्धित ग्राम विकास अधिकारी को निलम्बित करते हुए प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करा दी गयी है। उन्होंने बताया कि सम्बन्धित ग्राम विकास अधिकारी की पूर्व की तैनाती की ग्राम पंचायतों में इनके द्वारा निर्गत किये गये जन्म/ मृत्यु प्रमाण पत्र की जांच हेतु पृथक से टीम गठित कर जांच के निर्देश दे दिये गये हैं।

# हाईटेंशन विद्युत लाइन में टकराने से ताजिये में लगी आग, 10 से अधिक लोग झुलसे

**अवधनामा संवाददाता**

**लखीमपुर खीरी।** अमीरनगर क्षेत्र में मुहर्रम पर जुलूस के दौरान दर्दनाक घटना हो गई। गरदहा गांव में गुरुवार को सुबह ताजिया निकाला जा रहा था। इस दौरान हाई टेंशन विद्युत लाइन से ताजिया टकराया गया। इससे ताजिये में आग लग गई। इससे 10 से अधिक लोग झुलस गए घटना से वहां अफरातफरी मच गई लोगों ने आनन-फानन झुलसे लोगों को किसी तरह नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद सभी पीड़ितों को शाहजहांपुर के राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। जहां हसीब (21) पुत्र शमशाद गांव गरदहा की मौत हो गई। अन्य पीड़ितों का उपचार चल रहा है। इनमें से भी कुछ हालत गंभीर बताई गई है इधर घटना की सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची। पुलिस ने छानबीन की। बताया जा रहा है कि ताजिये की ऊंचाई अधिक होने के वह विद्युत लाइन से छू गया था। जिससे करंट उतरने से ताजिया में आग लग गई। बता दें कि जिलेभर में बुधवार को मुहर्रम गमगीन



माहौल में मनाया गया था। कुछ इलाके में मुहर्रम की 11 तारीख को ताजिये दफन होते हैं। इसी परंपरा के तहत गरदहा गांव में ताजिया निकाला जा रहा था ऊंचाई ज्यादा होने के कारण हादसा हो गया बता दें कि जिलेभर में बुधवार को मुहर्रम पर अकीदतमंदों ने हजरत इमाम हुसैन व कर्बला के शहीदों के नाम नजरों नियाज कराई। घरों पर मजलिस में हजरत इमाम हुसैन व कर्बला के शहीदों की कुर्बानी को याद किया। दोपहर बाद ताजियों का जुलूस कर्बला रवाना हुआ। सड़कों पर ताजियों का लंबा जुलूस दिखा। गमगीन माहौल में ताजिये सुपुर्दे खाक किए गए। जिले के कुछ इलाके में मुहर्रम की 11 तारीख को ताजिये दफन होते हैं। इसी परंपरा के तहत अमीरनगर क्षेत्र के गरदहा गांव में ताजिया निकाला जा रहा था। ऊंचाई ज्यादा होने के कारण हादसा हो गया थाना मोहम्मदी के अमीन नगर में मोहर्रम पर निकल जा रहे ताजियों के जुलूस के दौरान बड़ी घटना हो गई। 180 फीट ऊंचा ताजिए का गुंबद हाई टेंशन लाइन से टकराने के बाद इसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि नौ लोग झुलस गए हैं। उन्हें राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। मोहर्रम से शुरू हुए ताजियों को जुलूस का सिलसिला जारी था। गुरुवार को अमीर नगर गांव से जुलूस रवाना हुआ था। बताते हैं कि करीब 180 फुट ऊंचा ताजिए को करीब 100 लोग लेकर जा रहे थे। 33 केवी लाइन में ताजिये का गुंबद टकराने से लोग झुलस गए आठ लोगों को गम्भीर हालात में राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। एक की मौत हो गई।

## दो लाख की नाजायज स्मैक के साथ एक नशा तस्कर गिरफ्तार

**सहारनपुर अवधनामा संवाददाता।** थाना नकुड पुलिस ने एक शातिर नशा



तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 100 ग्राम स्मैक बरामद की है। बरामद स्मैक की कीमत 2 लाख रूपये आंकी गयी है। नकुड़ कोतवाली पुलिस ने थाना प्रभारी धर्मेन्द्र गौतम व उपनिरीक्षक नरेन्द्र भडाना के नेतृत्व में कस्बा अम्बेहटापीर से मुखबिर की सूचना पर शराफत पुत्र मौ.नाजिम निवासी मौ.इमामियान कस्बा अम्बेहटा पीर थाना नकुड को दबोचकर उसके कब्जे से 100 ग्राम स्मैक बरामद कर ली। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/21/29 के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।

## 4 नशा तस्कर गिरफ्तार

**सहारनपुर।** थाना गंगोह पुलिस ने 04 शातिर नशा तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 105 ग्राम नाजायज चरस बरामद की है। पुलिस ने चारो आरोपियों का चालान काटकर जेल भेज दिया। गंगोह कोतवाली प्रभारी एचएन सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि उनके व उपनिरीक्षक जितेन्द्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तीतरो तिराहे के पास से चार शातिर नशा तस्करों भास्कर पुत्र रमेश निवासी पंचदेवरा शाहबाद हरदोई, सूरज पुत्र बेचेलाल निवासी ददिउरा पाली हरदोई, आदित्य उर्फ सोनू पुत्र बाबूराम व हरिओम उर्फ गोला पुत्र धर्म सिंह निवासीगण ग्राम धानवा थाना तीतरों को दबोचकर उनके कब्जे से 105 ग्राम नाजायज स्मैक बरामद कर ली। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/21 के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।

# नगर निगम कांवड़ सफाई मित्र संभालेंगे शिविरों की सफाई व्यवस्था

**अवधनामा संवाददाता**

**सहारनपुर।** कांवड़ यात्रा को निविघ्न संपन्न कराने के लिए नगर निगम अपना रेडियो नेटवर्क विकसित करेगा। ताकि अधिकारियों के बीच सम्पर्क करने में कोई व्यवधान न आए। इसके लिए निगम द्वारा करीब दो दर्जन रेडियो सेट खरीदे जायेंगे। इसके अलावा कांवड़ यात्रा के दौरान कांवड़ शिविरों की सफाई व्यवस्था विशेष डेऊस में तैनात 'नगर निगम कांवड़ सफाई मित्र' संभालेंगे।

प्रत्येक शिविर पर चार सफाई कर्मी अलग से तैनात रहेंगे। इस सम्बंध में आज नगरायुक्त संजय चौहान ने निगम अधिकारियों के साथ बैठक कर कांवड़ यात्रा की तैयारियों को अंतिम रुप दिया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि कांवड़ यात्रा में उत्साह के साथ कार्य करें। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी दी कि व्यवस्थाओं के सम्बंध में किसी भी



तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। कांवड़ मार्ग पर स्थायी शौचालयों के अलावा मोबाइल टॉयलेट, पेयजल के लिए पानी के टैंकर सहित तमाम व्यवस्थाएं रहेगी। पूरा कांवड़ मार्ग कैमरों की नजर में रहेगा। कांवड़ यात्रा के सम्बंध में एडवाइजरी व कांवड़ यात्रा के सम्बंध में आकर्षक वीडियों निगम की एलईडी स्क्रीन पर चलाने के भी निर्देश दिए। नगरायुक्त संजय चौहान ने निगम के स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए कि कांवड़ यात्रा के दौरान कहीं भी सड़क पर कूड़ा दिखायी न दें। इसके लिए पर्याप्त डस्टबिन रखे जाएं और बड़ी गाड़ियों के अलावा छोटे हाथ रेहड़े भी कूड़ा कलेक्शन के लिए लगाए जाएं। उन्होंने हर रोज कांवड़ मार्ग पर फॉगिंग व एंटी लार्वा के छिड़काव के भी निर्देश दिए। उन्होंने कांवड़ यात्रा मार्ग पर व्यवस्थाओं के संदर्भ में निगम की ओर से एक कंट्रोल रुम भी स्थापित करने का सुझाव दिया। उन्होंने देहरादून रोड स्थित निगम क्षेत्र में कांवड़ मार्ग शुरु होने के स्थान पर कांवड़ियों के स्वागत में स्वागत द्वार बनाने को कहा। पूरी कांवड़ यात्रा में

**नगरायुक्त ने अधिकारियों के साथ बैठक कर दिया कांवड़ यात्रा की तैयारियों को अंतिम रुप**

नगर निगम की ओर से की गयी सभी व्यवस्थाओं की जानकारी निगम अधिकारियों के अलावा पुलिस व प्रशासन के अधिकारियों तथा कांवड़ शिविर संचालकों को एक पुस्तिका के रुप में उपलब्ध करायी जायेगी। उन्होंने कहा कि पूरे कांवड़ यात्रा पर्व को प्लास्टिक व पॉलीथिन की दृष्टि से जीरो इवेंट बनाया जाएं। इसके लिए उन्होंने नगर स्वास्थय अधिकारी को कांवड़ यात्रा मार्ग पर प्लास्टिक व पॉलीथिन की आमद रोकने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिविर संचालकों व इस मार्ग पर स्थापित उद्योग स्वामियों को भी इस बात के लिए प्रेंरित किया जाए कि वे प्रतिबंधित पॉलीथिन या प्लास्टिक का उपयोग न करें।

## मुख्यमंत्री ने राज्य कर विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की

# यूपी के शहरों में फिर से शुरू होंगे बंद सिनेमाघर, योगी सरकार देगी अनुदान





- आम जनता के मनोरंजन के प्रमुख साधनों में सिनेमा की बड़ी भूमिका

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सरकारी आवास पर आहूत एक बैठक में राज्य कर विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि बन्द सिनेमाघरों के पुनर्संचालन, मल्टीप्लेक्स विहीन जनपदों में मल्टीप्लेक्स निर्माण, एकल छविगृह निर्माण के लिए अनुदान योजना तैयार करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि आम जनता के मनोरंजन के प्रमुख साधनों में सिनेमा की बड़ी भूमिका है।

नए दौर में बदलती तकनीक के साथ प्रदेश में एकल स्क्रीन वाले पुराने सिनेमाघर या तो बंद हो गए हैं अथवा उनकी आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है। ऐसे सिनेमाघरों के पुनर्जीवन के लिए राज्य सरकार द्वारा प्रोत्साहन योजना लाई जानी चाहिए। इससे लोगों को मनोरंजन के साधन की सहज उपलब्धता होगी। साथ ही, निवेश और रोजगार सृजन की दृष्टि से भी यह उपयोगी होगा। योजना ऐसी हो जिससे कि बंद अथवा संचालित सिनेमाघरों के स्थान पर व्यावसायिक कॉम्पलेक्स व कम क्षमता के सिनेमाघरों का निर्माण, बंद सिनेमाघरों को यथास्थिति में पुनः संचालित करने, व्यावसायिक गतिविधि सहित अथवा गैर व्यावसायिक गतिविधि वाले एकल स्क्रीन सिनेमाघर के निर्माण के लिए निवेशकों को प्रोत्साहन मिले। उनके लिए अनुकूल अवसर तैयार हो सके।

सिनेमाघरों के लिए निर्धारित न्यूनतम सीटों की संख्या की शर्त में व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाते हुए रियायत दी जानी चाहिए। आज के दौर में मल्टीप्लेक्स सिनेमाहॉल की संस्कृति तेजी से बढ़ी है। वर्तमान में प्रदेश के 39 जनपदों में मल्टीप्लेक्स नहीं हैं, जबकि 10 जनपद ऐसे भी हैं, जहां कोई एकल स्क्रीन अथवा मल्टीप्लेक्स सिनेमाघर नहीं है। नई योजना में ऐसे प्राविधान रखें कि मल्टीप्लेक्स निर्माण के लिए निवेशक प्रोत्साहित हों। निवेश प्रोत्साहन कार्यक्रमों की भांति सरकार द्वारा इन्हें भी अनुदान दिया जाना चाहिए। जिन जनपदों में पहले से मल्टीप्लेक्स संचालित हैं, यदि वहां नए मल्टीप्लेक्स के इच्छुक निवेशक आते हैं तो उनके लिए भी अनुदान का प्राविधान रखा जाए। मुख्यमंत्री ने राज्य कर विभाग को सम्बन्धित सेक्टर के निवेशकों तथा अन्य स्टेक होल्डर्स से संवाद करते हुए यथाशीघ्र प्रोत्साहन योजना तैयार करने के निर्देश दिए।

## पुलिस चौकी में समझौता के बाद एक पक्ष जबरिया कर रहे हैं विवादित जमीन पर कब्जा

**कौशांबी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत टेवा में आराजी संख्या 1678 में संपत्ति के मालिकाना हक को लेकर विवाद है जिसका मुकदमा भी अदालत में विचाराधीन है इसी संपत्ति पर कब्जे को लेकर कोतवाली और पुलिस चौकी टेवा में पहले पंचायत हो चुकी है जिसमें दोनों पक्ष को संपत्ति कब्जे से रोक लगाई गई है लेकिन दो दिन पहले कुसला देवी पत्नी विजय बहादुर और उनके समर्थकों ने संपत्ति पर कब्जा करने के लिए मेड तोड़ना शुरू कर दिया है संपत्ति पर ट्रैक्टर चला कर जुताई करवरकर फसल की बुवाई कर दी है जिससे दूसरे पक्ष के कपूर चंद्र और उनके बेटों ने रोकने का प्रयास किया है जिससे मौके पर तनाव की स्थिति बन गई है और कुसला देवी के पक्ष के एक दर्जन लोगों ने कपूर चंद्र के भाई ओमप्रकाश तथा उनकी पत्नी माया देवी को लाठी डंडे से बेरहमी से पीट दिया है जिससे दोनों को गंभीर चोटें आई हैं घायल अवस्था में दम्पत्ति को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है।

# शुगर फ्री आलू पल-पल बुला रही मौत के नजदीक

- तेजाब में पानी मिलाकर आलू धोकर शुगर फ्री का दावा करने वाले बाट रहे है मौत
- जहरीले आलू के सेम्पल को जांच करने में आखिर कहा गयी फूड विभाग के अफसरों की कार्रवाई

अवधनामा संवाददाता

**कौशाम्बी।** शुगर रोगियों को आलू खाने पर डॉक्टरो ने कंट्रोल करने के निर्देश दिया है डॉक्टरो का कहना है कि आलू में शुगर पाया जाता है जिससे शुगर रोगियों को आलू खाने पर उनका शुगर बढ़ेगा और उन्हें समस्याएं होंगी इसका लाभ आलू विक्रेता उठाने लगे और आलू को तेजाब मिले पानी से धुल करके उसे सुखा करके बाजार में यह कहकर बेचना शुरू कर दिया कि यह शुगर फ्री आलू इसको खाने से शुगर नहीं बढ़ेगा जबकि तेजाब मिले पानी से आलू धोने के बाद इस आलू को खाने वालों की मौत पल-पल नजदीक आती जा रही है शुगर फ्री आलू खाने के आड़ में तेजाब का पानी सेवन करने वाले लोगों के शरीर के अंग तेजी से खराब हो रहे हैं और उन्हें गंभीर बीमारियां हो रही है लिवर किडनी गुर्दा हृदय रोग हार्ट अटैक कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का लोग तेजी से शिकार हो रहे हैं इस बात का प्रमाण अस्पतालों में भर्ती मरीजों की बड़ी संख्या को देखकर लगाया जा सकता है लेकिन तेजाब में पानी मिलाकर आलू धुल कर उसे शुगर फ्री बताने वाले आलू व्यापारियों की दुकानों पर छापा मार कर उनके जहरीले आलू की जांच नहीं कराई जा रही है जिससे शुगर फ्री आलू का व्यापार करने वाले लोगों के हौसले बुलंद है और दिनों दिन जहरीले आलू का व्यापार बढ़ता जा रहा है जहर बेचने वाले इन आलू व्यापारियों की दुकानों में फूड इंस्पेक्टर के साथ-साथ पुलिस विभाग को स्वास्थ्य विभाग को मजिस्ट्रेट को भी जांच करना होगा क्योंकि यह खाद्य सामग्री के साथ जहर भी है और जहर की जांच करना पुलिस के अधिकार क्षेत्र में है लेकिन पुलिस ने भी जहरीले आलू की जांच नहीं शुरू की है इतना ही नहीं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने भी जहरीले आलू की जांच कर उसकी बिक्री पूरी तरह से प्रतिबंध नहीं कराया है प्रशासनिक उदासीनता के चलते जहरीले आलू की बिक्री तेजी से बढ़ी है और इसके सेवन से लोग गम्भीर बीमारियों के चपेट में आ रहे हैं शासन प्रशासन को इस पर ध्यान देना होगा और तेजाब मिलाकर पानी से धो कर आलू बेचने वाले लोगों पर गंभीर कानून बनाकर और इन पर मुकदमा दर्ज कराकर इनकी गिरफ्तारी करना होगा और जहरीले आलू की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगाना होगा।

# भनवापुर ब्लाक क्षेत्र के मांधाता में आयोजित टीकाकरण शिविर का अधीक्षक ने किया औचक निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** भनवापुर ब्लाक क्षेत्र के मांधाता में आयोजित टीकाकरण शिविर का आयोजन हुआ। अधीक्षक डॉ.शैलेंद्र मणि ओझा ने टीकाकरण शिविर का औचक निरीक्षण किया। टीकाकरण के एक दिन पहले आशा ड्यूलिस्ट तैयार कर बुलावा पर्ची बांटना सुनिश्चित करें। जिससे लाभार्थियों को समय पर बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा सके।यह बातें अधीक्षक सीएचसी सिरसिया डॉ.शैलेंद्र मणि ओझा ने बृहस्पतिवार को क्षेत्र के मांधाता में आयोजित छाया एकीकृत टीकाकरण सत्र स्थल का औचक निरीक्षण के दौरान कहा। निरीक्षण के दौरान एएनएम पूनम , आशा किरण और आंगनबाड़ी मंजू उपस्थित मिले।टीकाकरण सत्र पर कुल 5 गर्भवती महिलाओं एवं 8 बच्चों को सेवा दिया जा चुका था।डॉ.ओझा के द्वारा एएनएम पूनम के द्वारा दी गई सेवाओं के सत्यापन के लिए बुद्ध प्रिया 25 साल, शर्मिला 22 साल, नीतू 28 साल की गर्भवती महिला का रक्तचाप, हीमोग्लोबिन, वजन, पेट आदि का जांच करते टीकाकरण कार्ड से मिलान किया गया, कार्य सही पाए जाने पर अधीक्षक ने एएनएम पूनम की तारीफ करते हुए आगे भी नियमानुसार कार्य करने के लिए निर्देशित किया। डॉ.ओझा ने उपस्थित ग्रामीणों को टीकाकरण एवं गर्भवती महिला को शीघ्र पंजीकरण तथा प्रसव पूर्व समय से सभी जांचें आदि के विषय में जागरूक किया गया तथा आशा किरन को नवजात शिशु देखभाल कार्यक्रम को करने के लिए एवं आशा डायरी पूर्ण करने के लिए तथा टीकाकरण के एक दिन पूर्व ड्यू लिस्ट बनाकर बुलावा पर्ची वितरण के लिए निर्देशित किया गया।

# पैर फिसलने से बुजुर्ग महिला नदी में डूबी, तलाश में जुटे गोताखोर



अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** डुमरियागंज स्थित राप्ती नदी में एक बुजुर्ग महिला के डूबने का मामला प्रकाश में आया है, जिसकी तलाश में गोतखोर जुटे हुए हैं। रमवापुर उर्फ नेबुआ निवासी परमात्मा श्रीवास्तव की पत्नी निर्मला श्रीवास्तव(72) गुरूवार को सुबह करीब छह बजे घर से अचानक निकली। गांव में एक व्यक्ति का निधन हो गया था, जिससे परिजनों को लगा कि वहीं गई होंगी। एक घंटे बाद घर वापस नहीं आई तो परिवार के लोग खोजबीन करने लगे। इधर उधर तलाश के दौरान डुमरियागंज स्थित राप्ती नदी के तट पर बुजुर्ग निर्मला का चप्पल दिखाई पड़ा। जिससे लोगों को आशंका हुई कि वह नदी में डूब गई। मामले की सूचना पाकर पूर्व विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह मौके पर पहुंच गए, जहां से एसडीएम डॉ. संजीव दीक्षित व प्रभारी निरीक्षक रमेश कुमार यादव को सूचना दी। जिस पर एसडीएम ने एसडीआरएफ को जानकारी दी। समाचार लिखे जाने तक एसडीआरएफ के लोग तलाश में जुटे रहे। इस संबंध में इटवा थानाध्यक्ष संतोष कुमार तिवारी ने कहा मामला संज्ञान में है। एनडीआरएफ टीम बुजुर्ग महिला को ढूंढने में लगी हुई है।

# पर्यावरण संरक्षण हमारे लिए अत्यंत महत्वपूर्णः डॉ प्रवीण

अवधनामा संवाददाता



**उरई (जालौन)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर के निर्देशानुसार, सहकार भारती उत्तर प्रदेश के प्रदेश महामंत्री एवं उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ लिमिटेड के निदेशक डॉ. प्रवीण सिंह जादौन ने जालौन में क्रय विक्रय सहकारी समिति लिमिटेड में पौधारोपण किया।

उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी लि संघ के निदेशक डॉ. प्रवीण सिंह जादौन ने कहा, ÷पर्यावरण संरक्षण हमारे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं और इनका संरक्षण हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। आज का पौधारोपण कार्यक्रम इसी दिशा में एक छोटा सा कदम है, लेकिन इसके दूरगामी प्रभाव होंगे। मैं सभी से अपील करता हूँ कि वे अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें और अपने आसपास के पर्यावरण को हरा-भरा बनाएं। साथ ही उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे वृहद पौधारोपण कार्यक्रम में सहभागी बनकर पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान अवश्य दें। सहायक आयुक्त एवं निबंधक सहकारिता जालौन विजय प्रकाश वर्मा ने कहा पौधारोपण केवल एक क्रिया नहीं, बल्कि यह हमारी प्रकृति के प्रति कर्तव्य का प्रतीक है। हमें अपनी आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वस्थ और स्वच्छ पर्यावरण सुनिश्चित करना होगा। अपर विकास अधिकारी सहकारिता पी.एन अनुरागी ने अपने वक्तव्य में कहा कि पौधारोपण से न केवल पर्यावरण की रक्षा होती है, बल्कि यह समाज में जागरूकता भी बढ़ाता है।


## कार्यालय : अधिशासी अभियन्ता, जोन-7, इन्दिरा नगर, जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ

प0सं0- 89/एल0जे0एस0/ईई-7 दिनाँक- 18-7-24

### अल्पकालीन निविदा सूचना

जलकल विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से नीचे दिये गये विवरण के अनुरूप कार्य कराने हेतु निविदायें दिनाँक- 25-7-24 के सायंकाल 4:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनाँक- 25-7-24 को 1:00 बजे तक निविदा मूल्य का नगद भुगतान कैश काउन्टर पर करके निविदा प्राप्त किये जा सकते हैं। भरी हुई सील्ड निविदायें उसी दिन अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में सायंकाल 3:30 बजे तक निविदा बाक्स में प्राप्त की जायेगी। निविदा बाक्स से प्राप्त सभी निचिदायें उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष सांय 4:00 बजे खोली जायेगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का विवरण | निविदा का मूल्य | धरोहर धनराशि |
|---|---|---|---|
| 01 | जोन-7 इन्दिरा नगर के अन्तर्गत सेक्टर-9 टंकी परिसर डी ब्लाक जोनल पम्पिंग स्टेशन से आने वाली 200 एम0एम0 डाया फीडर मेन पाइप लाइन का स्लूस वाल्व बदलने का कार्य। | 300.00 | 4500.00 |

नियम एवं शर्ते निविदा प्रपत्र में दी गई हैं, जिन्हे देखा जा सकता है। विस्तृत जानकारी अधिशासी अभियंता जोन-7 इन्दिरा नगर लखनऊ के कार्यालय में सम्पर्क कर किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। निविदा बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी/ महाप्रबन्धक में निहित है।

अधिशासी अभियन्ता जोन-7
जलकल विभाग


# सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल

अवधनामा संवाददाता

**अहिरौली बाजार, कुशीनगर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के हाटा पिपराइच मार्ग पर टीकर चौराहे के पास एक पैदल जा रहे व्यक्ति को बचाने के चक्कर में एक मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति अनियंत्रित होकर मोटर साइकिल से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया।

मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय थाना क्षेत्र के भड़कुलही निवासी पन्ने लाल पुत्र हिरामन उम्र लगभग 40 वर्ष बुधवार रात्रि लगभग 8 बजे पिपराइच से अपने घर जा रहा था की टीकर चौराहे के पास एक पैदल जा रहे व्यक्ति को बचाने के चक्कर में उसकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित हो गई और गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया स्थानीय लोगो ने परिजन व पुलिस को सूचना दिए परिजन घायल पन्ने लाल को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पिपराइच ले गए जहा प्राथमिक उपचार के बाद उसे गोरखपुर मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया।

## ई रिक्शा पलटने से एक महिला घायल

**अहिरौली बाजार, कुशीनगर।** अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत तिनहवा चौराहे पर स्थित शराब की दुकान के निकट एक बाइक सवार ने ई रिक्शा में ठोकर मार दी जिससे ई रिक्शा पलट गया और उसमें सवार रागिनी देवी पत्नी रमेश सिंह उम्र 35 वर्षीय निवासी ग्राम सिरसिया नंबर दो थाना अहिरौली बाजार जनपद कुशीनगर घायल हो गई।मिली जानकारी के अनुसार रागिनी देवी स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम असना में अपने मायके आई हुई थी और वहां से ई रिक्शा पर सवार होकर अपने घर सिरसिया नंबर दो जा रही थी अभी वह अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र के हाटा पिपराइच मार्ग पर तिनहवा स्थित शराब की दुकान के निकट ही पहुंची थी की तभी एक तेज रफ्तार से आ रहे बाइक सवार ने ई रिक्शे में ठोकर मार दिया। ठोकर लगने से ई रिक्शा पलट गया जिसमें सवार रागिनी देवी घायल हो गई। ठोकर मारने के बाद बाइक सवार मौके से फरार हो गया। तभी किसी ने रूप से घटना की सूचना स्थानीय पुलिस व परिजनों को दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंचकर घायल महिला को उपचार हेतु निजी साधन से मेडिकल कॉलेज गोरखपुर भेजवाया।

## शोकाकुल परिवार से मिले सांसद

**अहिरौली बाजार, कुशीनगर।** अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र के सेन्दुआर कांटा के समीप बीते सोमवार को सड़क हादसे में बोदरवार में प्रेमसागर शर्मा के पुत्र और भाई की दुर्घटना में मौत हो गई थी। जिसकी सूचना पर गुरुवार को कुशीनगर सांसद विजय कुमार दुबे ने पीड़ित परिवार से मिल कर इस दुःख की घड़ी में शोक संवेदनाएं व्यक्त करते हुए शासन प्रशासन से वार्ता हर संभव मदद दिलाने का अश्वासन देते हुए ढाढस बढ़ाया।

इस दौरान ग्राम प्रधान राजकमल मद्धेशिया, घनश्याम गोरखपुरी भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष गौरव तिवारी मौजूद रहे।

## नगर मजिस्ट्रेट संजय सिंह को दिया ज्ञापन

**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** नेशनल मीडिया प्रेस क्लब के जिला अध्यक्ष मनोज कुमार ने आज कलेक्ट्रेट पहुंचकर नगर मजिस्ट्रेट संजय सिंह को अपनी 11 सूत्री की मांगों का ज्ञापन दिया जिसमें उनका कहना है कि समाचार पत्र पत्रिकाओं के प्रिंट में इस्तेमाल होने वाली स्याही प्लेट मेकिंग सामग्री प्रिंट पेपर प्रिंटिंग मशीन की छपाई इत्यादि सभी सामग्रियों को जीएसटी मुक्त किया जाए, और मान्यता प्राप्त पत्रकारों को रेलवे में दी जाने वाली सुविधाओं को जो कोविड-19 के दौरान बंद की गई सुविधाओं को पुनः बहाल किया जाए, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विगत 20 वर्षों से विज्ञापन नीति दरों की समीक्षा नहीं हुई है कृपया सीवीसी के अनुसार या उसके समकक्ष विज्ञापन दरों की समीक्षा करते हुए भाषाई भेदभाव बंद कर एक समान कम से कम वार्षिक 20 विज्ञापन दिए जाएं, सभी मीडिया कर्मियों को आयुष्मान कार्ड की तर्ज पर कम से कम 10 लाख रुपए का स्वास्थ्य बीमा कार्ड जारी किया जाए ,और सभी मीडिया कर्मियों का 10 लाख रुपए का दुर्घटना बीमा सुरक्षा पॉलिसी लागू की जाए, सभी शासन प्रशासन के कार्यालय में पत्रकारों द्वारा सूचना मांगने पर सही जानकारी दी जाए, और उन्हें सम्मान दिया जाए ,नेशनल मीडिया प्रेस क्लब के अध्यक्ष ने अपनी 11 सूत्रों की मांग नगर मजिस्ट्रेट संजय सिंह से की इस मौके पर जिला अध्यक्ष मनोज कुमार, ध्रुव प्रकाश मिश्रा, तौफीक फारुकी, अमित यादव, राहुल कटियार, मेराज अहमद उपस्थित रहे।



# लेप्रोस्कोपिक ऑपरेटिव कार्यशाला का आयोजन



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** 19 जुलाई, 2024 को विवेकानन्द पॉलीक्लिनिक एवं आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ में एक दिवसीय लाइव लेप्रोस्कोपिक ऑपरेटिव कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इसका आयोजन यूपी चैप्टर आई.ए.जी.ई. के तत्वावधान में तथा यूपी चैप्टर आई.ए.जी.ई. की अध्यक्ष डॉ नूतन जैन के संरक्षण में किया जा रहा है। इस कार्यशाला में बेसिक से लेकर एडवांस केसों सहित 4 लेप्रोस्कोपिक सर्जरी का संचालन नलबाड़ी, असम के प्रख्यात लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ यशोधन डेका तथा इटली और फ्रांस से प्रशिक्षित प्रख्यात लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ सोनू सिंह द्वारा किया जाएगा, जो विवेकानन्द पॉलीक्लिनिक एवं आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ में प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग में वरिष्ठ परामर्शदाता के रूप में कार्यरत हैं। आयोजन टीम में संस्थान प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ वैशाली जैन, वरिष्ठ परामर्शदाता डॉ नीलम व डॉ सोनिका गौर शामिल हैं। संस्थान के सचिव स्वामी मुक्तिनाथद्यनंद ने यह जानकारी देते हुए बताया इस कार्यशाला में लखनऊ और आस-पास के शहरों से लगभग 60 स्त्री रोग विशेषज्ञों ने पंजीकरण कराया है इस कार्यशाला से वे बुनियादी लैप हिस्टेरेक्टॉमी और एंडोमेट्रियोसिस जैसे कठिन लेप्रोस्कोपिक केशो के संचालन की बारीक तरकीबें सीखकर लाभान्वित होंगे। संस्थान इस तरह की कार्यशालाओं के आयोजन के लिए क्षेत्र में प्रसिद्ध है क्योंकि हम स्त्री रोग और एंडोमेट्रियोसिस लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में लेप्रोस्कोपिक सर्जरी शुरू करने वाले अग्रदूतों में से एक हैं।

# इमाम हुसैन की याद में ताजियों व अलम के साथ निकला मातमी जुलूस, नहीं मनाया गया खूनी मातम, ड्रोन कैमरे से निगरानी

अवधनामा संवाददाता



**फर्रुखाबाद।** शहरी क्षेत्र में छोटा बंगशपुरा, अंगूरी बाग, लाल गेट और मदारवाड़ी से चार मातमी ताजिए व अलम उठे और चौक पर पहुंचकर चारों ताजियों व अलम ने एक मातमी जुलूस का रूप ले लिया। जुलूस में सरकार के निर्देशों का दिखा असर। खूनी मातम में नहीं चले चाकू छुरियां और तलवार। सुरक्षा की दृष्टि से आसमान से मातमी जुलूस की ड्रोन कैमरे से निगरानी की गई । जमीन पर सुरक्षा की कमान संभाले सदर कोतवाल जयप्रकाश शर्मा और मऊदरवाजा थाना अध्यक्ष अमित गंगवार भारी पुलिस बल के साथ मातमी जुलूस के साथ मौजूद रहे।

सदर कोतवाली क्षेत्र से बुधवार को चार मातमी ताजिये व अलम निकले। मोहल्ला अंगूरी बाग, छोटा बंगसपुरा, लालगेट, मदरवाड़ी असगर रोड से चार मातमी ताजिये व अलम निकले, इन्होंने आगे चलकर चौक पर एक बड़े मातमी ताजिये व अलम ने जुलूस का रूप ले लिया। पुलिस प्रशासन की तरफ से सुरक्षा की पुख्ता इंतजाम किए गए और मातमी जुलूस की जमीन से लेकर आसमान तक निगरानी की गई। जुलूस के साथ सदर कोतवाल जयप्रकाश शर्मा, मऊदरवाजा थाना अध्यक्ष अमित गंगवार भारी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे और उन्होंने सरकार के निर्देश पर जुलूस में शामिल लोगों से खूनी मातम न मनाने की अपील की। सुरक्षा की दृष्टि से ड्रोन कैमरे से भी मातमी जुलूस की निगरानी की गई। मातमी जुलूस में सरकार के आदेश का सीधा असर भी दिखाई दिया पहली बार जुलूस में धारदार हथियारों से मातम नहीं मनाया गया। इमाम हुसैन के चाहने वालों ने उनकी याद में या हुसैन के नारे लगाकर मातम मनाया। मातमी ताजिया व अलम जुलूस थाना मऊदरवाजा क्षेत्र में टाउन हॉल के नीचे शमशाबाद रोड पर कर्बला में जाकर संपन्न हुए। जहां पर ताजिया व अलम दफन करने के बाद मजलिस के बाद कार्यक्रम सकुशल संपन्न हो गया कहा जाता है कि मोहर्रम का महीना हर्रम गम और मातम का महीना है। जिसे इस्लाम धर्म को मानने वाले लोग मनाते हैं। इस्लामिक कैलेंडर के मुताबिक मुहर्रम इस्लाम धर्म का पहला महीना होता है। यानी मुहर्रम इस्लाम के नए साल या हिजरी सन् का शुरुआती महीना है। मुहर्रम बकरीद के पर्व के 20 दिनों के बाद मनाया जाता है। इस बार मुहर्रम का महीना 31 जुलाई से शुरू हुआ है। ऐसे में 8 या 9 अगस्त को आशूरा या मुहर्रम मनाया जाएगा। इस्लाम धर्म के लोगों के लिए यह महीना बहुत अहम होता है। क्योंकि इसी महीने में हजरत इमाम हुसैन की शहादत हुई थी। हजरत इमाम हुसैन इस्लाम धर्म के संस्थापक हजरत मुहम्मद साहब के छोटे नवासे थे। उनकी शहादत की याद में मुहर्रम के महीने के दसवें दिन को लोग मातम के तौर पर मनाते हैं।


## कार्यालय : अधिशासी अभियन्ता, जोन-7, इन्दिरा नगर, जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ

प0सं0- 91/एल0जे0एस0/ईई-7 दिनाँक- 18-7-24

### अल्पकालीन निविदा सूचना

जलकल विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से नीचे दिये गये विवरण के अनुरूप कार्य कराने हेतु निविदायें दिनाँक- 25-7-24 के सायंकाल 4:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनाँक- 25-7-24 को 1:00 बजे तक निविदा मूल्य का नगद भुगतान कैश काउन्टर पर करके निविदा प्राप्त किये जा सकते हैं। भरी हुई सील्ड निविदायें उसी दिन अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में सायंकाल 3:30 बजे तक निविदा बाक्स में प्राप्त की जायेगी। निविदा बाक्स से प्राप्त सभी निचिदायें उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष सांय 4:00 बजे खोली जायेगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का विवरण | निविदा का मूल्य | धरोहर धनराशि |
|---|---|---|---|
| 01 | जोन-7 इन्दिरा नगर के इस्माइलगंज प्रथम वार्ड में मकान नं0-10/245 इन्दिरा नगर माँ जन कल्याणी पार्क में स्थित लगा 1.5 एचपी समरसेबिल पम्प रिबोर का कार्य। | 200.00 | 3300.00 |

नियम एवं शर्ते निविदा प्रपत्र में दी गई हैं, जिन्हे देखा जा सकता है। विस्तृत जानकारी अधिशासी अभियंता जोन-7 इन्दिरा नगर लखनऊ के कार्यालय में सम्पर्क कर किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। निविदा बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी/ महाप्रबन्धक में निहित है।

अधिशासी अभियन्ता जोन-7
जलकल विभाग

# शिक्षाविद् शिवराज यादव को मिला भारत-भूटान समरसता सम्मान



*अवधनामा संवाददाता*

**मिल्कीपुर -अयोध्या।** मिल्कीपुर के शिक्षाविद् शिवराज यादव को भारत-भूटान समरसता सम्मान से भूटान की राजधानी थिम्पू ,सम्मानित किया गया। शिवराज यादव परिषदीय विद्यालय उपाध्याय में शिक्षक के रूप में कार्यरत है। जिन्हें भारत- भूटान सांस्कृतिक समन्वय सम्मेलन में आमंत्रित किए गये थे , लेकिन शिक्षाविद् शिवराज यादव के थिम्पू सम्मेलन में नहीं पहुंच पाने के कारण उनके प्रतिनिधि कुलदीप शर्मा ने उनका यह सम्मान भूटान में प्राप्त किया।

अंतर्राष्ट्रीय समरसता मंच के सांस्कृतिक सचिव लालबहादुर ने उनका यह सम्मान उन्हे प्रदान किया मंच के मुख्य सलाहकार कुलदीप शर्मा ने बताया कि शिक्षाविद् शिवराज यादव को यह सम्मान उनके कार्यक्षेत्र व समाजिक क्षेत्र में किए गये कार्यों का अंतर्राष्ट्रीय समरसता मंच की चयन समिति द्वारा अवलोकन करने पर भारत-भूटान समरसता सम्मान प्रदान किया भूटान की राजधानी थिम्पू में सम्पन्न हुए सांस्कृतिक समन्वय सम्मेलन के मुख्य अतिथि भूटान सरकार के धर्मगुरु रिनपोच्छे वाग्से दोरजी, विशिष्ठ अतिथि पूर्व प्रधान मंत्री किग्जेम दोरजी व भूटान सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश श्री पेन्जुर व अध्यक्षता पूर्व अर्थ मंत्री लोकनाथ शर्मा थे भारत भूटान सांस्कृतिक समन्वय सम्मेलन थिम्पू में प्रतिभाओं के सम्मान में शाल, प्रशस्तिपत्र, पदक, व स्मृति चिन्ह प्रदान किये गए थे, जो शिव राज यादव को ससम्मान अयोध्या जाकर अंतर्राष्ट्रीय समरसता मंच के सांस्कृतिक सचिव के द्वारा सौंपे गये।

### युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, पुलिस जांच में जुटी

**मिल्कीपुर- अयोध्या।** खंडासा थाना क्षेत्र के अंजरौली गांव में 19 वर्षीय युवती का शव उसके घर के ही कमरे में फांसी पर लटका पाया गया है घटना की जानकारी पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने युवती का शव फंदे से नीचे उतरवा कर पंचायत नामा कराने के उपरांत पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। अंजरौली गांव निवासी रामचरण पासी बुधवार को डेयरी पर दूध देने गए थे।

# अपने लिए नहीं बल्कि अपनो के लिए जीते हैं प्रमोद सिंह

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या धाम।** जनपद अयोध्या के एक लोकप्रिय चेहरा,सरल और विनम्र स्वभाव के धनी,अपना दल एस नेता और समाज सेवी प्रमोद सिंह का जन्मदिन है, आइए इनके बारे में जानते हैं कुछ रोचक बातें,

अपनादल एस नेता व समाजसेवी प्रमोद सिंह का जन्म 18 जुलाई 1973 को एक सामान्य किसान परिवार में हुआ था। इनके पिता स्व- पृथ्वी सिंह मैहर कबीर पुर के प्रधान थे। माता जी श्रीमती तेजपति सिंह गृहणी है। पिता जी अब दुनिया में नहीं है। माता जी की अवस्था लगभग 97 साल की है।प्रमोद सिंह की प्रारंभिक शिक्षा गांव के प्राइमरी स्कूल में हुई। खपराडीह के एस ए इंटर कालेज से इंटर किया। खेलों में अच्छी रूचि होने के कारण प्रदेश स्तर तक एथलेटिक्स और क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन कर अपने कालेज के लिए कई खिताब जीते।उच्च शिक्षा सुल्तानपुर के के एन आई कालेज से हुईं। यहां पर कालेज के क्रिकेट टीम के साथ तीन वर्षो तक अवध विश्वविद्यालय के क्रिकेट टीम का प्रतिनिधित्व किया।अंग्रेजी साहित्य विषय से परास्नातक करने के दौरान ही सन् 93 में, देश सेवा के जज्बे के साथ पीएसी में भर्ती हुए। पी ए सी में रहने के दौरान लगातार 5 साल उत्तर प्रदेश पुलिस की क्रिकेट टीम का प्रतिनिधित्व किया।जीवन में सबसे बड़ा बदलाव 2001 में तब आया जब इनके चचेरे बड़े भाई जितेंद्र सिंह बबलू बीकापुर विधान सभा से बीएसपी से चुनाव लड़ने आए। उस समय परिवार की कोई राजनैतिक पृष्ठभूमि न होने के कारण चुनाव की वजह से प्रमोद सिंह को पीएसी की नौकरी से त्याग पत्र देकर मजबूरी में राजनीति में आना पड़ा। सन 2002 में चुनाव में पराजय के बाद, पुनः 2007 के विधान सभा चुनाव की कमान संभालते हुए,चुनाव से तीन साल पूर्व ही चौरे बाजार में कार्यलय खोलकर वहीं रहने लगे। इस दौरान हजारों युवाओं को जोड़कर 2007 के विधान सभा चुनाव में विपरीत परिस्थितियों में भी बड़े भाई जितेंद्र सिंह बबलू को बीएसपी से चुनाव जिताने में अपना अहम योगदान दिया, जिसे लोग असंभव बताते थे, उसे जनता के आशीर्वाद और सहयोग से संभव बनाया। समाज में भेदभाव, असमानता, गरीबों, मजदूरों की दशा को जमीनी स्तर पर समझने के लिए 2010 में गोसाईगंज विधान सभा के महबूब गंज से लेकर आखिरी छोर मोतीगंज तक तीन महीने पदयात्रा किया।रात्रि विश्राम भी किसी मजदूर के घर पर ही होता था। पदयात्रा के समापन पर बीकापुर तहसील प्रांगण पर मजदूरों की विशाल जनसभा आयोजित कर मनरेगा मजदूर मोर्चा का गठन किया। इस संगठन के बैनर तले कई जनपदों के मनरेगा मजदूरो की हक की लड़ाई लड़ते हुए आंदोलन किया, जिसमे सबसे प्रमुख आंदोलन अंबेडकर नगर के मजदूरों की मजदूरी का भुगतान न होने पर सदर तहसील के सामने 15 दिन तक आमरण अनशन के साथ भूख हड़ताल कर, मजदूरी दिलवाने का काम किया। प्रमोद सिंह उत्तर प्रदेश मनरेगा मजदूर मोर्चा के आज भी संयोजक है।इस दौरान राजनीतिक प्रतिद्वंदिता के चलते कई फर्जी मुकदमे भी दर्ज हुए, जिनमे जेल भी जाना पड़ा।



### जिला चिकित्सालय के ऑर्थो सर्जन द्वारा धड़ाके से लिखी जा रही कमीशन युक्त दवाइयां

**अयोध्या।** जिला अस्पताल में बाहर की दवाएं लिखने का काम जारी है। इतनी बंदिशें व हलफनामा भरवाए जाने के बाद भीी चकित्सक मान नहीं रहे हैं। रोजाना बाहर दवाएं लिखकर अपनी जेबें भर रहे हैं। अब ताजा मामला आर्थो की ओपीडी से आया है। यहां चिकित्सक प्रतिदिन मरीजों को महंगी-महंगी दवा लिख रहे हैं। जिला अस्पताल में जनरल ओपीडी के बाद सबसे अधिक मरीज आर्थो की ओपीडी में पहुंचते हैं। रोजाना 300 के करीब ओपीडी होती है। सबसे अधिक गांव-देहात से जुड़े व निर्धन मरीज ही यहां पहुंचते हैं, लेकिन कुछ दिनों से आर्थो ओपीडी में चिकित्सक डॉ. गुलाब चंद्र पटेल की तरफ से बाहर से दवाएं लिखने का आरोप लग रहा है। मरीजों का कहना है कि इतनी दूर से मुफ्त में इलाज कराने यहां पहुंचते हैं, लेकिन बाहर की महंगी-महंगी दवा लिख दी जाती है।

### सड़क हादसे में 28 वर्षीय शिक्षक की मौत

**महराजगंज।** नगर पंचयात आनन्द नगर के वार्ड नम्बर 14 सुभाष नगर निवासी शिक्षक सुरेन्द्र श्रीवास्तव के शिक्षक पुत्र हार्दिक श्रीवास्तव उम्र लगभग 28 वर्ष अपने शिक्षण सेंटर प्राथमिक विद्यालय सेकेण्ड से अपरान्ह 2 बजे घर आ रहे थे जैसे भैया फरेन्दा के पास बाजारडीह टोला झुगहिया के सामने पहुंचे फरेन्दा की तरफ से तेज रफ़्तार से आ रही स्कूल की बस अनियंत्रित होकर शिक्षक के ऊपर चढ़ गयी जिससे मौके पर ही शिक्षक की मौत हो गयी। दुर्घटना की सूचना पर पाकर आस पास के लोग सामुदायिक स्वास्थ केंद्र फरेन्दा ले गये जहां चिकित्सको ने मृत घोषित कर दिया।मिली जानकारी अनुसार शिक्षक हार्दिक श्रीवास्तव शिक्षण कार्य करके अपने विद्यालय से घर की तरफ आ रहे थे इसी दौरान बाजारडीह के झुगहिया के पास विपरीत दिशा से अनियंत्रित होकर आ रही एम पी पब्लिक स्कूल की बस हार्दिक श्रीवास्तव के ऊपर चढ़ गयी मौके पर शिक्षक हार्दिक श्रीवास्तव की मौत हो गई अगल-बगल के लोगों द्वारा एंबुलेंस को सूचना दी हार्दिक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनकटी फरेंदा पहुंचाया गया तथा फरेंन्दा कोतवाली पुलिस को भी सूचना दी गई मौके पर फरेन्दा कोतवाली पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर बस को कब्जे में लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनकटी पहुंच कर जांच की। दुर्घटना के वाद बड़ी संख्या में लोग सामुदायिक स्वास्थ केंद्र बनकटी फरेन्दा पहुच कर घटना पर रोष व्यक्त करते हुये दुख व्यक्त किया। फरेंदा कोतवाल अभिषेक सिंह ने दुर्घटना के मामले पर पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि दुर्घटना की जानकारी है बस को कब्जे में ले लिया गया है हार्दिक श्रीवास्तव के पिता की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर मेमो के आधार पर शव को पोस्टमार्टम हेतु महाराजगंज भेजा दिया गया है।

### डा0 दिलीप सिंह बने महराजगंज के सीएमओ

**महराजगंज।** महराजगंज जिला की मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. नीना वर्मा का तबादला हो गया है। अयोध्या में तैनात अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर दिलीप सिंह को महराजगंज जिले का नया मुख्य चिकित्साधिकारी नियुक्त किया गया है।मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. नीना वर्मा का तबादला महराजगंज से संयुक्त निदेशक, परिवार कल्याण महानिदेशालय, लखनऊ में हुआ है।

# पुलिस अधीक्षक के आदेश पर दर्ज हुआ दुष्कर्म का मुकदमा

**नवाबगंज (गोंडा)** थाना क्षेत्र के एक गांव की नाबालिग किशोरी से दुष्कर्म के मामले में पुलिस अधीक्षक गोंडा विनीत जायसवाल के आदेश पर स्थानीय पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 16 वर्षीय किशोरी की मां ने पुलिस अधीक्षक को दिए गए प्रार्थना-पत्र में बताया कि बीते साल 06 नवंबर की रात करीब 08-30 बजे उसकी पुत्री शौच के लिए गई थी जहां पहले से ही घात लगाकर बैठे गांव के ही एक 20 वर्षीय दलित युवक ने मेरी नाबालिग बेटी से जबरन दुष्कर्म किया । मेरी बेटी ने लोक-लाज के भय से कुछ नहीं बताया। लेकिन समय बीतने के मेरी बेटी के शरीर में परिवर्तन आने लगा तब मुझे शंका हुई और फिर जब बेटी से पूछा तो उसने सारी घटना बताई। दुष्कर्म पीड़िता की मां ने बताया कि जब वह अपनी बेटी के साथ विपक्षी युवक के घर गई और बात की तो आरोपी ने अपशब्दों का प्रयोग करते हुए जान से मारने की धमकी दी और भगा दिया। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने बताया कि पुलिस अधीक्षक गोंडा के आदेश पर आरोपी युवक के विरूद्ध दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट के साथ अन्य धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। वहीं सूत्रों की मानें तो दुष्कर्म पीड़िता गर्भवती है।

# यूपीएससी की परीक्षा में 5वीं रैंक पाकर सौरभ ने लहराया परचम



**बाराबंकी।** जनपद बाराबंकी के रामसनेहीघाट क्षेत्र के लालूपुर गांव निवासी सौरभ चतुर्वेदी ने यूपीएससी द्वारा आयोजित परीक्षा में सहायक भविष्य निधि आयुक्त पद पर चयनित होकर परिवार का नाम रोशन किया। सौरभ ने पूरे देश मे पांचवी रैंक हासिल की। सौरभ की इस सफलता से घर परिवार के साथ ही गांव क्षेत्र के लोग भी गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। सौरभ चतुर्वेदी ने अपने पहले ही प्रयास में असिस्टेंट प्रोविडेंट फंड कमिश्नर बने हैं। इनके पिता अखिलेश चतुर्वेदी परिवहन विभाग में कार्यरत हैं। सौरभ ने बताया कि प्रारंभिक शिक्षा नोएडा से हाईस्कूल व 12वीं दिल्ली स्थित एमिटी इंटरनेट स्कूल साकेत से पास की। इसके बाद बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी मेसरा रांची से 2013 में बीटेक किया। इसके बाद उन्होंने ओरेकल कंपनी में एक वर्ष साफ्टवेयर डेवलपर की नौकरी भी की। फिर बड़े भाई ऋषभ चतुर्वेदी की प्रेरणा से 2015 से यूपीएससी की तैयारी शुरू किया। इसे लेकर दिल्ली व नोएडा में रखकर तैयारी की। सौरभ के पिता अखिलेश चतुर्वेदी परिवहन विभाग में कार्यरत हैं। माता लज्जा चतुर्वेदी समाजसेविका हैं। बड़े भाई ऋषभ चतुर्वेदी व्यपार करते हैं। सौरभ ने बताया कि बड़े भाई ऋषभ चतुर्वेदी व माता लज्जा चतुर्वेदी की प्रेरणा से सफलता अर्जित की है। दोनों ने हर परिस्थिति में मदद करके व हौसला बढ़ाया इसी कारण इस सफलता को पा सके। सौरभ की इस सफलता पर रक्तमित्र / पर्यावरण सैनिक आशीष सिंह ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी।

# या हुसैन या हुसैन के बीच निकला ताजिये का जुलूस, सुरक्षाबल मुस्तैद



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** पूरे जनपद में या हुसैन या हुसैन की सदाओ के बीच ताजिये का जुलूस निकाला गया। शहर के मोहल्ला कटरा स्थित मीर मासूम अली इमामबाड़े से सुबह लगभग 6 बजे ताजिया आलम का जुलूस निकाला गया, जो दर्पण सिनेमा हॉल, घंटाघर, धनोखर तालाब होता हुआ निबलेट तिराहे पर सुबह 8 बजे पंहुचा। जहाँ पर मोहल्ला लाइन पुरवा स्थित नाज़िम हुसैन इमामबाड़ा, स्व कल्बे एहसन, स्व जुल्फकार हैदर, स्व कल्बे अब्बास के अजाखाने से तजिया बरामद हुआ। वही देवा रोड दुर्गापुरी अस्करी नगर से सुबह लगभग 6 बजे शिया समुदाय के लोग सीनाजनी और नोहा पढ़ते हुवे जुलूस निकला गया। जुलूस के दौरान बड़े बुजुर्ग नवजवानो के अलावा छोटे छोटे बच्चे काले कपड़े पहने हुवे थे और लबों पर या हुसैन की सदायें बुलंद कर रहे थे। ये जुलूस अपने पुराने रास्ते घोसियाना, छाया चौराहा होता हुआ निबलेट तिराहे पर 8 बजे सुबह पंहुचा जहाँ पर दोनो जुलूस एक होकर विशाल जुलूस की शक्ल में तब्दील हो गया। जिसमें शहर की अंजुमनों के नवजवानों ने जमकर सीनाजनी करते हुवे बेगमगंज पंहुचा जहाँ पर जनाबे जैनब इमामबारगाह, स्व अच्चान स्व सज्जन के अजाखाने से तजिया बरामद हुआ जो इसी जुलूस में शामिल हुआ। ये जुलूस चांदतारा, लाजपत नगर, सुन्नी कर्बला, डाकघर, कोतवाली के सामने से होता हुआ सिविल लाइन वक्फ बड़ेल कर्बला पंहुचा। इस दौरान अंजमनो ने जमकर मातम किया और लबैक या हुसैन की सदाये बुलंद की। जुलूस समाप्ति के बाद सभी शिया समुदायों ने अपना अपना ताजिया कर्बला परिसर में दफन किया। उसके बाद इसी जगह अमाल-ए-रोज़े आशूरा अमाल अदा किया। बाद में एक अलविदाई मजलिस हुई, जिसमे कर्बला के शहीदों के मसाएब बयान किये गए। वहीं हैदरगढ़, नई सड़क, असन्दरा, मीरापुर, आलमपुर, देवरा सादात, कोठी, हरख, जैदपुर, सफदरगंज, मरकामऊ, बडोसराये, दरियाबाद, रामसनेही घाट, सिरौलीगौसपुर, टिकैत नगर, रामनगर, मसौली, बड़ा गाँव, रसौली, शाहवपुर, जहगीरबाद, देवा शरीफ, फतेहपुर, बेलहरा, कुर्सी मिताई, जहांगीराबाद, आलापुर सहित कई इलाकों से या अली मौला हैदर मौला की सदाओ के साथ तजिया जुलूस निकाला गया।

# यूनियन इंटर कालेज में जनहित कल्याण सेवा समिति के तत्वाधान में हुआ कार्यक्रम

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** यूनियन इण्टर कालेज रामनगर, भू-जल सप्ताह 2024 के अन्तर्गत जल के लिये चल यात्रा एवं पौधों की बारात÷ का आयोजन जनहित कल्याण सेवा समिति के अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार वर्मा के निर्देशन में किया गया।

भूजल जन जागरूकता के उद्देश्य से भूगर्भ जल विभाग निदेशक राजेश प्रजापति (आई.ए.एस.) मुख्य अतिथि के द्वारा छात्र छात्राओं द्वारा रैली निकालकर विभिन्न प्रतियोगिता रंगोली, मेंहदी, चित्रकला, निबंध के द्वारा प्रतिभाग कर सम्पन्न कराया गया। उक्त भूजल सप्ताह कार्यक्रम जिला पर्यावरण समिति के सदस्य आशीष कुमार वर्मा के द्वारा भी सराहनीय योगदान किया गया। मुख्य अतिथि भूजल निदेशक ने छात्रों को जागरूक करते हुये बताया कि भूजल स्रोतों को किस प्रकार सुरक्षित रखकर कृषि, मानव व पशु स्वास्थ्य को अच्छा बनायें समिति के अध्यक्ष धर्मेंद्र वर्मा ने कहा कि भूजल स्तर अधिक उत्पादन के कारण अधिक सिंचाई से अधिक मात्रा में भूजल का दोहन होता है। अतः रेनवाटर से रिचार्ज करें तथा रेनवाटर हार्वेस्टिंग अपनाने पर तथा वृक्षारोपण कर उक्त संकट से निजात पाने में मदत करना बताया। वर्षा के जल संचयन के लिये विद्यार्थी जल दूत बनकर ÷कैच द रेन÷ अभियान चलायें जाने पर बल दिया। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष धर्मेंद्र वर्मा संस्था के संरक्षक राघवेंद्र वर्मा आशीष वर्मा सदस्य जिला पर्यावरण समिति,सचिव अशुवेंद्र कुमार मृत्युंजय पटेलजी, वेद प्रकाश समेत कई लोग मौजूद थे ।

# युवक का शव पेड़ से लटका हुआ मिलाघटनास्थल पर जुटा ग्रामीणों का भीड़



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** बरगदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सभा मंगलापुर में मन्दिर है कारण माता का उसी के समीप पीपल के पेड़ पर 18 वर्षीय युवक सूरज साहनी का शव बृहस्पतिवार की सुबह फंदे से लटका हुआ मिला । प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्रामीणों ने लटका हुआ शव देख पुलिस को सूचित किया । मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ।मंगलापुर गांव निवासी विनोद साहनी के तीन पुत्रों में दूसरा पुत्र सुरज सहानी बीती रात भोजन करने के बाद घर से गांव में घूमने निकल था। परिजनों ने बताया घर के सभी सदस्य भोजन करने के बाद बिस्तर सोने चले गए लेकिन वह गांव में टहलने जाने की बात बताकर घर से निकल गया । सुबह ग्रामीणों का शोर सुन घटना के बारे में परिजनों को जानकारी हुआ । सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांचपड़ताल में जुटी हुई है । थानाध्यक्ष बरगदवा स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि मृतक का किसी युवती से प्रेमप्रसंग का मामला होने की जानकारी मिली है। जांचपड़ताल की जा रही पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मृत्यु के कारणों का खुलासा होगा ।

# सीएम डैशबोर्ड पर चल रही योजनाओं की डीएम ने की समीक्षा

*अवधनामा संवाददाता*

**गोण्डा।** बृहस्पतिवार को जिलाधिकारी श्रीमती नेहा शर्मा ने सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से जिले में चल रही विकास योजनाओं की जिला पंचायत सभागार में समीक्षा की। उन्होंने प्रोजेक्टर के माध्यम से विभागवार योजनाओं की स्थिति की जानकारी जी। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग, समाज कल्याण, प्रोबेशन विभाग, पंचायती राज विभाग, कृषि विभाग, शिक्षा विभाग, खादी ग्रामोद्योग, उद्योग विभाग, लोक निर्माण विभाग, मत्स्य पालन, श्रम विभाग, पशुपालन विभाग, सेतु निगम, ग्राम्य विकास विभाग आदि की समीक्षा की। खराब रैंकिंग वाले विभागों के अधिकारियों को चेतावनी देते हुयें सुधार लाने की हिदायत दी। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि निरंतर सीएम डैशबोर्ड की निगरानी करते रहें और अपनी विभागों की योजनाओं के क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दें, निर्धारित समय अवधि में निस्तारण करें। कहा कि संबंधित विभाग सीएम डैशबोर्ड को गंभीरता से लें। मुख्यमंत्री व मुख्य सचिव को डाटा प्रस्तुत किया जाता है, डाटा फीड करते समय कोई भी फर्जीवाड़ा न किया जाए।जिलाधिकारी ने कहा कि सभी विभाग छोटी से छोटी कमी पर ध्यान देते हुए अपनी रैंकिंग में सुधार लाएं यदि अगली बैठक में रैंकिंग में सुधार नहीं होता है तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी जो विभाग लगातार खराब रैंकिंग ला रहे हैं वह क्षमता से अधिक कार्य कर करके रैंकिंग का सुधारें। जिलाधिकारी द्वारा विद्युत आपूर्ति, जल जीवन मिशन, ऑपरेशन कायाकल्प, पशु टीकाकरण, सेतुओं का निर्माण, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना सहित कई अन्य योजनाओं की समीक्षा की गई। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए, डीपीआरओ, डीसी उद्योग, डीसी मनरेगा, डीसी एनआरएलएम, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी सहित सभी संबंधित विभाग के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।



### जम्मू कश्मीर राज्यपाल मनोज को इस्तीफा दे देना चाहियेः दिलशाद

**बाराबंकी।** जम्मू कश्मीर के राज्यपाल द्वारा अपने बेटे की शादी में भोजन पर हुए खर्च को सरकारी कोष से जमा कराने को लेकर कांग्रेसियो ने डीएम को सौपा ज्ञापन। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश चेयरमैन शाहनवाज़ आलम के निर्देश पर और अल्पसंख्यक कांग्रेस जिलाध्यक्ष दिलशाद वारसी ने जिलाधिकारी के माध्यम से जम्मू कश्मीर के लेफ्टिनेंट गवर्नर मनोज सिन्हा को ज्ञापन भेजा। विदित है कि जम्मू-कश्मीर विभिन्न कारणों से चरमपंथी गतिविधियों का केंद्र रहा है। जिसके कारण यहाँ के विकास पर आने वाले खर्च को केंद्र द्वारा दिए जाने वाले आर्थिक सहयोग से ही पूरा किया जाता है। हमारी सरकारों की कोशिश रही है कि इन आर्थिक सहयोगों से वहाँ स्थिति को सामान्य बनाते हुए पाकिस्तान प्रायोजित अलगाववाद और चरमपंथ के प्रभाव को कम किया जा सके।

# सुरक्षा के बीच नम आंखों के साथ कर्बला में दफन हुआ ताजिया



*अवधनामा संवाददाता*

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** हजरत इमाम हसन हुसैन की शहादत की याद में मनाए जाने वाला मोहर्रम का त्यौहार हर साल की तरह इस साल भी शांति पूर्वक परंपरागति तरीके से गमगीन माहौल में संपन्न हो गाया। बुधवार को पुलिस की कड़ी सुरक्षा के बीच गमगीन व नम आंखों के बीच ताजिया कर्बला में दफन कर दी गई। सुबह से ही शुरू हुआ यह सिलसिला देर शाम तक चलता रहा।जानकारी के मुताबिक तहसील हैदरगढ़ क्षेत्र के अंतर्गत त्रिवेदीगंज सिद्धौर, सुबेहा हैदरगढ़ कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्र में जगह जगह ताजिया जुलूस भी निकाले गए और जगह जगह सबील में शरबत, पुलाव, खिचड़, मीठा चावल व मिठाई आदि का वितरण किया गया। इसी क्रम में नगर पंचायत सुबेहा कस्बे में मोहर्रम की दसवीं पर ताजिया जुलूस निकाला गया जिसमे हजारों लोग शामिल हुए। कस्बा सुबेहा में ताजिया जुलूस निर्धारित रास्ते से होते हुए निकाला गया किला वार्ड से शुरू हुआ यह जुलूस बादलपुरवा, महतेली वार्ड होते हुए नौवन चौराहे पर पहुंचा छोटी चौकी बड़ी चौकी के तजियादार भी अपनी ताजिया लेकर यहां पहुंचे और फिर ताजिया का मिलान हुआ इसके बाद ढोल बाजे के साथ यह ताजिया का जुलूस सुलेमानपुर सबील पहुंचा और फिर दुआ फातिहा के बाद जुलूस का समापन कर दिया गया। इस ताजिया जुलूस में अंजुमन ने मर्सिया पढ़कर खून का मातम कर रहे थे और पायग नोहा नात पढ़कर या हुसैन या हुसैन को बुलंद करते हुए चल रहे थे। जुलूस के समापन के बाद ताजिया कस्बा सुबेहा स्थित सराय राज घाट पहुंची जहां पर गमगीन माहौल में नम आंखों के बीच ताजिया दफन कर दी गई। इसके अलावा अन्य जगह पर स्थित करबला में लोगो ने अपनी ताजिया दफन किया। इस दौरान जगह जगह सबील मे शरबत, पुलाव, मीठा चावल का वितरण किया गया कस्बा के सुलेमानपुर स्थित सबील पर चेयरमैन प्रतिनिधि चौधरी अदनान हुसैन, चेयरमैन देवीदीन रावत ने चौधरी जैद परिवार सहित सबील में शामिल सभी अंजुमन को शरबत का वितरण किया। इस मौके पर सभासद रिजवान खां अज्जू, इमरान हाशमी, सलमान, सहित हजारों लोग मौजूद रहे। सुरक्षा के दौरान भारी पुलिस बल मुस्तैद दिखा प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार यादव, उपनिरीक्षक इरसाद खां, संतोष सिंह, उपनिरीक्षक अंजनी शर्मा, सुनील सिंह सिपाही आशु विश्वकर्मा सहित अन्य पुलिस कर्मी मुस्तैद रहे।

### आंनद बिहार इंटर कालेज निदेशक राज्यपाल हाथों हुए सम्मानित

**बाराबंकी।** दो दिन पहले राज्यपाल श्रीमती आनंदी बेन पटेल ने राज्य भवन सभागार लखनऊ में इंडियन रेडक्रास सोसाइटी के चैयरमैन व आंनद बिहार कान्वेंट इंटर कालेज आंनदनगर लखपेड़ाबाग निदेशक शैलेन्द्र सिंह को संस्था जरिए चिकित्सा क्षेत्र अहम योगदान देने के लिए उत्कृष्ट सेवा सम्मान 2023 से सम्मानित किया। उन्हें प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह भी दिया। उन्होंने बताया कि वह स्वयं यह सोसाइटी अध्यक्ष है। यह 64 जिलों में है। शेष जिलों के लिए गठन के प्रयास है। गुरुवार श्री सिंह के लखपेड़ाबाग स्कूल पहुंचने पर शिक्षकों व बच्चों ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया।

### की नगदी व लाखो रुपए के जेवरात चुराकर रफूचक्कर हुए चोर

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** कोतवाली हैदरगढ़ के अमिलहरा मजरे बारा गांव में धावा बोलकर चोरों ने एक घर से हजारों रुपए की नगदी व जेवरात पर हाथ साफ कर दिया।घटना के तीन दिन बाद पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। गाँव निवासी अरुण कुमार सिंह ने बताया कि सोमवार की रात वह अपने परिवार के साथ छत पर लेटे हुए थे। रात्रि किसी समय चोर छत से आंगन में उतरकर कमरे में रखी अलमारी व बक्से का ताला तोड़ दिया और 25 हजार रुपए की नगदी एवं पांच लाख रुपए से अधिक कीमत के सोने चांदी के जेवरात चोरी कर ले गए।

### पूर्व विधायक खब्बू तिवारी अपने आवास पर लोगों की सुनी जन समस्याएं

**अयोध्या।** भाजपा गोसाईगंज विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक इंद्र प्रताप खब्बू तिवारी ने बृहस्पतिवार को अपने आवास पर जनता की समस्याएं सुनी। उन्होंने लोगों को समस्याओं के निराकरण का भरोसा दिलाया।गोसाईगंज विधानसभा चुनाव में सफलता नहीं मिली लेकिन वह जनता के बीच में बने हुए हैं। बृहस्पतिवार अपने आवास पर क्षेत्र के आए हुए लोग अपनी-अपनी समस्याएं रखी पूर्व विधायक खब्बू तिवारी आए हुए लोगों की सभी समस्याओं को सुना और कहा कि जिम्मेदार अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर सभी समस्याओं के निराकरण का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कई समस्याओं को तत्काल सुनकर समस्या का समाधान कर दिया। इस मौके पर गोसाईगंज प्रदीप जायसवाल ध्रुव गुप्ता संजय पराग सुशील कुमार अनुराग तिवारी शिवकुमार सिंह समेत कई लोग मौजूद रहे।

# डीएम, एसपी पहुँचे हल्लौर लहूलुहान मातमदारों के शरीर पर डाला केवड़ा जल

- डुमरियागंज विधायक पहुँची हल्लौर, मातमदारों पर डाला केवड़ा
- दरगाह चौक हल्लौर के चौक पर रखा गया ऐतिहासिक ताज़िया
- मातमी जुलूस में मातमदारों ने जंजीर व छुरी से मातम कर दिया इमाम हुसैन को श्रद्धांजलि
- डुमरियागंज बस्ती मार्ग व कर्बला पर तैनात रही भारी पुलिस फोर्स

अवधनामा संवाददाता




**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** मंगलवार को नवीं मोहर्रम पर क्षेत्र के हल्लौर सहित विभिन्न गांवों के घरों और इमामबाड़ों में कर्बला के अमर शहीद इमाम हुसैन की शहादत की याद में ताजिया रखकर मजलिस की गई और बुधवार को दसवीं मोहर्रम मनाया गया। हल्लौर कस्बे के प्रत्येक घरों पर छोटे बड़े ताज़िया रखकर लोगो ने नज़र नियाज़ कराया ततपश्चात अलम ताज़िया को बोसा लिया। बोसा लेने और चढ़ावा चढ़ाने में हिन्दू श्रद्धालुओं की संख्या सर्वाधिक दिखाई दी। नवीं मोहर्रम को हल्लौर स्थित वक्फ़ शाह आलमगीर सानी (बड़े इमामबाड़े) में अलम के साथ 30 फिट का ईरानी नक्काशी का ऐतिहासिक ताज़िया रखा गया। जहां अकीदतमंदों ने नजर नियाज व चढ़ावा चढ़ाकर मन्नत मांगी। कस्बे के सभी घरों में छोटे बड़े ताज़िया रखा।

बुधवार की भोर में हुए आग पर मातम के बाद कस्बे की दोनों अंजुमनों क्रमशः अंजुमन गुलदस्ता मातम रजि0 और अंजुमन फरोग मातम रजि0 के बैनर तले इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम की सवारी जुलजनाह के साथ मातमी दस्ता निकला जो कस्बे के विभिन्न मार्गो से होता हुआ सुबह 9 बजे हल्लौर के उत्तर में स्थित कुला की बाग में पहुँचा जहाँ मौलाना सैय्यद काशिफ रिज़्वी इमाम जुमा व जमात हल्लौर ने उपस्थित अक़ीदतमंदों को आशूरा की विशेष नमाज़ अदा कराई। नमाज़ के बाद अक़ीदतमंद डुमरियागंज बस्ती मुख्य मार्ग के चौराहे पर जाकर सड़क पर बैठ गए।

### डीएम व एसपी हल्लौर पहुँचे डाला जंजीरी मातमदारों पर केवड़ा जल

डुमरियागंज क्षेत्र के शिया बाहुल्य कस्बा हल्लौर पहुँची डुमरियागंज जिलाधिकारी डा. राजागणपति आर. व पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह अपने अधीनस्थ अधिकारियों के साथ कस्बे के वक्फ शाह आलमगीर सानी के चौक पर रखा ईरानी नक्काशी से बना बड़े ताज़िया का दर्शन किया और ताज़िया की परिक्रमा किया। इसके बाद डुमरियागंज बस्ती मार्ग पर पहुँचकर मातमदारों के शरीर पर केवड़ा जल डाला। इस मौके पर उपजिलाधिकारी डॉ संजीव दीक्षित, पुलिस क्षेत्राधिकारी अखिलेश कुमार वर्मा, थानाध्यक्ष रमेश कुमार यादव, कमेटी के लोगों सहित भारी संख्या में पुलिस कर्मी मौजूद रहे। इसी क्रम में डुमरियागंज विधायक सैय्यदा खातून अपने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ हल्लौर चौराहे पर पहुँचकर मातमदारों के शरीर पर केवड़ा डाला।

### भोर में हुआ आग का मातम

बुधवार भोर नमाज़े फ़ज्र के बाद अंजुमन गुलदस्ता मातम रजि0 और अंजुमन फरोग मातम रजि0 के नौजवानों द्वारा दहकते अंगारो पर नंगे पैर चलकर या अली या हुसैन की सदाएं बुलंद करते हुए मातम किया, जिसे देखने के लिए दूर दराज से देखने वाले मंगलवार शाम से ही कस्बा स्थित दरगाह पर जमा हो गए थे और भोर मे आग पर मातम देखने के बाद ही अपने अपने गंतव्य को रवाना हो गए। इस बीच इमाम हुसैन पर अपनी आस्था जताते हुए बड़े ताज़िया पर हिन्दू श्रद्धालुओं ने चढ़ावा चढ़ाकर मन्नते मांगी और बड़े ताज़िया की परिक्रमा की। नवीं मुहर्रम को कस्बे में सुन्नी समुदाय के लोगों ने घरों में फातिहा ख्वानी की और तबर्रुक वितरित किया गया। शिया समुदाय की ने घरों में मजलिस और मातम का सिलसिला पूरी रात चलता रहा।

### डुमरियागंज बस्ती मार्ग पर हुआ जंजीर व छुरी का मातम

मोहर्रम की दसवीं यानी बुधवार को क्षेत्र के हल्लौर कस्बे के मुख्य मार्ग डुमरियागंज बस्ती मार्ग पर सुबह करीब 11 बजे अंजुमन गुलदस्ता मातम रजि0 व अंजुमन फरोग मातम रजि0 के मातमदारों द्वारा जंजीर और छुरी से मातम करके अपने शरीर को लहूलुहान कर इमाम हुसैन को श्रद्धांजलि दिया। मातम देखने वालों की भारी भीड़ मौजूद रही।

### मौलाना और ज़ाकिर ने की तकरीर

बुधवार की सुबह करीब 10:30 बजे मुख्य मार्ग डुमरियागंज बस्ती मार्ग पर आकर सड़क पर ही बैठ गए ततपशचात मौलाना सैय्यद काशिफ रिज़्वी, ज़ाकिरे अहलेबैत जमाल हैदर करबलाई व अज़ीम हैदर ने आज ही के दिन कर्बला में हुई शहादत पर विस्तार से रोशनी डाली और मसाएब ए कर्बला बयान किया तो हर आंख में आँसू नज़र आया।

### क्षेत्राधिकारी के नेतृत्व में रही सुरक्षा की कमान

बुधवार को मोहर्रम की दसवीं पर निकलने वाले जुलूस और ताज़िया दफनाने को सकुशल सम्पन्न कराने को लेकर सुरक्षा की कमान क्षेत्राधिकारी अखिलेश कुमार वर्मा के दिशा निर्देश पर भारी संख्या में पुलिस की तैनाती की गई थी। कोतवाल रमेश कुमार वर्मा ने बताया कि असामाजिक तत्वों से निपटने और सकुशल मोहर्रम सम्पन्न कराने के लिए क्षेत्र के प्रमुख जगहों पर पुलिस की टुकड़ी की तैनाती की गई है।

### अली ब्वायज कमेटी और एसए ग्रुप ने लगाया स्टाल

हल्लौर स्थित इमाम बारगाह वक्फ शाह आलमगीर सानी के चौक पर ऐतिहासिक 30 फिट के ताज़िया के दर्शन करने हेतु आये हुए दर्शनार्थियों के लिए अली ब्वायज कमेटी व एसए ग्रुप द्वारा लंगर (सबीले इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम) लगाया गया जिसमें शीतल पेय पदार्थ, लस्सी, फ्रूट जूस, चाय बिस्कुट की व्यवस्था की गई थी जहाँ लोगों ने जलपान ग्रहण किया।

### देर शाम तक चला ताज़िया दफनाने का कार्यक्रम

डुमरियागंज तहसील क्षेत्र सहित हल्लौर कस्बे के ताज़ियादार अपने अपने ताज़िया के साथ हल्लौर के पश्चिमी छोर पर बने कर्बला पर अपरान्ह 2:30 बजे से शाम तक ताज़िया दफनाने का कार्यक्रम चलता रहा। इसके बाद मगरिब की नमाज़ के बाद शामें गरीबां की मजलिस का आयोजन हुआ। जिसमें सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# डीएम ने किया डूडा द्वारा संचालित समस्त योजनाओ की समीक्षा

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी डॉ0 राजागणपति आर0 की अध्यक्षता एवं अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 उमाशंकर की उपस्थिति में गुरुवार को जिला नगरीय विकास अभिकरण डूडा द्वारा संचालित समस्त योजनाओ की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी कैम्प कार्यालय पर सम्पन्न हुआ।

जिलाधिकारी डॉ0 राजागणपति आर0 द्वारा मुख्यमंत्री नगरीय अल्पविकसित मलिन बस्ती योजना के अन्तर्गत शासन से स्वीकृत कार्यो को पूर्ण कराये जाने, जिन कार्यो का टेण्डर प्रचलित है उनका निविदा पूर्ण कराते हुए कार्यादेश समय से निर्गत कराये जाने तथा समस्त निर्माण कार्यो को गुणवत्तापूर्ण एवं मानक के अनुरूप समय से पूर्ण कराये जाने हेतु परियोजना अधिकारी डूडा को निर्देश दिया गया। पीएम स्वनिधि योजना अन्तर्गत प्रथम किश्त 4942, द्वितीय किश्त 1499 एवं तृतीय किश्त 216 ऋण वितरण को लक्ष्य के सापेक्ष पूर्ण कराने हेतु निर्देशित किया गया तथा स्वनिधि से समृद्धि के अन्तर्गत भारत सरकार की 08 योजनाओ से वेण्डर्स को लिकेंज की कार्यवाही पूर्ण कराया जाये। फैमिली प्रोफाईलिंग का कार्य जिन नगर निकायो में अधूरा है उसे पूर्ण कराया जाये। ये कार्य नगर निकाय से कराया जाना है, इसलिए समस्त अधिशासी अधिकारी को अगले बैठक में उपस्थित रहने का आदेश दिया गया। दीन दयाल अन्त्योदय योजना, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अन्तर्गत डूडा द्वारा प्राप्त लक्ष्य के अनुरूप स्वंय सहायता समूह के गठन का कार्य पूर्ण कराते हुए समूहो को रिवाल्बिंग फण्ड का भुगतान समय से कराने हेतु निर्देशित किया गया। स्वरोजगार योजनान्तर्गत व्यक्ति ऋण तथा समूह ऋण की पत्रावली को बैंक से समन्वय स्थापित कर लक्ष्य को शतप्रतिशत पूर्ण कराये। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अन्तर्गत प्रथम किश्त हेतु लंबित समस्त लाभार्थियो को प्रथम किश्त एंव समस्त लंबित आवासो का गुणवत्ता एंव मानक के अनुरूप पूर्ण कराया जाए ऐसे लाभार्थी जिनके द्वारा आवास निर्माण की धनराशि प्राप्त कर आवास निर्माण का कार्य नहीं किया जा रहा है उन्हे अन्तिम चेतावनी जारी करने हेतु परियोजना अधिकारी डूडा को निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि जिला नगरीय विकास अभिकरण के समस्त योजनाओ की समीक्षा साप्ताहिक बैठक में की जायेगी। किसी भी कर्मचारी या अधिकारी द्वारा कार्यो में शिथिलता न बरती जाये। इस अवसर पर परियोजना अधिकारी, डूडा, शहर मिशन प्रबन्धक, सिविल इंजीनियर प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी, सामुदायिक आयोजक, सहायक अभियन्ता डूडा, अवर अभियन्ता डूडा, उपस्थित रहे।

### यूपी बोर्ड हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की कंपार्टमेंट परीक्षा कल

**सिद्धार्थनगर।** माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) की हाईस्कूल और इंटर की कंपार्टमेंट परीक्षा 20 जुलाई को बनाए गए केंद्र जिला मुख्यालय स्थित राजकीय कन्या इंटर कॉलेज तेतरी बाजार पर दो पालियों में परीक्षा होगी। इसमें 136 अभ्यर्थी शामिल होंगे। इनमें हाईस्कूल के 65 व इंटर के 71 परीक्षार्थी शामिल हैं। कंपार्टमेंट परीक्षा के लिए आवेदन करने वालों का प्रवेश पत्र यूपी बोर्ड की वेबसाइट पर जारी किए गए हैं। राजकीय कन्या इंटर कॉलेज तेतरी बाजार को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। जिले में हाईस्कूल के 65 और इंटर के 71 अभ्यर्थी शामिल होंगे। सचल दल का प्रभारी डीआईओएस को बनाया गया है। जबकि सेक्टर मजिस्ट्रेट के रूप में जीआईसी नौगढ़ के प्रधानाचार्य डीएस यादव, स्टेटिक मजिस्ट्रेट के रूप में राजकीय इंटर कॉलेज दुल्हा सुमाली के प्रभारी प्रधानाचार्य अजय कुमार श्रीवास्तव को बनाया गया है।जिला विद्यालय निरीक्षक सोमारू प्रधान ने बताया कि केंद्रों पर प्रश्न पत्र का रखरखाव मुख्य परीक्षा की भांति ही किया जाएगा। परीक्षा की निगरानी सीसीटीवी से होगी। उन्होंने बताया कि 20 जुलाई को सुबह की पाली में आठ से 11.15 बजे तक हाईस्कूल और दोपहर दो से 5.15 बजे तक इंटर की परीक्षा होगी। अभ्यर्थियों को केंद्र पर 45 मिनट पहले पहुंचना होगा।

# टांडा बुनकर नगरी में शांतिपूर्ण रूप से निकला ताज़िया जुलूस

### नगर के सभी क्षेत्र में दिखी प्रशासन की पैनी नज़र



अवधनामा संवाददाता

**टांडा अम्बेडकरनगर।** टांडा बुनकर नगरी मे मोहर्रम के अंतिम दिन मुत्वल्ली वक्फ राजा काज़िम रज़ा के नेतृत्व मे कोठी राजा साहब चौक टांडा से उठा जिस जुलूस मे सांसद लालजी वर्मा व टांडा विधायक राममूर्ति वर्मा ने राजा के मैदान स्थित इमाम चौक पर रखे ताज़िया का दर्शन कर क़र्बला के बहत्तर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। जुलूस अपने परम्परागत मार्गो रौजा कब्रिस्तान होता हुआ हयातगंज ज़ुबैर चौराहा से जब कस्बा सिटी सेंटर पहुंचा तो वहाँ भारी संख्या मे पुरुषो व महिलाओ का हुजूम देखा गया जुलूस को शांतिपूर्ण रूप से सम्पन्न कराने के लिये स्थानीय प्रशासन सहित डीएम व एसपी की भी पैनी निगाहें बनी हुई थी जुलूस जब ताज तिराहे पर पहुंचा तो भीड़ इतनी अधिक थी कि भीड़ पर काबू करना बहुत ही दिक्क़त का सामना प्रशासन को करना पड़ा जुलूस ताज तिराहे से होता हुआ सालारगढ़ होते हुए राजा साहब के नेतृत्व मे शाहबाग कर्बला आसोपुर पहुंचकर लोगों ने ताज़िया को सीपूरदे खाक कर फातेहा ख्वानी कर नौहाख्वानी कर जुलूस का समापन हुआ जुलूस मे प्रशासन ने अपनी पैनी नज़र रखी थी जुलूस के अंतिम तक प्रशासन साथ साथ दिखाई दिया जुलूस मे मुख्य रूप से मुत्वल्ली वक्फ राजा काज़िम रज़ा मुजीव अहमद सोनू कसीम अशरफ़ सभासद अशरफ़ लाल बाल मोहम्मद ज़ाहिद छोटू नवाब साबरी जमाल कामिल सैयद शान अलीशान रेहान आमिर सलमान तंज़ीम फरमान सहित तमाम लोगों ने अपनी सहभागिता दी। प्रशासन ने ड्रोन कैमरे से की जुलूस की निगरानी की।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया वृक्षारोपण



अवधनामा संवाददाता

- पूर्व विधायक ने पिरैला सुल्तान में वृक्षारोपण किया

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** पीएम नरेंद्र मोदी के आवाहन पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत डुमरियागंज क्षेत्र के पिरैला सुल्तान अमृत सरोवर पर पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा वृक्षारोपण किया गया। इस दौरान ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सहित ग्रामवासी मौजूद रहे। गुरुवार को आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम के बाद गोष्ठी को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि एक व्यक्ति के लिए मां का बहुत महत्वपूर्ण स्थान होता है। इस रिश्ते की गरिमा को समझते हुए पीएम नरेंद्र मोदी ने विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर धरती पर हरियाली बढ़ाने के दृष्टिकोण से वृहद स्तर पर वृक्ष लगाने के लिए एक पेड़ मां के नाम लगाकर उसे बचाने का संकल्प लिया है और जनता से अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने का आवाहन किया हैं। उन्होंने कहा धरती भी मां स्वरूप है इसलिए पेड़ पौधे रहने से संतुलन वायुमंडल का संतुलन बना रहता है। इसलिए क्षेत्रीय लोगों से अपील है कि अपने घरों व आस पास की खाली जमीन पर इस अभियान के तहत विभिन्न प्रजातियों के वृक्ष लगाकर उसकी देखभाल बेहतर ढंग से करते रहे जो पुनीत कार्य भी है। अमृतसरोवर सहित गांव में लगभग 100 पेड़ का रोपण किया गया। इस दौरान बीडीओ अमित सिंह, भारत भारी चेयरमैन चंद्र प्रकाश वर्मा, संतोष पासवान, सचिन श्रीवास्तव, रघुनंदन पाण्डेय, हरिशंकर सिंह, गंगोत्री प्रसाद पाण्डेय, उमेश सैनी, धर्मेंद्र गौतम आदि मौजूद रहे।

# सड़क व संपर्क मार्गो से मीट, मछली की दुकान को हटाने हेतु डीएम को लिखा पत्र

अवधनामा संवाददाता



- पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने डीएम को पत्र भेजकर धार्मिक पवित्रता को देखते हुए सभी प्रमुख सम्पर्क मार्गों से मीट, मछली की दुकानों को हटाने की मांग

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** पवित्र श्रावण मास प्रारम्भ 22 जुलाई दिन सोमवार से हो रहा है। जनपद के विभिन्न शिव मंदिरों सहित अगल बगल के जनपद में स्थित शिव मंदिरों पर कॉवड़ यात्रियों द्वारा भारी संख्या में सम्मलित होकर पदयात्रा कर जलाभिषेक व पूजन किया जाता है।

ऐसी स्थिति में धार्मिक पवित्रता को देखते हुए सभी प्रमुख सम्पर्क मार्गो से मीट, मछली की दुकानों को हटाया जाना अति आवश्यक है। पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि सावन मास में सभी श्रद्धालुगण व्रत रखकर जहां क्षेत्र की मंदिरों में पूजा-पाठ आदि कार्य करने के लिए घरों से निकलते हैं, वहीं सड़कों से कांवरियों का जत्था जलाभिषेक करने के लिए दूरदराज के स्थानों पर पदयात्रा करता है। ऐसे समय में सड़कों के किनारे मीट मछली की दुकानें पड़ने से लोगों की भावनाएं आहत हो सकती हैं। उन्होंने बताया कि सार्वजनिक स्थानों पर मीट, मछली न कटे व न बिके, किसी भी प्रकार की वैमनस्यता व सांप्रदायिक तनाव न हो, इसलिए समय से पहले ऐसी दुकानों को सड़कों व सार्वजनिक स्थानों से हटवा दिया जाए। वही जनपद में कई मांसाहारी होटलों व रेस्टोरेंट का संचालन धार्मिक नगरों व महानगरों के नाम पर एक समुदाय के लोगों द्वारा संचालित किया जा रहा, जिससे श्रद्धालुगण भ्रमित होते है। जबकि कावण यात्रा के नियमित बैठक में मुख्यमंत्री उ. प्र. योगी आदित्यनाथ की सरकार ने सख्त आदेश देकर यात्रा मार्ग पर सभी संचालित दुकान व रेस्टोरेंट अपना बोर्ड बदल कर बड़े अक्षरो में प्रोपराइटर का नाम सहित दुकानो पर लगाये जिससे श्रद्धालुगण भ्रमित न हो तथा कस्बो और मुख्य मार्गो पर स्वच्छता एवं साफ सफाई का भी ध्यान दिया जाना चाहिए।

उन्होंने जिलाधिकारी को पत्र लिखकर मामले की गंभीरता को संज्ञान में लेकर मीट, मछली की दुकानो को हटायें जाने व सभी दुकानों का नामप्रोपराइटर सहित लगवाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने को कहां हैं।

# 16 सूत्रीय मांगों को लेकर डीआईओएस कार्यालय पर गरजे माध्यमिक शिक्षक

अवधनामा संवाददाता

**बस्ती।** प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर सोलह सूत्रीय मांगों को लेकर उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ ने वृहस्पतिवार को जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर धरने का आयोजन किया गया।धरने के उपरान्त अपर मुख्य सचिव माध्यमिक शिक्षा को सम्बोधित 16 सूत्रीय ज्ञापन जिला विद्यलय निरीक्षक को सौंपा गया। इस दौरान शिक्षकों ने वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए सरकार विरोधी नारे लगाकर प्रदर्शन किया। धरने की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अजय प्रताप सिंह व संचालन जिलामंत्री दिनेश कुमार यादव ने किया। प्रान्तीय उपाध्यक्ष मार्कण्डेय सिंह ने कहा कि प्रदेश के समस्त स्तर के शिक्षकों, कर्मचारियों एवं अधिकारियों को पूर्व प्रचलित भविष्य निधि पेंशन योजना ओ पी एस से आच्छादित किये जाने तक हम चैन से नहीं बैठेंगे। यह पेंशन हमनेत्याग व संघर्षो से प्राप्त किया था और फिर संघर्षो से हासिल करेंगे। पहले के सभी सरकारें हमारी परिलब्धियों को छीनती जा रहीं हैं संगठन अपनी समस्त परिलब्धियों को प्राप्त करने तक संघर्ष जारी रखेगा। प्रदेशीय मंत्री संजय द्विवेदी ने कहा की उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा मान्यता प्राप्त वित्तविहीन विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों की सेवा दशा सुनिश्चित करने तथा उनको समान कार्य हेतु समान वेतन देने की शासन व्यवस्था करने के साथ राजकीय एवं सहायता प्राप्त विद्यालयों में राष्ट्रीय नीति2020 के अनुसार छात्र शक्ति की प्रत्येक कक्षा हेतु वर्ग निर्धारण के आधर शिक्षक जनशक्ति का आकलन करते हुए ही समायोजन प्रक्रिया लागू होनी चाहिए।

### विहिप जिला बांसी एवं बजरंग दल ने किया वृक्षारोपण



**बांसी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** बुधवार को विश्व हिंदू परिषद जिला बांसी एवम बजरंग दल नगर बांसी के तत्वाधान में वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। धर्मेंद्र जी जिला सह मंत्री विश्व हिंदू परिषद के अगुवाई में बौराहा बाबा के स्थान पर माधव पार्क और सुभाष चंद्र बोस पार्क में वृक्षारोपण किया गया। नगर संयोजक अंगद शुभम दीपक शिवाजी एवं बौराहा बाबा के पुजारी डॉ बी एन त्रिपाठी गंगा प्रसाद तिवारी आदित्य वर्मा, सुरेश मोदनवाल परमात्मा पांडे जी ने वृक्षारोपण कार्यक्रम में वृक्ष लगाए और सभी वृक्षों को एक-एक व्यक्तियों ने गोद लिया जिससे वृक्ष का पालन पोषण आसानी से हो सके।

### बाढ़ग्रस्त इलाकों में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** भनवापुर ब्लाक क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित गांवों में वृहस्पतिवार को स्वास्थ्य टीम ने शिविर लगा कर लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर जरूरत की दवाएं वितरित करते हुए लोगों को जल जनित बीमारियों के लक्षण और उससे बचने के सुझाव भी दिया गया। भनवापुर ब्लाक क्षेत्र के सिंगारजोत, सहिबागंज, जानकीनगर, दखिनहवा व सफीपुर में डॉ. हनुमंत लाल मिश्रा के अगुवाई में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में क्षेत्र के 158 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर लोगों को अवश्यकतानुसार दवाएं वितरित किया गया। डॉ.हनुमंत लाल मिश्रा ने बताया कि बाढ़ के दौरान पानी मे से आने जाने व उमस भरी गर्मी के कारण लोगों में फंगल इंफेक्शन व वायरल फीवर की समस्या है, जिसके लिए शिविर के माध्यम से लोगों का स्वास्थ्य जांच कर दवाएं वितरित किया जा रहा है, साथ ही जरूरी सुझाव भी दिया गया। इस दौरान बलराम मिश्र, अजय पांण्डेय, प्रिंस पाण्डेय, अर्जुन, हित राम, अभिनव, रेखा आदि उपस्थित रहे।

### वृक्षारोपण के लिए पौधों का हुआ वितरण



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** ब्लॉक संसाधन केंद्र डुमरियागंज के परिसर में बृहस्पतिवार को पौधा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें डुमरियागंज ब्लॉक क्षेत्र के परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों ने पौधा प्राप्त प्राप्त किया। खंड शिक्षा अधिकारी डुमरियागंज संजय कुमार के दिशा निर्देश में पौधा वितरण इंचार्ज विजय कुमार श्रीवास्तव ने विभिन्न प्रकार के लगभग 450 पौधों का वितरण किया। जिसमें जामुन, आम, सागवन, लिप्टिस,सेमर आदि पौधे शामिल है। इस मौके पर विजय श्रीवास्तव ने बताया कि ब्लॉक क्षेत्र के सभी परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों को पौधे वितरित किया जाना था। यह पौधे 20 जुलाई को अभियान चलाकर विद्यालय प्रांगण में लगाए जाएंगे । अभियान की सफलता के लिए सभी शिक्षकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं । उन्होंने यह भी बताया कि अभियान को लेकर अभिभावकों, समिति के सदस्यों व ग्राम प्रधान सहित अन्य लोगों को भी आमंत्रित करते हुए कार्यक्रम आयोजित होंगे। इस मौके पर अभिषेक सिंह, प्रेम प्रकाश चौबे, रियाज अहमद, मेहंदी रिजवी, दौलत राम, अब्दुल अव्वल, खलील अहमद, मलिक नदीम मोहम्मद, आमिर मुख्तार, नंदलाल आदि लोग मौजूद रहे।

### खराब विद्युत आपूर्ति से उपभोक्ता आक्रोशित



**उसका बाजार सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** कस्बा और ग्रामीण क्षेत्रों में एक सप्ताह से खराब विद्युत आपूर्ति से उपभोक्ता त्रस्त है। बिजली आने जाने का कोई निर्धारित शेड्यूल न होने से लोगो के लिए विद्युत आपूर्ति बेमतलब साबित हो रही है। इससे लोगो ने काफी आक्रोश है। खराब बिजली आपूर्ति से आजिज़ आकर कस्बा के मुख्य बाजार सुभाष नगर वार्ड में गुरुवार को विद्युत उपभोक्ताओं ने विरोध प्रदर्शन कर, विद्युत आपूर्ति न सुधरने की दशा में आंदोलन की चेतावनी दी है। बद से बदतर विद्युत आपूर्ति से आजिज़ आकर कस्बा के सभासद विभूति अग्रहरी, गोपाल अग्रहरी, अनूप मोदनवाल, मो अजमेर, मो यकीम, विजय अग्रहरी, घनश्याम अग्रहरी, मुन्ना पटवा, मो असलम, रजत, विजय पटवा, तुफैल अहमद, कन्हैया पटवा, मो रिजवान, मो फैजान, प्रेम वर्मा, अशोक गुप्ता, अमित, सुधीर, राजन विश्वकर्मा, राजन वर्मा, इंद्रसेन अग्रहरी, इंद्रजीत, मो आयूब, रवि जायसवाल, मो अनुब आदि ने विरोध प्रदर्शन किया और कहा है की यदि विद्युत विभाग आपूर्ति व्यवस्था में अविलम्ब सुधार नहीं करता है तो उनके खिलाफ आंदोलन किया जाएगा साथ ही इस समस्या से सीएम योगी आदित्य नाथ को भी अवगत कराया जाएगा।

### भुतहवा में एक हजार लंच पैकेट का वितरण हुआ



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** समाजवादी पार्टी शिक्षक सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री मणेन्द्र मिश्रा 'मशाल' के नेतृत्व में आज शोहरतगढ़ विधानसभा में तुलसियापुर चौराहे के समीपवर्ती बाढ़ प्रभावित गांव तौलिहवा, बालानगर,खैरी शीतल प्रसाद, भुतहवा में 1 हजार लंच पैकेट का वितरण किया गया। इसके अतिरिक्त आस पास के बाढ़ग्रस्त गांवों में दौरा कर पीड़ितों को हर संभव मदद दिलाने का भरोसा दिया गया। श्री मिश्रा ने कहा कि शोहरतगढ़ तहसील के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र भुतहिया में बाढ़ राहत केंद्र से राहत सामग्री में सड़ा हुआ आलू दिया जा रहा है। जो केंद्र के सामने खुले में कई बोरे पड़ा हुआ है। ग्रामीणों की शिकायत पर प्रशासन ने अभी तक कोई संज्ञान नहीं लिया। श्री मिश्रा ने कहा समाजवादी किचन अभियान के माध्यम से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में जब तक सामान्य स्थिति नहीं हो जाती लंच पैकेट उपलब्ध कराने का क्रम चलता रहेगा। इस अवसर पर सर्वश्री शकील शाह जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक सभा, जय करन गौतम, महबूब आलम, शफात अहमद ,किशोरी, निसार अहमद, अतुल दूबे, अभिनय, विष्णु, नूर मोहम्मद सहित अन्य लोग अभियान में सहयोगी रहे।

### फ्राड करने वाले दो युवकों को धर दबोचा

**कौशांबी अवधनामा संवाददाता।** सैनी कोतवाली क्षेत्र में एक एटीएम बूथ पर रुपए निकालने आए युवक से एटीएम बूथ के बाहर घात लगाए खड़े 2 युवकों ने एटीएम बदलकर फ्राड करने की कोशिश की किंतु युवक सजग था। शोर मचाकर फ्राडीयों के मंशूबो पर पानी फेर दिया शोर सुनकर पास रहे लोगों ने दौड़ा लिया कुछ तो फरार हो गए। दो युवक उधर ही भागे जिधर पुलिस रहती है। पुलिस के जवानों और नगरवासियों ने युवकों को खदेड़ कर पकड़ लिया युवकों से क्षेत्रीय पुलिस पूछताछ में जुट गई है।

## ट्रम्प पर हमला

अमेरिका लोकतन्त्र का प्रभावशाली देश है पर यहां के राजनैतिक इतिहास में कई राष्ट्रपति हिंसा का शिकार हो चुके है जान भी गवां चुके है। एक तो वहां बन्दूक संस्कृति हावी है। वहां लाइसेन्स लेने की पद्धति नहीं है। खुले में आराम से लोग हथियार खरीदते है। समाचारों में अक्सर गोली चलने मारने मरने के समाचार आते रहते है। कभी रेस्त्रां में तो कभी सड़क पर। ट्रम्प पर गोली चलाने वाले की अपनी वज़ह होगी। ट्रम्प तो बच गये पर हमलावर मारा गया। ट्रम्प का बचना पूरे राजनैतिक समुदाय के लिये राहत की बात है। भारत सहित राष्ट्रीय अध्यक्षों ने ट्रम्प के बचने पर सहानुभूति जताते समय शुभमकामनायें भी दी है।

पर विश्व में कई देशों में राजनैतिक स्पर्धा खूनी मोड़ में है। इस तरह की नफ़रत राजनीति में नहीं होनी चाहिये। विचारधारा का टकराव आम बात है पर विधि गौरवपूर्ण संसदीय होनी चहिये। आज कल असहमति के नाम पर घृणा फैलायी जा रही है समाज को बाटा जा रहा है। असहिष्णुता बहुत बढ़ गयी है। टकराव और हिंसा बढत की ओर है। कई देशों में आपसी संघर्ष चल रहा है। राष्ट्रअध्यक्ष उतारे जा रहे है। कैद किये जा रहे है कहीं कहीं हत्या भी हो रही है। ट्रम्प पर हमला इस समय सभी को अगाह करने के लिये सबक होना चाहिये।

अमेरिका में कुछ समुदाय ऐसे है जिन्हें यह लगता है ट्रम्प दो बारा राष्ट्रपति बने तो बड़ी संख्या में गैर अमरीकियों और अवैध प्रवासियों को देश के बाहर जाना पड़ेगा। उन्हें डर है कैम्पों और जेलों में भी डाला जा सकता है। ट्रम्प और समर्थकों ने अवैध प्रवासियों को बड़ा मुद्दा बानाया है और उन्हें समर्थन भी मिल रहा है। ट्रम्प को राष्ट्रपति के चुनाव से बाहर रखने के लिये प्रयास किया जा रहा है। कोर्ट से सज़ा दिला कर चुनाव लड़ने से बाहर करने की कोशिश हो रही है। यह माहौल भारत में भी पनप रहा है। विरोधी पार्टियां विरोध के नाम पर वैभनस्यता फैला रही है समाज को बांट रही है। इसमें सभी राजनैतिक पार्टियो का यही हाल है।

अमेरिका हालात से सबक ले ट्रम्प पर जानलेवा हमले से सबक ले भारत की सभी पार्टियों को सचेत हो जाना चाहिये। स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का सहारा ले संसदीय प्रणाली पर चले, वैचारिक प्रतिरोध सभ्य तरीके से प्रदर्शित करे जनता निर्णय लेने में सक्षम है। इस समय एक खास संगठन पर बहुत से आरोप लगा नफ़रत पैदा करने की कोशिश हो रही है। इस पर विराम लगना चाहिये। क्योकि नफ़रत के रूप में हमला किसी पर भी हो सकता है। ऐसी कटुत.ा अपने यहां पैदा नही होनी चाहिये। ट्रम्प की घटना से यही सबक निकलता है। ट्रम्प पर हमला अति निन्दनीय है।

## अमेरिका में हड़कंप-किसके निशाने पर थे ट्रंप?


किशन भावनानी

वैश्विक स्तरपर दुनियां के सबसे पुराने लोकतंत्र के गढ़ अमेरिका में जहां एक ओर लंबे समय से 5 नवंबर 2024 को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव की प्रक्रिया चल रही है, जिसमें तीन मूल भारतीय भी इस प्रक्रिया का हिस्सा बने थे और अंत में निक्की हेलन भी बाहर हो गई। सिर्फ दो उम्मीदवार बचे हैंडोनाल्ड ट्रंप और जो बाईडेन अभी इन्हीं दो प्रत्याशियों में प्रक्रिया शुरू है।पिछले दिनों दोनों के बीच डिबेट को भी सारी दुनिया ने देखा था जिसमें ट्रंप का पलड़ा अपेक्षाकृत भारी होने का अनुमान दुनियां की मीडिया ने लगाया था और अंदाजा लगाया जा रहा था कि यदि पार्टी जो बिडेन को उम्मीदवारी में बदलती है तो कमला हैरिस का नाम सामने आ सकता है फिर बाईडेन के एक बयान से इसकी संभावना काम हो गई। कुछ दिनों से दोनों प्रत्याशियों का चुनाव प्रचार जोरों पर है, पूरा विश्व भी इस चुनाव पर नजर लगाए हुए है। इसी क्रम में डोनाल्ड ट्रंप एक स्थान पर आए चुनाव प्रचार की सभा कर रहे थे कि उन पर हमला हो गया, कई राउंड फायरिंग हुई, जिसमें एक गोली उनके कान को छुते हुई निकली, जिससे खून फोटोस में देख रहा है। यह सब जानकारी मीडिया में आई है। अब सवाल उठता है कि आखिर राजनीति और लोकतंत्र में ऐसी हिंसा क्यों होती है। दुनियां में अनेकों लोकतांत्रिक देश हैं, हालांकि हिंसा वहां भी होती है परंतु मैंने जब अमेरिका का इतिहास खंगाला तो पता चला कि, इसके पूर्व भी ऐसी 9 घटनाएं हुई है जिसमें प्रत्याशी या राष्ट्रपति यातो मारे गए हैं या घायल हुए हैं, जो बड़ी हैरानी वाली बात है। वैसे भी हम अनेकों बार मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म पर अमेरिका की गोली संस्कृति के बारे में सुनते रहते हैं कि स्कूलों, चौराहा रोडो या सिनेमाघरों में अक्सर फायरिंग की घटनाएं होती रहती है,इसलिए यह ट्रंप की घटना से जानकारों को कोई भारी आश्चर्य नहीं हुआ होगा, परंतु पूरी दुनियां सदमे में है कि ऐसे सबसे बड़े पूर्ण विकसित देश में लोकतंत्र में हिंसा हो रही है तो, उनका स्थान कहां होगाब्रिटेन फ्रांस भारत इजराइल आस्ट्रेलिया सहित पूरी दुनियां के शासको विपक्ष ने बयान जारी कर इस घटना पर दुख जाहिर किया है।ट्रंप के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। भारतीय पीएम ने भी कहा है की राजनीति और लोकतंत्र में हिंसा के लिए कोई स्थान नहीं है। हालांकि भारत में भी इस तरह की घटना हुई है जिसकी चर्चा हम नीचे पैरा में करेंगे। चूंकि अमेरिका के चुनावी माहौल के बीच ट्रंप पर हमले ने पूरी दुनिया को वहां हुई राजनीतिक हत्याओं की फिर से याद ताजा कर दी है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, विश्व ने अमेरिका के राष्ट्रपति उम्मीदवार पर हमले की कड़ी निंदा की है, राजनीति और लोकतंत्र में हिंसा के लिए कोई स्थान नहीं है।

साथियों बात अगर हम दिनांक 14 जुलाई 2024 को अमेरिकी राष्ट्रपति उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप पर हुए हमले की करें तो,उन्हें एक चुनावी रैली में गोली मारी गई है। अगले ही दिन रिपब्लिकन पार्टी औपचारिक रूप से उन्हें व्हाइट हाउस के लिए अपना उम्मीदवार घोषित करने वाली थी। उससे ठीक एक दिन पहले उन पर हत्या का प्रयास किया गया। गोली लगने के बाद ट्रंप ने अपने चेहरे के दाहिने हिस्से को टच किया और फिर जमीन पर गिर पड़े। पूर्व राष्ट्रपति के चेहरे के दाहिने हिस्से से खून बहता हुआ दिखाई दिया। सीक्रेट सर्विस के एजेंटों ने उन्हें बचाने के लिए खुद को उन पर झोंक दिया। जब वे उठे, तो एजेंट उन्हें अंदर ले गए। ऐसा पहली बार नहीं है जब इतने बड़े नेताको सरेआम गोलीमारी गईहै,इससे पहलेभी अमेरिका सहित कई देश के नेताओं पर जानलेवा हमला किया गया था।इस घटना ने साल 2024 के अमेरिकी राष्ट्रपति चुनावअभियान को भी बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। इससे देश के सामाजिक और सांस्कृतिक ताने-बाने को भी नुक़सान पहुँचा है।इस घटना से अमेरिका की राजनीति में कई दशक से बनी देश की सुरक्षा का भ्रम भी टूट गया है।इस गोलीबारी में ट्रंप को केवल मामूली चोटें आई हैं, लेकिन उनके लिए यह मामला काफ़ी क़रीबी भी हो सकता था। न्यूयॉर्क टाइम्स अख़बार के डग मिल्स की ली हुई एक तस्वीर में पूर्व राष्ट्रपति के सिर के पास से एक गोली हवा में एक लकीर की तरह चलती हुई दिखती है। इसके तुरंत बाद सुरक्षा गार्ड उनके आसपास घेरा बना लिया और ट्रंप को अस्पताल ले गए।अमेरिका में 52 साल बाद किसी राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार पर हमला हुआ। इससे पहले 1972 में जॉर्ज सी वॉलेस पर गोली चलाई गई थी। इस घटना ने पूरी दुनिया को अमेरिका में हुई राजनीतिक हत्याओं की याद दिला दी।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़्वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़्वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

महावीर का संस्कृत और पाली में होने का मतलब है विशाल नालन्दा महावीर पांचवी से लेकर तेरहवीं शताब्दी तक ऐक्टिव रहा है। नालन्दा की कहानी उतनी ही विशाल और महान है जितना नालन्दा है। उसके सीने पर विश्वविद्यालय एक कीमती नगीना है। सातवीं शताब्दी में चीनी यात्री हुयनसांग भारत आया था। उसने ऐतिहासिक घटनाओं का कालानुक्रामित लिखित विस्तृत ब्योरा दिया है। उसमें प्राचीन नालन्दा का विस्तृत और प्रशसनीय विवरण है। हुयेनसांग विवरण में बताते है उस समय मठ में 10,000 विद्यार्थी थे, 2000 शिक्षक थे और सेवकों की बहुत बड़ी फौज थी।

# नालन्दा विश्वविद्यालय



एस.एन.वर्मा

12वीं शताब्दी में हमलावरों ने 800 पुराने विश्वविद्यालय नालन्दा को नष्ट कर दिया था। यहां दुनियां भर के विद्यार्थी आकर शिक्षा प्राप्त करते थे। विश्वविद्यालय के नये परिसर का उद्घाटन प्रधानमंत्री मोदी ने किया। यह उनकी एक शानदार गौरवशाली उपलब्धि है। नालन्दा विश्वविद्यालय पुराने नालन्दा विश्वविद्यालय के खन्डहर के पास बना है। 555 एकड़ में फैला हुआ है। 1749 करोड़ में बना परिसर 2017 में शुरू किया गया था। विद्या के क्षेत्र में दिनकर जी से क्षमायाचना के साथ मेरे जननी का हिमकिरीट मेरे भारत का उच्च भाल बन कर चमका था। अब भी चमक रहा है।

विश्वविद्यालय पटना से 100 कि.मी. दूर राजगीर में स्थापित है। पुरातन बौद्ध मठ से 12 कि.मी. की दूरी पर है। मठ तो अब खन्डहर है। 2006 में तत्कालीन राष्ट्रपति अब्दुल कलाम ने सरकारी रूप से प्रस्तावित किया था। 2006 में बिहार विधानसभा को सम्बोधित करते हुये कहा था नालन्दा के प्राचीन वैभव को पुनः प्राप्त करने के लिये प्रस्तावित है, बोधगया नालन्दा इन्डो एशियन इन्स्टिटयूट आफ लर्निंग जिसमें चुने हुये कुछ एशिया के मुल्कों की भागीदारी होगी। 2007 में ईस्ट एशिया समिट ने जो फिलिपाइन में हुआ था इसकी पुष्टी की गई थी। फिर थाईलैन्ड में हुआ हिन में हुये ईस्ट एशिया समिट 2009 में इसे फिर दोहराया गया। भारत के अलावा 17 मुल्कों ने इसमें भाग लिया था। नये परिसर के उद्घाटन के समय उपरोक्त 17 देशों के राजदूतों ने भाग लिया।

बिहार विधानसभा ने 2007 में युनिवर्सिटी आफनालन्दा विघेयक पारित किया। 2010 में संसद ने इस ऐक्ट की जगह इसे नालन्दा यूनीवर्सिटी बिल कर दिया। इसने युनिवर्सिटी के संचालन करने के लिये नियम भी बनाये। 2013 में मास्टर प्लान मशहूर पुराविद वीडी दोवी ने वास्तु शिल्प कन्सल्टेन्ट को अन्तरराष्ट्रीय प्रतिपर्धा के द्वारा चुना। 2014 में 15 विद्यार्थियों के समूह ने पहली बार एडमिशन प्राप्त किया। इतिहासिक अध्ययन, स्कूल आफ इकोलाजी एन्ड इनवयरमेन्टल स्टडीज उनके विषय थे। राजभीर कन्वेशन सेन्टर में क्लास लगते थे। छह टीचरों की फेकल्टी थी। हास्टल शासकीय होटल तथागत अस्थायी रूप से बना।

2007 से नोबेल प्राप्त अन्तरराष्ट्रीय अर्थशास्त्री अमर्त्य सेन प्रोजेक्टर से जुड़े हुये थे। विश्वविद्यालय के प्रथम चान्सलर बने। तत्कालीन राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी प्रथम विजिटर बने। 2014 में चार और स्कूल जुड़े। स्कूल आफ बुद्धिष्ट स्टडीज, फिलासफी, और तुलनात्मक धर्म स्कूल आफ लैग्वेज एन्ड लिटरेचर, स्कूल आफमैनेजमेन्ट स्टडीज स्कूल आफइन्टरनेशनल रीलिजन्स एन्ड पीस स्टडीज। वर्तमान में मास्टर कोर्स है। पीएचडी प्रोग्राम और डिप्लोमा तथा सर्टीफीकेट कोर्स भी है। 2022



तक 90 प्रतिशत निर्माण पूरा हो चुका था। उस समय 800 विद्यार्थी थे। इसमें 31 देशों के 150 विद्यार्थी थे। 7500 विद्यार्थियों और शिक्षकों के लिये स्पेस है। आठ प्रतिशत क्षेत्र में कार्यालय है। शिल्प और भूगोलिक सेटिंग पुराने नालन्दा विश्वविद्यालय की झलक देते है। जो जानबूझकर बनाये गये है। एडमिनिस्ट्रोटिव ब्लाक में उस समय के पुराने ईटों के तर्ज पर इटों का इस्तेमाल किया गया है। स्टेपर केस नालन्दा के खन्डहरों का आंमासे देते है। कैम्पस नये पुराने का संगम है। जो टेऊडिशनल है। क्लास रूप में प्राकृतिक प्रकाश की व्यवस्था है, स्मार्ट वाइ बोर्ड है, और इलेक्ट्रानिक पोडियम है। एयेर कन्डिशन्ड है साथ ही खोखली दीवाल भी है प्राकृतिक ठन्डक पहुचाने के लिये। प्राकृतिक संसाधन प्राप्त करने के लिये तरह तरह के तरीके अपनायें गये है।

वाटर बेड और प्राकृतिक हरियाली का ध्यान रक्खा गया है। कमल सागर तालाब परिसर के क्षेत्र 100 एकड़ में फैला हुआ है। वाटर ट्रीटमेन्ट प्लान परिसर में ही है। वाटर रीसाव क्लिग प्लान्ट भी उपलब्ध है। विद्यार्थीयों के मानासिक और शारीरिक स्वास्थय को ध्यान में रख योग केन्द्र स्पोर्ट काम्प्लेक स्थापित है। कलात्मक रूचि के लिये आर्ट आडोटोरियम है। मानसिक और दिमागी विकास के लिये पुस्तकालय है।

पुरातत्व केन्द्र है पुराने ग्लोरी की याद दिलाने के लिये। विद्यार्थियों के व्यक्त्वि का सन्तुलित सर्वांगीण विकास हो इसका प्रयास किया जाता है यही विश्वविद्यालय का ध्येय भी है। कैम्पस की स्वच्छता और पर्यावरण की स्वच्छता बनी रहे कर तक को कैम्पस में नहीं लाया जाता है। प्रकृतिक सौन्दर्य अपने आप में अनूठा है।

महावीर का संस्कृत और पाली में होने का मतलब है विशाल नालन्दा महावीर पांचवी से लेकर तेरहवीं शताब्दी तक ऐक्टिव रहा है। नालन्दा की कहानी उतनी ही विशाल और महान है जितना नालन्दा है। उसके सीने पर विश्वविद्यालय एक कीमती नगीना है।

सातवीं शताब्दी में चीनी यात्री हुयनसांग भारत आया था। उसने ऐतिहासिक घटनाओं का कालानुक्रामित लिखित विस्तृत ब्योरा दिया है। उसमें प्राचीन नालन्दा का विस्तृत और प्रशसनीय विवरण है। हुयेनसांग विवरण में बताते है उस समय मठ में 10,000 विद्यार्थी थे, 2000 शिक्षक थे और सेवकों की बहुत बड़ी फौज थी। बहुत से पुरातत्व के विद्वान नालन्दा के खन्डहरों से प्राप्त अवशेषों और पुरातत्व की खोदाई से प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर हुयेनसंग के विवरण को नकारते है। पर यह स्वीकार किया जाता है कि निश्चित रूप से औसत बौद्ध विहार नहीं था। नालन्दा बौद्ध बिहार के प्रमुख और वृद्ध मठाधीश शीलभद्र थे। विद्यार्थियों को व वेद, हिन्दू दर्शन, तर्कशास्त्र, व्याकरण औषधि शास्त्र की शिक्षा दी जाती थी। केवल बौद्ध मत वालों की शिक्षा न देकर सभी मतों वालों को शिक्षा दी जाती थी। संकीर्ण सोच दूर उदार सोच परिसर में था। वसुघैव कुटम्बकम् और विद्या अमृतगश्रुतम का पूरे परिसर में राज था। जो नालन्दा के शान और महत्व को चार चांद लगाता है। इतना भेद जरूर था कि बैद्ध धर्म से इतर धर्मा वलम्बियों को मौखिक परीक्षा प्रवेश पाने के लिये देनी पड़ती थी। जो उत्तीर्ण होते थे उन्हें ही प्रवेश मिलता था। इस तरह मठ अपने स्थापित स्तर बनाये रखता था। इतिहासकार पुराने नालन्दा विश्वविद्यालय यानी बौद्धकालीन नलन्दा मठ के बारे में विशद मान भरा विवरण देते है। इस सन्दर्भ में इतिहासकार ए.आई.भष्म की किताब द वन्डर दैट इन्डिया वाज काफी विस्तृत और मशहूर है। उम्मीद है नये परिसर के साथ नालन्दा विश्वविद्यालय पुराने आदर्शो का पालन करते हुये उसी तरह की उच्च पूर्ण शिक्षा विद्यार्थियों को देगा। विश्व के हर कोने से विद्यार्थी यहां आयेगे उनमें भाईचारा पनपेगा विश्वस्तर के विद्वान उससे निकल कर अपना अपने देश और नालन्दा विश्वविद्यालय का नाम करेंगे। मौजूद सरकार की दिलचस्पी और गरिमा और चमक देगी। बिहार राज्य के लिये यह एक ईश्वरी तोहफा है जो देश के माथा को भी ऊंचा करेगा। कुछ बात है कि हस्ती मिटती नहीं हमारी।

# फिर आतंकी हमलें, सैनिकों का बलिदान व्यर्थ न जाये

जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 की समाप्ति के बाद हुए पहले लोकसभा चुनाव में रिकॉर्ड मतदान से पाकिस्तान बौखलाया है। इसी का परिणाम है लगातार हो रहे आतंकी हमलें। इन हमलों ने आंतरिक सुरक्षा के लिये नये सिरे से चुनौती पैदा की है। जम्मू में रियासी, कठुआ और डोडा के आतंकी हमले चिन्ता का बड़ा कारण बने है। जम्मू-कश्मीर का माहौल सुधरने के बाद वहां के बाजार, पर्यटक स्थल गुलजार हुए हैं और राज्य की अर्थव्यवस्था सुधर रही है। इसलिए देशद्रोही नहीं चाहते कि कश्मीर में शांति आए और वहां पर निर्वाचित सरकार काम करे।


ललित गर्ग

लगातार जम्मू-कश्मीर में बढ़ रही आतंकी घटनाएं चिन्ता का कारण बन रही है। डोडा जिले में एक आतंकी हमले में कैप्टन समेत सेना के चार जवानों और जम्मू कश्मीर के एक पुलिसकर्मी का बलिदान अब यही दर्शा रहा है कि शांति एवं अमन की ओर लौटा जम्मू-कश्मीर एक बार फिर आतंकवादी आघातकारी घटनाओं की भेंट चढ़ रहा है, इन घटनाओं का माकुल जबाव नहीं दिया गया तो यह घाटी एक बार फिर खूनी घाटी बन जायेगी। क्योंकि कुछ ही दिनों पहले कठुआ में एक सैन्य अफसर सहित पांच जवान आतंकियों का निशाना बन गए थे। इसके पहले भी जम्मू संभाग में ही सेना के कई जवान आतंकियों से लोहा लेते हुए अपना सर्वोच्च बलिदान दे चुके हैं। ये बहुत चिंतित करने वाले त्रासद एवं घिनौने घटनाक्रम हैं कि पिछले कुछ समय से कश्मीर घाटी के साथ-साथ जम्मू संभाग में भी आतंकियों की गतिविधियां बढ़ती जा रही हैं। हाल की कुछ घटनाओं से तो यह भी लगता है कि आतंकियों ने जम्मू संभाग को अपनी गतिविधियों का प्रमुख केंद्र बना लिया है। एक ऐसे समय जब जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव कराने की तैयारी हो रही है, तब आतंकियों का सक्रिय होना और सफलतापूर्वक अपने मनसूबों को कामयाब करना गंभीर चिंता का विषय है।

ज्यादा चिन्ताजनक यह है कि पाकिस्तान प्रशिक्षित आतंकी न केवल घुसपैठ कर रहे हैं, बल्कि अपनी गतिविधियों को अंजाम देने और इस क्रम में सेना को निशाना बनाने में भी सफल हो रहे हैं। सरकार को उन खूनी हाथों को खोजना होगा अन्यथा खूनी हाथों में फिर खुजली आने लगेगी। हमें इस काम में पूरी शक्ति और कौशल लगाना होगा। आदमखोरों की मांद तक जाना होगा। अन्यथा हमारी खोजी एजेंसियों एवं सेना की काबिलीयत पर प्रश्नचिन्ह लग जाएगा कि कोई दो-चार व्यक्ति कभी भी पूरे प्रांत की शांति और जन-जीवन को अस्त-व्यस्त कर सकते हैं, हमारी संवेदनाओं को झकझोर सकते हैं। संवेदनाओं एवं भावनाओं को झकझोर भी रहे हैं, जब आतंकवादी हमलों में शहीद जवानों के पार्थिव शरीर तिरंगे में लिपटे घर की ड्योढ़ी पर आते हैं तब कारुणिक माहौल को देखकर दिल दहल उठता है क्योंकि देश के लिए अपना सर्वोच्च लुटा देने वाला जवान किसी का बेटा, किसी का पति और किसी का पिता होता है। हर आंख में आंसू होते हैं। किसी की गोद, किसी की मांग सूनी हो जाती है। देशवासी सोचने को विवश हैं कि वे शोक संतप्त परिवार के साथ करुणा और पीड़ा को कैसे बांटें।

डोडा वारदात की जिम्मेदारी लेने वाले 'कश्मीर टाइगर्स' जैसे आतंकी संगठनों की ताजा बौखलाहट की एक बड़ी वजह जम्मू-कश्मीर में राजनीतिक प्रक्रिया की बहाली को लेकर बढ़ी सरगर्मी है। राज्य में लोकप्रिय सरकार के गठन के लिए अगले चंद महीनों में ही विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। ऐसे में, आतंकियों की बेचैनी समझी जा सकती है कि जिस तरह लोकसभा चुनाव में घाटी में लोग मतदान केंद्रों पर उमड़ पड़े और दशकों पुराना रिकॉर्ड टूटा, अगर विधानसभा



चुनाव में लोगों का उत्साह और बढ़ा, तो जिन 'स्लीपर सेल्स' की बदौलत वे दहशत का अपना पूरा कारोबार चलाते हैं, वे भी मुख्यधारा के प्रति आकर्षित होकर, उनके खिलाफ हो सकते हैं। इसलिए उन्होंने घाटी के बजाय जम्मू संभाग में अपनी सक्रियता बढ़ाई है, ताकि लोकतांत्रिक प्रक्रिया को बाधित किया जा सके और सीमा पार के आकाओं से मदद हासिल करने का सिलसिला जारी रहे।

जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 की समाप्ति के बाद हुए पहले लोकसभा चुनाव में रिकॉर्ड मतदान से पाकिस्तान बौखलाया है। इसी का परिणाम है लगातार हो रहे आतंकी हमलें। इन हमलों ने आंतरिक सुरक्षा के लिये नये सिरे से चुनौती पैदा की है। जम्मू में रियासी, कठुआ और डोडा के आतंकी हमले चिन्ता का बड़ा कारण बने है। जम्मू-कश्मीर का माहौल सुधरने के बाद वहां के बाजार, पर्यटक स्थल गुलजार हुए हैं और राज्य की अर्थव्यवस्था सुधर रही है। इसलिए देशद्रोही नहीं चाहते कि कश्मीर में शांति आए और वहां पर निर्वाचित सरकार काम करे। केन्द्र में गठबंधन वाली मोदी सरकार के सामने यह एक बड़ी चुनौती है। क्या इन आतंकी घटनाओं को केन्द्र सरकार ने गंभीरता से नहीं लिया है? जो सरकार पाकिस्तान में घूस कर बदला ले सकती है, वह सरकार अब तक शांत क्यों है? ऐसा क्यों हो रहा है, इसकी तह तक जाने की जरूरत है। आतंकी जिस तरह अपनी रणनीति बदलकर सुरक्षा बलों को कहीं अधिक क्षति पहुंचाने में समर्थ दिखने लगे हैं, वह किसी बड़ी साजिश का संकेत है। एक ओर सीमा पार से होने वाली आतंकियों की घुसपैठ पर प्रभावी नियंत्रण करना होगा, वहीं दूसरी ओर पाकिस्तान को नए सिरे से सबक भी सिखाना होगा। यह इसलिए अनिवार्य हो गया है, क्योंकि पिछले कुछ समय में आतंकी हमलों में बलिदान होने वाले सैनिकों की संख्या कहीं अधिक बढ़ी है।

पाकिस्तान सत्ता प्रतिष्ठानों की मदद से यह आतंक का खेल फिर शुरू कर रहा है। कहीं न कहीं दिल्ली में बनी गठबंधन सरकार को यह संदेश देने की कोशिश की जा रही है कि पाक पोषित आतंकवादी जम्मू-कश्मीर में शांति एवं अमन को कायम नहीं रहने देंगे। एक आंकड़े के अनुसार पिछले तीन वर्ष में करीब 50 जवानों को अपना बलिदान देना पड़ा है। यह बिल्कुल भी स्वीकार्य नहीं। आतंक को करारा जवाब केवल तभी नहीं दिया जाना चाहिए, जब एक साथ बड़ी संख्या में सुरक्षा बलों के जवानों को बलिदान देना पड़े। वास्तव में हमारे एक भी सैनिक का बलिदान व्यर्थ नहीं जाना चाहिए। डोडा की घटना के बाद यह जो कहा जा रहा है कि सैनिकों के बलिदान का बदला लिया जाएगा, उसे न केवल पूरा करके दिखाया जाना चाहिए, बल्कि आतंकियों, उनके आकाओं और उन्हें सहयोग-समर्थन देने वालों पर ऐसा करारा प्रहार किया जाना चाहिए, जिससे वे अपनी हरकतों से हमेशा के लिए बाज आएं। पाकिस्तान भले ही आर्थिक संकट और राजनीतिक अस्थिरता से जूझ रहा हो, लेकिन वह जम्मू कश्मीर में पहले की तरह ही आतंकवाद को बढ़ावा देने में लगा हुआ है। उसकी घरेलू व विदेश नीति 'कश्मीर' पर ही आधारित है। चूंकि इसकी भरी-पूरी आशंका है कि चीन उसे उकसाने में लगा हुआ होगा, इसलिए भारत को कहीं अधिक सतर्क रहना होगा।

केन्द्र सरकार ने कश्मीर में विकास कार्यों को तीव्रता से साकार किया है, न केवल विकास की बहुआयामी योजनाएं वहां चल रही है, बल्कि पिछले 10 सालों में कश्मीर में आतंकमुक्त करने में भी बड़ी सफलता मिली है। बीते साढ़े तीन दशक के दौरान कश्मीर का लोकतंत्र कुछ तथाकथित नेताओं का बंधुआ बनकर गया था, जिन्होंने अपने राजनीतिक स्वार्थो के लिये जो कश्मीर देश के माथे का ऐसा मुकुट था, जिसे सभी प्यार करते थे, उसे डर, हिंसा, आतंक एवं दहशत का मैदान बना दिया। लेकिन वहां विकास एवं शांति स्थापना का ही परिणाम रहा कि चुनाव में लोगों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेकर लोकतंत्र में अपना विश्वास व्यक्त किया। बढ़ती आतंकी घटनाओं पर गृहमंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह नजर बनाए हुए हैं। इसमें कोई संदेह नहीं कि सुरक्षा बल आतंकवादियों को मुंहतोड़ जवाब देगा लेकिन रक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि सुरक्षा बलों को आतंकियों के प्रति अपनी रणनीति बदलनी होगी।

# क्यों कुपोषित रह जाती हैं स्लम बस्तियों की महिलाएं?

लाली देवी कालबेलिया समुदाय की है। इस समुदाय को घुमंतू माना जाता है। जो अधिकतर कुछ माह के लिए अपना अस्थाई ठिकाना बनाता है। हालांकि इस बस्ती के ज्यादातर कालबेलिया पिछले कई वर्षों से यहां स्थाई रूप से आबाद हो चुके हैं। लाली के पति और उनका परिवार भी पिछले कई सालों से यही रहता आ रहा है। लाली बताती है कि इस समय वह आठ माह की गर्भवती है। अभी उसके पांच बच्चे हैं। 2 वर्ष पूर्व पति की मृत्यु के बाद दूसरी शादी की है।


सितारा बानो

इस वर्ष के शुरुआत में भारत की सबसे बड़ी बैंक एसबीआई ने नवीनतम घरेलू उपभोग सर्वेक्षण के आधार पर एक रिपोर्ट जारी की। जिसमें यह बताया गया है कि देश के शहरी और ग्रामीण दोनों ही क्षेत्रों में पहले की तुलना में गरीबी में कमी आई है। रिपोर्ट के अनुसार देश के ग्रामीण क्षेत्रों में वर्ष 2011-12 में गरीबी 25.7 प्रतिशत से घटकर 2022-23 में मात्र 7.2 प्रतिशत रह गई है। इसी अवधि के दौरान शहरी गरीबी में भी कमी दर्ज की गई है, जो 13.7 प्रतिशत की तुलना में घटकर 4.6 प्रतिशत हो गई। इस रिपोर्ट से यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि देश के शहरी क्षेत्रों में रहने वाले गरीबों की आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ होगा। इसका लाभ उनके बच्चों और महिलाओं को हो रहा होगा जिन्हें कम आमदनी के कारण पौष्टिक भोजन उपलब्ध नहीं हो पाता है और वह कुपोषण का शिकार हो जाते हैं। लेकिन वास्तविकता इससे कुछ दूर है। अभी भी देश के कई ऐसे शहरी इलाके हैं, जहां रहने वाले गरीब परिवार की महिलाएं और बच्चे कुपोषण का शिकार हैं।

राजस्थान की राजधानी जयपुर स्थित कच्ची (स्लम) बस्ती रावण की मंडी इसका उदाहरण है। सचिवालय से करीब 12 किमी की दूरी पर स्थित इस बस्ती में 40 से 50 झुग्गियां आबाद हैं। जिनमें लगभग 300 लोग रहते हैं। इस बस्ती में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति समुदाय के परिवार निवास करते हैं। जिनमें जोगी, कालबेलिया और मिरासी समुदाय प्रमुख रूप से शामिल है। प्रति वर्ष विजयदशमी के अवसर पर रावण दहन के लिए यहां रावण, मेघनाद और कुंभकरण के पुतले तैयार किए जाते हैं। जिसे खरीदने के लिए जयपुर के बाहर से भी लोग आते हैं। इसी कारण इस बस्ती को रावण की मंडी के रूप में पहचान मिली है। विजयदशमी के अलावा साल के अन्य दिनों में यहां के निवासी आजीविका के लिए रद्दी बेचने, बांस से बनाये गए सामान अथवा दिहाड़ी मज़दूरी का काम करते हैं। शहर में आबाद होने के बावजूद इस बस्ती में मूलभूत सुविधाओं का अभाव देखने को मिलता है। इनमें स्वास्थ्य एक बहुत बड़ा मुद्दा है। यहां महिलाओं और बच्चों में स्वास्थ्य और पोषण की कमी सबसे अधिक देखने को मिलती है। यहां अधिकतर महिलाएं विशेषकर गर्भवती महिलाएं और नवजात बच्चे कुपोषण का शिकार हैं।

छह माह की गर्भवती 27 वर्षीय शारदा की पीली आंखें, सफेद पड़ चुके जीभ और कमजोर शरीर उसकी स्थिति को बयां करते हैं। वह बताती है कि उसके पति दैनिक मजदूर हैं। आमदनी इतनी नहीं है कि पौष्टिक भोजन उपलब्ध हो पाए। वहीं निवास प्रमाण पत्र और अन्य आवश्यक दस्तावेज़ की कमी के कारण अस्पताल में उसके लिए जांच की कोई व्यवस्था नहीं है। वह बताती



है कि अस्पताल वाले मुझसे आईडी प्रुफ मांगते हैं। जो उसके पास नहीं है। ऐसे में वह किसी भी प्रकार की जांच किए बिना उसे लौटा देते हैं। शारदा कहती है कि अस्पताल में तो हमारी कोई जांच नहीं की जाती हैं, वहीं कभी कभी बस्ती में एएनएम आती भी हैं तो वह हमें देखे बिना केवल कागजी खानापूर्ति करके चली जाती हैं। दरअसल इस कच्ची बस्ती में किसी का आईडी प्रुफ नहीं होना सबसे बड़ा मसला है। हालांकि कई ऐसे परिवार हैं जो यहां 20 से अधिक वर्षो से रह रहे हैं। लेकिन आवश्यक दस्तावेज़ की कमी के कारण आज तक किसी का भी प्रमाण पत्र नहीं बना है। इसके कारण महिलाओं की डिलीवरी भी घर में होती है, जिससे बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र भी नहीं बन पाता है। इस तरह नई पीढ़ी में भी किसी का प्रमाण पत्र उपलब्ध नहीं है। जिससे इस बस्ती की महिलाएं और बच्चे सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने से वंचित रह जाते हैं।

बस्ती की 38 वर्षीय लाली देवी कालबेलिया समुदाय की है। इस समुदाय को घुमंतू माना जाता है। जो अधिकतर कुछ माह के लिए अपना अस्थाई ठिकाना बनाता है। हालांकि इस बस्ती के ज्यादातर कालबेलिया पिछले कई वर्षो से यहां स्थाई रूप से आबाद हो चुके हैं। लाली के पति और उनका परिवार भी पिछले कई सालों से यही रहता आ रहा है। लाली बताती है कि इस समय वह आठ माह की गर्भवती है। अभी उसके पांच बच्चे हैं। 2 वर्ष पूर्व पति की मृत्यु के बाद दूसरी शादी की है। लाली के पूर्व पति का अस्थाई ठिकाना होने के कारण आज तक उसका कोई दस्तावेज़ या जच्चा-बच्चा कार्ड नहीं बना है। जिससे न केवल उसका बल्कि उसके किसी भी बच्चे का आज तक टीकाकरण भी नहीं हुआ है। गर्भावस्था में खानपान की कमी के कारण लाली शारीरिक रूप से काफी कमजोर हो चुकी है। उसका पूरा शरीर पीला पड़ चुका है। जिसमें खून की कमी को दर्शाता है। वह बताती है कि आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं होने के कारण उसे कभी पौष्टिक भोजन उपलब्ध नहीं हो पाता है। वहीं आवास प्रमाण पत्र नहीं होने की वजह से उसे अस्पताल से आयरन की गोलियां या अन्य कोई लाभ नहीं मिल पाता है। लाली के अनुसार बस्ती में प्रसव कराने आने वाली दाई प्रशिक्षित है या नहीं, यह कोई नहीं जानता है। लेकिन वह प्रसव कराने के ढाई से पांच हजार तक का चार्ज करती है। जो आर्थिक रूप से कमजोर इस बस्ती वालों के लिए बहुत अधिक है।

वहीं बस्ती की एक अन्य महिला गुड्डी देवी बताती हैं कि कुपोषण और बीमारी की वजह से उनके नवजात बच्चे की जन्म के 15 दिन के अंदर मौत हो चुकी है। गर्भवस्था में वह स्वयं काफी कुपोषित थी, जिसका असर उनके बच्चे पर पड़ा और वह जन्म के बाद से ही काफी कमजोर था। लेकिन आधार कार्ड या अन्य कोई दस्तावेज़ नहीं होने के कारण वह सरकारी अस्पताल में बच्चे का इलाज नहीं करा सकी, वहीं आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण वह निजी अस्पताल में नहीं जा सकती थी। गुड्डी बताती हैं कि इस बस्ती की सभी गर्भवती महिलाएं कुपोषण से ग्रसित हैं। सरकार के अलावा कुछ स्वयंसेवी संस्थाएं भी समय समय पर यहां आती रहती हैं, लेकिन कोई भी कुपोषण से लड़ने के लिए इन महिलाओं की मदद नहीं करता है।

बहरहाल, कुपोषण की शिकार महिलाओं के स्वास्थ्य का मुद्दा बहुत अहम है। ऐसे में सरकार को इससे जुड़ी योजनाओं को इस प्रकार से क्रियान्वित करने की जरूरत है जिससे केवल दस्तावेज़ की कमी के कारण कोई महिला पोषण और योजनाओं के अन्य लाभ से वंचित न रह जाए। वहीं समाज और इन क्षेत्रों में काम करने वाली स्वयंसेवी संस्थाओं को भी गंभीरता से अपनी जिम्मेदारी निभाने की आवश्यकता है ताकि सभी के संयुक्त प्रयास धरातल पर नजर आएं और इस बस्ती जैसी शहरी गरीबी में जीवन यापन कर रही अन्य स्लम बस्तियों की महिलाएं भी कुपोषण मुक्त जीवन गुजार सकें। (चरखा फीचर)

# सभी लोग 'एक पेड़ मां के नाम' से लगाए : धर्मपाल

अवधनामा संवाददाता



- बोले, वृक्षारोपण अभियान का हिस्सा बनकर सफल बनाएं
- पशु, पक्षी एवं पेड़ हमारी प्रकृति का अभिन्न अंग

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पशुधन,दुग्ध विकास एवं राजनीतिक पेंशन विभाग के कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह ने प्रदेश वासियों से अपील की है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में 20 जुलाई को वृहद वृक्षारोपण जन अभियान 2024 का हिस्सा बनकर इसे सफल बनाएं। श्री सिंह ने कहा कि इस वर्ष 'एक पेड़ मां के नाम' लगाए जाने का आह्वाहन मा0 प्रधानमंत्री जी द्वारा किया गया है और इस अभिनव संकल्प को हमें मिलकर पूरा करना है। हर नागरिक पौधरोपण करे और उसके रखरखाव की भी जिम्मेदारी उठाए।

पशुधन मंत्री ने कहा कि पशुधन विभाग के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वह वृक्षारोपण हेतु विभाग के लिए निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप पौधरोपण कराना सुनिश्चित करें। प्रदेश में इस वर्ष का वृक्षारोपण का लक्ष्य 36.50 करोड़ रखा गया है। अभियान के तहत 7.26 लाख पौधे पशुपालन विभाग द्वारा लगाए जाएंगे।

श्री सिंह ने कहा कि हमें मात्र पौधे लगाकर ही जिम्मेदारी पूरी नहीं करनी है बल्कि लगाए गए पेड़ की देखभाल भी करनी है। श्री सिंह ने कहा कि पशु, पक्षी एवं पेड़ हमारी प्रकृति का अभिन्न अंग है और मानव जीवन के अस्तित्व के लिए आवश्यक हैं। बढ़ती जनसंख्या और ग्लोबल वार्मिंग से तेजी से जलवायु परिवर्तन हो रहा है जिससे अनेक समस्या उत्पन्न हो रहीं हैं और अधिक से अधिक पेड़ लगाना ही एकमात्र उपाय और बचाव है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक वर्ष वृक्षारोपण कार्यक्रम का अभियान मानव एवं प्रकृति के संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण और सार्थक प्रयास है और इससे वनावरण में वृद्धि होगी।

# रिक्त पदों के सापेक्ष 19 अधिकारियों की नियुक्ति आदेश जारी

अवधनामा संवाददाता

- निदेशक व जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारियों के लिए मिले आदेश

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री के अनुमोदन से निदेशालय सैनिक कल्याण एवं जिला सैनिक कल्याण अधिकारियों के 19 रिक्त पदों पर नियुक्ति आदेश जारी कर दिए गए हैं यह जानकारी अतिरिक्त निदेशक (पुनर्वास)/विंग कमाण्डर जितेन्द्र कुमार चौहान (अ0प्रा0) ने दी हैं।

श्री चौहान ने बताया है कि इस भर्ती प्रक्रिया को प्रारम्भ करने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा हाल ही में उ0प्र0 में जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारियों के रिक्त पदों पर नियुक्ति किये जाने के लिये केन्द्रीय सैनिक बोर्ड, नई दिल्ली द्वारा सशस्त्र सेनाओं के तीनों अंगों के सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारियों का पैनल तैयार करवाकर गत 11 जून से 13 जून को 134 अफसरों का साक्षात्कार लिया गया था। पैनल की अध्यक्षता समाज एवं सैनिक कल्याण के प्रमुख सचिव, डा हरिओम आई.ए.एस. द्वारा की गयी थी। अतिरिक्त निदेशक (पुनर्वास) ने बताया कि माननीय मुख्यमंत्री के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार सैनिकों और उनके परिवारजनों के कल्याण एवं पुनर्वास के लिये प्रतिबद्ध है तथा सैनिकों के प्रति संवेदनशील और सजग होकर निरन्तर कार्य कर रही है। उप्र सरकार ने यह सुनिश्चित् किया है कि पूर्व सैनिकों की समस्याओं को जिले स्तर पर त्वरित व प्राथमिकता पर निस्तारण कराया जाए, साथ ही साथ राज्य स्तर पर सैनिक कल्याण विभाग के रिक्त हो रहे निदेशक पद के लिये चयन प्रक्रिया जून माह में मुख्य सचिव की अध्यक्षता में पूर्ण की गई तथा मुख्यमंत्री के अनुमोदन से ब्रिगेडियर अतुल कुमार, सेना मेडल (अ0प्रा0)का चयन हुआ।

# पौधों के संरक्षण पर भी ध्यान दिया जाए : शाही

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने सोमवार को कृषि भवन स्थित सभा कक्ष में 'पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ' जन अभियान-2024 के तहत आगामी वृक्षारोपण लक्ष्य की प्राप्ति के संबंध में विभागीय अधिकारियों के साथ एक वर्चुअल बैठक की। बैठक में उन्होंने बताया कि योगी सरकार ने वर्ष 2024-25 में जनसहभागिता से 36.50 करोड़ पौध रोपण का लक्ष्य रखा है। इसमें से कृषि विभाग द्वारा 2.80 करोड़ पौधे इस वर्ष लगाए जाने हैं।

उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सभी आवश्यक तैयारियां समय पर सुनिश्चित कर ली जाएं और अभियान के तहत लगाए जा रहे पौधों का संरक्षण का भी ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि विभाग के लिए निर्धारित लक्ष्य के 20 प्रतिशत फलदार वृक्ष अवश्य लगाएं जाने चाहिए। इसके साथ ही हर खेत पर मेड़, हर मेड़ पर पेड़ के संकल्प को ध्यान में रखते हुए किसानों को इस अभियान में अधिक से अधिक भागीदार बनाया जाए। एग्री जंक्शन तथा एफपीओ के सदस्यों को भी इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। इसके साथ ही पौधरोपण के लिए कृषि विश्वविद्यालयों एवं कृषि विज्ञान द्वारा भी व्यापक पौधारोपण कार्य किया जाय। कृषि मंत्री ने इस अभियान की महत्ता पर जोर देते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने के लिए यह पहल अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसहभागिता को बढ़ावा देने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु जनजागृति के अभियान चलाये जाएं और जनता को वृक्षारोपण के लाभों तथा कार्बन क्रेडिट के बारे में जागरूक किया जाए। बैठक के दौरान सचिव कृषि श्री अनुराग यादव ने कहा कि वृक्षारोपण के समय की गई सभी गतिविधियों का डॉक्यूमेंटेशन अवश्य किया जाए। उसे 2 दिन के भीतर शासन को उपलब्ध कराया जाए।

# महानिदेशक ने कर्मचारी संयुक्त मोर्चा संगठनों की मांगों के संबंध में की बैठक

अवधनामा संवाददाता

- संयुक्त मोर्चा द्वारा हाफ डे, ईएल, कैशलेश चिकित्सा सहित विभिन्न मांगे प्रस्तुत की गई

**लखनऊ।** मुख्य सचिव, उप्र शासन मनोज कुमार सिंह के निर्देशानुसार गत दिवस महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा द्वारा शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक व कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के समस्त घटक संगठनों की एक आवश्यक बैठक उनकी माँगो एवं समस्याओं के समाधान हेतु निशातगंज स्थित महानिदेशक कार्यालय लखनऊ में आहूत की गई।

महानिदेशक स्कूल शिक्षा श्रीमती कंचन वर्मा ने बताया कि बैठक में संयुक्त मोर्चा के मांगपत्र पर गम्भीरता पूर्वक बिंदुवॉर चर्चा एवं विचार विमर्श किया गया। इसमें हाफ डे, ई.एल., कैशलेश चिकित्सा, शिक्षामित्रों, अनुदेशकों को सम्मानजनक मानदेय दिए जाने, गैर शैक्षणिक कार्यो से मुक्त किए जाने, पदोन्नति प्राप्त शिक्षकों का वेतन निर्धारण एवं उसका नियमानुसार समाधान निकालने तथा प्रोन्नति वेतनमान नियमानुसार निर्गत किए जाने हेतु सभी ज़िला बेसिक शिक्षा अधिकारियों को आदेश जारी करने की माँग संयुक्त मोर्चा द्वारा की गई। उन्होंने यह भी बताया कि संयुक्त मोर्चा द्वारा यह भी मांग की गई कि हमारे अवकाश तालिका में जयंती व रविवार को पड़ने वाले अवकाश को भी दर्शा कर समाज में शिक्षकों के ज्यादा अवकाश मिलने की बात कही जाती है जबकि शिक्षक समस्त जयंती व राष्ट्रीय पर्व मनाने के लिए विद्यालय जाता ही है ऐसे में इन जयंतियों को अवकाश तालिका से हटाया जाए तथा जो कमेटी शासन स्तर पर बनेगी उसमे संयुक्त मोर्चा के प्रतिनिधियों को भी सम्मिलित किया जाय।

# कुष्ठपीडितों के लिए संसद में याचिका करेंगे राम नाईक

अवधनामा संवाददाता



- राजस्थान कुष्ठपीडितों को जीविका भत्ता दिलाएँगे कलराज मिश्र

**जयपुर, लखनऊ।** कुष्ठपीडितों के सबलीकरण हेतु फिर एक बार मैं संसद में विशेष याचिका दर्ज करूंगा, ऐसा ऐलान कुष्ठपीड़ा के संदर्भ में जनजागृती करने हेतु जयपुर में संपन्न राष्ट्रीय अधिवेशन के अध्यक्षस्थान से राजस्थान तथा उत्तर प्रदेश के पूर्व राज्यपाल राम नाईक ने आज किया। जयपुर के 'सार्थक मानव कुष्ठाश्रम' द्वारा आयोजित इस राष्ट्रीय अधिवेशन में देश के 18 राज्यों के प्रतिनिधि शामिल थे।

श्री नाईक ने याद दिलाया कि वर्ष 2008 में उन्होंने देश के विभिन्न कुष्ठपीडित संगठनों के साथ कुष्ठपीडितों के सबलीकरण हेतु राज्यसभा में विशेष याचिका दर्ज की थी। राज्यसभा की याचिका समिति ने देश के विभिन्न कुष्ठपीडित बस्तियाँ, केन्द्रों की यात्रा कर अपनी अभ्यासपूर्ण रपट बनायी थी। और वर्ष 2010 में उसकी 'एक्शन टेकन रिपोर्ट' भी आ गयी। इस रिपोर्ट के चलते विश्व आरोग्य संगठन तथा आरोग्य मंत्रालय के अनुसार कुष्ठपीडितों की विद्यमान वैद्यकीय स्थिति के मद्देनजर लगभग 16 कानूनों में सुधार लाने की बात कही गयी थी। तलाक संदर्भ में सभी धर्मो के कानूनों के साथ-साथ रेल यात्रा अनुमति, चुनाव लड़ने के अधिकार आदि संबंधी कानूनों की बात की गयी थी। कुष्ठपीडितों को जीविका भत्ता कहने पर भी सहमति थी। मगर अभी भी रपट में लिखी कई बातों पर कार्यवाही नहीं हुई है, इतनाही नहीं तो कई राज्यों में अभी भी कुष्ठपीडितों को जीविका भत्ता नहीं मिलता, ऐसी बातें इस अधिवेशन में सामने आयी। इस पर 'पद्म भूषण' से सम्मानित राजस्थान तथा उत्तर प्रदेश के पूर्व राज्यपाल श्री राम नाईक ने फिर एक बार राज्यसभा में विशेष याचिका दर्ज करने का ऐलान किया और अधिवेशन में उपस्थित विभिन्न कुष्ठ संस्थाओं को साथ में सम्मिलित होने का आवाहन किया।

इस अधिवेशन में राजस्थान में अभी भी कुष्ठपीडितों को जीविका भत्ता नहीं मिल रहा है ऐसा कहा गया। इस पर जिस तरह राज्यपाल रहते हुए उत्तर प्रदेश में श्री राम नाईक ने मुख्यमंत्री जी से विशेष अनुरोध कर कुष्ठपीडितों को प्रति माह रु.2,500/- जीविका भत्ता शुरू करवाया। उसी तरह राजस्थान में भी कुष्ठपीडितों को जीविका भत्ता मिले इसलिए अगुवाई करने का वादा राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र ने किया। उन्होंने आयोजकों से तथा सम्मेलन में उपस्थित राजस्थान की अन्य संस्थाओं को कहा कि वें आवेदन तैयार करें; फिर उन्हें मुख्यमंत्री जी के पास स्वयं राज्यपाल लेकर जाएंगे।

पूर्व राज्यपाल श्री राम नाईक तथा राज्यपाल कलराज मिश्र के उद्बोधन से अधिवेशन में नवचेतना निर्माण हुई। अभी भी दुनिया में अज्ञान के कारण लोग कुष्ठरोग को कलंक मानते हैं, उसके कारण तथा बीमारी की वजह से होने वाले व्यंग के कारण कुष्ठपीडित अभी भी प्रताड़ित है। कुष्ठपीड़ा के विषय में लोगों को सजग करने हेतु तथा कुष्ठपीडितों के सबलीकरण हेतु यह राष्ट्रीय अधिवेशन संपन्न हुआ। दुनिया के कुष्ठपीडितों में से 60 प्रतिशत रुग्ण भारत में है ऐसी चौका देनेवाली जानकारी अधिवेशन में सामने आयी। अलग-अलग 800 बस्तिओं में तथा संस्थाओं में देश के कुष्ठपीडित निवास करते हैं। उनका प्रतिनिधित्व इस अधिवेशन में किया गया। सार्थक मानव कुष्ठाश्रम के संरक्षक डॉ केएल जैन, अध्यक्ष सुरेश कौल, भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति के संस्थापक श्री डी।आर।मेहता, राज्य कुष्ठ रोग अधिकारी डॉ विजयलक्ष्मी गोदारा, 'अपाल' की अध्यक्षा श्रीमती माया रणावरे, आयएलपी इंडिया के डॉ। श्रीलेखा पेना, इंटरनैशनल लेप्रसी यूनियन के श्री शरद भोसले, स्पार्क के डॉ अमिताभ मेहरोत्रा, आदि लोगों ने अधिवेशन में अपने विचार रखे। सार्थक मानव कुष्ठाश्रम के श्री आय सी श्रीवास्तव ने उपस्थितों को धन्यवाद दिया।

# राखी भेजने के लिए डाक विभाग ने जारी किए वाटरप्रुफ लिफाफे

**लखनऊ।** देश भर में भाई-बहन के प्यार का सबसे बड़ा पर्व रक्षाबंधन इस वर्ष 19 अगस्त को मनाया जायेगा। डाक विभाग ने भी रक्षाबंधन के लिए खास तैयारियां की हैं। लखनऊ मुख्यालय परिक्षेत्र के अंतर्गत लखनऊ जी.पी.ओ में राखी भेजने के लिए रंगीन व वाटरप्रुफ लिफाफे जारी किए गये हैं। चीफ पोस्टमास्टर सुशील कुमार तिवारी ने बताया कि यह लिफाफे लखनऊ जी.पी.ओ में बिक्री के लिए उपलब्ध हैं। ये डिजाइनर राखी लिफाफे वाटरप्रूफ तथा मजबूत हैं। इस प्रकार के लिफाफे से बारिश के मौसम में भी दूरस्थ स्थानों से भेजी गई राखियाँ सुरक्षित रहेंगी। इन लिफाफों को आकर्षक बनाने के लिए रंगीन व डिजाइनर बनाया गया है। लिफाफे का आकार 11 सेमी × 22 सेमी है व इसकी कीमत मात्र 10 रुपये है, जो डाक शुल्क के अतिरिक्त है। वाटरप्रुफ लिफाफे के बाएं हिस्से के ऊपरी भाग में भारतीय डाक विभाग का लोगो और रक्षाबंधन की डिजाइन के साथ अंग्रेज़ी में राखी लिफाफा लिखा है।

# 'बैड न्यूज़' का प्रमोशन करने स्टारकास्ट पहुंची लखनऊ

अवधनामा संवाददाता




**लखनऊ।** धर्मा प्रोडक्शंस और लियो मीडिया कलेक्टिव के सहयोग से अमेज़ॅन प्राइम द्वारा प्रस्तुत, कॉमेडी-ड्रामा फिल्म 'बैड न्यूज' की रिलीज़ डेट जैसे-जैसे पास आ रही है, फैंस और दर्शकों के बीच इसे लेकर उत्साह बढ़ता जा रहा है। वहीं दूसरी ओर, इसके प्रमोशन का सिलसिला भी उतनी ही तेजी से आगे बढ़ रहा है। इस कॉमेडी-ड्रामा फिल्म को प्रमोट करने के लिए इसके मुख्य कलाकार विक्की कौशल और एम्मी विर्क नवाबों के शहर लखनऊ पहुंचे। आनंद तिवारी के निर्देशन में बनी इस फिल्म में विक्की कौशल, तृप्ति डिमरी और एम्मी विर्क एकदम नए अंदाज में नजर आने वाले हैं। यह फिल्म 19 जुलाई को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज़ होने के लिए पूरी तरह तैयार है।

फिल्म के प्रमोशन को लेकर दोनों कलाकारों ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में भाग लिया, जहाँ उन्होंने फिल्म, अपने किरदार और इसे लेकर अपने अनुभवों के बारे में पत्रकारों से बातचीत करते हुए खूब मौज-मस्ती की और एक-दूसरे के साथ काम करने के अपने अनुभव साझा किए। विक्की कौशल ने बताया कि अभी तक जितनी भी फिल्में की हैं, उनसे 'बैड न्यूज' काफी अलग है, क्योंकि इसमें मुझे कॉमेडी करने का मौका मिला है। हालांकि कॉमेडी करना इतना आसान नहीं होता है, लेकिन मैंने इसे स्वीकार करते हुए अपने आपको थोड़ा चेंज करने की कोशिश की है। साथ ही इसमें पहली बार मुझे एमी और तृप्ति के साथ काम करने का मौका मिला है। वहीं, पंजाबी एक्टर एमी विर्क ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि नए कॉन्सेप्ट पर बनी यह फिल्म दर्शकों को जरूर गुदगुदाएगी और पसंद आएगी। एमी ने कहा कि किसी फिल्म की कहानी ही उसे लोकप्रियता दिलाती है, इस फिल्म को भी इसकी कहानी भी हिट बनाएगी। इस फिल्म के लिए पूरी टीम ने खूब मेहनत की है।

# सी.एम.एस. छात्र को 1,20,000 अमेरिकी डॉलर की स्कॉलरशिप

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, राजाजीपुरम प्रथम कैम्पस के छात्र नित्यम सिंह को उच्चशिक्षा हेतु अमेरिका की सेंट लुईस यूनिवर्सिटी द्वारा 1,20,000 अमेरिकी डॉलर की स्कॉलरशिप से नवाजा गया है। नित्यम को यह स्कॉलरशिप चार वर्षीय उच्चशिक्षा की अवधि के दौरान प्रदान की जायेगी।

सी.एम.एस. छात्र ने इस सफलता का श्रेय विद्यालय के अपने शिक्षकों व विद्यालय के शान्तिपूर्ण शैक्षिक वातावरण को दिया है। सी.एम.एस. प्रबन्धक, प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने सी.एम.एस. छात्र की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। यह जानकारी सी.एम.एस. के जन-सम्पर्क अधिकारी ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि सी.एम.एस. एस.ए.टी. (सैट) एवं एडवान्स प्लेसमेन्ट (ए.पी.) टेस्ट सेन्टर भी है जो उत्तर प्रदेश एवं आसपास के अन्य राज्यों के छात्रों को विश्व के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में स्कॉलरशिप के साथ उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर उपलब्ध करा रहा है। श्री खन्ना ने बताया कि प्रतिवर्ष भारी संख्या में सी.एम.एस. छात्र विश्व के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में उच्चशिक्षा हेतु चयनित होते हैं। इस वर्ष अभी तक सी.एम.एस. के 90 से अधिक छात्रों ने अमेरिका, इंग्लैण्ड, कैनडा, आस्ट्रेलिया, जापान, सिंगापुर, जर्मनी आदि विभिन्न देशों के ख्यातिप्राप्त विश्वविद्यालयों जैसे कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी, आदि में स्कॉलरशिप के साथ चयनित होकर लखनऊ का नाम रोशन किया है।

# टीएमयू की फैकल्टीज़ टीचिंग में अपनाएं इन्नोवेटिव स्किल्सः वीसी प्रो. वीके जैन

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के वीसी प्रो. वीके जैन बोले, टीचर्स को स्टुडेंट्स की नीड के मद्देनज़र टीचिंग को प्लान करना चाहिए। क्लासरूम में जाने से पूर्व एक बार कंटेंट्स को व्यवस्थित करना चाहिए। टीचिंग करते समय इन्नोवेटिव स्किल्स को अपनाना चाहिए, ताकि बेस्ट आउटकम प्राप्त हो सके।

वे ऑफ टीचिंग ऐसा होना चाहिए, छात्र बोरियत महसूस न करें और अपनी सक्रिय सहभागिता दिखाएं। प्रो. जैन तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के तीर्थंकर पार्श्वनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग, अमरोहा की ओर से इंपार्टिंग इन्नोवेटिव एसेंसियल ऑफ नर्सिंग एजुकेशन फॉर फेसेलेटिंग टू स्टुडेंट्स लर्निंग पर आयोजित पांच दिनी वर्कशॉप के शुभारम्भ मौके पर बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। प्रो. जैन बोले, हरेक शिक्षक को अपने-अपने विषय में हमेशा अपडेट रहना चाहिए। फैकल्टी को समय का पाबंद होना चाहिए। टीचिंग में ऐसी तकनीकों और विधियों को शामिल करना चाहिए, जिससे स्टुडेंट्स एक्टिव रहें।

इससे पहले वीसी प्रो. वीके जैन ने बतौर मुख्य अतिथि, डायरेक्टर गवर्नेंस श्रीमती नीलिमा जैन बतौर स्पेशल गेस्ट, सीटीएलडी के डायरेक्टर प्रो. आरएन कृष्णिया, पीडियाट्रिक विभाग की एचओडी डॉ. रूपा सिंह, नर्सिंग कॉलेज की डीन डॉ. एसपी सुभाषिनी, टीपीसीओएन की प्रिंसिपल प्रो. श्योली सेन, वाइस प्रिंसिपल प्रो. जसलीन एम. आदि ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके वर्कशॉप का शंखनाद किया। वर्कशॉप में टीपीसीओएन, अमरोहा की ओर से श्रीमती प्रियंका मसीह, श्रीमती चंद्रप्रभा जोशी, श्री ऑस्कर ओवेदियाह, श्री विजय पुरी गोस्वामी, मिस आरूषि सक्सेना, जबकि टीएमसीओएन, मुरादाबाद की ओर से प्रो. विजिमोल, डॉ. योगेश कुमार, प्रो. जितेन्द्र सिंह, श्री प्रशान्त, श्रीमती कमलदीप कौर, श्री सतीश आदि मौजूद रहे।

# 'इण्डिया आईएमसी' सीएमएस में 27 जुलाई से

अवधनामा संवाददाता

- 29 देशों के बाल गणितज्ञ करेंगे प्रतिभाग

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर प्रथम कैम्पस द्वारा पाँच दिवसीय 'इण्डिया इण्टरनेशनल मैथमेटिक्स कम्पटीशन (इण्डिया आईएमसी-2024)' का आयोजन 27 से 31 जुलाई तक सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में किया जा रहा है, जिसमें प्रतिभाग हेतु विश्व के 29 देशों के 1000 से अधिक बाल गणितज्ञ व विशेषज्ञ लखनऊ पधार रहे हैं। इण्डिया आईएमसी-2024 के अन्तर्गत देश-विदेश के बाल गणितज्ञ विभिन्न गणित प्रतिस्पर्धाओं जैसे पजल चैलेन्ज, इण्डिविजुअल कान्टेस्ट, टीम कान्टेस्ट आदि में प्रतिभाग करेंगे। यह जानकारी सी.एम.एस. के जन-सम्पर्क अधिकारी श्री ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि इस अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन में ताईवान के प्रख्यात गणितज्ञ प्रो. वेन सेन सुन समेत देश-विदेश के कई प्रख्यात गणितज्ञ भी पधार रहे हैं जो गणित प्रतियोगिताओं में निर्णायक की भूमिका निभाने के साथ ही बाल गणितज्ञों का मार्गदर्शन भी करेंगे।

श्री खन्ना ने बताया कि इण्डिया आईएमसी-2024 के प्रतिभागी देशों में बांग्लादेश, बोलिविया, बोत्सवाना, बुल्गारिया, कनाडा, चीन, साइप्रस, हाँगकाँग, इण्डोनेशिया, किर्गिस्तान, कोरिया, मलेशिया, मैक्सिको, मंगोलिया, नेपाल, पेरू, फिलीपीन्स, ट्यूनीशिया, उजबेकिस्तान, रोमानिया, साउथ अफ्रीका, श्रीलंका, ताइवान, तजाकिस्तान, थाईलैण्ड, युगांडा, अमेरिका, वियतनाम एवं भारत प्रमुख हैं। श्री खन्ना ने बताया कि इस अन्तर्राष्ट्रीय गणित प्रतियोगिता में विभिन्न देशों के बाल गणितज्ञों को गणित की नवीनतम जानकारियों से रूबरू होने एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धाओं के माध्यम से ज्ञान का आदान-प्रदान करने का भरपूर अवसर मिलेगा।

# महिला कल्याण विभाग के अन्तर्गत राजस्व पक्ष के लिए 1238.61 लाख मंजूर

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने चालू विश्रीय वर्ष 2024-25 में महिला कल्याण विभाग के अन्तर्गत राजस्व पक्ष में पूर्णतया राज्य पोषित अधिष्ठान व्यय के लिए 12138.61 लाख रूपयें मंजूर किये हैं। मंजूर की गयी धनराशि निदेशक, महिला कल्याण के निवर्तन पर रखी गयी है। यह धनराशि महिला कल्याण निदेशक हेतु प्रविधानित कुल धनराशि 2477.15 लाख रूपये के सापेक्ष द्वितीय छमाही हेतु आवश्यक धनराशि के रूप में मंजूर की गयी है। इस संबंध में महिला कल्याण विभाग ने आवश्यक आदेश जारी कर दिये हैं। आदेशनुसार बजट प्राविधान के सापेक्ष धराशि की उपलब्धता का दायित्व निदेशक, महिला कल्याण का होगा। विश्रीय स्वीकृति का आदेश निदेशक, महिला कल्याण द्वारा बजट प्राविधान के सापेक्ष अवशेष धनराशि की उपलब्धता की स्थिति में ही निर्गत किया जायेगा।

# गोला गोकर्णनाथ में लाइट एण्ड साउण्ड शो के लिए 15 करोड़ खर्च होंगे : जयवीर सिंह

अवधनामा संवाददाता



- विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए उप्र के ऐतिहासिक स्थलों को नये सिरे से सजाया एवं संवारा जा रहा

**लखनऊ।** पर्यटन विभाग द्वारा लखीमपुर स्थित गोला गोकर्णनाथ के पौराणिक शिव मंदिर परिसर में 15 करोड़ रुपये की लागत से मंदिर का सौन्दर्यीकरण एवं यात्री सुविधाओं का विस्तार तथा लाइट एण्ड साउण्ड शो की व्यवस्था की जायेगी। पर्यटन विभाग धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सभी प्राचीन मंदिरों को संवारने एवं सजाने का कार्य कर रहा है। पर्यटन सेक्टर में धार्मिक पर्यटन तेजी से उभर रहा है। जिसकी वजह से स्थानीय लोगों को रोजी-रोटी मिलने के साथ ही हास्पिटेलिटी सेक्टर को भी रोजगार मिल रहा है। लखीमपुर का गोला गोकर्णनाथ मंदिर अति प्राचीन धरोहर है। सालभर श्रद्धालु यहां दर्शन पूजन के लिए आते रहते हैं। इस दृष्टिकोण से बुनियादी सुविधाओं में बढ़ोत्तरी की जा रही है।

यह जानकारी प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि मंदिर परिसर में लाइट एण्ड शो के माध्यम से श्रद्धालुओं को यहां की पौराणिक मान्यताओं, परम्पराओं तथा मंदिर की महत्ता के बारे में जानकारी दी जायेगी। इसके साथ ही मंदिर से जुड़े इतिहास एवं अध्यात्म के बारे में भी बताया जायेगा। उन्होंने बताया कि इस मंदिर में दर्शन के लिए दूर-दूर से श्रद्धालु आते हैं। सावन के महीने और अन्य दिनों में श्रद्धालुओं की संख्या ज्यादा बढ़ जाती है। इस प्राचीन शिव मंदिर को छोटा काशी भी कहा जाता है।

जयवीर सिंह ने बताया कि प्रदेश में पर्यटन सुविधाओं का सतत विकास किया जा रहा है, जिससे प्रदेश में भ्रमण पर आने वाले पर्यटकों को बेहतर अनुभव प्राप्त हो सके। गोला गोकर्णनाथ स्थित शिव मंदिर की पौराणिक मान्यता है। यहां श्रद्धालु दूर-दूर से आते हैं। हमारा प्रयास है कि यहां आने वाले पर्यटक सुखद स्मृति लेकर लौटें। उन्होंने बताया कि काशी, प्रयागराज, अयोध्या, मथुरा तथा गोला गोकर्णनाथ के प्रति लोगों की अगाध आस्था है। श्रद्धालु एवं पर्यटक आस्था के प्रतीक इन धार्मिक स्थलों पर पधारकर सुख एवं शांति की कामना करते हैं।

# 'ज्ञानदान युग धर्म है'



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** गायत्री ज्ञान मंदिर इंदिरा नगर, लखनऊ के विचार क्रान्ति ज्ञान यज्ञ अभियान के अन्तर्गत ''बाबू युगराज सिंह आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एण्ड हॉस्पिटल मलेसेमऊ गोमती नगर विस्तार लखनऊ'' के केन्द्रीय पुस्तकालय में गायत्री परिवार के संस्थापक युगऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा रचित सम्पूर्ण 79 खण्डों का 414वाँ ऋषि वांड़मय की स्थापना कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। उपरोक्त साहित्य गायत्री परिवार की सक्रीय कार्यकर्त्री श्री अभिनेश कुमार वर्मा एवं श्रीमती रीना वर्मा ने अपनी पुत्री के उज्जवल भविष्य के लिए भेंट किया तथा सभी छात्र-छात्राओं एवं संकाय सदस्यों को (हिन्दी) अखण्ड ज्योति पत्रिका भेंट की।

इस अवसर पर वाड्मय स्थापना अभियान के मुख्य संयोजक उमानंद शर्मा ने कहा कि ''ज्ञान यज्ञ युग धर्म है। संस्थान के उपप्रधानाचार्य डॉ. शैलेन्द्र सिंह, श्रीमती ऊषा सिंह ने अपने विचार रखे संस्थान के प्राचार्य कमला यादव ने धन्यवाद ज्ञापन व्यक्त किया। इस अवसर पर उमानंद शर्मा, सर्वश्री, देवेन्द्र सिंह, विजय, प्रो. कमला यादव, श्रीमती ऊषा सिंह, श्रीमती रीना वर्मा, सुश्री प्राची वर्मा एवं संस्थान के डॉ. शैलेन्द्र सिंह, विभागाध्यक्ष चिकित्सकगण एवं छात्र-छात्रायें मौजूद थे।

# फिजा में गूंजी या हक या हुसैन की सदाएं

- हुसैनी सदाओं में निकला मुहर्रम का जुलूस

अजय श्रीवास्तव



**ललितपुर।** नम आंखों के साथ अमन शान्ति व इंसानियत का पैगाम लेकर शहर की सड़कों पर हजारों की भीड़ उमड़ पड़ी। हुसैनी सदाओं में मुहर्रम का जुलूस निकाला गया। सजी ताजियों व बुर्खों की मिशिल, फातिहा पढ़ कर माँगी मुरादें ललितपुर बुधवार की शाम मोहर्रम की 10 वीं तारीख में सव की जुवाँ पर या हुसैन की सदाए। गम में डूबे इमाम हुसैन की चाहने वाले हर ओर जिक्र-ए-शहादत शहर की तंग गलियों से लेकर करबला तक बुलन्द होती या हुसैन की सदाएं। हर आँखें नम हर चेहरे पर इमाम हुसैन का गम कुछ ऐसा था, मुहर्रम की तारीख 10 पर निकला जुलूस का नजारा ताजियादारों ने मातम कर खिराजे अकीदत पेश की। हल्के ठण्डे मौसम में ताजियाजदारों ने अपने अपने मुकाम से ताजिया घंटा घर के लिए निकले। इस दौरान जगह-जगह मातम किए गए और ताजियों व बुरोकों की मिशिल सजाई गई। यहाँ पहुचे जायरीनों ने ताजियों के पास फातिहा पढ़ी व मुरादें माँगी। सड़क के दोनों ओर खड़े सैकड़ों लोग नम आँखों से ताजिया की जियारत की। बताते चले के एक से बढ़कर एक ताजियों की खूबसूरती रही नदीपुरा बब्बा वाले ताजिया में इस साल सबसे अधिक खूबसूरती नजर आयी रोजा हजरत इमाम हुसैन की ताजिया में खूबसूरती नजर आयी। ललितपुर में सबसे अलग खूबसूरती रही जिस में कारीगरी करते जनाव अय्यूब अली, सादिक अली, रफीक अली, मौसम अली, हैदर अली आदि के अलावा अन्य मौजूद रहे। पैगम्बर-ए-इस्लाम हजरत मुहम्मद सल्ललाहो अलैह वसल्लम के नवासे शहीद-ए-आजम हजरत इमाम हुसैन रजी. की शहादत में मुहर्रम शिद्दत के साथ मनाया गया। मुहर्रम पर्व पर शहर में ताजियों का जुलूस निकाला गया। सभी सड़क के दोनों तरफ कतारबद्ध खड़े होकर ताजियों को नम आँखों से देख मातमी धुनों के साथ जियारत कर रहे थे। इमाम हुसैन की बारगाह में अपनी दुआओं को अकीदत पेश करते है गौरतलब है। कि हजरत इमाम हुसैन और उनके साथियों को इराक के करबला में जालिम बादशाह यजीद की गलत नीतियों के समर्थन न करने के कारण इमाम हुसैन व उनके 72 जां निसार साथियों को भूखा और प्यासा शहीद कर दिया गया था। जालिमों ने जहां एक और औरतों और बच्चों का भी लिहाज नहीं किया। वहीं दूसरी और इमाम हुसैन ने अपने साथियों को धैर्य और त्याग की सीख देते रहे उन्हीं की याद में मुस्लिम धर्मावलम्बी अपनी अकोदतों का इजहार करते हैं। जुलूस अकीदत और एहतराम के साथ डोंढ़ाघाट स्थित करबला पहुंचा। पुलिस अधीक्षक ललितपुर मो.मुश्ताक के निर्देश में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जनपद में निकला मुहर्रम का जुलूस सदर क्षेत्राधिकारी अभय नारायण राय ने दो ताजियादारों को सील्ड दी। इस मौके पर प्रमुख रूप से मोहर्रम ताजिया कमिटि के सदर रमजानी दादा, सादिक अली, मु.कलीम साहब, मुहम्मद नसीम, रज्जब अली, हमीद मंसूरी, जाहिद खां मंसूरी, मा.साहब, मु.अज्जू बाबा, मु.इमरान मंसूरी, मीडिया प्रभारी मु.जावेद अली, अब्दुल साकिर, सादिक अली, अबरार खान आदि मौजूद रहे। मोहर्रम ताजिया के जुलूस को लेकर ललितपुर पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने शहरी क्षेत्र के विभिन्न ताजियों के स्थलों पर घूमकर जायजा लिया। इस दौरान में सभी जगहों पर पुलिस और प्रशासन का भी पहरा रहा।

## मुख्यमंत्री आवास बनवाने के नाम पर 60 हजार हड़पने का आरोप

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** मुख्यमंत्री आवास बनवाने के नाम पर रुपये हड़पने का आरोप लगाते हुये थाना जाखलौन क्षेत्रांतर्गत ग्राम बरखेरा निवासी महिला ने मुख्यमंत्री को एक शिकायती पत्र भेजा है। शिकायती पत्र में लाडकुंवर पत्नी राकेश ने बताया कि विगत एक वर्ष पहले थाना जखौरा क्षेत्र के ग्राम बानौली निवासी बालकिशन पुत्र चुक्खो अहिरवार ने उसे बहला-फुसलाकर मुख्यमंत्री आवास का निर्माण कराये जाने का प्रलोभन देकर 60 हजार रुपये लेकर हड़प कर लिये हैं। महिला का आरोप है कि आवास न बनने पर जब उसने रुपये वापस मांगे तो उक्त बालकिशन अब आना-कानी कर रहा है। बताया कि इस सम्बन्ध में जिलाधिकारी, थानाध्यक्ष को शिकायती पत्र दिया था, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुयी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने बालकिशन अहिरवार के खिलाफ धारा 406 आई.पी.सी. के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# समाज के विकास के लिए सभी स्वजातीय बंधुओं का सहयोग आवश्यक: दीपक

- नामदेव मंदिर पर शिखर निर्माण कार्य का शुभारंभ
- विद्वान धर्माचार्यों ने कराया मुहूर्त पूजन

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** शहर की हृदयस्थली सुमेरा तालाब के पहले छोर पर स्थित श्रीसत्यनारायण नामदेव समाज मंदिर के शिखर निर्माण का भव्य शुभारंभ सर्व समाज के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। जिसमें विधि विधान के साथ विद्वान ब्राह्मणों द्वारा विधिवत पूजन संपन्न किया है। विदित हो कि श्री सत्यनारायण नामदेव समाज मंदिर जनपद के प्राचीन मंदिरों में से एक है। काफी समय से मंदिर के अर्धनिर्मित शिखर का कार्य अधूरा था, जिसका श्रीगणेश आज एकादशी पर शुरू हो गया है। जिसका पूजन समाज के वरिष्ठजनों से कराया गया। साथ ही समाज बंधुओं द्वारा निर्माण कार्य में बढ़-चढ़कर सहयोग करने की घोषणा की गई। इस मौके पर मालथौन से पधारे शिक्षक एवं वरिष्ठ कवि रूपकिशोर जी ने शिखर पूजन के सहयोग की प्रथम घोषणा की गई। साथ ही साथ समय नामदेव आर्टिस्ट द्वारा भी शिखर निर्माण के लिए सहयोग की घोषणा की गई। सभी सहयोगियों का अभिनंदन कार्य समिति ने किया सभी अतिथियों ने सामाजिक कार्यों में समाज की सहभागिता और एकता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कार्यकारिणी को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद संजय सेठ, जिला पंचायत सदस्य अमर विश्वकर्मा, प्रमोद लिटौरिया, रामगोपाल नामदेव, बृजेंद्र सिंह सह संयोजक धर्म जागरण परिषद, सुनील शर्मा वरिष्ठ पत्रकार, लक्ष्मीनारायण विश्वकर्मा आचार्य जी, बृजमोहन संज्ञा अध्यक्ष संस्कार भारती, कृष्णकांत सोनी, श्रीराम नामदेव, अनिल नामदेव, दीपक नामदेव, विजय नामदेव, संतोष सोनी गुरु, संतोष नामदेव दैलवारा, सीताराम नामदेव सिरसौद, रामकुमार नामदेव, अशोक नामदेव, हेमंत नामदेव, राजेश नामदेव, खुशीलाल नामदेव, केशव नामदेव पुजारी, बालकिशन नामदेव, प्रशांत नामदेव, राजेश नामदेव, अजय नामदेव, राम कुमार नामदेव, राकेश नामदेव रोंडा, अवधेश नामदेव, अंशुल झा, संजू ग्वाला, राजेश नामदेव आदि मौजूद रहे।

# बीएसए ने प्राथमिक विद्यालय बरखेरा का किया औचक निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

- अनुपस्थित शिक्षामित्र की सेवा समाप्त
- विद्यालयों का औचक निरीक्षण कितना प्रभावी: जांच का विषय है

**ललितपुर।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रणवीर सिंह ने गुरुवार को विकासखंड बिरधा के प्राथमिक विद्यालय बरखेरा का औचक निरीक्षण किया। सुबह 9 बजे किये गये निरीक्षण में प्र.अ.अभिलाष पाराशर, सहा.अ. तबस्सुम, सहा.अ. उमा कान्ति एवं शिक्षामित्र समीक्षा उपस्थित थे। शिक्षामित्र सुनीता कई वर्षों से बिना किसी सूचना के लगातार अनुपस्थित चल रहीं हैं। प्र.अ.द्वारा उपस्थिति पंजिका पर उनका अवकाश का अंकन किया जाता है। अन्य दो शिक्षामित्र मोनिका व अनीता बिना किसी सूचना के विद्यालय में अनुपस्थित पायी गयीं। विद्यालय में कुल 140 बच्चों के सापेक्ष मात्र 95 बच्चे ही उपस्थित पाये गये। विद्यालय में अध्ययनरत बच्चे बिना यूनिफार्म के विद्यालय में अध्ययन कर रहे हैं। जबकि बच्चों व अभिभावकों के खातों में डीबीटी के माध्यम से धनराशि भेजी जा चुकी है। विद्यालय के प्र.अ. व शिक्षकों द्वारा बच्चों के अभिभावकों से सम्पर्क नहीं किया गया और न ही पी.टी.ए. की बैठक करायी गयी और न ही अभिभावकों को यूनिफार्म बनवाने के लिए प्रेरित किया गया। इसके अलावा बच्चों का शैक्षिक स्तर अत्यन्त न्यून पाया गया। विद्यालय में एमडीएम मेन्यू के अनुसार रोटी- सब्जी बनाई जा रही थी। बीएसए ने रसोइयों से रोटी-सब्जी बनाने के लिए मानक पूछा तो कोई मानक नहीं बताया गया। सब्जी की गुणवत्ता भी ठीक नहीं पायी गयी। कक्षा 4 में अध्ययनरत छात्रों ने बताया कि यदा-कदा केले का वितरण होता है, जबकि दूध वितरण नहीं कराया जाता है। विद्यालय में प्राप्त कम्पोजिट ग्रांट धनराशि 50 हजार रुपये के सापेक्ष कराये गये कार्यों का विवरण का अभिलेखों में अवलोकन नहीं कराया गया। प्र.अ.द्वारा बताया गया कि चाबी नहीं है व विद्यालय में चोरी हुयी है। विद्यालय की रंगाई पुताई व साफ-सफाई संतोष जनक नहीं पायी गयी। बीएसए ने उक्त कमियों को लेकर प्रधानाध्यापक अभिलाष पाराशर को दोषी मानते हुये इनके द्वारा शिक्षामित्रों को अनुपस्थित रहने में संरक्षण देने और विद्यालय में शिक्षण कार्य में रूची न लेने पर तीन दिन के अंदर स्पष्टीकरण दिये जाने के लिए निर्देशित किया। साथ ही शिक्षामित्र सुनीता की सेवा समाप्ति की कार्यवाही तीन दिन में पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया गया। शिक्षामित्र मोनिका व अनीता के अनुपस्थित रहने के दिवस का मानदेय काटने एवं सहायक अध्यापिका तबस्सुम व सहायक अध्यापिका उमा कान्ति से भी तीन दिन में स्पष्टीकरण देने के लिए निर्देशित किया गया।

## संस्कार भारती ने गुरु की महत्ता पर आयोजित किया भाषण प्रतियोगिता

**मथुरा।** संस्कार भारती वृंदावन के तत्वावधान में प्रसिद्ध समाजसेवी निकुंजवासी कृष्णकुमार अग्रवाल की पुण्यस्मृति में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें मानव जीवन में गुरु की महत्ता विषय पर छात्रों ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्याम प्रकाश पांडेय एवम विशिष्ट अतिथि रवि अग्रवाल के द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका श्री सोमकांत त्रिपाठी अरुण दीक्षित एवं मोहनलाल मोही द्वारा निभाई गई। संस्कार भारती वृंदावन के अध्यक्ष बृज किशोर त्रिपाठी ने कार्यक्रम की भूमिका रखते हुए कहा की संस्कार भारती, कला एवं साहित्य के क्षेत्र में समाज के सभी वर्गों को अपने साथ जोड़ने वाली एक सामाजिक और सांस्कृतिक क्रांति का नाम है। कल ऋषि बाबा योगेंद्र जी के स्वप्न का साकार रूप संस्कार भारती आज संपूर्ण विश्व में कल और संस्कृति के विकास के माध्यम से भारतीय संस्कृति को जन जन के मन में स्थापित करने का प्रयास कर रही है। प्रतियोगिता में भैया प्रिंस गुप्ता,माधवगौतम तथा करुणा शंकर त्रिपाठी ने क्रमशः प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# धार्मिक स्थान पर गोलीकांड करने वालो के खिलाफ कार्यवाही कब

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** शहर कोतवाली क्षेत्र की धार्मिक मस्जिद मनोहर पुरा में तीन दिन पूर्व हुए गोलीकांड के बाद अभी तक पुलिस ने आरोपियों पर कोई कार्यवाही नहीं करते हुए खुली छूट दे रखी है। इस मामले में पुलिस ने पीड़ित पक्ष के खिलाफ एक तरफ मुकदमा दर्ज कर गोलीकांड वाले आरोपियों को बचाने के प्रयास में लगी हुई है। जबकि दूसरे पक्ष के व्यक्ति भी गंभीर रूप से घायल हुआ है और पुलिस ने मेडिकल भी कराया है। लेकिन पीड़ित की अभी तक रिपोर्ट दर्ज नही की। धार्मिक स्थान पर हुए गोलीकांड होने की सूचना खुफिया विभाग और पुलिस के कानो में भी सुनाई दी है। लेकिन पुलिस आरोपियों को क्यों बचा रही है। ये बात समय के गर्भ में है। जानकारी के मुताबिक दरेशी रोड़ निवासी 52 वर्षीय शमशुल कमर पुत्र स्व मोहम्मद इस्ताक बीते 15 जुलाई की शाम करीब सवा सात बजे नमाज अदा करने के लिए मनोहर पुरा मस्जिद में नमाज अदा करने के लिए गया था। बकौल शमशुल कमर के अनुसार मस्जिद में कुछ नमाजियों ने नमाज के दौरान कमेटी के सदस्य हाजी हनीफ और आलमगीर से जनरेटर चलाने की बात कही। इस बात से नाराज कमेटी के सदस्यों ने नमाजियों से अपशब्दों का प्रयोग किया। इसका विरोध पीड़ित शमशुल कमर ने किया तो उसके साथ लाठी डंडों ओर धारदार हथियार से प्रहार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया और आरोपी पक्ष की और से पथराव और फायरिंग कर दी गई। इस झगड़े में चार लोग घायल हुए थे।लेकिन पुलिस ने शमशुल कमर और तौफिक उर्फ गब्बर का मेडिकल कराया था। मस्जिद के पास हुई फायरिंग से अफरा तफरी का माहोल पैदा हो गया और नमाज़ी अपनी जान बचाने के लिए सुरक्षित स्थान पर पहुंचे। घायल शमसुल कमर ने बताया कि तौफिक उर्फ गब्बर ने मुझे जान से मारने की नियत से गोली चलाई थी। जिससे में बाल बाल बचा। इसके अलावा इस घटना में चांद हाशमी पुत्र हाजी हनीफ मुस्ताक पुत्र हाजी सुलतान और आरिफ पुत्र इस्लाम व अन्य लोग भी शामिल है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों का मेडिकल कराकर एक पक्ष की रिपोर्ट दर्ज कर पीड़ित परिवार को जेल भेजने की तैयारी में है। जबकि गोलीकांड करने वाले के खिलाफ अभी तक कोई मुकदमा पंजीकृत नहीं किया गया है। पीड़ित का आरोप है कि इस झगड़े में नमाजी जाविद मास्टर और मुस्तफा भी घायल हुआ। लेकिन पुलिस ने उन्हें थाने से भगाकर मेडिकल भी नही होने दिया। इसकी शिकायत पीड़ित ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से की है। लेकिन अभी तक उनका मेडिकल ओर रिपोर्ट दर्ज नही की गई। आखिर पुलिस किस दबाव में है जो धार्मिक स्थान पर फायरिंग करने वाले व्यक्ति के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं कर रही है। ये स्थानीय लोग और नमाज़ी भी नही समझ पा रहे है। धार्मिक स्थान पर हुई फायरिंग की घटना इलाके में चर्चा का विषय बनी हुई है।

## बोलेरो सवार पर हमला, ट्रैक्टर-ट्रॉली से आए हमलावर

**मथुरा।** थाना रिफाइनरी क्षेत्र के अंतर्गत टाउनशिप की गंगा सिटी कॉलोनी के बाहर बृहस्पतिवार को दोपहर ट्रैक्टर सवार डेढ़ दर्जन से अधिक सशस्त्र लोगों ने बोलेरो सवार मामा-भांजे को घेर कर हमला बोल दिया। लाठी, सरिया, डंडों से मारपीट की। फायिंरग करते हुए हमलावर भाग गए। गोली लगने से मामा की हालत गंभीर है। दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रिफाइनरी थाना क्षेत्र अन्तर्गत काशीराम कॉलोनी एवं कोयला अलीपुर गांव की ओर जाने वाले मार्ग पर एक दशक पूर्व गंगा सिटी कालोनी का निर्माण बनै सिंह यादव द्वारा कराया गया था। यही के निवासी शेरा पहलवान (38) पुत्र किशनपाल सिंह निवासी गंगा सिटी अपने भांजे विकास (22) पुत्र महेंद्र सिंह निवासी रॉची बांगर के साथ बृहस्पतिवार को दोपहर लगभग एक बजे बोलेरो गाड़ी में सवार होकर गंगा सिटी कॉलोनी से ही आरओ पानी लेने जा रहे थे। इसी दौरान दो ट्रैक्टरों पर सवार होकर आए सशस्त्र डेढ़ दर्जन से अधिक लोगों ने मामा भांजे को घेर लिया। गाड़ी से बाहर खींचकर इन पर लाठी, डंडों और सरियों से हमला किया।

# थाना एएचटीयू, आरपीएफ की संयुक्त टीम ने चलाया अभियान

अवधनामा संवाददाता



- बालश्रम, बाल भिक्षावृत्ति उन्मूलन रोकथाम के तहत चला अभियान

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के कुशल निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक/ नोडल अधिकारी अनिल कुमार के पर्यवेक्षण एवं मार्गदर्शन में थाना एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट (एएचटीयू) व आर.पी.एफ. की संयुक्त टीम के साथ बालश्रम, बाल भिक्षावृत्ति उन्मूलन रोकथाम अभियान में होटल, ढाबा, रेलवे स्टेशन, बस स्टैण्ड आदि स्थानों पर एएचटीयू टीम द्वारा बाल श्रम, बाल भिक्षावृत्ति उन्मूलन रोकथाम अभियान तथा मानव तस्करी रोकथाम के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया।

अभियान के अंतर्गत भिन्न-भिन्न दुकानों, दुकानदारों को बाल श्रम अधिनियम के बारे में बताया गया व हिदायत दी गयी किसी भी दशा में 18 वर्ष से कम उम्र के किशोर से बाल श्रम न कराया जाए ऐसा करना दंडनीय अपराध है। चैकिंग अभियान के दौरान कोई किशोर श्रमिक बाल श्रम करते नहीं पाए गए। इस अभियान में एन्टी ह्यूमन ट्रैफिकिंग (एएचटीयू) थानाध्यक्ष उ.नि. योगेन्द्र सिंह, उपनिरीक्षक राजकुमार यादव, म.का. कल्पना बाजपेयी, महिला आरक्षी सीता देवी व आरपीएफ की संयुक्त टीम द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## महाराणा प्रताप भवन निर्माण को लेकर रूप रेखा की तैयार

**चौमुहां (मथुरा)।** गोकुल रेस्टोरेंट के समीप एक होटल में महाराणा प्रताप सेवा सदन के पदाधिकारियों की बैठक हुई। जिसमें कमेटी के समस्त लोगों ने आगामी एक अगस्त को महाराणा प्रताप भवन का भूमिपूजन व तैयारियों को लेकर रूपरेखा तैयार की गई। समाजसेवी ठाकुर यशवीर सिंह राघव ने महाराणा प्रताप भवन के लिए जैंत शेरगढ़ के महाराणा प्रताप मार्ग पर सामलिया फॉर्म हाउस के समीप एक बीघा जमीन दान दी थी। बैठक में भूमिपूजन के साथ, भवन निर्माण, सांस्कृतिक कार्यक्रम, सामाजिक कार्यों की रूपरेखा तैयार की गई। भवन निर्माण हेतु सवर्ण समाज के लोगों ने अपने अपने दान की घोषणा की। महाराणा प्रताप सेवा सदन के जिलाअध्यक्ष सुजान सिंह ने कहा कि वर्षों से महाराणा प्रताप भवन को लेकर कमेटियां बनी, बातचीत हुई। लेकिन जमीन न होने के चलते भवन बनना सपना ही रहा। यशवीर राघव द्वारा जमीन दान दिए जाने के बाद अब दिख रहा है कि मथुरा में बहुत ही भव्य और दिव्य महाराणा प्रताप भवन बनकर तैयार होगा।

# उल्टा चोर कोतवाल को डांटे

अवधनामा संवाददाता

- हजरत मोहम्मद पैगंबर और ओवैसी पर अभद्र टिप्पणी करने वाले दे रहे प्रशासन को आत्मदाह की धमकी
- लाचार मथुरा जिला प्रशासन ने साधी चुप्पी

**मथुरा।** प्रदेश में राजनैतिक उठापटक का दौर चल रहा है प्रशासन भी मूक दर्शक बन स्थिति को भांपने मै लगा है इसी बात का फायदा मथुरा जनपद के छपास जीवी उठा रहे है, लगातार कुछ मथुरा के पत्रकारों को बरगला कर अपनी राजनैतिक रोटी सेकने में लगे है। प्रशासन भी इन छपास जीवी की हरकत को देख रहा है पर राजनीति का ऊंट किस करवट बैठेगा उसे देखने मै लगा हुआ है। मथुरा जनपद मैं शांत फिजा कुछ लोगों को रास नहीं आ रही राधा कृष्ण की प्रेम नगरी मैं संत तुलसीदास से लेकर रसखान तक प्रेम के वशीभूत होकर भक्ति भाव में सराबोर होकर रहे इसी कारण मथुरा जनपद मै कई बार शरारती तत्वों द्वारा दंगा भड़काने की कोशिश की पर यहां के अमन पसंद हिंदू और मुसलमान दोनों ही मजहब के लोग इन लोगों की फरेबी चाल से बचते रहे। इसी का परिणाम है मथुरा जनपद मै काफी लम्बे समय से कोई मजहबी उन्माद नही हुआ। ये यहां के कुछ शरारती तत्वों को पसंद नही आ रहा लगातार मथुरा को दंगे की आग मै झोंकने का प्रयास किया जाता रहा है कभी पैगंबर मोहम्मद पर टिप्पणी हो या ओवैसी की जीभ काटने वाली बात दोनों ही समुदाय के लोग इन फरेबी लोगों के उकसावे मै नही आए ये और प्रशासन को कानून का पालन कर ऐसे लोगों पर कार्यवाही करने के लिए विवश किया। प्रशासन ने भी दिखावे की कार्यवाही करने मै देर नही की पर इन लोगों को समाज मै जहर घोलने के लिए खुल्ला छोड़ दिया गया। इन छपास जीवी ने प्रशासन की लाचारी का फायदा उठा उल्टा प्रशासन पर ही दबाव बनाना चालू कर दिया। जनता की समझ से परे है कि मथुरा जिला प्रशासन किस मजबूरी के कारण इन लोगों को इस तरह की हरकत पर खुले आम मथुरा मैं उन्मादी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए खुली छूट दे रहा है। आज कुछ समाचार पत्रों मै छपास जीवी ने प्रकाशित कराया है कि वह उसके ऊपर लगे फर्जी मुकदमे बापस नही लिए गए तो मुख्यमंत्री कार्यालय पर आत्मदाह करेगा। मथुरा प्रशासन किस मजबूरी के तहत इस छपास जीवी की इस हरकत को बर्दास्त कर रहा है। मामला मीडिया चैनलों मै खुद इसी ने अपनी वीडियो वाइट के माध्यम से अभद्र टिप्पणी की फिर प्रशासन पर फर्जी मामला दर्ज करने का आरोप किस तरह लगा कर लोगों को प्रशासन के खिलाफ भड़काने का प्रयास कर रहा है। मीडिया के मित्रो को भी इस प्रकार के लोगों से बचने की जरूरत है। प्रशासन इस छपास जीवी की समाचार पत्रों के माध्यम से आत्मदाह की धमकी को संज्ञान में लेकर कढ़ी कार्यवाही कर अपने ऊपर उठ रही उंगलियों को शांत कर अपने कर्तव्य का पालन करे।

बिहार में जीतन सहनी हत्याकांड प्रकरण

# बिहार में राष्ट्रपति शासन की माँग

अवधनामा संवाददाता

- सपा पिछड़ा प्रकोष्ट ने राष्ट्रपति के नाम दिया

**मथुरा।** महानगर समाजवादी पार्टी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ ने बिहार में बिगड़ती कानून व्यवस्था व सरेआम हो रही हत्याओं की श्रृंखला में वीआईपी पार्टी के प्रमुख व पूर्व कैबिनेट मंत्री मुकेश सहनी के पिता जीतन सहनी की निर्मम तरीके से की गई हत्या को लेकर एसएसपी आवास के निकट धरना स्थल से पैदल मार्च प्रदर्शन कर जिला मुख्यालय पर महामहिम राष्ट्रपति के नाम समाजवादियों ने उपजिलाधिकारी अतिरिक्त नरेंद्र सिंह को दो सूत्रीय ज्ञापन सौंपा इस दौरान मथुरा-वृंदावन विधानसभा प्रभारी देवकीनंदन कश्यप व विधानसभा अध्यक्ष डा राजेंद्र प्रसाद लोधी ने संयुक्त रूप से कहा कि बिहार में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं रह गई है। पूरी तरह से जंगलराज कायम है। बिहार सरकार कानून व्यवस्था के मामले में पूरी तरह से फेल है। लोगों में भय का माहौल है। साथ ही सपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के महानगर अध्यक्ष रमेश सैनी ने कहा कि जीतन सहनी के हत्यारों को अभिलंब गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया जाए। और बिहार प्रदेश सरकार कानून व्यवस्था में पूरी तरह से फेल है। ऐसे में राज्य सरकार को बर्खास्त किया जाए और प्रदेश में राष्ट्रपति शासन लागू कर कानून का राज स्थापित किया जाए। प्रदर्शन के दौरान संस्थापक सदस्य प्रहलाद यादव, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के महानगर अध्यक्ष रमेश सैनी, विधानसभा अध्यक्ष डा राजेंद्र प्रसाद लोधी, विधानसभा प्रभारी देवकीनंदन कश्यप, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के विधानसभा अध्यक्ष ओमपाल सैनी, संजय यादव, लुकेश कुमार राही अध्यक्ष समता फाउंडेशन, कैलाश निषाद, अनिल निषाद, एड. दाऊ शर्मा उर्फ पण्डा, मनीष आजाद, संजय शर्मा, जय शर्मा, नेत्रपाल सिंह, सौदान सिंह, देवकी, पीतम सैनी, मुकेश सैनी आदि उपस्थित रहे।

## जंगल में लकड़ी काटने गई किशोरी का अपहरण

**मथुरा।** थाना बरसाना के जंगल में मां के साथ लकड़ी काटने के लिए गई एक नाबालिग किशोरी को दस दिन पहले दिन दहाड़े एक हिस्ट्रीशीटर अपने साथियों के साथ जबरन कार में डाल कर अगवा कर ले गया। शिकायत करने के दस दिन बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की है। नया कानून लागू होने के बाद से पुलिस शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं कर रही है। परेशान लोग पुलिस अधिकारियों के चक्कर लगाने को मजबूर हैं। इसी तरह का एक मामला बरसाना थाने का है। गांव हाथिया की रहने वाली एक महिला अपनी नाबालिग पुत्री के साथ जंगल में लकड़ी काटने के लिए गई थी। इसी बीच गांव का खुल्ली नामक युवक अपने साथियों के साथ कार से आया और लड़की को जबरन कार में डाल कर ले गया इस मामले में थाना बरसाना में शिकायत करने के बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की है। परेशान होकर के किशोरी की माँ ने एसएसपी कार्यालय पर दस्तक दी।

# वर्षा के दौरान तालाब पोखरों में नाहने से बचे: योगानंद पांडेय

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व योगानंद पांडेय ने बताया कि मानसून सीजन का प्रदेश में आगमन हो गया हैं तथा जनपद में मौसम विभाग के अनुसार आगामी दिवसों में वर्षा, वज्रपात व् मेघ गर्जन की सम्भावना व्यक्त की गयी हैं। उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना हैं की पूर्व वर्षों में देखा गया हैं कि अधिक वर्षा की अवधि में वर्षा के दौरान घाटों/ तालाबों/ पोखरों/ नदी आदि में स्नान करने के दौरान बच्चों/ किशोर/ किशोरियों एवं अन्य व्यक्तियों की मृत्यु डूब कर व वज्रपात से जनहानि की घटनायें काफी बढ़ जाती हैं। उन्होंने लोगों से कहा है कि इन बहुमूल्य जिन्दगियों को बचाने के लिए खतरनाक घाटों/ तालाबों/ गड्ढों के किनारे न स्वयं जायें न ही बच्चों को जाने दें। यदि तैरना जानते हों तभी नदियों/तालाबों/घाटों के किनारे जाएँ। डूबते हुए व्यक्ति को धोती, साडी, रस्सी या बांस की सहायता से बचायें तथा तैरना नहीं जानते हों तो पानी में न जाएँ और सहायता के लिए पुकारें। उन्होंने जिले की जनता से अपील की है कि बच्चों को पुल/ तालाबों/ गड्ढों/तेज पानी के बहाव में स्नान करने से रोकें।बच्चों को पुल/पुलिया/उँचे टीलों से पानी में कूद कर स्नान करने से रोकें। यदि बहुत ही आवश्यक हो तो ही नदी के किनारे जायें, परंतु नदी में उतरते समय गहराई का ध्यान रखें।

**डूबे व्यक्ति को पानी से निकाल कर तत्काल दें प्राथमिक उपचार**

सबसे पहले देख लें कि डूबे हुए व्यक्ति के मुँह व नाक में कुछ फंसा तो नहीं है. यदि है तो उसे निकाले। नाक व मुँह पर उँगलियों के स्पर्श से जांच कर लें कि डूबे हुए व्यक्ति की सांस चल रही कि नहीं। नब्ज की जाँच करने के लिए गले के किनारे के हिस्सों में उँगलियों से छूकर जानकारी प्राप्त करें कि नब्ज चल रही है कि नहीं। नब्ज साँस का नहीं पता चलने पर डूबे हुए व्यक्ति के मुँह से मुँह लगाकर दो बार भरपूर साँस दें व 30 बार छाती के बीच में दबाव दें तथा इस विधि को 3-4 बार दुहराएँ। ऐसा करने से धड़कन वापस आ सकती है व साँस चलना शुरू हो सकती है। यदि डूबा हुआ व्यक्ति खाँस/बोल/साँस ले सकने कि स्थिति में है तो उसे ऐसा करने के लिए प्रोत्साहित करें। मूर्च्छा या बेहोशी आने पर पुनः साँस देने व छाती में दबाव देने की प्रक्रिया शुरू करें। उपरोक्त प्रक्रिया के बाद बचाए गए व्यक्ति को अविलम्ब नजदीकी डॉक्टर अथवा प्राथमिक चिकित्सा केन्द्र पर ले जाएँ।

# मुड़िया पूनों मेला: मैं और मेरा केएम परिवार 24 घंटे स्वास्थ्य विभाग के सहयोग के लिए खड़ा है: किशन

अवधनामा संवाददाता




**मथुरा।** केएम विश्वविद्यालय के कुलाधिपति किशन चौधरी के निर्देशानुसार विश्व प्रसिद्ध मुड़िया पूर्णिमा मेले में केएम मेडीकल कालेज के चिकित्सक मथुरा जिला स्वास्थ्य विभाग के साथ 15 जुलाई कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है, केएम चिकित्सक परिक्रमा मार्ग में लगाए गए अस्थाई स्वास्थ्य शिविर में 24 घंटे परिक्रमार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उनका इलाज कर रहे है। केएम मेडीकल कालेज की डाक्टर्स टीम का सहयोग गोवर्धन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की प्रभारी डा. नेहा चौधरी कर रही है। मुड़िया पूर्णिमा मेले में श्रद्धालुओं की संख्या देवशयन एकादशी की रात से बढ़ गई है, जो 22 जुलाई तक निरंतर बढ़ती रहेगी। सीएमओ डा. एके वर्मा ने बताया गोवर्धन में अस्थाई स्वास्थ्य कैम्प तीर्थ विकास ट्रस्ट भवन, आन्यौर, बालकृष्ण भवन जतीपुरा, जापानी धर्मशाला, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पूछरी, दानघाटी कन्या पाठशाला थाने के सामने, रोडवेज अड्डा, लावनियां सेवा सदन, तहसील गोवर्धन डींग रोड, पंचमुखी हनुमान मंदिर, मानसी गंगा, गिरी गोवर्धन सेवा समिति, मीरा मोहन धर्मशाला, कुसुम रेलवे स्टेशन आदि क्षेत्र में लगाए गए है। मेला क्षेत्र में 108 एंबुलेंस स्वास्थ्य विभाग सहित केएम हॉस्पिटल की मौजूद है। केएम की टीम स्वास्थ्य कर्मियों के साथ परिक्रमा मार्ग में पुश्तैद नजर आ रही है। सीएमओ ने बताया कि परिक्रमार्थियों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही है। जिसमें विशेष सहयोग केएम मेडीकल कालेज के चिकित्सक दे रहे है। गोवर्धन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर मेला को लेकर केएम हॉस्पिटल के सभी विभागों के डाक्टर्स एवं स्वास्थ्य विभाग के डाक्टरों के साथ डयूटी दे रहे। जिला पंचायत अध्यक्ष एवं केएम विश्वविद्यालय के कुलाधिपति किशन चौधरी ने बताया कि सप्तकोसीय परिक्रमा मार्ग में गिरिराज महाराज की परिक्रमा करने आने वाले देशभर के श्रद्धालु भक्तो के स्वास्थ्य को लेकर किसी तरह की कोई परेशानी न हो उसको लेकर समूचे परिक्रमा मार्ग में केएम परिवार के डाक्टर्स स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से जगह जगह पर दवाओं के साथ तैनात है। 24 घंटे केएम के चिकित्सक परिक्रमाथियों की स्वास्थ्य सेवा में लगे हुए है। मुड़िया पूनौं मेला में पधारने वाले देशभर के श्रद्धालुओं का मैं और मेरा केएम परिवार अभिनंदन एवं स्वागत करता है।

# पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले के साथ भारतीय महिला टीम करेगी अपने अभियान की शुरुआत, जानें भारत का पूरा शेड्यूल



भारतीय टीम पाकिस्तान के खिलाफ शुक्रवार से एशिया कप 2024 में अपने अभियान का आगाज करेगी। वहीं अक्टूबर में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप की तैयारियों के लिए इस टूर्नामेंट को काफी अहम माना जा रहा है। हरमनप्रीत की कप्तानी वाली भारतीय टीम का एशिया कप में दबदबा रहा है जिसने चार में से तीन टी20 खिताब और चारों बार 50 ओवरों के फॉर्मेट में जीत दर्ज की है।

महिला एशिया कप टी20 टूर्नामेंट में भारत ने 20 में से 17 मैच जीते हैं। उसमें 2022 में फाइनल में बांग्लादेश को हराया था। पाकिस्तान के खिलाफ भारत ने इस टूर्नामेंट में 14 मैचों में 11 जीत दर्ज की है। हरमनप्रीत कौर का लक्ष्य इस सिलसिले को आगे बढ़ाना होगा। इस महीने कर शुरुआत में भारत ने दक्षिण अफ्रीका से 1-1 से ड्रॉ खेला, जबकि तीन टी20 मैचों में से दूसरा बारिश में धुल गया। पाकिस्तान का मनोबल गिरा हुआ होगा जिसे मई में इंग्लैंड ने 3-0 से हराया था। भारत के लिए सबसे अच्छी बात स्मृति मंधाना का शानदार फॉर्म है और हाल ही में गेंदबाजों ने एक ईकाई के रूप में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। तेज गेंदबाज पूजा वस्त्राकर ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों में आठ विकेट लिए जबकि स्पिनर राधा यादव भी कामयाब रही है। स्पिनरों में दीप्ति शर्मा, सजीवन साजना और श्रेयांका पाटिल शामिल है। पाकिस्तान ने एशिया कप के लिए निदा दर को कप्तान बनाए रखा है लेकिन टीम में काफी बदलाव किए गए हैं। ईरम जावेद, ओमैमा सोहेल और सैयदा आरूब शाह को इस साल पहली बार टीम में जगह मिली है जबकि तस्मिया रूबाब पर्दापण करेंगी। ग्रुप ए में नेपाल और संयुक्त अरब अमीरात का भी सामना पहले दिन होगा। दोनों ग्रुप से टॉप दो टीमें सेमीफाइनल खेलेंगी। नेपाल 2016 के बाद पहली बार टूर्नामेंट में खेल रहा है जबकि यूएई का ये लगातार दूसरा टूर्नामेंट है।

***भारतीय महिला टीम***

हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा, जेमिमा रौड्रिग्स, रिचा घोषणा, उमा छेत्री, पूजा वस्त्राकर, दीप्ति शर्मा, अरुंधति रेड्डी, रेणुका सिंह, डी हेमलता, आशा शोभना, राधा यादव, श्रेयांका पाटिल, संजीवन साजना।

# कोलंबो में आईसीसी की बैठक में जय शाह पर निगाहें, पाकिस्तान को झटका दे सकते हैं बीसीसीआई सचिव



शुक्रवार यानी 19 जुलाई को कोलंबो में इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल की चार दिन की सलाना बैठक शुरू होगी। इस बैठक के दौरान भारतीय क्रिकेट बोर्ड के सचिव जय शाह पर निगाहें होंगी। बैठक के दौरान इस बात पर गंभीरता से चर्चा हो सकती है कि वह आईसीसी के चेयरमैन कब बनेंगे। फिलहाल न्यूजीलैंड के ग्रेग बार्कले इस पद पर हैं। आईसीसी की इस बैठक के दौरान अमेरिका में टी20 वर्ल्ड कप 2024 के दौरान हुए 20 मिलियन यूएस डॉलर लगभग 160 करोड़ रुपये के नुकसान पर बैठक केंद्रित होने की संभावना है। समाचार एजेंसी पीटीआई के अनुसार एजीएम के बैठक की 9 एजेंडे में टूर्नामेंट की वित्तीय जानकारी नहीं है। लेकिन इसकी चर्चा पोस्ट इवेंट रिपोर्ट के तौर पर होगी।

पाकिस्तान में चैंपियंस ट्रॉफी खेलने भारतीय टीम नहीं जाना चाहती। पिछले दिनों रिपोर्ट्स थीं कि भारत सरकार का रुख नहीं बदला है। बीसीसीआई हाइब्रिड मॉडल में ये टूर्नामेंट चाहता है। इसे लेकर पाकिस्तान की ओर से काफी रिएक्शन आए। इस बीच उसके लिए झटके वाली बात ये है कि आईसीसी की बैठक के एजेंडे में ये मुद्दा ही नहीं है। हालांकि, इसके बाद भी इस पर चर्चा हो सकती है। अध्यक्ष के अनुमति से इसे लेकर चर्चा हो सकती है।

आईसीसी के एक सूत्र ने कहा कि आईसीसी में सभी के लिए दिलचस्पी का एक मुख्य क्षेत्र ये है कि शाह विश्व निकाय की बागडोर कब संभालेंगे। उन्होंने कहा कि, मुद्दा ये नहीं है कि कैसे होगा, मुद्दा ये है कि ये कब होगा। बीसीसीआई सचिव के रूप में उनके पास अभी भी एक साल बचा है भारतीय बोर्ड में उनका कूलिंग ऑफ पीरियड संविधान के अनुसार 2025 में शुरू होगा। हालांकि, अगर उन्हें 2025 में पदभार संभालना है तो बार्कले दिसंबर 2024 से दिसंबर 2026 तक दो साल का अपना तीसरा कार्यकाल पूरा नहीं कर पाएंगे।

सूत्र ने कहा कि, एक विचार ये है कि क्या आईसीसी की अध्यक्षता का कार्यकाल दो-दो साल के तीन कार्यकाल के बदले तीन-तीन साल के दो कार्यकाल किया जाए। ऐसा होने पर कुल कार्यकाल 6 साल का हो सकता है। अगर बार्कले का मौजूदा कार्यकाल तीन साल का हो जाता है, तो बीसीसीआई सचिव के जोर पर शाह अपने 6 साल पूरे कर सकते हैं। 2025 में तीन पीरियड में होंगे। फिर 2008 में वह वापस आ सकते हैं और बोर्ड अध्यक्ष का पद संभाल सकते हैं।

# एसकेवाई और हार्दिक पंड्या में से कौन टी20 कप्तानी की रेस में आगे



भारतीय टीम को खेल के सबसे छोटे प्रारूप में वर्ल्ड चैंपियन बनाने वाले रोहित शर्मा ने टी20 इंटरनेशनल से संन्यास ले लिया है। उनके जाने के बाद भारतीय क्रिकेट बोर्ड नए कप्तान की तलाश में है। हालांकि, वनडे और टेस्ट में रोहित ही कप्तानी करते हुए नजर आएंगे। भारतीय टी20 टीम का कप्तान बनने की रेस में हार्दिक पंड्या और सूर्यकुमार का नाम सबसे आगे है। लेकिन श्रीलंका के खिलाफ होने वाली टी20 सीरीज के लिए टीम का ऐलान करने के लिए होने वाली सेलेक्शन कमेटी की मीटिंग में नए कप्तान के रूप में सूर्यकुमार के नाम पर काफी चर्चा हुई है। हार्दिक पंड्या को रोहित शर्मा के स्पष्ट उत्तराधिकारी के रूप में देखा जा रहा था लेकिन कई कारकों ने चीजों को बदल दिया है। मुंबई इंडियंस के कप्तान के रूप में हार्दिक पंड्या का प्रदर्शन निराशाजनक रहा और चयनकर्ता उन्हें अपनी पसंद की सीरीज चुनने देने के मूड में नहीं हैं। सूर्यकुमार यादव कप्तान बनने की रेस में उनसे आगे निकल गए हैं। सेलेक्शन कमेटी की मीटिंग को पोस्टपोन कर दिया गया था। अब गुरुवार को बैठक होने की संभावना है। गौतम गंभीर मंगलवार शाम को बीसीसीआई अधिकारियों और चयन समिति के साथ आगे की रणनीति के बारे में अनौपचारिक बातचीत में शामिल थे। ऐसा माना जा रहा है कि इसी मीटिंग के दौरान सूर्युकमार को रोहित की जगह कप्तान बनाए जाने की बात हुई होगी। हालांकि, ये ध्यान देने वाली बात है कि गंभीर ने सीधे तौर पर सूर्यकुमार का नाम नहीं लिया, लेकिन उन्होंने ये स्पष्ट कर दिया कि वह ऐसे कप्तान को पसंद करेंगे, जिसका कार्यभार प्रबंधन चिंता का विषय न हो।

एक रिपोर्ट के अनुसार, बीसीसीआई सूत्र ने बताया कि गंभीर ने कॉल के दौरान सीधे तौर पर सूर्यकुमार का नाम नहीं लिया लेकिन उन्होंने ये स्पष्ट कर दिया कि वह ऐसे कप्तान के साथ काम करना चाहेंगे जिसका कार्यभार उनके लिए बाधा ना बने।

# पिछले कुछ समय से रहे बीमार, अब तैयारियों के लिए कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते एचएस प्रणय




भारत का ओलंपिक में बैडमिंटन में प्रदर्शन सराहनीय रहा है और इससे हमेशा देश को पदक की उम्मीद रहती है। महिला बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू ने रियो और टोक्यो में पदक जीते थे और इस बार में बैडमिंटन में पदक की आस रहेगी। पुरुष सिंगल्स वर्ग में चुनौती पेश करने वाले एचएस प्रणय पिछले कुछ समय से बीमार रहे जिसके कारण उन्हें लंबे समय तक खेल से दूर रहना पड़ा था। प्रणय अपने कोच तथा पूर्व खिलाड़ी आरएमवी गुरुसाईदत्त की देखरेख में खेल की गति को बढ़ाने पर ध्यान दे रहे हैं।


चोट और बीमारियों से जूझते रहे प्रणय

प्रणय पिछले कुछ समय के लगातार बीमारियों की चपेट में रहे हैं। थॉमस कप विजेता की के इस अहम सदस्य को पेट की गंभीर बीमारी के कारण लंबे समय तक खेल से दूर रहना पड़ा था। इसके बाद पीठ की चोट ने उन्हें परेशान किया और फिर चिकनगुनिया के कारण उन्हें एक सप्ताह तक विश्राम करना पड़ा। विश्व चैंपियनशिप 2023 में कांस्य पदक जीतने के बाद प्रणय को दूसरी बार पेट की उस तरह की गंभीर बीमारी का सामना करना पड़ा जो उन्होंने अतीत में झेला था। यह बीमारी इतनी गंभीर थी कि वह कुछ भी खा नहीं पा रहे थे। इस बीमारी के कारण वह लगभग छह महीने तक खेल से दूर रहे। वह इसके बावजूद दो प्रतियोगिताओं के सेमीफाइनल और क्वार्टर फाइनल में पहुंचने में सफल रहे।

गुरुसाईदत्त ने कहा, ऑस्ट्रेलिया ओपन के बाद हमने जो तैयारियां शुरू की थी, वे सही रास्ते पर हैं, हम सही रास्ते पर है। इस यात्रा में प्रणय के बारे में सबसे अच्छी बात यह है कि भले ही वह संघर्ष कर रहा था लेकिन अभ्यास में कोई कोताही नहीं बरत रहा था और अपना सर्वश्रेष्ठ दे रहा था। उसे मुश्किल परिस्थितियों का सामना करना पड़ा इसलिए को बनाये रखना आसान नहीं था।''

उन्होंने कहा, वह उस तरह का खिलाड़ी है जो बड़े मौकों पर दमदार प्रदर्शन के लिए जाना जाता है। उसने पिछले तीन-चार वर्षों में कई बार ऐसा किया है। एक कोच के रूप में मुझे और राष्ट्रीय कोच पुलेला गोपीचंद को उन पर भरोसा है। हम कुछ नया तरीका आजमाना चाहते थे। पिछले तीन-चार टूर्नामेंटों के आधार पर गोपी सर का मानना है कि उसे लंबी अवधि के मैच खेलने होंगे। हमने इस पहलू पर काम किया।

# अर्जुन कपूर से अलग होने के बाद फिर से प्यार में पड़ी मलाइका अरोड़ा रहस्यमयी शख्स के साथ साझा की तस्वीर ने दी अफवाहों को हवा



बॉलीवुड की हॉट दिवा मलाइका अरोड़ा बीते कुछ दिनों से स्पेन में छुट्टियां मना रही हैं। यहाँ से अभिनेत्री ने अपनी छुट्टियों की कुछ तस्वीरें साझा की हैं। इन तस्वीरों ने सोशल मीडिया पर अफवाह का एक नया दौर शुरू कर दिया है। दरअसल, मलाइका द्वारा शेयर की गयी तस्वीरों में लोगों को एक आदमी की भी झलक देखने को मिली, जिसके तुरंत बाद सोशल मीडिया पर अभिनेत्री के नए रिश्ते में होने की अफवाह उड़ने लगी है।

मलाइका ने अपनी बिकनी तस्वीरें साझा कर के पहले ही माहौल गर्म किया हुआ था, जिसे उन्होंने अपनी नयी तस्वीरों से और ज्यादा गर्म कर दिया है। तस्वीरों में, अभिनेत्री ने एक रहस्यमयी शख्स की झलक दिखाई, जिसका चेहरा उन्होंने ब्लर किया हुआ था। अभिनेत्री की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल होते ही उनकी निजी जिंदगी भी सुर्खियों में आ गयी है। मलाइका की तस्वीरों में रहस्यमयी शख्स कौन है, ये बात किसी को नहीं पता है, लेकिन सोशल मीडिया यूजर्स उसकी पहचान जानने के लिए बड़े उत्सुक हैं।

अभिनेत्री की लव लाइफ इसलिए भी सुर्खियों में हैं क्योंकि उनका हाल ही में अभिनेता अर्जुन कपूर के साथ ब्रेकअप हुआ है। बॉलीवुड गलियारों में लंबे समय से दोनों के अलग होने की अफवाहें उड़ रही हैं। हालाँकि, दोनों ने अलग होने की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। पिंकविला को एक सूत्र ने बताया, मलाइका और अर्जुन का रिश्ता बहुत खास था और दोनों एक-दूसरे के दिलों में खास जगह बनाए रखेंगे। उन्होंने अलग होने का फैसला किया है और इस मामले में एक सम्मानजनक चुप्पी बनाए रखेंगे। वे किसी को भी अपने रिश्ते को घसीटने और उसका विश्लेषण करने की अनुमति नहीं देंगे।

# सुरों के जादूगर सुखविंदर सिंह मना रहे 53वां जन्मदिन, बॉलीवुड में बजती है तूती



अपनी गायकी से लोगों के दिलों पर राज करने वाले सुरों के जादूगर सुखविंदर सिंह आज यानी की 18 जुलाई को अपना 53वां जन्मदिन मना रहे हैं। संगीत जगत में सुखि के नाम से फेमस सिंगर का बचपन से ही गायकी की तरफ से रुझान था। बता दें कि महज 8 साल की उम्र से वह स्टेज परफॉर्म करने लगे थे। बहुत छोटी उम्र में वह संगीतकार जोड़ी लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल की मंडली में शामिल हो गए थे। उनको तमिल फिल्म से पहला ब्रेक मिला था। आइए जानते हैं उनके बर्थडे के मौके पर सिंगर सुखविंदर सिंह के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में...

पंजाब के अमृतसर जिले में 18 जुलाई 1971 को सुखविंदर सिंह का जन्म हुआ था। उनको बचपन से ही संगीत के प्रति गहरा लगाव था। बता दें कि महज 13 साल की उम्र में उन्होंने सिंगर मलकीत सिंह के लिए तूतक तूतक तूतीया कंपोज किया था। सुखविंदर एक बेहतरीन सिंगर होने के साथ एक अच्छे संगीतकार भी हैं। वह कई फिल्मों में अपना संगीत दे चुके हैं। इंडस्ट्री के सबसे सफल प्लेबैक सिंगरों में शामिल सुखविंदर सिंह को फिल्म कर्मा से पहला ब्रेक मिला था। जिसके बाद सिंगर को कभी पीछे मुड़कर देखने की जरूरत नहीं पड़ी। फिल्मों के अलावा सुखविंदर सिंह स्टेज शो भी करते हैं। पहली बार उन्होंने लता मंगेशकर के साथ स्टेज पर गाया था।

अपने सिंगिंग करियर में सुखविंदर सिंह ने कई बड़े म्यूजिक डायरेक्टर के साथ काम कर चुके हैं। सुखविंदर की जोड़ी देश के जाने-माने संगीतकार एआर रहमान संग जमी। रहमान और सुखविंदर ने एक साथ कई सुपरहिट गाने दिए। फिल्म दिल से का गाना छैया छैया आज भी लोगों को खूब भाते हैं। इसके अलावा वह ऐसा भी गाना गा चुके हैं, जिसके बाद एआर रहमान की जिंदगी बदल गई। स्लमडॉग मिलिनियर के गाने जय हो ने न सिर्फ देश बल्कि विदेश में भी भारत का परचम लहराया था। इस गाने को सबसे प्रतिष्ठित ऑस्कर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था। इस अवॉर्ड से जुड़ा एक दिलचस्प किस्सा भी है। दरअसल, एआर रहमान ऑस्कर अवॉर्ड लेते समय इस गाने के मेन सिंगर को क्रेडिट देना भूल गए। हालांकि इस घटना के बाद एआर रहमान ने इसको लेकर अफसोस भी जताया और उन्होंने कहा कि उस समय वह सुखविंदर का नाम लेना भूल गए, क्योंकि उस दौरान उनके मन में काफी कुछ चल रहा था।

# आज 55वां जन्मदिन मना रहे अभिनेता रवि किशन, ऐसे मिला भोजपुरी के अमिताभ बच्चन होने का तमगा



भोजपुरी सिनेमा में दिग्गज अभिनेताओं की लिस्ट में शामिल रवि किशन 17 जुलाई को अपना 55वां जन्मदिन मना रहे हैं। रवि किशन को बचपन से ही अभिनय का जनून सवार था। वहीं उन्होंने अपने सपने को पूरा करने में जी जान लगा दी। तभी आज के समय में उनको भोजपुरी का अमिताभ बच्चन कहा जाता है। रवि किशन ने भोजपुरी के सुपरस्टार होने के साथ साउथ, बॉलीवुड और यहां तक की हॉलीवुड में भी अपनी छाप छोड़ी है। अभिनय की दुनिया में टॉप पर रहने वाले अभिनेता राजनीति में भी राज कर रहे हैं। तो आइए जानते हैं उनके बर्थडे के मौके पर शानदार अभिनेता और पॉलिटिशियन रवि किशन के जीवन से जुड़े कुछ रोचक तथ्यों के बारे में...

उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले में 17 जुलाई 1969 को रवि किशन का जन्म हुआ था। आज के समय में रवि किशन को सफल अभिनेता और सफल एक्टिंग करियर के लिए जाना जाता है। लेकिन उनके हालात हमेशा से उनके पक्ष में नहीं थे। दरअसल, रवि किशन के पिता पंडित श्यामा नारायण शुक्ला बेटे का एक्टिंग करना पसंद नहीं था। जब एक बार रवि किशन ने अपने पिता को अपने अभिनय में दिलचस्पी को लेकर बताया तो उनकी बेल्ट से पिटाई हुई थी। बता दें कि छोटे पर उनको रामलीला में सीता का किरदार मिला था। इस किरदार को रवि निभाने पर भी उनकी पिटाई हुई थी।

अभिनय के जनून को अमलीजामा पहनान के लिए रवि किशन ने अपना घर छोड़ दिया। उस समय उनके पास सिर्फ 500 रुपए थे। बताया जाता है कि अभिनेता को यह रुपए उनकी मां ने दिए थे। रवि किशन अपने कई इंटरव्यू में यह बता चुके हैं कि उनके सपनों की उनकी मां ने हमेशा कद्र की और अपने सपने को पूरा करने के लिए प्रेरित किया। यही वजह है कि वह अपना मुकाम हासिल कर सके। जब रवि किशन ने अपना घर छोड़ा था, तो न तो रहने के लिए घर था और न खाने के लिए खाना। ऐसे में छोटा-मोटा काम करके वह अपना खर्चा चलाते थे।अभिनेता रवि किशन ने हेलो इंस्पेक्टर नामक सीरियल से इंडस्ट्री में कदम रखा। इसके बाद उनको सलमान खान की फिल्म तेरे नाम ऑफर हुई। इस फिल्म के बाद रवि किशन की किस्मत पलट गई। वहीं अभिनेता ने भोजपुरी इंडस्ट्री में फिल्म पंडित जी बताई न बियाह कब होई से दस्तक दी। यह फिल्म सुपरहिट साबित हुई और इसके बाद रवि किशन को जीवन में कभी पीछे मुड़कर देखने की जरूरत नहीं पड़ी। बॉलीवुड और भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री में काम करने वाले अभिनेता रवि किशन टीवी इंडस्ट्री में भी अपनी गहरी छाप छोड़ चुके हैं।

# बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड तक में जमाई अपनी धाक, प्रियंका चोपड़ा मना रही 42वां जन्मदिन





ग्लोबल आइकन और बॉलीवुड अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा आज यानी की 18 जुलाई को अपना 42वां जन्मदिन मना रही हैं। इंडस्ट्री में प्रियंका को न सिर्फ उनकी एक्टिंग और अनोखी प्रतिभा के लिए भी जाना जाता है। प्रियंका चोपड़ा एक ग्लोबल स्टार बन चुकी हैं। बॉलीवुड के अलावा एक्ट्रेस हॉलीवुड में भी अपनी पहचान बना चुकी हैं। प्रियंका चोपड़ा को देसी गर्ल के नाम से भी जाना जाता है और वह इंडस्ट्री में सबसे अधिक फीस लेने वाली अभिनेत्री हैं। वह इंडस्ट्री की टॉप एक्ट्रेस में शुमार हैं। वह एक सक्सेसफुल एक्टर, मॉडल, सिंगर, प्रोड्यूसर और एंटरप्रेन्योर हैं। आइए जानते हैं उनके बर्थडे के मौके पर ग्लोबल स्टार प्रियंका चोपड़ा के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में...

बिहार के जमशेदपुर में 18 जुलाई 1982 को प्रियंका चोपड़ा का जन्म हुआ था। लेकिन एक्ट्रेस बरेली को अपना असली घर समझती है। उनका फिल्मी करियर किसी फिल्मी कहानी से कम नहीं रहा है। एक्ट्रेस ने बताया कि इंडस्ट्री में उनको कम आंका जाता था। क्योंकि उनका रंग साफ नहीं था, जो उनके लिए बैकड्रॉप बन गया था। रंग को लेकर उनको भेदभाव सहना पड़ा था।

भले ही आज प्रियंका चोपड़ा करियर की बुलंदियों पर हैं। लेकिन उनका यह सफर इतना आसान नहीं रहा है। एक्ट्रेस ने देश में अपनों के बीच रहकर कुछ करने की चाहत और फिर नए देश में जाकर खुद को स्क्रैच करना और स्थापित किया। बिहार के जमदेशपुर में जन्मी प्रियंका ने पॉपुलैरिटी के मामले में ऐसी छलांग लगाई कि सारा आसमान ही नाप लिया।

साल 2000 में प्रियंका चोपड़ा ने मिस वर्ल्ड का खिताब जीता था। जिसके बाद उनका बॉलीवुड का सफर किया और कई सफल फिल्में दी। साल 2004 में अक्षय कुमार के साथ आई फिल्म ऐतराज में एक्ट्रेस ने निगेटिव किरदार निभाया। जिसमें एक्ट्रेस की बहुत प्रशंसा हुई थी। इस फिल्म में निगेटिव किरदार को नेशनल अवॉर्ड मिला था। इसके साथ ही एक्ट्रेस ने फैशन, द हीरो: लव स्टोरी ऑफ स्पाई, अंदाज, मुझसे शादी करोगी, बरसात, बर्फी, मैरी कॉम, बाजीराव मस्तानी, कृष और डॉन जैसी फिल्मों में काम किया।

जिसके बाद धीरे-धीरे उन्होंने हॉलीवुड का रुख करना शुरू किया था। लॉस एंजेल्स से एक एजेंट को भी हायर किया जिसने प्रियंका को ग्रूम किया। प्रियंका चोपड़ा को कई पुरस्कार मिले हैं। जिनमें से दो राष्ट्रीय पुरस्कार और पांच फिल्मफेयर पुरस्कार शामिल हैं। साल 2016 में भारत सरकार ने प्रियंका चोपड़ा को पद्मश्री से सम्मानिक किया गया। एक्ट्रेस का फिल्मी करियर बेहद शानदार रहा और उन्होंने बड़े पर्दे पर एक से बढ़कर एक किरदार निभाए।

साल 2012 में प्रियंका चोपड़ा ने अपना पहला इंटरनेशनल म्यूजिक एल्बव इन माई सिटी मिला। यह उनका पहला सिंगिंग डेब्यू था। फिर साल 2013 में एक्ट्रेस ने रैपर पिटबुल के साथ एग्जॉटिक में नजर आई थीं। बहुत कम लोगों को इस बारे में पता है कि एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा ने डिज्नी की एनिमेटेड फिल्म प्लेन्स में ईशानी नाम के कैरेक्टर को अपनी आवाज भी दी थी। इसके अलावा उन्होंने हॉलीवुड फिल्में बेवॉच, इज नॉट इट रोमांटिक, द व्हाइट टाइगर और द मैट्रिक्स रिसरेक्शन में भी नजर आई थीं।

अवधनामा



# चारधाम के नाम पर नहीं बनेगा कोई भी ट्रस्ट, लागू होंगे कड़े विधिक प्राविधान

**देहरादून।** धामी सरकार चारधाम के नाम से मिलता जुलता कोई ट्रस्ट बनाने पर कड़े विधिक प्रावधान लागू करेगी। इसके अलावा मंत्रिमंडल में विधानसभा का सत्र अगस्त में आयोजित करने और पांच लाख तक के टेंडर स्थानीय ठेकेदारों देने,राज्य में सेंटर फॉर हिन्दू स्टडीज खोलने के साथ ही राज्य के चिकित्सालयों में यूजर चार्जेज की दरों में संशोधन करने सहित अन्य महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं।

**टेंडर**

- - आगामी विधानसभा का सत्र अगस्त में होगा आयोजित
- पांच लाख तक के टेंडर स्थानीय ठेकेदारों को दिया जाएगा

गुरुवार की शाम सचिवालय में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक संपन्न हुई। बैठक के बाद सचिव शैलेश बगोली ने बीफ्रिंग की। उन्होंने बताया कि बैठक में कुल 22 प्रस्ताव रखे गए। बैठक में सबसे पहले उत्तराखंड के पांच जवानों के बलिदान और केदारनाथ के दिवंगत विधायक शैलारानी रावत को भी श्रद्धांजलि दी गई।



बता दें कि हाल ही में दिल्ली में केदारनाथ प्रतीकात्मक मंदिर को बनाने को लेकर शिलान्यास हुआ है जिसके बाद से विवाद शुरू हो गया। इसके बाद आज मंत्रिमंडल ने राज्य में अवस्थित चारधाम- केदारनाथ धाम, बदरीनाथ धाम, गंगोत्री धाम, यमुनोत्री धाम एवं अन्य प्रमुख मन्दिरों के नाम का अथवा इनके संचालन के लिए गठित ट्रस्ट/समिति के नाम से मिलते-जुलते नाम का प्रयोग कर ट्रस्ट/समिति आदि बनाई जा रही है। इस प्रकार की गतिविधियों से जन सामान्य में असमंजस की स्थिति उत्पन्न होने के साथ ही स्थानीय परम्पराओं और धार्मिक मान्यताओं को भी ठेस पहुंचने के साथ ही स्थानीय स्तर पर आक्रोश की भी सम्भावना रहती है। इसके दृष्टिगत राज्य सरकार की ओर से कड़े विधिक प्राविधान लागू किये जाने का निर्णय लिया गया है।

मंत्रिमंडल ने मुख्यमंत्री को विधानसभा का सत्र अगस्त में आयोजित करने के लिए तिथि और स्थान तय करने के लिए अधिकृत किया गया। सेंटर फॉर हिन्दू स्टडीज को प्रदेश के दून विश्वविद्यालय में आगामी अकादमिक सत्र से प्रारम्भ करने का निर्णय लिया गया है। प्रदेश में 05 लाख तक के टेंडर स्थानीय ठेकेदारों को ही दिए जाने का निर्णय लिया गया है। साथ ही प्रदेश के सभी ठेकेदारों के कौशल विकास के लिए प्रशिक्षण करवाए जाने का निर्णय लिया गया है। इस संबंध में नियोजन विभाग की ओर से तत्काल आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित की जायेगी। नैनी सैनी एयरपोर्ट को राज्य सरकार स्वयं चलाएगी। पहले इसे एयर फोर्स को देने की बात हुई थी। पंतनगर एयरपोर्ट के विस्तारीकरण के लिए 212 हेक्टेयर जमीन को मंजूरी दी गई है। हाउस आफ़ हिमालया कम्पनी के वित्तीय एवं प्रशासनिक नियमों एवं कम्पनी संचालन के लिए पदों के स्वीकृति, भर्ती इत्यादि पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

स्टाम्प संशोधन नियमावली का प्रस्ताव रखा गया। अब पांच लाख तक के कृषि ऋण पर स्टाम्प ड्यूटी नहीं लगेगी। एक्सटर्नल एडेड प्रोजेक्ट में तकनीकी परीक्षण के लिए सचिव नियोजन की अध्यक्षता में गठित कमेटी पांच करोड़ से ऊपर की सिफारिश करेगी। उसके बाद हाई पावर कमेटी निर्णय लेगी। अब तक केवल हाई पवार कमेटी ही सिफारिश करती थी।

उत्तराखंड काष्ठ आधारित उद्योग स्थापना नियमावली 2024 पर मुहर लगी। साथ ही स्टांप ड्यूटी को लेकर भी निर्णय लिया गया। औद्योगिक विकास सिडकुल के स्थायी कर्मचारियों को सातवें वेतनमान के तहत पुनरीक्षण भत्ता मिलेगा। 01 जनवरी, 2024 से महंगाई भत्ते की दरें 50त्न तक का निर्णय पूर्व में हुआ था। सेवानिवृत्त एवं मृत कर्मचारियों के लिए ग्रेच्युटी की अधिकतम सीमा में 25 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी करते हुए रूपये 20 लाख से बढ़ाकर रूपये 25 लाख किये जाने का निर्णय लिया गया।

शिक्षा विभाग के अंतर्गत विद्या समीक्षा केंद्र स्थापित हैं। उनके संचालन को प्रोजेक्ट इम्प्लीमेंटेशन यूनिट के 25 पद सृजन की मजूंरी। एनसीसी की चंपावत में दो कंपनी को दोबारा शुरू करने का निर्णय लिया गया। उरेड़ा के ढांचे के 119 पदों का पुनर्गठन कर 148 किया गया।

कार्मिक विभाग के विजिलेंस के रिवोल्विंग फंड के लिए नियमावली को अनुमोदन के अलावा सरकारी सेवक ज्येष्ठता नियमावली में एक चयन को पृथक किया गया।

# गुजरात साइंस सिटी में साइंस सफ़र 2024 की शुरूआत



**अलीगढ।** गुजरात सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अधीन कार्यरत गुजरात साइंस सिटी लोगों और छात्रों में विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाने के लिए लगातार काम कर रही है।जिसके लिए गुजरात साइंस सिटी में अक्सर विज्ञान कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। गुजरात साइंस सिटी के फेज़ -2के आकर्षण - एक्वेटिक गैलरी, रोबोटिक्स गैलरी और नेचर पार्क के तीन साल पूरेहोने केअवसर पर16 जुलाई कोजश्न मनाया गया।इस मौके पर एक खास पहल साइंस सफर 2024 की शुरूआत की गई है। IIT -गांधीनगर के सहयोग से गुजरात साइंस सिटी द्वारा साइंस सफ़र 2024 की शुरूआत की गई। जिसके तहत अगले 180 दिनों तक अलग-अलग कार्यशालाओं के जरिए छात्रों को विज्ञान के अलग अलग विषय की शिक्षा दी जाएगी। इन कार्यशालाओं में छात्रों को STEM (साइन्स, टेक्नोलोजी, इंजीनियरिंग और मेथ्स) विषय का शिक्षण दिया जाएगा। इन कार्यशालाओं में साउन्ड, ओप्टिक्स,इलेक्ट्रिसिटी एन्ड मैग्नेटिज़्म,हीट एन्ड कैन्डल, मशीन्स, एस्ट्रोनोमी,फोर्स,प्रेसर और फ्रिक्शन, केमिकल रिएक्शन एन्ड इक्वेशन्स, लिविंग सिस्टम, आर्ट एन्ड मैथेमेटिक्स, स्पोर्ट्स एन्ड मैथेमेटिक्स, बैज़िक एरिथमेटिक एन्ड नंबर सिस्टम, एडवान्स एरिथमेटिक एन्ड कम्प्युटेशनल थिंकिंग, थ्री-डी विज़्युलाईझेशन एन्ड जियोमैट्री, फैक्टर्स एन्ड फ्रेक्शन्स, अलजेब्रा एन्ड मोशन, ICT एन्हेन्स्ड लर्निंग, पेपरबेइ्ड मैथेमेटिक्स जैसे विषय पढ़ाए जाएंगे।इस पहल की शुरूआत के पहले दिन, अदानी विद्यामंदिर के लगभग 100 छात्रों ने भाग लिया, जिनको हैन्ड्स ओन एक्टिविटी के साथ विज्ञान की शिक्षा प्रदान की गई।

एक्वेटिक गैलरी, रोबोटिक्स गैलरी और नेचर पार्क की तीसरी वर्षगांठ के अवसर पर गुजरात साइंस सिटी में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। साइंस सिटी के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा नेचर पार्क में वृक्षारोपण किया गया। जिसमें विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए गए। एक्वेटिक गैलरी और रोबोटिक्स गैलरी में भी तीसरी वर्षगांठ मनायी गई। इस दौरान गुजरात साइंस सिटी के एक्ज़िक्युटिव डिरेक्टर श्री जे.बी. वदर विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने एक्वेटिक गैलरी, रोबोटिक्स गैलरी और नेचर पार्क के तीन साल पूरे होने के अवसर पर सभी कर्मचारियों को शुभकामनाएं दी।

## असम सरकार ने असम मुस्लिम विवाह और तलाक पंजीकरण अधिनियम किया निरस्त

**गुवाहाटी।** असम कैबिनेट की गुरुवार को हुई बैठक में बड़ा निर्णय लेते हुए सरकार ने असम मुस्लिम विवाह, तलाक पंजीकरण अधिनियम और नियम 1935 को असम निरसन विधेयक 2024 के माध्यम से निरस्त करने का निर्णय लिया है। आगामी विधानसभा सत्र में इस संबंध में विधेयक लाया जाएगा। आज की बैठक में अन्य कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए असम सरकार के लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण आदि मामलों के मंत्री जयंत मल्लबरुवा ने कहा कि सरकार ने बाल विवाह के खिलाफ अतिरिक्त सुरक्षा उपाय करके अपनी मुस्लिम बेटियों और बहनों के लिए न्याय सुनिश्चित करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए असम मुस्लिम विवाह और तलाक पंजीकरण अधिनियम और नियम 1935 को असम निरसन विधेयक 2024 के माध्यम से निरस्त करने का निर्णय लिया है।

# रेमेडियम लाइफकेयर लिमिटेड का बोर्ड 1000 करोड़ रुपये के विशेष रसायन कंपनी के अधिग्रहण पर विचार करेगा

REMEDIUM LIFECARE

**मुंबई।** एपीआई इंटरमीडिएट्स (केएसएम और सीआरएम) और एपीआई व्यापार के लिए आवश्यक विभिन्न अन्य कच्चे माल के व्यापार में संलग्न रेमेडियम लाइफकेयर लिमिटेड (बीएसई 539561) ने घोषणा की है कि उसका बोर्ड 8 अगस्त 2024 को वैश्विक उपस्थिति वाली विशेष रसायन क्षेत्र की एक असूचीबद्ध कंपनी के अधिग्रहण पर विचार करने के लिए बैठक करेगा। यह अधिग्रहण स्टॉक स्वैप और वैकल्पिक रूप से परिवर्तनीय डिबेंचर जारी करके किया जाएगा, जिसके परिणामस्वरूप 100% खरीद होगी। अधिग्रहण मूल्य लगभग 1000 करोड़ रुपये होने की उम्मीद है, जो मूल्यांकन मापदंडों पर सहमति और लक्षित कंपनी के वित्त और कानूनी औपचारिकताओं की उचित जांच के पूरा होने के अधीन है। बोर्ड 30 जून 2024 को समाप्त तिमाही के लिए अनऑडिटेड स्टैंडअलोन वित्तीय परिणामों पर भी विचार करेगा और उन्हें मंजूरी देगा। इससे पहले, बोर्ड ने क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल प्लेसमेंट (क्यूआईपी) के माध्यम से 200 करोड़ रुपये तक धन जुटाने की मंजूरी दी थी। इस धन का उपयोग सक्रिय फार्मास्युटिकल सामग्री (एपीआई) और इंटरमीडिएट्स क्षेत्र में गुड मैन्युफैक्चरिंग प्रैक्टिसेस (जीएमपी) संपत्तियों के अधिग्रहण के साथ-साथ प्रौद्योगिकी, बौद्धिक संपदा (आईपी), यूएस ड्रग मास्टर फाइल (यूएसडीएमएफ), यूरोपीय फार्माकोपिया के मोनोग्राफ के अनुरूपता प्रमाणपत्र (सीईपी), तकनीकी पैकेज, और अन्य संपत्तियों के अधिग्रहण के लिए किया जाएगा।

हाल ही में, कंपनी को यूनाइटेड किंगडम स्थित एक फार्मास्युटिकल वितरण कंपनी एस्टर बायोटेक लिमिटेड से बहु-वर्षीय आपूर्ति अनुबंध प्राप्त हुआ है। जुलाई 2024 से जून 2025 के बीच निर्धारित आपूर्ति का मूल्य एक सौ पचहत्तर करोड़ रुपये (175,00,00,000/-) है। रेमेडियम लाइफकेयर लिमिटेड एमीनो आइसोफथैलिक एसिड, टेल्यूरियम ऑक्साइड, ग्रिग्नार्ड रिएजेंट, आयोडीन, सेलेनियम मेटल पाउडर, ट्राइमेथाइल सल्फोक्सोनियम आयोडाइड (टीएमएसआई) के व्यापार द्वारा फार्मास्युटिकल और स्वास्थ्य सेवा क्षेत्रों में अपने प्रदर्शन और उपस्थिति को मजबूत किया है।

कंपनी के अध्यक्ष का मानना है कि ÷चुपचाप कड़ी मेहनत करें और सफलता को शोर मचाने दें।÷ रेमेडियम गुणवत्ता मानकों पर समझौता न करने के लिए प्रतिबद्ध है। कंपनी दुनिया भर के रोगियों और समाजों को अद्वितीय मूल्य प्रदान करने वाले इंटरमीडिएट्स (केएसएम और सीआरएम) और एपीआई विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है। रेमेडियम में दृढ़ विश्वास है कि गुणवत्ता संबंधों को बनाने और बनाए रखने की एक चल रही प्रक्रिया है।÷ कंपनी उत्कृष्टता के लिए जुनूनी है और शून्य प्रतिशत दोष वाले उत्पादों को वितरित करने का प्रयास करती है। यह एक कठोर उत्पाद विकास प्रक्रिया के लिए प्रतिबद्ध है जिसमें लगातार आधुनिकीकरण और अंतरराष्ट्रीय मानकों का पालन शामिल है।

# हम युवा प्रतिभाओं के लिए लाइफलॉन्ग लर्निंग को एक मूलभूत आवश्यकता बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं: श्री जयन्त चौधरी

**नई दिल्ली।** आज नई दिल्ली के कौशल भवन में विभिन्न स्किल इंडिया योजनाओं और कार्यक्रमों के माध्यम से अपने कौशल को निखारने वाले अनेक प्रतिभाशाली युवा प्रोफेशनल जब संयुक्त राष्ट्र द्वारा विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त विश्व युवा कौशल दिवस को मनाने एक साथ आए तो यह कौशल भवन उत्साह और उमंग से भर गया। इस विशेष दिवस और स्किल इंडिया मिशन के 10वें वर्ष के समारोह की शुरुआत के अवसर पर, कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) ने एक कौशल संवाद÷ का आयोजन किया। यह एक खुला संवाद और एक ऐसा मंच था जो इस गतिशील विचारों के आदान-प्रदान का मंच बन गया, जहां इन उभरते सितारों को एमएसडीई के माननीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), जयन्त चौधरी के साथ बातचीत करने



का अवसर मिला। इनकी कहानियाँ सिर्फ़ कहानियाँ नहीं थीं; वे बदलाव के ज्वलंत उदाहरण थे, जैसेकि एक खाली कैनवास रंगों के स्पेक्ट्रम के साथ जीवंत हो रहा हो। हर एक ने बताया कि कैसे कौशल विकास ने न केवल उनके भविष्य को नया आकार दिया है, बल्कि उनके भीतर जुनून और प्रेरणा को भी पैदा किया है। उनके गुरुओं, कौशल प्रशिक्षकों जिन्होंने उन्हें अटूट प्रतिबद्धता के साथ उनका मार्गदर्शन किया,की उपस्थितिने इस अवसर को और भी सफल बना दिया। उनकी सामूहिक ऊर्जा और उत्साह ने स्किल इंडिया मिशन का गहरा प्रभाव दिखाया और संभावनाओं से भरे भविष्य की एक झलक पेश की। मंत्री के लिए विभिन्न योजनाओं के युवा प्रोफेशनल्स के साथ बातचीत करना वास्तव में प्रेरणादायक और दिल को छूने वाला था। इसमें पीएमकेवीवाई (प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना), पीएम विश्वकर्मा, एनएपीएस (राष्ट्रीय प्रशिक्षुता संवर्धन योजना), जन शिक्षण संस्थान (जेएसएस) जैसी योजनाओं के लाभार्थी/उम्मीदवार शामिल थे, जबकि कुछ निस्बड (राष्ट्रीय उद्यमिता और लघु व्यवसाय विकास संस्थान) के सफल उद्यमियों, संकल्प (आजीविका संवर्धन के लिए कौशल अधिग्रहण और ज्ञान जागरूकता) के लाभार्थियों और आईटीआई (औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान) के छात्रों और अन्य का प्रतिनिधित्व करते थे। उम्मीदवारों ने अपने सीखने के अनुभव साझा किए और व्यापक रोजगार के अवसरों और उद्यमिता के लिए खुद को कौशल से लैस करने के महत्व पर प्रकाश डाला।

# बांग्लादेश में आरक्षण के खिलाफ छात्रों का देशव्यापी बंद, आंदोलन हुआ उग्र, ढाका में पुलिस ने किया बल प्रयोग, मौत से गुस्सा, आगजनी

**ढाका।** बांग्लादेश में छात्रों का आरक्षण के विरोध में शुरू आंदोलन उग्र हो गया है। देशव्यापी बंद का आज दूसरा दिन है। पहले दिन अपराह्न तीन बजे के बाद आंदोलनकारियों और पुलिस के बीच जमकर झड़प हुई है। ढाका में हिंसा और आगजनी को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को बल प्रयोग करना पड़ा। इस दौरान एक आंदोलनकारी की मौत हो जाने से विद्यार्थियों का गुस्सा भड़क गया। इसके विरोध में छात्रों ने कई जगह आगजनी की। सुरक्षा एजेंसियों को टकराव बढ़ने की आशंका है।



ढाका ट्रिब्यून और द डेली स्टार समाचार पत्र के अनुसार, आंदोलन ने रौद्र रूप धारण कर लिया है। पुलिस अधिकारी आंदोलन से निपटने की रणनीति बनाने का दावा तो कर रहे हैं पर उसका विवरण देने से बच रहे हैं। पुलिस ने कहा है कि आंदोलनकारियों के सड़कों पर उतरकर जनता को परेशान करने पर नरमी नहीं बरती जाएगी। पुलिस मुख्यालय ने कानून का सम्मान करते हुए शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखने का आह्वान किया है।.

ढाका के अतिरिक्त पुलिस महानिरीक्षक इनामुल हक सागर ने कहा है कि किसी भी मांग के नाम पर अराजक स्थिति पैदा करना, कानून-व्यवस्था को खराब करना, सार्वजनिक सुरक्षा को खतरे में डालना और संपत्ति को नुकसान पहुंचाना स्वीकार्य नहीं है। अगर आज सड़कें अवरुद्ध की जाती हैं तो सख्ती से निपटा जाएगा। सभी संवेदनशील इलाकों, विश्वविद्यालयों के आसपास अतिरिक्त पुलिस तैनात किया गया है। ढाका विश्वविद्यालय के आसपास बख्तरबंद कर्मचारियों को पानी की बौछार करने वाली मशीनों को तैनात किया गया है।

रिपोर्ट के अनुसार, राजधानी के सभी विश्वविद्यालयों के छात्रावासों को खाली करा लिया गया है। आंदोलनकारियों को राजधानी के स्कूलों और कॉलेजों में घुसने से रोकने के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं। ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस की गुप्तचर शाखा के प्रमुख हारुनोर रशीद ने कल दोपहर ढाका विश्वविद्यालय परिसर में पत्रकारों से कहा कि छात्र आरक्षण आंदोलन को राजनीतिक दलों का समर्थन मिलने से हालात बिगड़े हैं।

# नेपाल में ओली की प्रधानमंत्री पद पर नियुक्ति और शपथ ग्रहण को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती

**काठमांडू।** नेपाल में केपी शर्मा ओली की प्रधानमंत्री पद पर नियुक्ति और शपथ ग्रहण को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई है। इस संबंध में दायर याचिका में पूर्व प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल प्रचंड के करीबी वकीलों ने नियुक्ति और शपथ ग्रहण को असंवैधानिक होने का दावा किया है।

याचिका में राष्ट्रपति रामचन्द्र पौडेल के प्रचंड को प्रधानमंत्री से पदमुक्त करने के बाद नई सरकार बनाने के लिए किए गए आह्वान को असंवैधानिक बताया गया है। याचिका में कहा गया है कि संविधान की धारा 76(2) के मुताबिक प्रचंड को प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया था। प्रचंड सदन में अपना बहुमत साबित नहीं कर पाए तो राष्ट्रपति को संविधान की धारा 76(3) के तहत सरकार बनाने का आह्वान करना चाहिए। लेकिन 76(2) के तहत सरकार बनाने का आह्वान कर ओली को प्रधानमंत्री पद पर नियुक्त करना संविधान के विपरीत है।

सुप्रीम कोर्ट ने याचिका को सुनवाई के लिए मंजूर करते हुए इस

**असंवैधानिक**

**याचिका में राष्ट्रपति रामचन्द्र पौडेल के प्रचंड को प्रधानमंत्री से पदमुक्त करने के बाद नई सरकार बनाने के लिए किए गए आह्वान को असंवैधानिक बताया गया है।**

पर 21 जुलाई को सुनवाई की तारीख तय की है। उधर, ओली 21 जुलाई को सदन में विश्वास प्रस्ताव पेश करने की तैयारी में है। उल्लेखनीय है कि नेपाल के संविधान में सरकार गठन को लेकर तीन अलग प्रावधान है। संविधान की धारा 76(1) के तहत स्पष्ट बहुमत प्राप्त राजनीतिक दल के नेता को प्रधानमंत्री के रूप में नियुक्त करने का प्रावधान है। यदि किसी भी पार्टी को चुनाव में पूर्ण बहुमत नहीं आता है तो संविधान की धारा 76(2) के तहत दो या दो से अधिक दलों के



उस गठबंधन को सरकार बनाने के लिए आमंत्रित किया जाता है जिसके पास बहुमत सांसदों का समर्थन हो। धारा 76(1) और 76(2) के तहत भी यदि सरकार का गठन नहीं हो पाता है तो राष्ट्रपति के तरफ से प्रतिनिधि सभा के सबसे बड़ी पार्टी के संसदीय दल के नेता को संविधान की धारा 76(3) के तहत प्रधानमंत्री पद पर सीधे नियुक्त करने का प्रावधान है। इसके बाद प्रधानमंत्री को संविधान की धारा 76(4) के तहत 30 दिनों के भीतर सदन में विश्वास का मत हासिल करना होगा। यदि इन तीनों प्रावधान में भी किसी सरकार को बहुमत नहीं मिल पाता है संविधान की धारा 76(5) के तहत प्रतिनिधि सभा के किसी भी सांसद जिसके पक्ष में बहुमत सांसदों का हस्ताक्षर होता है उसके तहत प्रधानमंत्री पद पर नियुक्ति किया जा सकता है। इस प्रावधान में दलों का व्हिप लागू नहीं होता। राष्ट्रपति के पास बहुमत सांसदों के हस्ताक्षर सहित दावा पेश करना होता है।

मौजूदा याचिका में ओली की प्रधानमंत्री पर नियुक्ति को अवैध बताते हुए धारा 76(3) के अंतर्गत सबसे बड़े दल नेपाली कांग्रेस संसदीय दल के नेता शेरबहादुर देउवा को प्रधानमंत्री पद पर नियुक्त करने की मांग की गई है।

# स्पाइनल मस्कुलर एट्रॉफी को मैनेज करने में फिजिकल एवं ऑक्यूपेशनल थैरेपी की होती है अहम भूमिका

**लखनऊ।** स्पाइनल मस्कुलर एट्रॉफी (एसएमए) एक आनुवांशिक विकार है। इस बीमारी में मोटर न्यूरॉन में बड़ी ही तेजी से समस?या बढ़ती जाती है, जिसकी वजह से मांसपेशियां कमजोर होने लगती हैं। एसएमए से संबंधित कुछ लक्षणों में मांसपेशियों का कमजोर होना, चलने-फिरने में परेशानी, हाइपोटोनिया और सांस लेने तथा निगलने में समस्या होना शामिल हैं। एसएमए से होने वाले नुकसान को ठीक करने के लिए पूरी तरह से नियंत्रण का तरीका अपनाना चाहिए और कई थैरेपी को शामिल किया जाता है। फिजिकल थैरेपी (पीटी) और ऑक्यूपेशनल थैरेपी (ओटी) इन तरीकों में सबसे अहम है। एसएमए से प्रभावित लोगों की मांसपेशियों को मजबूत करने, उनके चलने-फिरने और जिंदगी को थोड़ा बेहतर बनाने पर ध्यान दिया जाता है। इस रोग की वजह से कई गुना बढ़ चुकी समस्याओं को दूर करने के लिए थैरेपीज एक साथ मिलकर अपना कमाल दिखाती हैं। इसमें मुख्य रूप से इस बात पर ध्यान दिया जाता है कि रोगी जितना संभव हो सके आत्मनिर्भर बनें और अपने रोजमर्रा के काम कर पाएं। फिजिकल थैरेपी और ऑक्यूपेशनल थैरेपी के उद्देश्यों के बारे में, डॉ. कौशिक मंडल, एडिशनल प्रोफेसर, डिपार्टमेंट ऑफ मेडिकल जेनेटिक्स, संजय गांधी पोस्ट-ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, लखनऊ का कहना है, एसएमए में कई तरह के उपचार पर ध्यान दिया जाता है। इसमें सबसे अहम बात है कि शारीरिक विकास तथा श्वसन संबंधी समस्याओं को नियंत्रित करने के लिए फिजिकल थैरेपी दी जाती है। साथ ही अस्थिपंजर से जुड़ी विकृति स्केलियोसिस को दूर करने के लिए भी थैरेपी की जरूरत होती है। फिजिकल थैरेपी मूल रूप से व्यायाम, स्ट्रेंथ ट्रेनिंग और एक्वाटिक थैरेपी जैसे विशेष प्रोग्राम के माध्यम से गतिशीलता और आत्मनिर्भरता बनाए रखने पर केंद्रित होता है। ऑक्यूपेशनल थैरेपी में रोजमर्रा से जुड़े काम जैसे खुद का ख्याल रखना, चलना-फिरना और लिखना व तकनीक का इस्तेमाल करने जैसी गतिविधियों को बेहतर बनाने का प्रयास किया जाता है। एसएमए स्वास्थ्यसेवा टीम में दोनों ही विषय एक साथ मिलकर काम करते हैं, जिसमें श्वसन संबंधी थैरेपिस्ट, स्पीच थैरेपिस्ट, आहार विशेषज्ञ, सर्जन और प्राथमिक देखभाल प्रदाता शामिल होते हैं। इससे विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्यसेवा व्यवस्थाओं में व्यापक रूप से देखभाल मिलना सुनिश्चित होता है।'' एसएमए में कमजोर मांसपेशियां रोगी के चलने-फिरने और कार्य करने की क्षमता को सीमित करके सेहत और जीवन पर गहरा असर डालती हैं। इससे श्वसन स्वास्थ्य, खासकर गंभीर मामलों में जहां खड़े होना और चलना मुश्किल या असंभव होता है, ऐसे में स्वस्थ श्वसन के लिए आवश्यक गहरी सांस लेना जरूरी है।

# रॉयल एनफील्ड की आ गई गरिल्ला 450!



रॉयल एनफील्ड ने अपना प्रीमियम आधुनिक रोडस्टर - रॉयल एनफील्ड गरिल्ला 450 लॉन्च किया, जो रोडस्टर्स और सड़कों को हमेशा के लिए बदल देगा। यह मोटरसाइकिल विश्व को एहसास कराएगी कि रोडस्टर वास्तव में क्या होते हैं रॉ, रिस्पॉन्सिव और विसरल राइडिंग अनुभव के लिए बनाई गई गरिल्ला 450 एक शक्तिशाली, बहुउपयोगी और उन्नत मोटरसाइकिल है गरिल्ला 450 के बारे में आयशर मोटर्स लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर, श्री सिद्धार्थ लाल ने कहा, गरिल्ला 450 हमारे नजरिए का आधुनिक रोडस्टर्स है, और इसका विकास जिस तरह हुआ, उससे हमें बहुत खुशी मिली। इस मोटरसाइकिल की मशीन कैरेक्टरफुल, अत्यधिक उन्नत है, यह परफॉर्मेंस, बहुमुखी गुण, और आत्मविश्वास बढ़ाने वाली हैंडलिंग प्रदान करती है। इसे उसी प्लेटफ़ॉर्म पर बनाया गया है, जिस पर हिमालयन बनी है। लेकिन इसे रोडस्टर की परफॉर्मेंस के लिए ट्यून किया गया है। इसलिए इसकी राइडिंग सबसे अलग और रोमांचक है। गरिल्ला वही है, जो हमेशा से रोडस्टर होते हैं। यह सुपर रिस्पॉन्सिव है और इसे दैनिक गति पर चलाने का अनुभव बहुत अच्छा है, और उतना ही आनंददायक इसे पूरी गति पर चलाना है। इसके इंजन, चेसिस, राइडिंग पोजिशन और बेहतरीन हैंडलिंग, इन सभी खूबियों के मिलने से एक बेहतरीन मोटरसाइकिल बनकर तैयार हुई है।÷ यह तीन वैरिएंट - एनालॉग, डैश और फ्लैश, एवं पाँच जीवंत रंगों में उपलब्ध होगा। भारत में बुकिंग आज से 2,39,000 रुपये के शुरुआती मूल्य से शुरू हो गई है। इसकी टेस्ट राइड और रिटेल बिक्री 1 अगस्त, 2024 से शुरू होगी। इस नई मोटरसाइकिल के बारे रॉयल एनफील्ड के सीईओ, बी गोविंदराजन ने कहा, गरिल्ला 450 एक खूबसूरत और गेम चेंजिंग रोडस्टर है। जब हमने शेरपा 450 प्लेटफॉर्म शुरू किया था, तब हमने एक एडवेंचर टूरर और एक बेहतरीन रोडस्टर की कल्पना की थी, जो एक खास रॉयल एनफील्ड होगी।

# बैड न्यूज़' का प्रमोशन करने स्टारकास्ट पहुंची लखनऊ

**लखनऊ।** धर्मा प्रोडक्शंस और लियो मीडिया कलेक्टिव के सहयोग से अमेज़ॅन प्राइम द्वारा प्रस्तुत, कॉमेडी-ड्रामा फिल्म बैड न्यूज की रिलीज़ डेट जैसे-जैसे पास आ रही है, फैंस और दर्शकों के बीच इसे लेकर उत्साह बढ़ता जा रहा है। वहीं दूसरी ओर, इसके प्रमोशन का सिलसिला भी उतनी ही तेजी से आगे बढ़ रहा है। इस कॉमेडी-ड्रामा फिल्म को प्रमोट करने के लिए इसके मुख्य कलाकार विक्की कौशल और एम्मी विर्क नवाबों के शहर लखनऊ पहुंचे। आनंद तिवारी के निर्देशन में बनी इस फिल्म में विक्की कौशल, तृप्ति डिमरी और एम्मी विर्क एकदम नए अंदाज में नजर आने वाले हैं। यह फिल्म 19 जुलाई , 2024 को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज़ होने के लिए पूरी तरह तैयार है। फिल्म के प्रमोशन को लेकर दोनों कलाकारों ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में भाग लिया, जहाँ उन्होंने फिल्म, अपने किरदार और इसे लेकर अपने



अनुभवों के बारे में पत्रकारों से बातचीत करते हुए खूब मौज-मस्ती की और एक-दूसरे के साथ काम करने के अपने अनुभव साझा किए। विक्की कौशल ने बताया कि अभी तक जितनी भी फिल्में की हैं, उनसे 'बैड न्यूज' काफी अलग है, क्योंकि इसमें मुझे कॉमेडी करने का मौका मिला है। हालांकि कॉमेडी करना इतना आसान नहीं होता है, लेकिन मैंने इसे स्वीकार करते हुए अपने आपको थोड़ा चेंज करने की कोशिश की है। साथ ही इसमें पहली बार मुझे एमी और तृप्ति के साथ काम करने का मौका मिला है।

वहीं, पंजाबी एक्टर एमी विर्क ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि नए कॉन्सेप्ट पर बनी यह फिल्म दर्शकों को जरूर गुदगुदाएगी और पसंद आएगी। एमी ने कहा कि किसी फिल्म की कहानी ही उसे लोकप्रियता दिलाती है, इस फिल्म को भी इसकी कहानी भी हिट बनाएगी। इस फिल्म के लिए पूरी टीम ने खूब मेहनत की है। बैड न्यूज की कहानी एक ऐसी लड़की की है जो एक रेयर मेडिकल कंडीशन हेटरोपैटरनल सुपरफेकंडेशन का शिकार हो जाती है। इस कंडीशन की वजह से उसकी कोख में पल रहा बच्चा एक नहीं बल्कि दो अलग-अलग लड़कों का है। अब बच्चे का असली पिता कौन है इस सवाल पर लड़ाई शुरू होती है और डॉक्टर बताते है कि दोनों लड़के ही बच्चे के पिता हैं।

# सीएमओ ने अहमद खान मोहल्ले में आयोजित टीकाकरण सत्र का किया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी जौनपुर डॉ0 लक्ष्मी सिंह नें जौनपुर शहरी क्षेत्र के मंडी अहमद खान मोहल्ले में आयोजित टीकाकरण सत्र का निरीक्षण किया।

उन्होंने सत्र पर उपलब्ध वैक्सीन, ड्यू लिस्ट तथा लॉजिस्टिक्स इत्यादि का निरीक्षण किया। एएनएम द्वारा ड्यू लिस्ट को अपडेट किया गया था तथा ड्यू लिस्ट के अनुसार बच्चों को टीका लगाया जा रहा था एवं विटामिन ए की खुराक दिया जा रहा था। निरीक्षण के समय कुल पांच बच्चों को टीका लगाया गया था तथा विटामिन ए की खुराक दिया गया था। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने मोहल्ले में भ्रमण कर जनपद में चलाए जा रहे संचारी एवं दस्तक अभियान का स्थलीय निरीक्षण किया। मोहल्ले में साफ-सफाई अच्छी थी एवं एंटी लारवा का छिड़काव कराया गया था। नगर पालिका कर्मी द्वारा एक स्थान पर कूड़ा डंपिंग को लेकर उन्होंने निर्देशित किया कि कूड़ा की डंपिंग शहर के बाहर करें तथा तत्काल डंप किए गए कूड़े को हटवाया जाय। आशा द्वारा घर-घर भ्रमण कर दिमागी बुखार एवं डेंगू, मलेरिया, फाइलेरिया, क्षय रोग, कुष्ठ रोग एवं कालाजार रोग के प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा था।

आशा द्वारा मच्छरों के प्रजनन स्थलों की जांच किया जा रहा था तथा लोगों को मच्छर प्रजनन स्थलों जैसे कूलर, टिन के पात्र, गमले, टायर, टूटे-फूटे बर्तनों इत्यादि में जमा हुए पानी को सप्ताह में एक दिन बदलने हेतु जागरूक किया जा रहा था। परिवार के सभी लोगों की आभा आईडी आशा द्वारा बनाई जा रही थी। स्टॉप डायरिया कैंपेन के अंतर्गत दस्त के लक्षण वाले 5 साल से छोटे बच्चों को चिन्हित किया जा रहा था। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने निर्देशित किया कि आवश्यकता अनुरूप ओआरएस पैकेट एवं जिंक की टेबलेट लोगों को अवश्य उपलब्ध कराएं ताकि डायरिया के प्रसार को रोका जा सके। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने आम जनमानस से अपील किया है कि वह संचारी एवं दस्तक अभियान में सहयोग देकर कार्यक्रम को सफल बनाने में सहायता करें। इस अवसर पर अर्बन पीएचसी के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर पवन कुमार यादव, सहायक जिला मलेरिया अधिकारी संजीव कुमार मिश्रा, एनएचएम कोऑर्डिनेटर प्रवीण पाठक एवं यूनिसेफ से डीएमसी गुरदीप कौर उपस्थित रहे।

## डॉ.अशोक कुमार बनें मुख्य चिकित्सा अधिकारी

**आजमगढ़।** जनपद के अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अशोक कुमार अब आजमगढ़ के नए मुख्य चिकित्सा अधिकारी होंगे। बता दें कि डॉ अशोक कुमार सहारनपुर के निवासी हैं। संभावना जताई जा रही है कि नए स्थानांतरण आदेश के बाद शनिवार को डॉ अशोक कुमार



आजमगढ़ में मुख्य चिकित्सा अधिकारी का पदभार ग्रहण करेंगे। वहीं दूसरी तरफ करीब तीन वर्ष तक आजमगढ़ में मुख्य चिकित्सा अधिकारी के पद पर रहे डॉ इंद्र नारायण तिवारी को गुरुवार को चिकित्सकों और स्टाफ़ाण ने मिलकर अगले तैनाती स्थल के लिए शुभकामना दी। बता दें कि 62 वर्ष के होने के बाद प्रशासकीय कार्य नहीं कर सकते जबकि 65 वर्ष तक चिकित्सकीय कार्य कर सकते हैं। इसलिए 62 वर्षीय डॉ इंद्र नारायण तिवारी का वरिष्ठ परामर्शदाता के पद पर भदोही जिला चिकित्सालय के लिए तबादला किया गया है।

# अनिकेत का हुआ भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र में हुआ चयन, परिवार में खुशी का माहौल

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** अतरौलिया गरीब किसान के बेटे का भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र में हुआ चयन, परिजनों ने मिठाई खिला कर दी बधाई।

बता दे कि नगर पंचायत के अब्दुल कलाम नगर निवासी एक गरीब किसान के बेटे ने एक बार फिर अपने जिले तथा क्षेत्र का नाम रोशन किया है। अनिकेत अग्रहरि पुत्र रामा प्रशाद पप्पू ने कड़ी मेहनत कर देश के प्रख्यात भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र में चयन हुआ है। परिवार में खुशी का माहौल है और सभी ने बेटे अनिकेत को मिठाई खिलाकर उसे बधाई दी।अनिकेत शुरू से ही एक मेधावी छात्र रहा जिसकी प्रारंभिक शिक्षा दयानंद बाल विद्या मंदिर अतरौलिया तथा हाई स्कूल व इंटरमीडिएट की पढ़ाई पटेल मेमोरियल इंटर कॉलेज अतरौलिया से हुई। तत्पश्चात अनिकेत तैयारी करने के लिए एंट्रेंस एग्जाम के माध्यम से गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक स्कूल उन्नाव से शिक्षा प्राप्त की और इलाहाबाद चला गया कड़ी मेहनत की बदौलत अपने प्रथम प्रयास में ही यह सफलता अर्जित की। उसकी सफलता से परिजनों तथा क्षेत्र में खुशी का माहौल व्याप्त है और लोग घर पहुंच कर उसे बधाई दे रहे हैं। चाचा सियाराम अग्रहरि ने बताया कि परिवार बहुत ही गरीबी से गुजरा है तीन भाइयों में सबसे छोटा अनिकेत अपनी मेहनत के बदौलत इस मुकाम को हासिल किया।अनिकेत ने मुम्बई स्थित भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र का एग्जाम दिया और एग्जाम देने के बाद आए रिजल्ट में उसकी दुनिया ही बदल दी। परिवार में खुशी का माहौल है और सभी ने बेटे अनिकेत को मिठाई खिलाकर और फूल माला पहनाकर भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र में चयन होने पर बधाई दी। अनिकेत के पिता रामा प्रसाद पप्पू अग्रहरी एक प्राईवेट नौकरी करते हैं और बच्चों को सच्ची राह पर चलने के लिए लगातार प्रोत्साहित करते हैं। कड़ी मेहनत और लगन से उन्होंने अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा के साथ-साथ अच्छे संस्कार भी दिए हैं ।अनिकेत ने इस सफलता का श्रेय अपने परिवार को दिया और उन्होंने कहा कि जिस तरह से परिवार ने मुझे अच्छी परवरिश दी और इस मुकाम तक मुझे पहुंचाया मुझे गर्व है अपने परिवार पर। उन्होंने कहा की शुरुआत में मुझे काफी चुनौतियों का सामना करना पड़ा लेकिन मेरा यह संकल्प था कि मुझे यहां से निकलकर अपने गांव अपने घर अपने लोगों के लिए कुछ करना है बस इसी दृढ़ संकल्प के बदौलत मैं आज इस मुकाम को हासिल किया। बेटे की इस सफलता पर माता सुनीता देवी काफी प्रसन्न है बधाई देने वालों में मुख्य रूप से सियाराम अग्रहरि, शिवकुमार अग्रहरि, विश्व दीप अग्रहरि ,लक्ष्मी ,शीतला प्रसाद, आशीष, राजू, आदित्य ,शिवम, मिश्रा, किशन ,शुभम, विपिन, अमन अग्रहरि ,आयुष ,अभिनव आदि सम्मिलित रहे।

# चौकी प्रभारी ने लिया होता संज्ञान तो न हो पाती अरविंद की हत्या



अवधनामा ब्यूरो

- अरविंद हत्याकांड पर बढ़ी राजनीति गरमाई
- विभिन्न संगठनों के लोगो ने घटना में दर्शाया पुलिस की लापरवाही
- सदर कोतवाली क्षेत्र के सिल्थरी गांव का मामला

**सोनभद्र।** रॉबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र के सिलथरी गांव में गुरुवार की सुबह नहर में युवक का शव मिला। उसके चेहरे पर चोट के निशान थे। चार दिन पहले ही युवक का कुछ लोगों से विवाद हुआ था। इसी विवाद में हत्या का आरोप लगाते हुए परिजनों ने जमकर हंगामा किया। वही आरोपियों के घर पर हमले की भी कोशिश की। मौके पर एएसपी कालू सिंह, सीओ डॉ. चारु द्विवेदी सहित अन्य पुलिस अधिकारियों ने पहुंच गए हैं। फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए। चुर्क नगर के वार्ड नंबर पांच निवासी अरविंद चौहान (20) बुधवार की शाम किसी काम से रॉबर्ट्सगंज गया था। इसके बाद वह वापस नहीं लौटा। परिजन उसकी तलाश कर रहे थे। इसी बीच गुरुवार की सुबह ग्रामीणों ने पास के सिलथरी गांव से गुजरी नहर में युवक की लाश देखी। उसकी पहचान अरविंद के रूप में हुई। सूचना पाकर परिजन मौके पर पहुंच गए। युवक के चेहरे पर चोट के निशान मिले हैं। परिजनों का आरोप है कि पिछले दिनों अरविंद का दूसरे वर्ग के कुछ लड़कों से विवाद हुआ था। इसमें पुलिस को सूचना भी दी गई थी, मगर शांति भंग की आशंका में कार्रवाई कर पल्ला झाड़ लिया गया। उसी विवाद में अरविंद की हत्या कर शव को नहर में फेंक दिया गया है। गुस्साए परिजनों ने आरोपियों के घर पर हमले की भी कोशिश की। उधर, फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। एएसपी कालू सिंह ने बताया कि नहर में युवक की लाश मिली है। घरवाले पिछले दिनों हुए विवाद को लेकर ही हत्या किए जाने का आरोप लगा रहे हैं। पुलिस छानबीन कर रही है। तहरीर के आधार पर केस दर्ज़ कर कार्रवाई की जाएगी। उधर हत्या की जानकारी पाकर पहुंचे सपा के राष्ट्रीय सचिव अविनाश कुशवाहा, जिलाध्यक्ष राम निहोर यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष संजय यादव ने घटनास्थल पर पहुंच कर मृतक के परिजनों से मिलते हुए मामले में संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने को भरोसा दिलाया वहीं सपा राष्ट्रीय सचिव अविनाश कुशवाहा ने बताया कि भाजपा सरकार में खुलेआम हत्याएं की जा रही हैं पुलिस जानबूझकर मामले में आरोपियों का साथ दे रही है यह ताजा मामला देखने को मिला जिसमें चुर्क चौकी इंचार्ज द्वारा की गई घोरा लापरवाही से आज हुई है यह घटना।

# महादेवी हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्र-छात्राओं ने किया वृक्षारोपण

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** सांसें हो रही है कम, आओ लगाएं पेड़ हम इस उद्देश्य को लेकर आज महादेवी हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्र-छात्राओं ने वृक्षारोपण किया । साथ-साथ यह संदेश दिया कि पेड़ हमारे लिए बहुत ही जरूरी है ।हमें पर्यावरणको संतुलित रखने के लिए पेड़ ज्यादा से ज्यादा लगाना होगा तभी हमारा जीवन बच सकता है। आपको बताते चले की तिवारीपुर, सिधारी स्थित महादेवी हायर सेकेंडरी स्कूल में पर्यावरण को लेकर और इतनी भीषण गर्मी को देखते हुए वृक्षारोपण का कार्यक्रम आजमगढ़ विकास प्राधिकरण के माध्यम से निर्माण हो रहे सिधारी कमिश्नरी रोड स्थित निर्माणाधीन पार्क में भव्य रूप से वृक्षारोपण किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य रामनयन मौर्य ने बताया अगर हम पर्यावरण को लेकर सचेत न हुए तो आने वाला समय हम लोगों के लिए बहुत ही भयावह होगा ।इसलिए हम लोगों को ज्यादा से ज्यादा वृक्ष लगाना होगा। विद्यालय के उप प्रधानाचार्य एसएन यादव ने बताया कि पौधे पर्यावरण प्रदूषण को मिटाने में राम बाण के समान होते है। वट व पीपल के वृक्ष एकमात्र ऐसे वृक्ष है जो दिनरात लगातार कार्बन डाई आक्साइड ग्रहण करके आक्सीजन का उत्सर्जन करते है। आक्सीजन सभी जीव जंतुओं के लिए बहुत ही आवश्यक है। बिना आक्सीजन के किसी भी प्राणी में प्राण वायु का संचार नहीं हो सकता। वृक्षारोपण के दौरान धीरेन्द्र मोहन,पद्मजा पाल, प्रेमा यादव, शरद गुप्ता, राहुल तिवारी आदि शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## पर्यावरण संरक्षण संकल्प के साथ एडीएम ने किया पौधारोपण

**सोनभद्र।** गुरुवार को कलेक्टर परिसर सोंभद्र में सहदेव मिश्रा ADM प्रशासन द्वारा पर्यवरण संरक्षण संकल्प अभियांन को आगे बढाते हु? दिनांक 18 जुलाई 2024 से 26 जुलाई 2024 के बीच पंचायती राज विभाग के सफाई कर्मचारियों द्वारा व चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों द्वारा उ0 प्र0 में वृक्षएरोपण का कार्यक्रम किया जा रहा है क्रांति सिंह प्रदेश अध्यक्ष की आवाहन पर उत्तर प्रदेश का प्रत्येक सफाई कर्मचारी (एक लाख) व चतुर्थ श्रेणी का कर्मचारी साथ ही देशवासियों के साथ मिलकर 9 दिन में 2 लाख पौधा लगाने का संकल्प लिया है यदि एक व्यक्ति एक पौधा देश के नाम , एक पौधा माँ के नाम लगाए तो हमारा पर्यावरण संरक्षण का सपना साकार होगा।

# संक्षिप्त समाचार

## युवती के अपहरण व किशोरी संग छेड़खानी में दो पर केस

**जौनपुर (खुटहन)** थाना क्षेत्र के दो अलग गांवों में बहला फुसलाकर कर युवती को भगा ले जाने व दूसरे गांव में शौच को गई किशोरी संग छेड़खानी के मामले में पुलिस ने दोनों नामजद आरोपितों के खिलाफ उचित धाराओं केस दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दिया है।गांव निवासी 24 वर्षीय युवती के पिता ने थाने में नामजद तहरीर देकर आरोप लगाया कि सुल्तानपुर जिले के करौंदी थाना क्षेत्र के पाकरपुर गांव निवासी हरिकेश यादव का उसके पड़ोस में रिस्तेदारी है। वह अक्सर उसके घर आता जाता था। गत 3 जुलाई को मौका पाकर वह हमारी पुत्री को शादी का झांसा देकर घर से भगा ले गया। इसी दिन थाना क्षेत्र के दूसरे गांव में शौच को गई किशोरी को गांव के ही प्रदीप उर्फ प्रमोद ने दुराचार की नीयत से पकड़ लिया।शोर मचाने पर आरोपित भाग गया। दोनों आरोपितों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## ग्राम पंचायत अधिकारी को प्रतिकूल प्रविष्टि

**जौनपुर (खुटहन)** बीडीओ गौरवेंद्र सिंह के निरीक्षण में काजी शाहपुर गांव में लाखों की लागत से बना सामुदायिक शौचालय संचालित न पाये जाने पर उन्होंने ग्राम पंचायत अधिकारी के खिलाफ प्रतिकूल प्रविष्टि जारी किया है। इस कार्रवाई से अन्य गांवों में तैनात पंचायत अधिकारियों में खलबली मची हुई है। ग्रामीणों की शिकायत पर खंड विकास अधिकारी गत 14 जुलाई को उक्त गांव में सामुदायिक शौचालय का हाल जानने पहुंचे। यहां शौचालय पूरी तरह से बंद पाया गया। जब कि जिलाधिकारी का आदेश है कि गांव में बने सामुदायिक शौचालयों को सुबह 5 से 8 तथा शाम 5 से 11 बजे तक अवश्य संचालित कराया जाय। जिससे नाराज बीडीओ ने ग्राम पंचायत अधिकारी नेहा गौतम के खिलाफ प्रतिकूल प्रविष्टि जारी किया है।

## हॉस्टल से कोचिंग गया छात्र नहीं लौटा वापस परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल



**जौनपुर (महराजगंज)** क्षेत्र के गद्दोपुर गांव निवासी 17 वर्षीय आयुष कुमार तिवारी पुत्र अनुज तिवारी वाराणसी ब्रह्मानंद पीजी बॉयज हॉस्टल दुर्गाकुंड में रहकर पढ़ाई करता है जहां बीते मंगलवार शाम 5:00 बजे हॉस्टल से जेआरएस कोचिंग गया था। देर शाम हॉस्टल वापस न लौटने पर जिसकी जानकारी हॉस्टल संचालक को हुई जिसकी सूचना छात्र के परिजनों को दिया सूचना पर परिजन मौके पर पहुंच कर काफी खोजबीन किए लेकिन छात्र का कहीं पता नहीं चला छात्र के न मिलने पर भेलूपुर दुर्गाकुंड स्थित थाने में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग किया। मामले में पुलिस पीड़ित के पिता अनुज तिवारी की तहरीर पर गुमसुदगी का मुकदमा दर्ज कर खोजबीन में जुटी हुई है। वही होनहार बेटे के लिए पूरा परिवार आने का इंतजार कर रहा है और रो-रोकर बुरा हाल है।

## डीएम की अध्यक्षता में भू-जल सप्ताह के सन्दर्भ में बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न



**जौनपुर।** जिलाधिकारी रविंद्र कुमार माँदड़ की अध्यक्षता में भू-जल सप्ताह के सन्दर्भ में बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। उपायुक्त मनरेगा ने बताया कि भू-गर्भ जल के गिरते जलस्तर को देखते हुए भूजल संरक्षण हेतु भूजल सप्ताह 16 जुलाई से 22 जुलाई तक मनाया जाता है। जिसके अंतर्गत स्कूलों, सरकारी भवनों आदि में रूफटॉप रेनवाटर हार्वेस्टिंग हेतु लोगो को जागरूक किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आपस में समन्वय कर सभी विभाग भूजल संरक्षण हेतु काम करें और लोगो को जागरूक करने के साथ ही इस दिशा में नवीन तकनीक का भी इस्तेमाल करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम, डीसी मनरेगा, जिला विकास अधिकारी, बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित अन्य जिलास्तरीय अधिकारीगण और कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# शहीद सिनोद कुमार को सब इंस्पेक्टर दी गयी श्रद्धांजलि

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** निजामाबाद,स्थित गौसपुर घूरी निवासी शहीद सिनोद कुमार की आठवीं पूर्णतिथि बृहस्पतिवार को शहीद सिनोद कुमार पार्क में मनाई गई। केंद्रीय रिजर्व पुलिस फोर्स की नई गाइड लाइन के अनुसार सीआरपीएफ प्रयागराज की शाखा से सब इंस्पेक्टर कल्लू राम गौसपुर घूरी आकर अपने विभाग की तरफ से सिनोद कुमार को श्रद्धांजलि देते हुये सलामी दी। कल्लू राम सीआरपीएफकी तरफसे शहीद का चित्र और बैनर शहीद के सम्मान में लाये थे। सुबह दस बजे शहीद सिनोद कुमार पार्क में उनके परिजनों के साथ आसपास के लोग और स्कूल के बच्चे पार्क में इकट्ठा होकर शहीद के सम्मान में नारे लगाकर सभी ने बारी बारी पुष्पांजलि देकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुये समाजसेवी अधिवक्ता जितेंद्र हरि पांडेय ने कहा कि हमे अपने देश की सेना पर गर्व है।देश के नागरिक अपनी सेना के बलबूते चौन से सोते हैं और हमारे जवान सीमाओं पर पहरा देते हैं।उपस्थित लोगों ने पार्क में शहीद की प्रतिमा लगाने सहित वहाँ के विकास लिये सरकार से अपील भी किया।

ग्राम प्रधान ने पार्क में वृक्षारोपण कराया। इस अवसर पर सिनोद कुमार के पिता तूफानी राम,माता कवलपत्ति देवी,पत्नी जान्हवी, भाई विनोद कुमार,हसन अब्बास, सुनीता, विकास आजाद आदि उपस्थित रहे।

# पैसों की धोखाधड़ी करने वाले दो अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन,कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र के निर्देशन एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में एवं थाना कोतवाली पुलिस टीम द्वारा की गयी कार्यवाही।एस एस पी ने बताया कि जिला सहकारी बैंक के उपमहाप्रबंधक उमेश कुमार एवं वरिष्ठ शाखा प्रबन्धक जिला सहकारी बैंक इटावा राजीव त्रिपाठी की लिखित तहरीर के आधार पर 10 नामजद व्यक्तियों द्वारा 24 करोड़ 90 लाख रूपये के गबन/अपहरण किये जाने के सम्बन्ध में थाना कोतवाली पर मु0अ0सं0 202/2024 धारा 420/467/468/471/409 भादवि पंजीकृत किया गया।

उन्होंने बताया कि जनपद में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम एवं वाँछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में दिनांक 18.07.2024 को थाना कोतवाली पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत भ्रमणशील रहकर संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग की जा रही थी इसी दौरान प्राप्त आपराधिक अभिसूचना के आधार पर मु0अ0सं0 202/2024 से सम्बन्धित दो अभियुक्तों को बस स्टैण्ड तिराहे के पास से समय 12.45 बजे गिरफ्तार किया गया ।

**गिरफ्तार अभियुक्त–**

1- नफीसुल जैदी उर्फ गुड्डु पुत्र शमसुल हसन जैदी निवासी घटिया अजमत अली थाना कोतवाली जनपद इटावा उम्र 59 वर्ष।

2.अतुल प्रताप सिंह पुत्र देवेन्द्र प्रताप सिंह निवासी चौगुर्जी थाना कोतवाली जनपद इटावा उम्र 57 वर्ष ।

**पंजीकृत अभियोग–**

1.मु0अ0सं0 202/2024 धारा 420/467/468/471/409 भादवि थाना कोतवाली जनपद इटावा।

पुलिस टीम में निरीक्षक विक्रम सिंह चौहान प्रभारी थाना कोतवाली,निरी0 अपराध भोला प्रसाद रस्तोगी,उ0नि0 सुरेन्द्र पाल,का0निवेश कुमार,का0योगेश कुमार,हे0का0चालक महेन्द्र सिंह रहे।

# बैंड बाजों के साथ निकली वृक्षों की बारात

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** जिलाधिकारी अवनीश राय एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने संयुक्त रूप से वृक्षों की बारात में कलेक्ट्रेट परिसर से होते हुए वन विभाग के ऑफिस तक बैंड बाजों के साथ रैली में प्रतिभाग किया।उन्होंने कहा कि पौधों के प्रति बच्चों एवं आम नागरिकों को जागरूक किया जाए।उन्होंने कहा कि इस बारात में बरगद को दूल्हा बनाया गया एवं शहवाला के रूप में पीपल,पाकड़ को रखा गया।उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण अभियान में बढ़ चढ़कर हिस्सा लें एवं पौधों को लगाना ही नहीं बल्कि उनकी देखरेख अवश्य करें।उन्होंने आम नागरिक एवं बच्चों से अपील करते हुए कहा कि ज्यादा से ज्यादा वृक्ष लगाएं एवं उनको सुरक्षित भी रखें।उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण के लिए बरसात का मौसम सबसे अच्छा समय है,इस समय हम पौधों की अच्छी तरह से देखरेख कर सकते हैं।उन्होंने कहा कि पेड़ हमारे पर्यावरण का महत्वपूर्ण हिस्सा है, वह हमारे लिए कई तरीके से उपयोगी हैं।रैली में लगभग 1000 स्कूली बच्चों द्वारा प्रतिभाग किया गया।रैली में पांन कुँवर इंटरनेशनल सहित कई स्कूलों के बच्चे भी शामिल हुए।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम, निदेशक सामाजिक वानिकी अतुल कांत शुक्ला,अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव,एसपी सिटी अभय नाथ त्रिपाठी,जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार,अपर जिला विद्यालय निरीक्षक मुकेश यादव,जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ.राजेश कुमार सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (मु0)**
**जलकल विभाग, नगर निगम ऐशबाग, लखनऊ**
पत्रांक : 850/ई0ई0(एच0क्यु0)/2024–25 दि0: 16.07.2024
**अति अल्पकालिक निविदा सूचना**
जलकल विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु अल्पकालिक निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 25.07.2024 को अपरान्ह 3:00 बजे तक अधिशासी अभियन्ता मुख्यालय के कार्यालय के कैश काउन्टर से प्राप्त किये जा सकते हैं। सील्ड निविदायें दिनांक 25.07.2024 को अधिशासी अभियन्ता मुख्यालय के कार्यालय में अपरान्ह 3.30 बजे तक सील्ड टेण्डर बाक्स में प्राप्त की जायेंगी। प्राप्त सभी निविदायें दिनांक 25.07.2024 को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 4:00 बजे मुख्यालय के कार्यालय ने खोली जायेंगी।
1. जलकल विभाग, नगर निगम, ऐशबाग मुख्यालय द्वारा कठौता गोमतीनगर स्थित विभागीय कर्मचारी श्री सूरजभान सिंह को आवंटित आवास की पेन्टिंग, शीशा बदलवाई, दरवाजो व खिडकी की मरम्मत इत्यादि का कार्य धरोहर धनराशि रू0 5,500.00 एवं निविदा मूल्य रू0 250.00
2. जलकल विभाग, नगर निगम, ऐशबाग मुख्यालय में फिल्टर प्लान्ट के पैटर्सन प्लान्ट नं0 1 के बेड नं0 01 से 05 तक स्लूस बाल्वों की मरम्मत व मोल्डिंग–कास्टिंग तथा वार्म गेयर सेट की बदलवाई इत्यादि का कार्य, धरोहर धनराशि 8,500.00 एवं निविदा मूल्य रू0 500.00
3. जलकल विभाग, नगर निगम, ऐशबाग मुख्यालय ने अधिष्ठापित ओल्ड पम्परूम मे मेन डोर नया लगाने एवं आर0सी0सी0 स्लैब डालने एवं रेलिंग इत्यादि का कार्य, धरोहर धनराशि 3,000.00 एवं निविदा मूल्य रू0 150.00
4. जलकल विभाग, नगर निगन, ऐशबाग मुख्यालय ने अधिष्ठापित फिल्टर उपविभाग, वीयर प्लान्ट फिल्टर टैंक नं0 1 से 3 तक पुराने क्षतिग्रस्त लगे कन्सरटीना वायर के स्थान पर नया कन्सरटीना वायर नय वाई एन्गिल लगाये जाने इत्यादि का कार्य, धरोहर धनराशि 9,000.00 एवं निविदा मूल्य रू0 500.00
**अधिशासी अभियन्ता (मु0)**
**जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ**

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (मु0)**
**जलकल विभाग, नगर निगम ऐशबाग, लखनऊ**
पत्रांक : 851/ई0ई0(एच0क्यु0)/2024–25 दि0: 16.07.2024
**अति अल्पकालिक निविदा सूचना**
जलकल विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु अल्पकालिक निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 25–07–2024 को अपरान्ह 3:00 बजे तक अधिशासी अभियन्ता मुख्यालय के कार्यालय के कैश काउन्टर से प्राप्त किये जा सकते हैं। सील्ड निविदायें दिनाँक 25–7–2024 को अधिशासी अभियन्ता मुख्यालय के कार्यालय में अपरान्ह 3:30 बजे तक सील्ड टेण्डर वाक्स मे प्राप्त की जायेंगी। प्राप्त सभी निविदायें दिनाँक 25–7–2024 को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 4:00 बजे मुख्यालय के कार्यालय में खोली जायेंगी।
1. जलकल विभाग, नगर निगम, ऐशबाग मुख्यालय मे 100 एम0एम0 व्यास के 04 होल वाले कॉलम पाईपों की आपूर्ति, धरोहर धनराशि 10,000.00 एवं निविदा मूल्य रू0 500.00
**अधिशासी अभियन्ता (मु0)**
**जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ**

**उत्तर रेलवे**
आज़ादी का अमृत महोत्सव
**खुली ई–निविदा सूचना**
भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **12.08.2024 को 15:00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुअल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदाकर्ता निविदा फार्म का मूल्य व धरोहर राशि का भुगतान केवल **ireps** पोर्टल पर उपलब्ध आनलाईन भुगतान प्रणाली में नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड इत्यादि द्वारा किया जायेगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपॉजिट रसीद एवं एफ डी आर द्वारा भुगतान स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | 07102024 दिनांक 18.07.2024 |
| 2 | कार्य का नाम | वरिष्ठ मंडल इंजीनियर द्वित्य लखनऊ के अधीन आरबीएल–यूटीआर अनुभाग में एंटी क्रैश बैरियर के साथ सुरक्षा बाड़/सीमा दीवार आदि का प्रावधान का कार्य। |
| 3 | अनुमानित लागत | Rs. 18,23,904,16.66 |
| 4 | धरोहर राशि | Rs. 10,62,000.00 |
| 5 | कार्य समापन की अवधि | स्वीकृत पत्र की तिथि से 06 माह |
| 6 | निविदा डालने का प्रारंभ | 29.07.2024 |
| 7 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 12.08.2024 15:00 बजे |
| 8 | वेबसाइट | www.ireps.gov.in |

**नोट :** निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 2181/24
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# कुशीनगर में वृद्ध महिला से दुष्कर्म करने के बाद हैवानियत

अवधनामा ब्यूरो



वृद्ध महिला को जिला अस्पताल में ले जाती पुलिस व अन्य

- नृभया जैसे कांड महिला के गुप्तांग में डाल दिया बेलन
- बरवापट्टी थाना क्षेत्र के एक गांव का मामला
- आरोपी पुलिस की हिरासत में

**कुशीनगर।** जिले में एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। एक वृद्ध महिला से दुष्कर्म करने बाद गुप्तांग में बेलन डाल दिया गया। वृद्ध महिला का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया है।

बरवापट्टी थाना क्षेत्र के एक गांव में सुबह भोर में 68 वर्षीय बुजुर्ग महिला के साथ एक व्यक्ति ने पहले दुष्कर्म किया, फिर बुजुर्ग महिला के साथ हैवानियत की हदें पार करते हुए बुजुर्ग महिला के गुप्तांग में बेलन डाल बुजुर्ग महिला की जान लेने की कोशिश की, घटना को अंजाम देने वाला व्यक्ति मौके से फरार हो गया। बुजुर्ग महिला झोपड़ी में दर्द से तड़पती रही। बड़ी गंडक नदी किनारे झोपड़ी बना कर रह रही बुजुर्ग महिला को जब दर्द से कहराते वहां से गुजर रहे लोगो ने देखा तो वह हैरान रह गए। घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई, पुलिस तत्काल मौके पर पहुंचकर बुजुर्ग महिला को नजदीकी अस्पताल ले गए, लेकिन गंभीर अवस्था होने के चलते डॉक्टरों ने जिला अस्पताल कुशीनगर रेफर कर दिया। जहां महिला की हालत बेहद गंभीर बनी हुई है। महिला का उपचार करने वाली महिला डॉक्टर भी दरिंदगी की ऐसी घटना देख चौक गई। महिला डॉक्टर ने कहा कि महिला के साथ दुष्कर्म जैसी घटना हुई हैं साथ ही उसके प्राइवेट पार्ट में कुछ ऑब्जेक्ट डाला गया जिसे रिमूव कर दिया गया। मेडिकल अभी हुआ नही हैं क्योंकि महिला की स्थिति गंभीर है। उनको इलाज हेतु भर्ती किया गया इलाज चल रहा। फिलहाल इस मामले पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर आगे की जांच शुरू कर दी हैं। बता दे कि 68 वर्षीय बुजुर्ग महिला गांव के ही बाहर बड़ी गंडक नदी नारायणी के बंधा नम्बर 4 पर अकेले रहती थी। गांव में बुजुर्ग महिला का पूरा परिवार रहता है। सुबह और शाम का भोजन करने के बाद बुजुर्ग महिला अपनी झोपड़ी पर आकर रहती थी और रात भी उसी झोपड़ी में शो जाती थी, लेकिन आज सुबह भोर में इस घटना ने क्षेत्र में सनसनी फैला दिया। दिल्ली के निर्भया कांड जैसी घटना को अंजाम दिया गया। वह भी एक बुजुर्ग महिला के साथ दुष्कर्म और हैवानियत की ऐसी घटना सन करने वाली है। इस संबंध में अपर पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी ने बताया कि बरवापट्टी थाना क्षेत्र में एक वृद्ध महिला के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। सूचना पर 108 नंबर पुलिस गई थी। स्थानीय पुलिस आरोपी युवक को गिरफ्तार करते हुए सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर पूछताछ की जा रही है।

## डीएम की अध्यक्षता में किसान दिवस का हुआ आयोजन

# सभी किसानों को सोलर फेनसिंग कराने के निर्देश

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** जिलाधिकारी दिव्या मित्तल की अध्यक्षता में किसान दिवस बैठक का आयोजन विकास भवन के गांधी सभागार में किया गया। जिलाधिकारी ने बैठक में कृषकों की समस्याओं को सुना और उप कृषि निदेशक से समस्त शिकायतों को नोट करने के निर्देश दिये तथा अगली बैठक में सभी शिकायतों के अनुपालन कराने के निर्देश दिये।

विद्युत विभाग के अधिशासी अभियन्ता को उन्होंने निर्देशित किया कि वे विभाग में संचालित योजनाओं का पम्पलेट के माध्यम से प्रचार-प्रसार करायें। किसान यूनियन के अध्यक्ष राघवेन्द्र प्रताप शाही द्वारा अनुरोध किया गया कि सिंचाई हेतु विद्युत कनेक्शन का मीटर मोटर पम्प पर ही लगवा दिया जाये जिस पर जिलाधिकारी द्वारा कहा गया कि लिखित में पत्र दे दिया जाय जिससे शासन को भेजा जा सके। जनपद में नीलगायों से हो रहे फसलों के नुकसान की रोकथाम हेतु सभी कृषकों को सोलर फेनसिंग कराने के लिए कहा गया। कृषकों द्वारा मुफ्त बोरिंग कराने का अनुरोध किया गया जिस पर जिलाधिकारी ने कहा गया कि कृषक हित में मुफ्त बोरिंग कराने हेतु शासन को पत्र प्रेषित कराया जाये। उन्होंने सभी उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि कृषकों द्वारा उठायी गयी समस्याओं को नोट कर लें और अगली बैठक से पहले प्राथमिकता के आधार पर समस्याओं का समाधान करायें। ध्यान रहे सभी उठायी गयी समस्याओं पर अगली बैठक में जरूर चर्चा की जायेगी। उप कृषि निदेशक ने उपस्थित कृषकों को गत माह में आयोजित किसान दिवस में प्राप्त 05 शिकायतों की अनुपालन आख्या से अवगत कराया गया। इसके बाद उप कृषि निदेशक ने कृषि विभाग की लाभकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दिया गया। उप कृषि निदेशक ने बताया कि इस समय विभाग के समस्त राजकीय कृषि बीज भण्डारों से बीज का वितरण पी0ओ0एस0 मशीन के माध्यम से बायोमेट्रिक द्वारा किया जा रहा है। कुछ कृषकों द्वारा बताया गया कि जनपद में कुछ ऐसे बुजुर्ग किसान हैं जो बीज गोदाम पर आने में असमर्थ हैं उनकी बायोमेट्रिक में छूट प्रदान की जाय। जिस पर उप कृषि निदेशक द्वारा आश्वासन दिया गया कि इस प्रकार की समस्याओं के लिए मुख्यालय स्तर पर समाधान हेतु भेजा जायेगा। कृषकों द्वारा प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (पी0एम0 कुसुम) सोलर पम्प योजना के बारे में जानकारी चाही गयी जिस पर उप कृषि निदेशक ने बताया कि जनपद में (02एचपी0 डीसी/एसी, 03एचपी डी0सी / ए0सी, 05 एचपी ए0सी0, 7.5 एचपी ए0सी0 एंव 10 एचपी ए0सी0 क्षमता में बुकिंग हेतु पोर्टल पर ऑनलाइन इच्छुक कृषकों सोलर पम्प हेतु बुकिंग करा सकते हैं। जिस पर 60 प्रतिशत अनुदान देय है तथा शेष 40 प्रतिशत कृषक अंश की धनराशि ऑनलाइन अथवा चालान के माध्यम से जमा कर सोलर पम्प ले सकते हैं। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने किसान दिवस की बैठक में विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि इस समय विभाग द्वारा गलाघोंटू, खुरपका-मुंहपका का टीकाकरण का गांव-गांव अभियान चलाया जा रहा है। सभी कृषकों से अनुरोध है कि अपने पशुओं का टीकाकरण जरूर करायें। साथ ही बताया कि यदि कोई पशु बीमार हो जाते हैं तो इसके लिए मोबाइल वेटनरी यूनिट के द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। विभाग में पशुधन बीमा योजना के अन्तर्गत सामान्य लाभार्थियों को 75 प्रतिशत छूट एवं अनुसूचित जाति के लाभार्थियों को 90 प्रतिशत छूट दिया जा रहा है।

## विद्युत पोल से टकराए बाइक सवार, एक की मौत, दो घायल

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** जटहां बाजार थाना क्षेत्र के हिरनही गांव के मुख्य सड़क पर गुरुवार की भोर में एक युवक की बाइक सड़क के किनारे लगे विद्युत पोल से टकरा गई। जिससे बाइक चालक सहित अन्य दो सवार गम्भीर रूप से घायल हो गए। घटना की बाबत मौके पर पहुंचे लोगों की मदद से घायलों को एक निजी ऑटो से जिला अस्पताल भिजवाया गया जहां डॉक्टरों की टीम ने बाइक चालक को मृत घोषित कर दिया जबकि अन्य घायलों का उपचार में लगे डॉक्टरों ने उन्हें खतरे से बाहर बताया है। पडरौना कोतवाली थाना क्षेत्र के जरार निवासी सुरेश रौनियार का करीब 22 वर्षीय पुत्र प्रकाश रौनियार बुधवार को दुदही स्थित अपने बहनोई के घर किसी कार्य के प्रयोजन से गया था, जो पुनः कुछ घण्टों बाद अपने घर के दो पारिवारिक सदस्यों के साथ बाइक से वापस मध्य रात्रि के बाद अपने घर जरार के लिए वापस आ रहा था। जिसकी बाइक हिरनही गांव की मुख्य सड़क के किनारे लगे बिजली के खंभे से अचानक जा टकराई और गम्भीर रूप से बाइक चालक सहित दो अन्य भी घायल हो गए। घायलों की चीख पुकार सुन कर आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए और घायलों के इलाज हेतु एक निजी ऑटो से जिला मेडिकल कॉलेज कुशीनगर के अस्पताल भेजवाए। अस्पताल पहुंचे घायलों के इलाज में लगे डॉक्टरों की टीम ने बाइक चालक को मृत घोषित कर दिया तथा शेष दो का इलाज होने लगा। इधर ज्योहिं खबर बाइक चालक पुत्र प्रकाश की घर पहुंची कि घर के परिजनों में चीख चीत्कार मच गया और देखते ही देखते मृतक के दरवाजे पर लोगों की भींड जुट परिजनों को समझाने बुझाने में लगे रहे। बताया जा रहा है की बाइक चालक को नींद की झपकी आने के कारण हादसा हुआ।

# लापरवाही की भेंट चढ़ गई कुशीनगर की एफडीआर तकनीक की सड़क

अवधनामा ब्यूरो

- जून तक पूरा होने वाला सड़क पर महज 50 मीटर हुआ है कार्य
- 10.37 किमी. लंबे व 5.50 मीटर चौड़े मार्ग के निर्माण के लिए शासन ने किया है 10 करोड़ 15 लाख रुपया अवमुक्त

**कुशीनगर।** जनपद में एफडीआर (फूल डेफ्थ रिक्लेमेशन) तकनीक से बन रही 11 किमी लंबी गोबरहीं-हेतिमपुर सड़क विभागीय लापरवाही की भेंट चढ़ गई है। सबब यह है कि मार्च माह से शुरू सड़क का कार्य जून तक पूरा हो जाना था, किंतु 50 मीटर ही कार्य हो पाया. जिससे इस महत्वपूर्ण सड़क पर आवागमन करने वालों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

हालांकि विभाग अब बरसात बाद कार्य पूर्ण कराने की बात कर रहा है। 10.37 किमी. लंबे व 5.50 मीटर चौड़े मार्ग के निर्माण के लिए शासन की ओर से 10 करोड़ 15 लाख रुपया अवमुक्त किया गया है। बीते पांच वर्ष से यह मार्ग बड़े बड़े गड्ढों में तब्दील हो गया था। 10 किमी. की दूरी वाहन चालकों को तय करने में काफी समय लगता था। वर्ष 2023 के अक्टूबर माह में 100 मीटर सड़क का निर्माण कराकर जाब फार्मूला टेस्टिंग के लिए मटेरियल कानपुर आइआइटी रूड़की को भेजा गया था। वहां से स्वीकृत मिलने के बाद बीते मार्च माह में स्टेट क्वालिटी मॉनिटर विमल कुमार ने विभागीय अभियंताओं को साथ लेकर मार्ग के प्रथम लेयर का कार्य कराया। जानकारों का कहना है कि नियमतः प्रथम लेयर बनने के 28 दिन बाद पिचिंग का कार्य हो जाना चाहिए। किन्तु ठेकेदार एवं विभागीय लापरवाही के कारण पिचिंग का कार्य समय से शुरू नहीं हुआ। नतीजतन पहले दिन हेतिमपुर की ओर से 50 मीटर पिच निर्माण हुआ कि वर्षा शुरू हो गई. इसके बाद कार्य को रोक दिया गया। **सहायक अभियंता बोले-** कार्यदायी संस्था प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के सहायक अभियंता संजय राय ने बताया कि विभाग स्तर से कोई लापरवाही निर्माण कार्य में नहीं हुई है. मार्ग नए तकनीक से बन रहा है। हर कार्य की जांच होती है। स्वीकृत मिलने के बाद दूसरे चरण का कार्य कराया जाता है। वर्षा के कारण पिचिंग का कार्य रूका है. साइड पर ही सारी मशीनरी पड़ी है। जैसे ही बरसात समाप्त होगा निर्माण कार्य पूर्ण करा दिया जाएगा।

### क्या है एफडीआर तकनीक

देश के इंजीनियरों ने सड़क निर्माण में बढ़ते लागत को कम करने के उद्देश्य से इस तकनीक को विकसित किया है। इसमें पुराने मार्ग में प्रयुक्त मटेरियल में ही केमिकल और सीमेंट मिलाकर मार्ग बनाया जाता है। यह एक सफल मिश्रण डिजाइन का अंतिम परिणाम समुच्य और डामर बाइंडर का अनुसंस्ति मिश्रण है।

## कुशीनगर में चिकित्सा शिविर का आयोजन कराएगा भारत विकास परिषद

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** भारत विकास परिषद तथागत शाखा की बैठक पडरौना नगर के हनुमान इंटर कॉलेज मे सम्पन्न हुई। प्रांतीय महासचिव डॉक्टर दंपति कुमार सिंह की अध्यक्षता मे आयोजित बैठक में तथागत शाखा के आगामी कार्यक्रमों की रुपरेखा पर प्रकाश डालते हुए जागरूक किया गया। प्रांतीय महासचिव ने कहा कि भारत को जानो प्रतियोगिता, गुरु वंदन, छात्र अभिनंदन और चिकित्सा शिविर जो तथागत शाखा पहले से सुव्यवस्थित तरीके से आयोजित करती आ रही है। उसको और व्यवस्थित और विस्तार देते हुए कार्य करें। इस अवसर पर तथागत शाखा के कोषाध्यक्ष मनोज शर्मा ने कहा कि तथागत शाखा जनपद कुशीनगर आने वाले समय में कम से कम 25 विद्यालयों में गुरु वंदन छात्र अभिनंदन का कार्यक्रम कराएगी। साथ ही गत वर्ष 15 विद्यालयों में विज्ञान प्रतियोगिता हुई थी। जो इस वर्ष 30 विद्यालय में करने का लक्ष्य है। शाखा सचिव राधा रमन गाड़िया ने कहा कि इस बार तथागत शाखा कुशीनगर प्रदेश में ही नहीं क्षेत्र में समूह गान और भारत को जानो प्रतियोगिता में अपना स्थान बनाएगी। भारत को जानो प्रतियोगिता के सफलतम आयामों के सम्बन्ध में भारत को जानो प्रतियोगिता के प्रकल्प प्रमुख डॉ निरेन पांडेय ने विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता से विभिन्न आयामों से राष्ट्र निर्माण में उपयोगिता का महत्व प्रदर्शित होता है। तथागत शाखा के सदस्य और चिकित्सा प्रकल्प के प्रमुख डॉ राकेश गुप्ता ने समीक्षा बैठक के दौरान बताया कि इस बार विभिन्न जगहों से चिकित्सा शिविर आयोजित करने की प्रस्ताव मिल रहा है। जिसमें तथागत शाखा कुशीनगर बहुत बृहद पैमाने पर इस बार चिकित्सा शिविर आयोजित करने जा रही है।

## लेखपाल संघ ने एसडीएम को सौंपा मांग पत्र



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ की तहसील इकाई की एक बैठक गुरुवार को तहसील सभागार में संगठन के तहसील अध्यक्ष जनार्दन मिश्र की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में रिक्त पदों पर चयन हुआ। उसके बाद कार्यवाही शुरू की गई जिसमें लेखपालों ने अपनी मांगों पर बल देते हुए 10 सूत्रीय एक मांग पत्र तैयार कर उप जिलाधिकारी को दिया। जिसमें कहा गया है कि एसडीएम के स्टेनो बृजेश कुमार लेखपालों के साथ अमर्यादित व्यवहार करते हैं। इन्हें शीघ्र ही इस पटल से हटाया जाए। साथ ही अन्य मांगों जिसमें लेखपालों ने एक से अधिक हल्का मिलने पर गांव की सीमा से सटे होने की दशा में हल्का लेखपाल को आवंटित करने विभिन्न देयको के भुगतान प्रत्येक मां की पहली तारीख को वेतन सहित अन्य समस्याओं को मांग पत्र में शामिल किया है। मांगों और समस्याओं का निराकरण शीघ्र कराए जाने की मांग की है मांगे ना मानी जाने की दशा में 22 जुलाई से लेखपालों ने कार्य बहिष्कार और धरना देने की चेतावनी दी है। इस मौके पर अरविंद सिंह अजय कुमार विवेक कुमार पांडे पंकज गुप्ता प्रेम बहादुर राजेश पाल आदि मौजूद रहे।

## देवरिया के विकास के लिए नॉर्थ-इस्टर्न रेलवे की जीएम के साथ सांसद ने की वार्ता



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** सदर सांसद शशांक मणि त्रिपाठी ने गोरखपुर में पुर्वोत्तर रेलवे की महाप्रबंधक सौम्या माथुर से मिलकर देवरिया में रेलवे से संबंधित 3 प्रमुख मुद्दों पर चर्चा की तथा कसया ढाले पर ओवरब्रिज न होने के कारण जनता को हो रही समस्याओं से अवगत कराया । इस पर महाप्रबंधक ने कसया ढाले पर ओवरब्रिज बनवाने के लिए अनापत्ति प्रमाण देने पर सहमति जताई, इसके लिए सरकार से धन की मांग भी की गई है। कुशीनगर जनपद में तमकुही - छितौनी - पनियहवा रेलवे लाइन बनाने की परियोजना को जल्द मंजूरी देने पर भी जीएम ने सहमति दी, इससे तमकुही से वाल्मिकीनगर तक एक और रेल कनेक्शन मिलेगा। सदर सांसद ने देवरिया में बन रहे अमृत रेलवे स्टेशन के सौंदर्यीकरण को अतिशीघ्र अंतिम रुप देने के लिए आग्रह किया तथा देवरही माता के साथ देवरहा बाबा से जुड़े भित्ति चित्र स्टेशन की दीवारों पर बनाने के सुझाव पर महाप्रबंधक सौम्य माथुर ने अपनी सहमति जताई। सदर सांसद ने बताया कि इन तीनों कार्यों के पूरा होने से देवरिया में हो रहे जाम की समस्या से जनता को राहत मिलेगी तथा एक विकसित देवरिया के निर्माण में यह कदम सार्थक होगा।

## एनआईओएस ने शुरू किया व्यावसायिक पाठ्यक्रम

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** नगर के मुंशीगंज रोड स्थित एनआईओएस में व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की शुरुआत हो रही है। अधिशासी अधिकारी पवन वर्मा ने बताया कि कटिंग और टेलरिंग का निशुल्क 6 महीने का कोर्स किशोरियों और महिलाओं के लिए संस्थान की ओर से शुरू कर दिया गया है। शीघ्र ही नॉमिनल फीस पर कंप्यूटर शिक्षा और ब्यूटी पार्लर की शुरुआत होने जा रही है जिसके के लिए अभ्यर्थियों के फार्म भरवाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि सोलर एनर्जी टेक्नीशियन का कोर्स भी नॉमिनल फीस पर जो 1 वर्षीय होगा उसका भी संस्थान शीघ्र ही शुभारंभ करने चल रहा है। बताया कि संस्थान में तमाम व्यवसायिक पाठ्यक्रमों की व्यवस्था है जो रोजगार की दिशा में एक कारगर कदम साबित हो सकते हैं। कुछ स्वैच्छिक संस्थान एनआईओएस से संबद्ध होकर यहां पैरामेडिकल कोर्स सहित तमाम व्यावसायिक पाठ्यक्रमों का संचालन करने की तैयारी में है।

# हटाए गए कौशांबी के मुख्य चिकित्सा अधिकारी

### शासन के नियमों के विपरीत मुख्य चिकित्सा अधिकारी के पद पर संभाला 18 दिनों तक कार्यभार

अवधनामा संवाददाता

- डॉक्टर संजय कुमार बने कौशांबी के मुख्य चिकित्सा अधिकारी

**कौशांबी।** चिकित्सा अनुभाग 2 उत्तर प्रदेश शासन ने कौशांबी के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुष्पेन्द्र कुमार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी के पद से हटाते हुए वरिष्ठ परामर्शदाता जिला चिकित्सालय गाजियाबाद के पद पर स्थानांतरण करने का आदेश जारी किया है और अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी देवरिया डॉक्टर संजय कुमार को कौशांबी के मुख्य चिकित्सा अधिकारी के पद पर नियुक्ति के आदेश जारी किए गए हैं।

बताते चलें की मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुष्पेन्द्र कुमार 30 जून को 62 वर्ष की उम्र पार कर चुके हैं राज्यपाल के आदेश के मुताबिक 62 साल की उम्र पूरी करने पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी के पद पर कोई व्यक्ति तैनात नहीं रह सकता लेकिन इन्होंने सरकार के आदेश को चुनौती देते हुए 18 दिनों तक तानाशाही से मुख्य चिकित्सा अधिकारी का कार्य संभाला है इस दौरान इनके द्वारा किए गए आहरण वितरण और प्रशासनिक कार्यवाही की जांच कराए जाने की जरूरत है सरकार के आदेश के विपरीत किए गए कार्य बड़ी जांच का विषय है और 18 दिनों तक शासन के नियमों के विपरीत मुख्य चिकित्सा अधिकारी के पद पर कार्यभार संभालने वाले सुष्पेन्द्र कुमार के कारनामे को यदि शासन ने गंभीरता से लेकर जांच कराई तो अभी डॉक्टर सुष्पेन्द्र कुमार पर और बड़ी कार्रवाई हो सकती है।

## भू-जल सप्ताह गोष्ठी तथा भू-जल सप्ताह की आवश्यकता महत्ता पर विस्तृत प्रकाश डाला

अवधनामा संवाददाता



**कौशाम्बी।** प्रभारी परियोजना निदेशक/उपायुक्त मनरेगा मनोज कुमार वर्मा की अध्यक्षता में उदयन सभागार में भू-जल सप्ताह गोष्ठी का आयोजन किया गया तथा भू-जल सप्ताह की आवश्यकता/महत्ता पर विस्तृत प्रकाश डाला गया।गोष्ठी में सहायक अभियंता, लघु सिंचाई संजय कुमार जायसवाल ने बताया कि दिनांक 16 जुलाई से 22 जुलाई, 2024 तक भूजल सप्ताह प्रभावी ढंग से मनाये जाने का निर्णय शासन द्वारा लिया गया हैं। इसके अन्तर्गत मुख्य विचार बिन्दु ' जल संरक्षण का करो प्रयास-जल ही है जीवन की आस पर ध्यान केन्द्रित किया गया है।

हाईड्रोलाजिस्ट, भूगर्भ जल विभाग, प्रयागराज/कौशाम्बी श्रीमती अर्चना सिंह ने बताया कि जनपद कौशाम्बी के 08 विकास खण्डों में से 02 विकास खण्ड-चायल एवं मूरतगंज अतिदोहित श्रेणी में हैं। प्रदेश में मानसून काल वर्षा का सीजन 04 माह का होता है, जो माह जुलाई, अगस्त, सितम्बर एवं अक्टूबर तक माना जाता है, परन्तु यहाँ देखने में आ रहा है कि प्रत्येक वर्ष वार्षिक वर्षा का रिकार्ड दिनों-दिन घटता ही जा रहा है। वर्तमान स्थिति इतनी भयावह है कि इस पर विचार करना नितान्त आवश्यक है कृषि वैज्ञानिक डॉ0 नवीन कुमार शर्मा ने कहा कि भूगर्भ जल का पुर्नभरण या रिचार्ज कैसे किया जाय, यह गहन विचारणीय प्रश्न है। आज औद्योगीकरण एवं शहरी विकास के कारण एवं कंक्रीटों से भूमि आच्छादित कर दिये जाने के कारण भूजल पुर्नभरण या रिचार्ज बहुत प्रभावित हुआ है एवं प्राकृतिक रूप से पुर्नभरण कार्य पूर्णतः बन्द होने के कगार पर है, ऐसी स्थिति में प्रत्येक विद्यालय या शासकीय भवन में रेन वाटर हार्वेस्टिंग का निर्माण निश्चित रूप से किया जाय एवं जनपद की नदियों/नालों में चेकडैम/बन्धों का निर्माण, पुराने तालाबों को अतिक्रमण मुक्त कराकर वर्षा जल संचयन की व्यवस्था कराकर एवं भूजल की महत्ता के सम्बन्ध में जन जागरूकता अभियान चलाकर खेत का पानी खेत में अधिक से अधिक दिनों तक रोकने के लिए कार्यकम किये जाये। गोष्ठी में वर्षा जल संचयन कैसे करें, जल की समस्या के समाधान के लिए सुझाव, शहरों में कैसे हो भूगर्भ जल का नियोजन, रोजमर्रा के घरेलू कार्यों में जल बचत, किसान किस प्रकार कर सकतें हैं जल की बचत, उद्योगों/ व्यवसायिक क्षेत्रों में जल बचत के टिप्स तथा ग्रामीणों क्षेत्रों में वर्षा जल संचयन की उपयुक्त तकनीकें-तालाब/जलाशय का निर्माण/ जीर्णोद्वार, गली/नाला प्लगिंग, रिचार्ज कूप एवं फालतू जल के रिचार्ज पिट पर विस्तृत प्रकाश डाला गया। इसके साथ ही भूगर्भ जल रिचार्ज के लाभ के विषय में भी जानकारी दी गोष्ठी में उप कृषि निदेशक सतेन्द्र कुमार तिवारी, जिला विद्यालय निरीक्षक सच्चिदानन्द यादव, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी कमलेन्द्र कुमार कुशवाहा एवं प्रभारी जिला विकास अधिकारी/उपायुक्त एनआरएलएम सुखराज बन्धु ने जल की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए जल संचयन पर विशेष बल दिया। प्रभारी परियोजना निदेशक ने उपस्थित सभी अधिकारियों/कर्मचारियों एवं गणमान्य व्यक्तियों को जल शपथ दिलाई कि-मैं पानी बचाने और उसके विवेकपूर्ण उपयोग की शपथ लेता हूॅ। मैं यह भी शपथ लेता हूॅ कि मैं जल का समुचित उपयोग करूॅगा तथा पानी की हर एक बूंद का संचयन करूॅगा और कैच द रेन अभियान को बढ़ावा देने में पूरा सहयोग दूंगा। मैं पानी को एक अनमोल सम्पदा मानूॅगा और ऐसे मानते हुए ही इसका उपयोग करूॅगा। मैं शपथ लेता हॅ कि मैं अपने परिवारजनों, मित्रों और पड़ोसियों को भी इसके विवेकपूर्ण उपयोग और उसे व्यर्थ नहीं करने के लिए प्रेरित करूॅगा।

## जबरिया दूसरे की जमीन पर कर रहे थे कब्जा विरोध करने पर लाठी डंडे से पीटा

**कौशांबी।** चरवा थाना क्षेत्र के रामदयालपुर में रामदुलारे की मौत के बाद उनकी संपत्तियों में उनके पुत्रों का नाम तहसील के अभिलेखों में दर्ज है लेकिन उसके बाद राम दुलारे की संपत्ति पर गांव के दबंग धर्मपाल सिंह व राजेंद्र सिंह वा उनके परिवार के लोगों ने जबरिया कब्जा करना शुरू कर दिया है 17 जुलाई को राम दुलारे के खेत में राजेन्द्र सिंह धर्मपाल सिंह वा अन्य धान की रोपाई कर रहे थे जब जमीन के मालिक रामदुलारे के बेटे धुन्नू सिंह ने राजेन्द्र सिंह धर्मपाल सिंह वा अन्य लोगों ने खेत कब्जा करने से मना किया तो राजेंद्र सिंह और धर्मपाल सिंह वा उनके परिवार के दर्जनों लोगों ने खेत मालिक धून्नु सिंह और उनके परिवार के मानसिंह आशा देवी भगवान सिंह आदि लोगों को लाठी डंडे से पीट दिया है जिससे धुन्नू सिंह वा अन्य लोगों को चोट आई हैं हो हल्ला सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे बीच बचाव किया घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचा है मामले की सूचना पुलिस को दी गई है।

# सुकरौली नगर पंचायत अध्यक्ष सहित तीन पर मुकदमा दर्ज

### सुकरौली पुलिस चौकी पर पूर्व प्रधान की हुई मौत का मामला

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** सुकरौली नगर पंचायत अध्यक्ष राजनेति कश्यप सहित तीन लोगों के खिलाफ हाटा कोतवाली में एफआइआर दर्ज की गई। इसमें मारपीट, गाली-गलौच तथा अनुसूचित एवं अनुसूचित जनजाति अधिनियम के तहत विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया गया है। हाटा कोतवाली पुलिस ने यह कार्रवाई अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र की दलित महिला के तहरीर पर की है। जिले के अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र के ग्राम पकड़ी निवासिनी इमीरिती देवी पत्नी स्व. जय गोविन्द प्रसाद द्वारा हाटा कोतवाली पुलिस को दिए गए तहरीर में कहा गया है कि वह अत्यंत गरीब व अनुसूचित जाति की महिला है। अपने परिवार की जरुरत के लिए वह अपनी जमीन बेचने हेतु खरीददार तलाश रही थी।

इस दरम्यान हाटा कोतवाली क्षेत्र के सुकरौली नगर पंचायत निवासी रामप्रवेश गुप्ता पुत्र इन्ददेव गुप्ता उनसे मिले और बोले कि वह जमीन बेचवा देंगे। इमीरिती देवी के तहरीर पर हाटा कोतवाली में दर्ज मुकदमा में कहा गया है कि रामप्रवेश गुप्ता ने गोरखपुर जनपद के झगहा थाना के क्षेत्र के निवासी मोतीराम अड्डा विजय कुमार कन्नौजिया पुत्र भागवत नाम से जमीन बेचवा दिया और उस जमीन का रामप्रवेश गुप्ता ने 75 हजार रुपए यह कहकर अपने पास रख लिया कि चलो सुकरौली दे देंगे। महिला ने कहा है कि जब वह सुकरौली पहुंचकर रामप्रवेश से अपना बकाया 75 हजार रुपए की मांग की गाज तो वह अपने को उच्च जाति का शक्ति सम्पन्नता का रौब दिखाते हुए पैसा देने से इंकार कर दिया और अपमानजनक ढंग से जाति सूचक अपशब्दों का प्रयोग कर मां-बहन की भद्दी भद्दी गाली दी और जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया।

### रामप्रवेश का साथी ने हड़प लिया है दुकान का पैसा

दर्ज एफआईआर में पीड़िता ने कहा है कि रामप्रवेश का साथी विशुनपुर उर्फ ठूठी निवासी राजू कश्यप पुत्र सीताराम जो उच्च जाति का ही धोखेबाज आदमी है और प्रार्थिनी के परिवार को अनुसूचित जाति का गरीब समझकर अपनी जमीन में दुकान खुलवाने के लिए बहला फुसलाकर मेरे पति जय गोविन्द एवं सुरेश भारती पुत्र स्व. डगरु प्रसाद से अपनी जमीन में कार्य करवाया जिसमें 75 हजार 400 रुपए खर्च हुआ। इसके बाद राजू अपने गुंडई के बल पर मेरे पति एवं सुरेश को अनुसूचित जाति का गरीब मजदूर समझकर मां-बहन की भद्दी-भद्दी गाली देकर जबरन दुकान से भगा दिया और दुबारा दूकान पर आने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता इमीरिती देवी ने आरोप लगाया है कि राजू कश्यप, सुकरौली नगर पंचायत अध्यक्ष राजनेति कश्यप के प्रबल सहयोग व समर्थन पाकर उनके द्वारा दुकान में लगाए गए 75 हजार 400 रुपए को हड़प लिया गया है। दिनांक 1 अगस्त-2023 की सुबह तकरीबन 11.00 बजे जब वह सुकरौली जा रही थी। कि तभी देवतहॉं व सुकरौली के बीच में राजू कश्यप ने उन्हे रास्ते मे रोककर मारा पीटा था जिसका उन्होंने देवतहॉं सीएचसी मेडिकल कराया गया था। महिला ने कहा है कि इस मामले को लेकर उनके पति जय गोविन्द प्रसाद ने पत्र के माध्यम से शासन प्रशासन एवं उच्चाधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए उक्त लोगो के खिलाफ कार्यवाही करने की गुहार लगाई थी।

### आरोपियों के पिटाई से पति की बिगड़ी तबीयत, हुई मौत

इमीरिती देवी द्वारा दिए गए तहरीर पर दर्ज हुए एफआईआर में पीड़िता ने कहा है कि पूर्व मे उक्त आरोपियों ने उनके पति को बेरहमी से मारा पीटा था जिससे उनके पति को अन्धरुनी चोटे लगी थी। इस घटना को हाटा कोतवाली के सुकरौली पुलिस चौकी पर 15 जुलाई को दोनो पक्षों को बुलाया गया था, जहा रामप्रवेश गुप्ता और राजू कश्यप द्वारा पैसे न देने की बात कहे जाने कारण पूर्व में लगी अन्धरुनी चोटों से मेरे पति जय गोविन्द प्रसाद का तबियत बहुत बिगड़ा गया।

वहा मौजूद पुलिस व अन्य लोगो के सहयोग से पति को सुकरौली सरकारी अस्पताल पर ले जाया गया जहां पर डाक्टर ने उन्हे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने मृतक पति के शव का पंचायतनामा कर पोस्टमार्टम भी तत्काल कराया था। महिला ने रामप्रवेश गुप्ता, राजू कश्यप व राजनेति कश्यप पर अपने पति जय गोविन्द प्रसाद की मौत का जिम्मेदार ठहराया है।

### इन धाराओं में दर्ज है मुकदमा

पीड़िता इमीरिती देवी के तहरीर पर हाटा कोतवाली पुलिस ने रामप्रवेश गुप्ता पुत्र इन्द्र देव गुप्ता, विजय कुमार कन्नौजिया पुत्र भागवत व राजनेति कश्यप नगर पंचायत अध्यक्ष सुकरौली के खिलाफ धारा 323, 504, 506, 406, 304 के अलावा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति निवारण अधिनियम 3(1)(द), 3(1)(ध), 3(2)(भ) के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# गैंगस्टर की सम्पत्ति जब्त

अवधनामा संवाददाता



**फिरोजाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित के निर्देशन में थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम द्वारा गैंगस्टर एक्ट के शराब की तस्करी करने वाले शराब माफिया अभियुक्त भूपेन्द्र सिंह उर्फ फौजी की धारा 14(1) गैंगस्टर एक्ट के अन्तर्गत मूल्य 60 लाख पैंसठ हजार आठ सौ अड़तीस रूपये (60,65,838.00 रूपये) की अचल सम्पत्ती को मौके पर जाकर कुर्क करते हुए जब्तीकरण की कार्यवाही की गयी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में अपराधियों पर लगातार धारा 14(1) के अन्तर्गत प्रभावी कार्यवाही की जा रही है एवं शराब की तस्करी करने वाले शराब माफिया अभियुक्त भूपेन्द्र सिंह उर्फ फौजी पर जनपद के विभिन्न थानों में आधा दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित द्वारा अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे विभिन्न अभियानों के अन्तर्गत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी शिकोहाबाद के कुशल नेतृत्व में थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम मय राजस्व टीम द्वारा सम्बन्धित मु0अ0सं0 27/2023 धारा 2/3 गिरोहबंद एवं असामाजिक क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम 1986 थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद से सम्बन्धित शराब की तस्करी करने वाले शराब माफिया गैंगलीडर अभियुक्त भूपेन्द्र सिंह उर्फ फौजी पुत्र ग्रीश चन्द्र निवासी नगला कुंजी जवापुर थाना दन्नाहार जिला मैनपुरी हाल पता यशोदा नगर कस्बा व थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद की अन्तर्गत धारा 14(1) गिरोहबंद एंव असामाजिक क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम 1986 में अचल सम्पत्ति मूल्य 60 लाख पैंसठ हजार आठ सौ अड़तीस रूपये (60,65,838.00 रूपये) को कुर्क कर जब्तीकरण की कार्यवाही की गयी है। कुर्क की गयी सम्पत्ती का मूल्य (रूपये में) इस तरह से है। ग्राम उरमुरा किरार तहसील शिकोहाबाद के खाता संख्या 321 गाटा संख्या 313/2 क्षेत्रफल 1.364 है। बैनामा के अनुसार क्षेत्रफल .667 हैक्टेयर 28,91,700.00 है। ग्राम किशनपुर मौहम्मदाबाद के गाटा संख्या 22 में एक किता प्लॉट क्षेत्रफल 153.34 वर्गमीटर 8,74,038.00 रूपये है। ग्राम किशनपुर मौहम्मदाबाद के गाटा संख्या 22 में एक किता क्षेत्रफल 153.34 वर्गमीटर जिस पर एक मकान लैंटर युक्त है 23,00,100.00 रूपये है।

# लायंस क्लब के पदाधिकारियों ने श्रमिकों को वितरित किया अंगोछा



अवधनामा संवाददाता

**टूंडला।** लायन्स क्लब टूंडला द्वारा रेहड़ी वाले, रिक्शे वाले एवं श्रमिक लोगो को इस उमस भरी गर्मी में सैकड़ो लोगों को अंगोछे का वितरण किया गया। इस अवसर पर लायंस क्लब अध्यक्ष नीतू श्रीवास्तव ने कहा कि हर जगह पर अंगोछा ही कूलर, पंखा से अधिक काम आता है। इसको पाकर उनके चेहरे पर अलग ही मुस्कराहट आ गयी थी। देश में कोई भी ऐसा व्यक्ति जो अपनी श्रम शक्ति को बेचकर रोजगार प्राप्त करके अपना जीवन यापन करता है वह एक श्रमिक है। भारत में अभी भी मजदूरो के लिये सरकार का औद्योगिक घरानों को बहुत काम करने की आवश्यकता है। तभी देश विकास के नित नए आयाम स्थापित करके विश्व गुरु बन सकेगा। किसी भी देश में मजदूरो की शक्ति के बिना कोई भी ओद्योगिक व अन्य प्रकार का दोन्चा खड़ा नहीं कर सकता है। हमारे समाज की वह महत्वपूर्ण ईकाई है जिसका हमारी और समाज की सफलता के पीछे अनमोल योगदान होता है। इस कार्यक्रम में आलोक उपाध्याय, अल्पना शर्मा, सुरेन्द्र सिंह, अमित गुप्ता, अंकित जैन, अशोक गुप्ता, प्रदीप शर्मा, अशोक गुप्ता, करतार सिंह यादव, संदीप श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# सीएचसी, सीडीपीओ व पशु चिकित्सालय रिसिया का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

- मनरेगा सेल व निर्माणाधीन पार्क का भी किया अवलोकन
- डीपीओ, सीडीपीओ व तीन मुख्य सेविकाओं का रोका वेतन



अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** शासकीय कार्यालयों में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति, अभिलेखों के रख-रखाव, संस्थान द्वारा प्रदान की जा सेवाओं एवं सुविधाओं तथा कार्यालय की साफ-सफाई का जायज़ा लेने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी ने विकास खण्ड रिसिया मुख्यालय परिसर में स्थित राजकीय पशु चिकित्सालय, ब्लाक रिसिया का मनरेगा सेल, बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय, सीएचसी रिसिया व ब्लाक परिसर में क्षेत्र पंचायत व कन्वर्जन निधि से निर्माणाधीन पार्क का निरीक्षण किया। राजकीय पशु चिकित्सालय के निरीक्षण के दौरान मौजूद पशु चिकित्साधिकारी डॉ. ललित से ओ.पी.डी. में आने वाले पशुपालकों व उपचारित पशुओं की संख्या इत्यादि के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देश दिया कि ओ.पी.डी. पंजिका को अद्यतन रखा जाय। डीएम ने निर्देश दिया कि ओपीडी पंजिका में पशुपालक तथा उपचारित पशु का विवरण अनिवार्य रूप से दर्ज किया जाय। विकास खण्ड रिसिया हेतु पशु टीकाकरण के लक्ष्य के बारे में बताया गया कि अब तक 07 ग्राम पंचायतों का संतृप्त किया जा चुका है। डीएम ने निर्देश दिया कि ब्लाक अन्तर्गत संचालित पशु टीकाकरण अभियान की पंजिका को भी मेनेटेन किया जाय। औषधि कक्ष के निरीक्षण के दौरान औषधि वितरण पंजिका प्रस्तुत न किये जाने पर डीएम ने कड़ी नराज़गी जताते हुए निर्देश दिया कि पशु चिकित्सालय से सम्बन्धित समस्त पंजिकाओं को डे-बाई-डे अपडेट किया जाय। बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय के निरीक्षण के दौरान सीडीपीओ अनूप कुमार, मुख्य सेविका श्रीमती मंजू वर्मा, मोनिका झिगरन व मीनाक्षी गुप्ता अनुपस्थित पाये गये। मौके पर मौजूद कनिष्ठ सहायक सरोज कुमार ने बताया कि सभी कार्मिक क्षेत्र में हैं। डीएम द्वारा भ्रमण पंजिका मांगे जाने पर कनिष्ठ सहायक द्वारा भ्रमण पंजिका प्रस्तुत नहीं की जा सकी। कार्यालय में उपलब्ध कुर्सी की बुनाई टूटी होने, कार्यालय भवन व स्टोर में प्लास्टर टूटा-फूटा पाये जाने पर डीएम ने नाराज़गी जताते हुए डीपीओ सहित सभी अनुपस्थित पाये गये कार्मिकों का वेतन रोके जाने के निर्देश दिये गये।

# जले को आवंटित हुआ इन्टरसेप्टर प्रवर्तन वाहन



अवधनामा संवाददाता

- यातायात नियमों को लागू कराने में होगी सुविधा

**बहराइच।** स्पीड गन, प्रदूषण जांच, एनीलाइजर मशीन सहित अन्य अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस इन्टरसेप्टर प्रवर्तन वाहन को एम.एल.सी. पदम सेन चौधरी ने परिवहन कार्यालय, बहराइच से हरी झण्डी दिखाकर प्रवर्तन कार्य के लिए रवाना किया।

इस अवसर पर सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन राजीव कुमार व प्रवर्तन के ओ.पी. सिंह, प्रधान सहायक अतीक उल्ला खान, कनिष्ठ सहायक अमित कुमार तिवारी व शिव शंकर सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे। इस अवसर पर एआरटीओ प्रशासन राजीव कुमार ने बताया कि प्रदेश के परिवहन आयुक्त द्वारा जनपद को आवंटित किये गये इन्टरसेप्टर प्रवर्तन वाहन की मदद से यातायात नियमों का पालन कराने तथा प्रवर्तन की कार्यवाही में सुविधा होगी।

# सुरक्षित कांवड़ यात्रा हेतु दिए प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश

अवधनामा संवाददाता

**फिरोजाबाद।** अपर जिलाधिकारी ने आगामी कावंड यात्रा को सकुशल सम्पन्न व कावंडियों की सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक कर निर्देश दिए। जिलाधिकारी रमेश रंजन के निर्देशन में अपर जिलाधिकारी विशु राजा की अध्यक्षता में सावन माह में होने वाली कावंड यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराने व कावंडियों की सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कलैक्ट्रेट सभागार में पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ एक आवश्यक बैठक आयोजित की गयी। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी ने सभी पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि कावंड यात्रा को जनपद में सकुशल सम्पन्न कराया जाए, इसके लिए जनपद एटा की ओर से आने वाले कावंडियों के मार्ग को अभी से दुरूस्त करा लिया जाए, कावंड यात्रा मार्ग में यदि गढढे है तो उन्हे पूर्णतः ठीक कराया जाए और सड़क के दोनो ओर झाडियों को साफकराकर अच्छी मिटटी डलवा दी जाए। उन्होने कहा कि कावंड को रखने के लिए शिविरों, सडक के किनारें वालें ग्रामों, थाने, चौकियों आदि स्थानों पर कांवड स्टैण्ड लगाए जाए जिस पर कावंडियें अपनी कांवड को सुरक्षित रख सके। उन्होने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए कि कांवड़ यात्रा मार्ग पर साफ-सफाई, विद्युत व्यवस्था, कूड़ा उठान, पेयजल, रास्ते में पडने वाले नहर व तालाबों के किनारें बेरिकेटिंग, मेडिकल हेल्थ कैंप, आदि व्यवस्थाओं को समय से पूरा करें। ट्रैफिक को लेकर उन्होंने पुलिस के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह कांवड यात्रा मार्ग का भ्रमण कर ट्रैफिक से सम्बन्धित सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर लें। उन्होने यह भी निर्देश दिए कि कावंड यात्रा मार्ग में स्पीड ब्रैकर लगवाने के लिए स्थान चिन्हित कर लें और पीडब्ल्यूडी विभाग वहां पर स्पीड ब्रैक लगाना सुनिश्चित करें, ताकि तेज गति से चलने वाले वाहनों पर रोक लगायी जाए। अपर जिलाधिकारी ने सभी सम्बन्धित उपजिलाधिकारियों को निर्देश दिए है कि वह अपने नेतृत्व में सभी तैयारियां पूर्ण करा लें और इस आशय की रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देष दिए कि वह कावडियों के मार्ग में जगह-जगह एम्ब्युलेंस, पर्याप्त आवष्यक दवाऐं के साथ डाक्टर्स की टीम तैनात करना सुनिष्चित करें। बैठक के दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 राम बदन राम, सिटी, नगर मजिस्ट्रेट, समस्त उपजिलाधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी सहित सम्बन्धित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहें।

## औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में प्रवेश हेतु आवेदन की अन्तिम तिथि 04 अगस्त

**बहराइच।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बहराइच की प्रधानाचार्य स्मृति शर्मा ने बताया कि जनपद में संचालित राजकीय आईटीआई बहराइच-103, नानपारा-104 लखैयाकला. नानपारा-220 बंजारनटाण्डा, रेहुवा मंसूर महसी-219 गडवा नौतला एवं कैसरगंज-431 कटघराकला बहराइच (एनसीवीटी) व निजी आईटीआई में प्रशिक्षण सत्र 2024-25 में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 10 जुलाई 2024 से प्रारम्भ हो गयी है। वर्ष 2024-25 में प्रवेश हेतु राजकीय संस्थानों में परम्परागत व्यवसायों के साथ-साथ टाटा टेक्नोलॉजी लि. के सहयोग से सम्पादित नवीन व्यवसायों में भी प्रवेश की सुविधा उपलब्ध रहेगी। आईटीआई में प्रवेश हेतु आठवीं/ हाईस्कूल उत्तीर्ण छात्र एवं छात्रायें प्रवेश हेतु परिषद की वेबसाइड एससीवीटीयूपी डाट यूपी पर ऑनलाइन फार्म भर सकतें है। प्रधानाचार्य श्रीमती शर्मा ने बताया कि ऑनलाइन आवेदन शुल्क सामान्य/पिछडा वर्ग हेतु रू. 250=00 एवं अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति हेतु रू. 150=00 है। फार्म भरने की अन्तिम तिथि 04 अगस्त 2024 है।

# संक्षिप्त समाचार

## काँवड़ यात्रा मार्ग रूट निरीक्षण



**फिरोजाबाद।** काँवड़ यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराने के दृष्टिगत जिलाधिकारी रमेश रंजन एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित द्वारा थाना टूण्डला क्षेत्रान्तर्गत काँवड़ यात्रा मार्ग/रूट का भौतिक निरीक्षण करते हुए सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस दौरान पुलिस/प्रशासनिक अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## सप्लाई इंस्पेक्टर के खिलाफ धरने पर बैठेंगे ग्रामीण

**सुल्तानपुर।** आपूर्ति विभाग के इंस्पेक्टर बेलगाम हो गए हैं। उनकी निष्क्रियता और पक्षपात पूर्ण रवैये के खिलाफ ग्रामीणों ने आमरण अनशन का ऐलान किया है। मामला कुड़वार विकासखंड के बहमरपुर गांव से जुड़ा हुआ है। जहां पर लगभग दर्जन भर की संख्या में गरीबी रेखा और इससे नीचे के परिवार राशन कार्ड बनाने की लंबे समय से मांग कर रहे हैं। प्रधान प्रतिनिधि/भाजपा नेता चिरंजीवी मिश्रा उर्फ मोंटी मिश्र का कहना है कि लंबे समय से वास्तविक पात्रों का कार्ड बनाने की मांग की जा रही है।लेकिन सप्लाई इंस्पेक्टर नन्हे कुमार पक्षपात कर रहे हैं। जिला पूर्ति कार्यालय की तरफ से भी सुनवाई नहीं की जा रही है।

## मौत के बाद आरोपी ने किया फोन बंद

**सुल्तानपुर।** नगर के अमहट,स्विमिंग पूल की दीवाल गिरने से मजदूर की मौत हो गई।घटना के बाद ठेकेदार फरार हो गया।मृतक के परिवार में और गांव में कोहराम मचा हुआ है।मृतक के छोटे-छोटे बच्चों का रो रो कर बुरा हाल हो गया है। जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि रंजीत यादव ने बताया गांव के हमारे सतीश यादव मजदूरी के लिए निकले थे, स्विमिंग पूल में काम कर रहे थे, वहां दीवाल गिर गई जिससे उनकी मौत हो गई। मृतक का नाम सतीश यादव पिता का नाम स्वर्गीय मनीराम यादव गांव लाखीपुर पोस्ट बैजापुर थाना धमौर जिला सुल्तानपुर बताया जा रहा है।मृतक के बच्चो का नाम शिवम यादव, शिवांश यादव , एक बेटी शिवानी यादव है। नगर कोतवाली अंतर्गत अमहट चौकी प्रभारी का संवेदनहीन बयान सामने आया है । जिसमें उन्होंने कहा है कि शिकायत करने पर ही पुलिस कार्रवाई करती है।

## माता पिता के सपने को दीक्षा वर्मा ने किया साकार



**कादीपुर, सुल्तानपुर।** कादीपुर के पूर्व ब्लाक प्रमुख राजमणि वर्मा की पुत्री दीक्षा वर्मा ने वर्ष 2023 मे MBBS की पढ़ाई पूरी कर दिनांक– 16-7-2024 को मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया की परीक्षा को प्रथम प्रयास मे ही पास कर लिया। उसने इस सफलता से अपने गांव व जिले का नाम रोशन किया। गांव व क्षेत्र के लोगो का बधाई देने का ताता लगा हुआ है। जब पूर्व ब्लॉक प्रमुख राजमणि वर्मा से बिटिया की सफलता के सम्बन्ध मे वार्ता किया गया तो उन्होंने भावुक अंदाज़ मे कहा की मेरी पत्नी कमलेश कुमारी का सपना था की मेरी बेटी डॉक्टर बनकर मरीजो की सेवा करेगी। लेकिन उनका सपना अधूरा रहा और लम्बी बीमारी के चलते उनकी मृत्यु हो गयी। अगर आज मेरी पत्नी होती तो हम लोग एक अलग अंदाज़ मे खुशी मनाते। फिर भी मै अपने गौरवान्वित बेटी दीक्षा के लिए उनके उज्जवल भविष्य की कामना करता हूँ।

## माटीकला योजनाः टूलकिट वितरण हेतु आवेदन आमंत्रित

**बहराइच।** उ.प्र. माटी कला बोर्ड द्वारा संचालित माटीकला समन्वित विकास कार्यक्रम के तहत मॉटीकला टूल किट्स वितरण रोजगार योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 25 का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। माटीकला से जुड़े हुए कुम्हार जाति के व्यक्तियों को मॉटीकला से सम्बन्धित परम्परागत/प्रशिक्षित कारीगरों को माटीकला/माटी शिल्प कला के पावर चालित चाक (पाटरी व्हील) का निःशुल्क वितरण किया जाना है। योजनान्तर्गत उद्यम संचालित करने के लिए टूल किट्स प्राप्त करने हेतु इच्छुक अभ्यर्थी जिनकी आयु 18 से 55 वर्ष के मध्य है किसी भी कार्यदिवस में जिला ग्रामोद्योग अधिकारी बहराइच के कार्यालय पर सम्पर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। यह जानकारी देते हुए जिला ग्रामोद्योग अधिकारी भूमिका चावला ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित प्रपत्र पर 01 फोटो, आधार कार्ड, जाति प्रमाण-पत्र, निवास प्रमाण-पत्र, अनुभव प्रमाण-पत्र, राशन कार्ड, पासबुक तथा शैक्षिक योग्यता के साथ आफलाइन भरे हुए पूर्ण आवेदन-पत्र 30 जुलाई 2024 तक उनके कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

# आर0ओ0/ए0आर0ओ0 का प्रशिक्षण सम्पन्न



अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन-2024 को सकुशल संपन्न कराने हेतु जिला अधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना के निर्देश के क्रम में आर.ओ./ए.आर.ओ. का प्रशिक्षण विकास भवन के प्रेरणा सभागार में आयोजित किया गया। जिला विकास अधिकारी अजय कुमार पाण्डेय ने कहा कि पारदर्शी व निष्पक्ष चुनाव कराना हम सभी की जिम्मेदारी है। इसके लिए आप सभी आर. ओ. / ए. आर. ओ. की हस्तपुस्तिका व जनपद स्तर पर तैयार पी. पी. टी. व हैंड आउट का बारीकी से अध्ययन कर लें। उन्होंने बताया कि आर. ओ. व ए. आर. ओ. की नामांकन दाखिला, नामांकन पत्रों की संवीक्षा, प्रतीक आवंटन से लेकर मतगणना सम्पन्न कराने तक में महत्वपूर्ण भूमिका होती है , इसलिए निर्वाचन प्रक्रिया की पूरी जानकारी सभी आर. ओ. / ए. आर. ओ. को होनी चाहिए। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी कमलेश वाजपेयी ने नामांकन पत्रों की बिक्री व भरने वाले प्रपत्रों पर विस्तार से चर्चा करते हुए बताया कि प्रतिदिन दाखिल होने वाले नामांकन पत्रों की सूचना निर्धारित प्रपत्र 9 पर देनी होगी। उन्होंने बताया कि निर्वाचन से संबंधित सभी सामग्री आर.ओ./ ए. आर.ओ. को उपलब्ध करा दी गई है।

# पर्यावरण प्रदूषण में कमी लाने हेतु कृषकों को जैविक खाद के प्रयोग हेतु किया जाये प्रेरितः डीएम

अवधनामा संवाददाता




- भूमिगत् जल स्तर को बढ़ाने हेतु खेत-तालाब योजना का प्रभावी क्रियान्वयन हो, संसाधनों के अति शोषण में लायी जाये कमीः अविनाश

**मैनपुरी।** जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने पं. दीनदयाल उपाध्याय किसान समृद्धि योजना, खेत-तालाब योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजनांतर्गत वाटर शेड विकास घटक तथा जिला स्तरीय उर्वरक समिति की बैठक में कृषि, भूमि संरक्षण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि किसानों को खाद-बीज, सिंचाई हेतु पानी की उपलब्धता से साथ-साथ भूमिगत जल स्तर में सुधार की दिशा में कार्य करें। उन्होने जिला कृषि अधिकारी, उप कृषि निदेशक को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में मांग के अनुसार यूरिया, डीएपी की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाए, प्रत्येक सहकारी समिति, खाद-बीज की दुकान पर यूरिया, डीएपी उपलब्ध रहे, सभी किसानों को निर्धारित मूल्य पर यूरिया, डीएपी मिले, यूरिया के साथ कोई भी दुकानदार किसान को अन्य दवा, बीज, उर्वरक आदि क्रय करने हेतु बाध्य न करे यदि किसी दुकानदार द्वारा निर्धारित मूल्य से अधिक मूल्य वसूला गया या कोई अन्य दवा, उर्वरक खरीदने को किसान को मजबूर किया गया तो उसके विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही की जाये।

उन्होने कहा कि किसानों को खाद, बीज, उर्वरकों की समय से उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाए, सभी समितियों पर यूरिया, डीएपी, पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहे, राजकीय कृषि बीज भंडारों, सहकारी समितियों पर भी उर्वरक उपलब्ध रहें। उन्होंने कहा कि सहकारी समितियों, प्राइवेट दुकानदार निर्धारित मूल्य पर ही उर्वरकों, बीज आदि की बिक्री करें, किसानों का शोषण किसी भी स्तर पर न हो, सुनिश्चित किया जाये। श्री सिंह ने उर्वरकों की उपलब्धता की जानकारी करने पर जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि 50050 मै.टन यूरिया लक्ष्य के सापेक्ष 60412 मै.टन उपलब्ध है, जिसमें से 15747 मै.टन वितरित की जा चुकी है, 12990 मै.टन डी.ए.पी. लक्ष्य के सापेक्ष 11809 मै. टन उपलब्ध है, जिसमें से 2769 मै.टन वितरित की गयी।

# शांति और सौहार्द से बीता 10वीं मोहर्रम अमेज के लोगों ने प्रशासन को दिया धन्यवाद

अवधनामा संवाददाता



**सुल्तानपुर।** जिले के अलीगंज बाजार मे दसवीं मोहर्रम पर ताजिया दारो ने अपनी अपनी अंजुमनों के साथ हजरत इमाम हुसैन की शहादत के रूप में मातम किया।उन्होंने मातम करते हुए दाउदपुर, खोखीपुर, चकांडी, सेदूरी , मनियारी, बहमदपुर, अलीगंज बाजार, ऊंच गांव, रुसहा डीह, तेलीयांनी आदि गांव के ताजियादार अपनी अपनी ताजिया लेकर कर्बला की तरफ रुखसत हुए। सभी मुस्लिम धर्म के अनुयायियों किनहजरत इमाम हुसैन को याद कर आंखें नम थी, और सभी ताजीया को सुपरदे खाक किया गया। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच में थाना बंधुआकला थाना अध्यक्ष अनिरुद्ध कुमार सिंह और अलीगंज पुलिस चौकी, के चौकी इंचार्ज शिवजनम यादव अपने हमराहियों के साथ प्रत्येक चौराहों पर मोर्चा संभाले हुए थे।

वहीं पर जिला पंचायत सदस्य मोहम्मद निसार की तरफ से प्रत्येक वर्ष की भाति इस वर्ष भी गर्मी को देखते हुए एक टैंकर पानी सड़क पर आगे डाला जा रहा था।

रास्ते को साफ एवं ठंडा किया गया। जिससे जुलूस में शामिल लोगों को तरो ताजगी मिल सके। इस मौके पर मौलाना सय्यद नायाब हैदर रिजवी आज़मी, मौलाना रजी हैदर, नौहा खान इमाम हैदर, सेक्रेटरी मोहम्मद शोएब, अरमान हुसैन, वसीम हैदर, शाहिद हैदर, नवाब हैदर, रमजान अली, इनवे हैदर, वकार हैदर, मोहसिन खान, मोहम्मद सदीक, गुलाल अली, रिजवान हैदर, डॉ तकी हैदर, आलमदार आरिफ हुसैन, समीर हुसैन, शाहरु हुसैन, आरिफ कासिम हुसैन ऊंचगांव, नूर आलम अलीगंज, नूरबाबू ऊंचगांव, तसवीर अली तेलियानी, मोहम्मद इरफान, अनीस अहमद, माबूदअली, क्यूम, परवेज शाहिद, अख्तर, नगीब, इसरार अहमद, तमाम, मोहम्मद इमरान, मोहम्मद अकलाख, मोबीन अहमद, निसार अहमद, पत्रकार कमलेश श्रीवास्तव, पत्रकार नीरज श्रीवास्तव, उदय सिंह, फारूक अहमद पत्रकार इलाके के तमाम जाने-माने लोग जुलूस में शिरकत किये।

## पार्टी कार्यकर्ताओं का क्या, विधायकों की भी नही सुनती जनपद पुलिस

**सुल्तानपुर।** सरकार और भाजपा कार्यकर्ताओं को लेकर प्रदेश में भूचाल सा आया है। प्रत्येक दिन प्रदेश के बड़े नेता पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा कार्यकर्ताओं के साथ बदसलूकी को लेकर हल्ला बोल रहे है। लेकिन जिले की पुलिस है जो सुधारने का नाम नहीं ले रही है। बानगी के तौर पर धम्मौर थाने की पुलिस भाजपा के वरिष्ठ और पुराने कार्यकर्ता व पूर्व प्रधान के साथ बदसलूकी करती है। जिसकी शिकायत कार्यकर्ता आपने संगठन के उच्च पदा अधिकारियों से किया सभी ने मामले के गम्भीरता को देखते हुए पुलिस के आलाधिकारियों से बात भी किया। अधिकारियों ने जांच कर उचित कार्यवाही की बात कर मामले को टरका दिया। लेकिन महीनो बीत जाने के बाद भी किसी पर कोई कार्यवाही नहीं हुई। जब सत्ता पक्ष के कर्मठ और जुझारू कार्यकर्ताओं के साथ पुलिस इस तरह का व्यवहार कर रही है तो आम आदमी के साथ कैसा व्यवहार करती होगी।

# टाइड, अनटाइड फंड की राशि से नगरीय क्षेत्र के लोगों को मूल-भूत सुविधा की उपलब्धता कराई जाए सुनिश्चितः डीएम

अवधनामा संवाददाता

- प्रत्येक नगर निकाय में उपकरण रख-रखाव पंजिका की जाए तैयार, नगर क्षेत्र विद्यालय ऑपरेशन कायाकल्प के बिन्दुओं से किये जायें संतृप्तः अविनाश

**मैनपुरी।** जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह नगर निकाय के 15वें वित्त आयोग की उपलब्ध धनराशि से नगर निकायों में कराए जाने वाले कार्यों के प्रस्ताव संबंधी बैठक में वित्तीय नियमों का उल्लंघन कर अनटाइड फंड से कार्य प्रस्तावित करने पर अधिशासी अधिकारी कुरावली को स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने, विद्यालयों के कायाकल्प का प्रस्ताव शामिल न करने पर अधिशासी अधिकारी करहल को चेतावनी जारी करने के निर्देश देते हुये उप जिलाधिकारियों, अधिशासी अधिकारी नगर निकाय से कहा कि उपलब्ध धनराशि का सदुपयोग आम-जन को मूल-भूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने में किया जाए, उपलब्ध धनराशि से कराए जाने वाले कार्यों में स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति, स्ट्रीट लाइट, साफ-सफाई, नगरीय क्षेत्र के विद्यालयों में मूल-भूत सुविधाएं उपलब्ध कराने, अपशिष्ट प्रबंधन के कार्यो को वरीयता दी जाए, प्रत्येक नगर पालिका, नगर पंचायत में उपकरण मरम्मत रजिस्टर बनाया जाए और उसमें क्रय की गई सामग्री के साथ मरम्मत के कार्यो का भी अंकन किया जाए, नगर के मुख्य मार्गो को स्वच्छ-सुंदर बनाने पर फोकस किया जाए। उन्होंने कहा कि नई मोटर पंप, फ्रीजर मशीन तभी क्रय किये जाएं जब पुरानी मरम्मत योग्य न हो यथा संभव पुरानी पंप, फ्रीजर को ही ठीक कराया जाए, नगर निकायों द्वारा कार्य योजना में जो भी कार्य शामिल किए गये हैं, उन समस्त कार्यो का स्थलीय निरीक्षण संबंधित उप जिलाधिकारी स्वयं मौके पर जाकर करें। श्री सिंह ने अधिशाषी अधिकारियों को आदेशित करते हुये कहा कि नगरीय क्षेत्र के ऐसे विद्यालय जो अभी ऑपरेशन कायाकल्प में संतृप्त नहीं हुए हैं, उन विद्यालयों को शामिल कराकर सभी प्राथमिक विद्यालयों में बालक-बालिका, दिव्यांग शौचालय, रैंप, मल्टीपल हैंड-वॉश, शौचालयों में रनिंग वाटर की उपलब्धता, बालक-बालिका यूरिनल, फर्नीचर की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, सभी अधिशाषी अधिकारी आमजन को वेक्टर जनित बीमारियों से बचाव की दिशा में कार्य करें, सभी नगर निकायों में एंटी लार्वा, मेलेथियान पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहे, प्रतिदिन दवा का छिड़काव कराया जाए। उन्होंने कहा कि उपलब्ध धनराशि से वाटर सप्लाई हेतु समर पंप, फ्रीजर मशीन, वाटर कूलर, खराब इंडिया मार्का हेडपंप की मरम्मत, रीबोर, डस्टबिन क्रय, डोर-टू-डोर कूड़ा एकत्र करने हेतु रिक्शा, आवागमन हेतु सड़क-नाली निर्माण, साफ-सफाई हेतु आवश्यक उपकरण क्रय हेतु प्रस्तुत किए गए हैं, उसके साथ ही नए वार्डों में पेयजल हेतु पाईप लाइन के क्रय भी शामिल किए गए हैं। बैठक में अपर जिलाधिकारी राम जी मिश्र, राजस्व अधिकारी ध्रुव शुक्ला, उप जिलाधिकारी सदर, भोगांव, करहल, कुरावली, अभिषेक कुमार, संध्या शर्मा, नीरज कुमार द्विवेदी, राम नारायण, डी.जी.सी. राजस्व सुधाकर मिश्रा, एल.बी.सी. वीरेश पाठक के अलावा अध्यक्ष नगर पालिका परिषद संगीता गुप्ता, नगर पंचायत अध्यक्ष करहल, कुरावली, बेवर, ज्योंति खुड़िया, अब्दुल नईम, धर्मेन्द्र वर्मा, सरितकांत भाटिया, जगदीश चन्द्र, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण ए.के. अरुण, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका, नगर पंचायत बेवर, करहल, कुरावली, ज्योंति खुड़िया, बुद्धि प्रकाश, लेखराज भारती, डा. अवनीश गंगवार आदि उपस्थित रहे।

# वृक्षारोपण: मुख्यमंत्री ने जनप्रतिनिधियों से वर्चुअल माध्यम से किया संवाद

## 07 वर्षों में 168 करोड़ से अधिक पौधे रोपित करने का कार्य किया, आगामी 20 जुलाई को पूरा प्रदेश वृक्षारोपण के महाभियान से जुड़ने जा रहा: मुख्यमंत्री

अवधनामा ब्यूरो

- इस बार प्रदेश सरकार का 36 करोड़ 50 लाख पौधे रोपित करने का लक्ष्य
- 'पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओ' के संदेश से जन-जन को जोड़ने की आवश्यकता
- पूरे उत्साह और उमंग के साथ वृक्षारोपण करें और वृक्षारोपण को जनान्दोलन बनाएं



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज यहां अपने सरकारी आवास पर 'पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओ' के संकल्प के साथ 20 जुलाई को आयोजित होने जा रहे वृक्षारोपण महाभियान के सम्बन्ध में जनप्रतिनिधियों से वर्चुअल माध्यम से संवाद किया। वृक्षारोपण महाभियान के प्रति जनान्दोलन का स्वरूप देने के उद्देश्य से ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत अध्यक्ष, जिला पंचायत अध्यक्ष, नगर पंचायत अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष, नगर निगमों के महापौर आदि जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री को अपनी-अपनी कार्ययोजना से अवगत कराया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने पर्यावरण संरक्षण के कार्यों को शीर्ष प्राथमिकता में लेते हुए विगत 07 वर्षों में 168 करोड़ से अधिक पौधे रोपित करने का कार्य किया है। यह जानकर आपको सुखद अनुभव होगा कि थर्ड पार्टी ऑडिट में इनमें से 75-80 प्रतिशत पौधों के सुरक्षित होने की पुष्टि हुई है। इस वर्ष की गर्मी, हीटवेव को लम्बे समय तक कोई भूल नहीं पाएगा। भविष्य में इसकी पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए 20 जुलाई का अभियान अत्यन्त महत्वपूर्ण है। हमारी धरती माता कंक्रीट के जंगलों से सुरक्षित नहीं रहेंगी, हमें उन्हें उनका मूल स्वरूप देना होगा।

आगामी 20 जुलाई को एक बार पूरा प्रदेश वृक्षारोपण के महाभियान से जुड़ने जा रहा है। इस बार प्रदेश सरकार का 36 करोड़ 50 लाख पौधे रोपित करने का लक्ष्य है। यह बड़ा लक्ष्य है, इसमें आप सभी की सहभागिता जरूरी है। सभी को प्रयास करना होगा। पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओ' के संदेश से जन-जन को जोड़ने की आवश्यकता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वृक्षारोपण महाभियान को सफल बनाने के लिए जनजागरूकता पहली आवश्यकता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हर देशवासी को 'एक पेड़ माँ के नाम' लगाने की प्रेरणा दी है। उत्तर प्रदेश का हर नागरिक प्रधानमंत्री के भाव से जुड़कर इस वर्ष के 'वन महोत्सव' को अभूतपूर्व सफलता दिलाने में अपना योगदान करेगा। न केवल पेड़ लगाना है, बल्कि उसकी सुरक्षा भी हमारी जिम्मेदारी है। वृक्षारोपण के लिए सभी विभागों/निकायों को लक्ष्य दिया जा चुका है। पूरे उत्साह और उमंग के साथ वृक्षारोपण करें और वृक्षारोपण को जनान्दोलन बनाएं।

प्रधानमंत्री आवास योजना/मुख्यमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को सहजन का पौधा लगाने को दें। सड़कों के किनारे व डिवाइडर पर पौधे लगाए जा सकते हैं। नदियों के किनारे भी उपयुक्त स्थान पर पौधे लगाए जाने चाहिए। हमारी ऋषि परम्परा बताती है कि 'नास्ति मूलं अनौषधं' यानी कोई ऐसा मूल नहीं, जिससे कोई औषधि न बने। इसीलिए विविध प्रकार के पौधे लगाएं। कहीं छायादार वृक्ष हों, कहीं फलदार, तो कहीं इमारती लकड़ी वाले, तो कहीं औषधीय पौधे लगाएं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नदियों के किनारे, अमृत सरोवर के पास वृक्षारोपण किया जाए। वृक्षारोपण नदियों को सदानीरा बनाएगा। पीपल, पाकड़, जामुन, आम, नीम, बरगद, हरसिंगार, मौलश्री, चितवन, अर्जुन आदि के पौधे लगाएं। पाकड़ की तो टहनी भी लग जाती है। इसे निराश्रित गोआश्रय स्थल पर लगाया जा सकता है। पूर्वजों, महापुरुषों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, शहीदों की स्मृति में वाटिका बनायी जाए।

पौधा लगाना जितना महत्वपूर्ण है, उतना ही उसका संरक्षण आवश्यक है। ऐसे में पौधारोपण के साथ ट्री-गार्ड भी लगाएं। यह सुनिश्चित करें कि किस पौधे की देखभाल कौन करेगा-कैसे करेगा। यह हम सभी के भविष्य के लिए है। हम सभी को पूरी गम्भीरता के साथ एकजुट होकर कार्य करना होगा। पौधरोपण करने के बाद सेल्फी लें और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपलोड भी करें।

# प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से राजीव गांधी वृक्षारोपण अभियान का आरम्भ

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** जननायक राहुल गांधी के जन्मदिन पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से राजीव गांधी वृक्षारोपण अभियान का आरम्भ किया गया। अभियान के तहत पूरे प्रदेश के सभी 1 लाख 62 हजार बूथों पर कांग्रेसियों की ओर से पेड़ लगाया जाना सुनिश्चित किया गया था। अभियान के तहत प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने प्रदेश मुख्यालय में वृक्षारोपण किया। इसके बाद बीकेटी से विधानसभा उम्मीदवार रहे ललन कुमार ने चिनहट के अमरई ब्लॉक में राजीव गांधी वृक्षारोपण अभियान के तहत पेड़ लगाए। वृक्षारोपण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने भी पेड़ लगाए। इस मौके पर अजय राय ने कहा कि केन्द्र और प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी सरकारों ने लाखों पेड़ कटवा दिये, जिसका नतीजा है कि गर्मी के प्रकोप से पूरा देश और प्रदेश झुलस रहा है। इस यातना से निजात केवल वृक्षारोपण से मिल सकती है। उन्होंने कहा कि हमें न सिर्फ पेड़ लगाने हैं बल्कि अगले तीन सालों तक उनका संरक्षण भी करना है। वृक्षारोपण अभियान में प्रदेश कोषाध्यक्ष शिव पाण्डेय, प्रदेश सचिव अर्चना राठौर, मीडिया विभाग वाइस चेयरमैन मनीष श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष वेदप्रकाश त्रिपाठी, शहर अध्यक्ष डॉ. शहजाद आलम, प्रसिद्ध कलाकार राजीव निगम, महिला कांग्रेस मध्य जोन अध्यक्ष ममता चौधरी, वीरेन्द्र मदान, मेहताब जायसी, सलमान बशर सहित अन्य कांग्रेसी शामिल थे।

## गजल अकबर ने समर्थकों साथ ली कांग्रेस की सदस्यता

**लखनऊ।** कांग्रेस की नीतियों और उसकी समावेशी विचारधारा, जननायक राहुल गांधी के देश, संविधान की रक्षा और गरीब, वंचित, पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यकों के हक-हुकूक के लिए किये जा रहे संघर्षों से प्रेरित होकर चिल्ड्रेंस पैराडाइज माण्टेसरी स्कूल की प्रधानाचार्य गजल अकबर ने समर्थकों सहित कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के समक्ष गजल अकबर ने शबनम अंसारी, अबूजर, सरफराज आलम अंसारी, वासिफ, शावेज सिद्दीकी, मोहम्मद बिलाल सगीर, मोहम्मद नाजिम, रईस बानो अंसारी, नाज वारसी, जेबा वारसी के साथ कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। अजय राय ने पार्टी में शामिल होने वालों का स्वागत करते हुए गले में तिरंगा पट्टिका पहनाई और सदस्यता कार्ड देकर विधिवत पार्टी में शामिल कराया।

# सपा का समाजवाद भी गजब है और सोच भी: वसीम राइन

**तंज़**

- पसमांदा के लिए अखिलेश के दिल मे जरा भी प्यार नही झलका: राष्ट्रीय उपाध्यक्ष

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी का समाजवाद भी गजब है और सोंच भी। जो इन्हें हराने और नीचा दिखाने में लगा रहे, वह मुखिया का सबसे खास और जो आंख मूंदकर भरोसा करे, सत्ता की चाभी सौंपे, बदले में सिर्फ सदन, सत्ता व संगठन में पहचान की उम्मीद करे वह सबसे बड़ा दुश्मन। शायद इसीलिए निष्ठावान कार्यकर्ता और समर्पित समुदाय जैसे कि पसमांदा इनके ठेंगे पर रहता आया है। यह समाजवाद अखिलेश का गढ़ा हुआ है जिसमे मतलबपरस्ती, लालच और सत्ता लोलुपता का मिश्रण है।

यह बात आल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने अपने बयान में कही। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि आजमगढ़ से ताल्लुक रखने वाले अशराफ मुस्लिम व बसपाई गुड्डू जमाली जो हमेशा सपा को गिराने व उनके उम्मीदवार को हराने में कोई कसर नही छोड़ी, सिर्फ सपा की खिलाफत करते रहे। वह सपा मुखिया अखिलेश यादव की आंख का न सिर्फ तारा हैं बल्कि उन्हें सपा से विधान परिषद सदस्य भी बना दिया गया। यह सपा मुखिया अखिलेश यादव का एक चेहरा है। दूसरा चेहरा बदरंग है वह इसलिए क्योंकि सूबे की जिस पसमांदा मुस्लिम आबादी ने सपा का परचम पूरे यूपी में लहराया, कई बार सरकार बनवाने के लिए हरसंभव मदद की। दरी तक बिछाई, आंख बंद कर भरोसा किया, उस पसमांदा के लिए अखिलेश के दिल मे जरा भी प्यार नही झलका। सत्ता, संगठन तो दूर राज्यसभा भेजने तक लायक नही समझा। जबकि सपा की ऐसी तैसी करने वाले अखिलेश यादव की गोद मे बैठे हुए हैं। वर्तमान में सपा संगठन में जितने भी पदाधिकारी मुस्लिम हैं वह सभी अशराफ हैं। एक चेहरा भी पसमांदा नही। अब भला यह कौन सा समाजवाद है। अखिलेश यादव का गढ़ा समाजवाद देखकर शायद बड़े व छोटे लोहिया की आत्मा भी रो रही होगी।

# फ्रेयर एनर्जी उत्तर प्रदेश में तेजी से करेगा विस्तार

- मार्च 2025 तक राज्य में 1000 से अधिक घरों को सौर ऊर्जा से करेगा रौशन

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** रूफटॉप सोलर सॉल्यूशंस प्रदान करने वाली भारत की प्रमुख कंपनी, फ्रेयर एनर्जी उत्तर प्रदेश के रेजिडेंशियल रूफटॉप सेगमेंट में अपना बिजनेस बढ़ाने के लिए कई पहलें रही है। सौर ऊर्जा को अपनाने में तेजी लाने की अपनी प्रतिबद्धता के आधार पर, फ्रेयर एनर्जी ने लखीमपुर और बहराइच जिलों में 10 गांवों को सौर ऊर्जा से रौशन किया दिया है। इसमें उसकी कुल इंस्टाल्ड कैपेसिटी 300 केडब्ल्यू से ज्यादा है। इसके अलावा, कंपनी ने राज्य में महत्वपूर्ण परियोजनाओं को पूरा भी कर लिया है, जिनमें सुभारती (1 एमडब्ल्यू), इनर्शिया (450 केडब्ल्यू) और बृजबासी आर्ट प्रेस लि. (185 केडब्ल्यू) शामिल हैं। यूपी में 3.4 एमडब्ल्यू की मौजूदा इंस्टाल्ड सोलर कैपेसिटी के साथ, फ्रेयर एनर्जी रेजिडेंशियल सेगमेंट में भी तेजी से अपना दायरा बढ़ाने के लिए सुदृढ़ स्थिति में है। कंपनी ने टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल कर रेजिडेंशियल रूफटॉप सोलर इंस्टालेशंस को अपनाने में सुधार लाने के लिए अपनी कोशिशों को तेज किया है। मार्च 2025 तक कंपनी ने 1000 घरों को सोलर एनर्जी से रौशन करने की योजना बनाई है। इससे पहले, सोलर को अपनाये जाने में बाधा बनने वालीं वित्तीय चुनौतियों को देखते हुए, कंपनी ने ज़ीरो-कॉस्ट ईएमआई लोन स्कीम्स की पेशकश की है और लोन का आसानी से मूल्यांकन करने में मदद की है। फ्रेयर एनर्जी का ग्राहकों को प्राथमिकता देने का नजरिया सौर ऊर्जा को अपनाना सरल बनाने की उसकी प्रतिबद्धता दिखाता है। कंपनी के टेक प्लेटफॉर्म फ्रेयरएनर्जी ऐप से सोलर इंस्टालेशन की पूरी प्रक्रिया कारगर आसान जाती है। इससे ग्राहकों को शुरूआती परामर्श से लेकर इंस्टालेशन के बाद की सेवाओं तक बिना किसी परेशानी के शानदार मिलता है। फ्रेयर एनर्जी की पहलें 'उत्तर प्रदेश रिन्यूवेबल एनर्जी पॉलिसी' (एमपीआरईपी-2022) से मेल खाती हैं।



एसएस इनोवेशन, भारत की पहली स्वदेशी सर्जिकल रोबोटिक प्रणाली के विकासकर्ता, एसएसआई मंत्रा, जो रोबोटिक सर्जरी को लागत प्रभावी और वैश्विक आबादी के लिए सुलभ बनाने के लिए समर्पित है, ने भारतीय चिकित्सा इतिहास में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। इस परिवर्तन का नेतृत्व करने वाला एसएसआई मंत्रा है, जो एक स्वदेशी रूप से विकसित भारतीय सर्जिकल रोबोटिक प्रणाली है, जिसका नेतृत्व डॉ. सुधीर प्रेम श्रीवास्तव और उनकी युवा भारतीय इंजीनियरों की टीम ने किया।

# यौमे जैनुलआब्दीन का आयोजन

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** शहीदानें कर्बला की याद में दरगाह हजरत अब्बास (अ.स.) रूस्तम नगर मंजरे कर्बला व इमामबाडा मीरन साहब में यौमे जैनुलआब्दीन का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों अजादारों ने शिरकत की। दरगाह में मजलिस को मौलाना सैफ अब्बास ने खिताब किया। इसके बाद मंजरे कर्बला पेश किया गया। जिसमें अलम, ताबूत, जुलजनाह व अमारी की जियारत करायी गयी। जिसे देखकर हर आंख नम हो गई। कार्यक्रम का आयोजन अंजुमन जलाउल ईमान ने किया था।

उधर इमामबाड़ा मीरन साहब मुफ्तीगंज में इमाम हुसैन (अ.स.) के बेटे व चौथे इमाम हजरत जैनुल आबदीन (अ.स.) की याद में %यौमे जैनुलआब्दीन% मनाया। यहां मजलिस को मौलाना हसन जहीर ने खिताब किया। इसके बाद शबीहों की जियारत करायी गयी। जिसमें ताबूत, ऊंटों पर आमारियां, हजरत अब्बास (अ.स.) का अलम और जुलजनाह शामिल था,जो कर्बला का मंजर पेश कर रहा था। इस मौके पर विभिन्न इदारों और क्षेत्रवासियों ने जगह-जगह लंगर,लस्सी, कश्मीरी चाय, शर्बत, काफी, दूध, फल,बिरयानी व खिचड़ा वितरण किया गया।

जुलूस में छोटे-छोटे बच्चे अपने हाथों में मट्टी के खाली कूजे अपने सरों पर रखे अम्मूजान अल-अतश-अम्मूजान अल-अतश सारे बच्चे प्यासे हैं की सदाएं बुलन्द कर रहे थे जो कि इमाम हुसैन (अ.स.) की चार वर्ष की बच्ची शहजादी जनाबे सकीना (स.) की प्यास की याद दिला रही थी। वहां मौजूद हजारों अकीदतमन्दों के हाथ बोसा लेने के लिए बढ़ रहे थे। छोटे-छोटे बच्चे या हुसैन-या अब्बास की काली-हरी पट्टी माथे पर बांधे हुए थे जुलूस में अंजुमन नौहाखानी व मातम कर रही थी।

दरगाह हजरत अब्बास (अ.स.) और इमामबाड़ा मीरन साहब में बृहस्पतिवार को सैकड़ों अजादारों ने जबरदस्त छुरियों व कमा का मातम करके कर्बला के शहीदों के नाम पर अपने को लहू-लुहान कर लिया, जिसमें मासूम बच्चे भी शामिल थे। इस मौके पर काफी अजादरों ने अपने मासूम बच्चों के भी कमा लगवाई। हजरत इमाम हुसैन के छह माह के मासूम बेटे हजरत अली की शहादत की याद में लोगों ने अपने मासूम बच्चों के कमा लगवाई।




## इमामबाड़ा गुफरांमाआब में मना यौमे जैनब

- हाय हाय जैनब हाय हाय शाम की गूंजी सदाएं

पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब (स) की नवासी हजरत अली (अ.स) की बेटी हजरत जैनब (स.अ) की कुर्बानियों की याद में बृहस्पतिवार को इमामबाड़ा गुफरांमाआब चौक में यौमे जैनब÷ का आयोजन किया गया। यहां मजलिस को मौलाना कल्बे जव्वाद ने खिताब किया। उन्होंने कहा कि जिस तरह कर्बला में हजरत जैनब ने कुर्बानियों का मुजहरा ने किया, कायनात में कोई बहन ऐसी कुर्बानियों का मुजहरा नहीं कर सकती। मौलाना ने कहा कि शहजादी जनाबे जैनब (स.अ.) की बहादुरी का यह आलम था कि इतना बड़ा गम उठाने के बावजूद भी भाई हुसैन (अ.स.) के मकसद को आगे बढ़ाते हुए इसकी कमान संभाली थी। उन्होंने कहा कि इमाम हुसैन (अ.स.) की शहादत के बाद उनके परिजनों को जुलूस के रूप में यजीद के दरबार ले जाया गया। जहां शहीद होने वालों के सर नोके नैजों पर चढ़ाए हुए थे और पीछे-पीछे यह काफिला था। यह दर्दनाक वाक्या सुनकर अजादार रोने लगे। मजलिस के बाद अंजुमन गुंचाए मजलुमिया हसन पुरिया ने नौहाख्वानी व सीनाजनी करके हजरत अली (अ.स.) को उनकी बेटी का पुरसा दिया।

जिन्नातों वाली मस्जिद में हुई मजलिसलखनऊ। हर साल की तरह इस साल भी बृहस्पतिवार को मस्जिद वक्फ खुर्रम बख़्त (जिन्नातों वाली मस्जिद) परिसर वजीरबाग़ में मजलिस को मौलाना अख़्तर हुसैन ने ख़िताब किया। मौलाना ने हजरत मोहम्मद साहब की फजीलत बयान की। उन्होंने जब इमाम हुसैन (अ.स) की दर्दनाक शहादत को बयान किया तो अजादार रोने लगे। इस मजलिस को करीब 51 बरस हो चुके हैं। मजलिस में बड़ी संख्या में शियों के साथ अहलेसुन्नत व हिन्दू अज़ादारों ने शिरकत की। मजलिस के बाद अंजुमन चश्मा ए कौसर ने नौहाख़्वानी व सीनाज़नी की। मस्जिद के मुतवल्लीइरशाद हुसैन ने मजलिस में सभी लोगों का शुक्रिया अदा किया।

## कर्बला के शहीदों का तीजा आज, घरों में होगी नज़्र

कर्बला के शहीदों का तीजा शुक्रवार को मनाया जाएगा। इस मौके पर घरों में शहीदों की नज़्र का आयोजन किया जाएगा। लंगरखाना हुसैनाबाद में शाम 7.30 बजे मजलिस को मौलाना अकील अब्बास मारुफी खिताब करेंगे। मजलिस के बाद अंजुमन अलमदारे हैदरी की ओर से अली असगर के झूले की जियारत कराई जाएगी। इसी तरह इमामबाडा कसरे हुसैनी बिल्लौचपुरा में शाम 5 बजे मौलाना राशिद अस्करी मजलिस को खिताब करेंगे। इमामबाडा लाडोखानम नक्खास में शाम 7.30 बजे मौलाना मीसम जैदी खिताब करेंगे। रौजाए जैनबिया में दोपहर 3 बजे मौलाना मीसम जैदी और शाम 5 बजे मौलाना फरीदउल हसन मजलिस को खिताब करेंगे। इसके बाद दफ्न ए शोहदा का दिल सोज मंजर पेश किया जाएगा।

# सोशल मीडिया पर राजनेताओं ने इमाम हुसैन को पेश की खिराजे अक़ीदत

**Rahul Gandhi**
1h

हज़रत इमाम हुसैन का जीवन बलिदान, सत्य, और समानता के मूल्यों पर चलने की सीख देता है।

आज मुहर्रम के दिन हमें उनके द्वारा दिखाए गए शांति, एकता और सामाजिक न्याय के मार्ग पर चलने का प्रण लेना चाहिए।




**Priyanka Gandhi Vadra** @priyankagandhi — Follow

मुहर्रम का दिन हमें उसूलों और इंसाफ के लिए हज़रत इमाम हुसैन की शहादत की याद दिलाता है। उनकी कुर्बानी मज़लूमों के साथ खड़े होने, इंसाफ और सच्चाई के लिए लड़ने की प्रेरणा देती है। हजरत इमाम हुसैन की शहादत को सलाम।

आज हमें दुनिया को हमारे फ़िलिस्तीनी भाई-बहनों पर हो रहे ज़ुल्म और उनके हज़ारों मासूम बच्चों की शहादत का एहसास कराना चाहिए। उनके साथ हो रही नाइंसाफी इंसानियत के हर उसूल के खिलाफ अपराध है। हमें इस अपराध को रोकने की हर कोशिश को मज़बूती देनी चाहिए।

Translate post

**Hemant Soren**
2h

हज़रत इमाम हुसैन साहब की शहादत मानवजाति को भाईचारे का संदेश देता है; इंसाफ, त्याग और बलिदान का संदेश देता है।
हज़रत इमाम हुसैन साहब की शहादत को नमन।
#Muharram

776 · 40 comments 23 shares
Like · Comment · Send · Share

**Danish Azad Ansari**
Just now

हज़रत इमाम हुसैन एवं उनके साथियों की क़ुर्बानी इंसानियत, नेकी एवं सच्चाई की राह पर चलने का पैग़ाम देती है।

Like · Comment · Send · Share

**Tejashwi Yadav** @yadavtejashwi — Follow

मुहर्रम के यौम-ए-आशूरा पर हम सभी को हज़रत इमाम हुसैन के शहादत का स्मरण करते हुए सच्चाई, इंसाफ़, हक़ और बराबरी के लिए आवाज़ बुलंद करने की इबरत लेनी चाहिए। ज़ुल्म और झूठ के ख़िलाफ़ उनकी शहादत हमेशा प्रेरणादायक रहेगी।

Translate post

**Mallikarjun Kharge** @kharge — Follow

"मज़लूम होते हुए फ़तेह हासिल करना, यह मैंने इमाम हुसैन से सीखा"

~ महात्मा गांधी

आज मुहर्रम के दिन हमें, हजरत इमाम हुसैन की कुर्बानियों को याद करते हुए - आपसी सौहार्द, भाईचारे, प्रेमभाव व सामाजिक न्याय के मूल्यों पर सदा चलने का पुन: प्रण लेना चाहिए।

**Chandra Shekhar Aa...** @BhimArmyChief — Follow

हज़रत इमाम हुसैन की शहादत का पैग़ाम यह है कि हर स्थिति में हक़ और इंसाफ के लिए खड़ा होना है, चाहे इसकी कोई भी क़ीमत चुकानी पड़े, ईमान का तकाज़ा यही है, मज़लूमों की एकता कायम करना और ज़ालिम के आगे सर नही झुकाना।
आइए! हज़रत इमाम हुसैन की शहादत से प्रेरणा लेते हुए हम सभी हक़ और इंसाफ की राह में डटे रहे और अपने देश की रक्षा व शोषित वंचित मज़लूम समाज की आवाज़ बुलंद करें।
#TheMessageOfKarbala

**Kamal Nath** @OfficeOfKNath — Follow

हजरत इमाम हुसैन की कुरबानी हमें इंसाफ, त्याग, बलिदान और समानता के उसूलों पर चलने की सीख देती है।

आज मुहर्रम के दिन आइये हम सभी मिलकर आपसी सौहार्द, अमन-चैन के साथ न्याय एवं इंसानियत की राह पर चलने का संकल्प लें।

Translate post